लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

फाल्गुन कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा विक्रम संवत 2080

अमृत विचार

वर्ष -2, अंक -185, पृष्ठ -16+4, मूल्यः - 5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, विरासत का नायाब तोहफा हैं विंटेज कारें व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

दक्षिण भारतीय फिल्मों में डेब्यू करेंगी जाह्नवी... 2

www.amritvichar.com

आज का मौसम | 27.0° अधिकतम तापमान | 13.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में आंशिक बादल, धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 06:37 | सूर्यास्त 06:07 | कानपुर, रविवार, 25 फरवरी 2024

यात्री बसों, भारी वाहनों में भी लगानी होगी सीट बेल्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

- आईआरएफ का राजमार्ग मंत्रालय से अनिवार्य करने का अनुरोध

सड़क सुरक्षा के वैश्विक निकाय इंटरनेशनल रोड फेडरेशन (आईआरएफ) ने सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) से सड़क दुर्घटनाओं में हताहतों और घायलों को कम करने के लिए यात्री बसों और स्कूल बसों सहित सभी भारी वाहनों में सीट बेल्ट का उपयोग अनिवार्य करने का आग्रह किया है।

आईआरएफ के मानद अध्यक्ष केके कपिला ने मंत्रालय को लिखे पत्र में कहा कि बसों में सीट बेल्ट उपलब्ध कराने की तत्काल जरूरत है, जिसे अनिवार्य बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि दिल दहला देने वाली यात्री बस दुर्घटनाएं हुई हैं जिनमें निर्दोष लोगों की जान चली गई। उनमें से कई लोग बच गए होते, अगर उन्होंने सीट बेल्ट लगा रखी होती। कपिला ने बताया कि 2021 के आंकड़ों के अनुसार, अमेरिका में बस हादसों में केवल 14 व्यक्तियों की जान गई। 2022 में चीन में 215 मौतें हुईं। उन्होंने बताया कि विकासशील और विकसित दोनों देशों ने बसों जैसे सार्वजनिक परिवहन के लिए कड़े सुरक्षा मानकों को अपनाकर उल्लेखनीय परिणाम हासिल किए हैं।

उप्र पुलिस में 60,244 पदों के लिए 17-18 फरवरी को हुई परीक्षा में 48 लाख अभ्यर्थी हुए थे शामिल

सिपाही भर्ती परीक्षा निरस्त, छह माह बाद फिर से होगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पेपर लीक होने के प्रकरण की एसटीएफ करेगी जांच
- अभ्यर्थियों को मिलेगी रोडवेज बस में मुफ्त यात्रा सुविधा

अमृत विचार : पेपर लीक होने की खबरों के बीच शासन ने उप्र पुलिस में सिपाही के 60,244 पदों के लिए हुई परीक्षा-2023 को निरस्त कर दिया है। 17 व 18 फरवरी को आयोजित इस परीक्षा में 48 लाख अभ्यर्थी शामिल हुए थे। परीक्षा के संबंध में जारी एसटीएफ की जांच और अब तक की कार्रवाई की समीक्षा करते हुए शनिवार को मुख्यमंत्री के निर्देश पर यह फैसला किया गया। मुख्यमंत्री ने अगले छह माह के भीतर दोबारा परीक्षा आयोजित करने के निर्देश देते हुए कहा कि युवाओं की मेहनत से खिलवाड़ और परीक्षा की शुचिता से समझौता स्वीकार नहीं किया जा सकता। ऐसे अराजकतत्वों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई होनी तय है।

शासन ने पुलिस भर्ती बोर्ड को यह निर्देश दिए हैं कि जिस भी स्तर पर लापरवाही बरती गई है, उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराकर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। शासन ने प्रकरण की जांच एसटीएफ से कराए जाने का फैसला किया है। दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों अथवा संस्थाओं के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई किए जाने के भी निर्देश दिए गए हैं। शासन ने छह माह में पुनः परीक्षा आयोजित करने तथा उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों से अभ्यर्थियों को निःशुल्क सुविधा उपलब्ध करवाने के भी निर्देश दिए हैं।

आरओ/एआरओ परीक्षा की शिकायतों की होगी जांच

- मुख्यमंत्री के निर्देश पर शासन ने 27 फरवरी तक मांगे साक्ष्य

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उप्र. लोक सेवा आयोग द्वारा बीते 11 फरवरी को आयोजित की गई समीक्षा अधिकारी/ सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) परीक्षा - 2023 से जुड़ी शिकायतों की जांच कराने का निर्णय लिया है।

इस संबंध में अपर मुख्य सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक डॉ देवेश चतुर्वेदी ने आदेश भी जारी कर दिया है। आदेश के मुताबिक बीते 11 फरवरी को आयोजित की गई समीक्षा अधिकारी/ सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) परीक्षा - 2023 के संबंध में शासन को संज्ञान में लाए गए तथ्यों एवं शिकायतों के दृष्टिगत परीक्षा की शुचिता व पारदर्शिता के उद्देश्य में यह निर्णय लिया गया है कि परीक्षा के संबंध में प्राप्त शिकायतों का शासन स्तर पर परीक्षण किया जाए। आदेश में कहा गया है कि इस परीक्षा के संबंध में किसी भी प्रकार की शिकायत अथवा इसकी शुचिता को प्रभावित करने वाले तथ्यों को संज्ञान में लाना चाहें तो वह अपना नाम तथा पूरा पता तथा साक्ष्यों सहित कार्मिक व नियुक्ति विभाग के ई-मेल आई.डी. secyappoint@nic.in पर 27 फरवरी तक उपलब्ध करा सकते हैं।

कासगंज में अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्राली तालाब में पलटी, 23 की जान गई

मृतकों में 13 महिलाएं और 9 बच्चे, ट्राली के पहिए की बैरिंग टूटने से हुई दुर्घटना

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

तालाब में डूबे लोगों को जेसीबी से बाहर निकालती पुलिस और ग्रामीण।

- एटा के गांव नगला कसा से स्नान मुंडन के लिए जा रहे थे गंगा घाट

अमृत विचार : कासगंज में गंगा स्नान के लिए जा रहे श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली बैरिंग टूटने से अनियंत्रित होकर तालाब में गिर गई। हादसे में 23 लोगों की मौत हो गई जबकि 20 से अधिक घायल हैं। कमिश्नर, आईजी, डीएम, एसपी, राजस्व मंत्री ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना।

एटा जिले के थाना जैथरा क्षेत्र के गांव नगला कसा निवासी गौरव के छह माह के बेटे का मुंडन होना था। शनिवार को माघ पूर्णिमा पर बच्चे के मुंडन संस्कार को लेकर गौरव के परिवार में भारी उत्साह था। परिजनों, रिश्तेदारों के अलावा गांव के लोगों के साथ आसपास के गांव खिड़िया, रोरी, बरार के भी कुछ ग्रामीण ट्रैक्टर ट्रॉली से गंगा घाट कादरगंज जा रहे थे। ट्रैक्टर गौरव ही चला रहे थे। पटियाली कोतवाली क्षेत्र के गांव ककराला के समीप पहुंचे कि अचानक ट्रॉली के पहिए का बैरिंग टूटने से ट्रॉली अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर-ट्रॉली तालाब में पलट गई और श्रद्धालु पानी में डूब गए। आसपास के ग्रामीणों ने सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची इससे पहले ही ग्रामीण ट्रॉली को सीधा करने का प्रयास करने लगे। बड़ी संख्या में जुटे ग्रामीणों ने ट्रॉली को हटाया फिर डूबे लोगों को बाहर निकालना शुरू किया। पुलिस भी मदद में जुट गई। लोगों को बाहर निकालकर अस्पताल भेजा गया जहां एक-एक कर कई लोगों को मृत घोषित कर दिया गया। दोपहर बाद तक मृतकों की संख्या 23 पहुंच गई। मृतकों में 13 महिलाएं, 9 बच्चे हैं।

घटना की जानकारी मिलते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण एवं राजस्व राज्य मंत्री अनूप प्रधान को एटा के गांव कसा एवं कासगंज के गांव ककराला पहुंचने के निर्देश दिए। कमिश्नर रविंद्र कुमार, आईजी शलभ माथुर, डीएम सुधा वर्मा, एसपी अपर्णा रजत कौशिक भी मौके पर पहुंचे। सांसद राजवीर सिंह के अलावा विधायकों ने भी मौके पर और अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना। घटना में 20 से अधिक लोग घायल बताए गए हैं, जिनका उपचार चल रहा है।

> घटना दुखद है। शाम तक 23 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। घायलों का उपचार कराया जा रहा है। एटा और कासगंज जिला प्रशासन पीड़ित परिवारों की मदद के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। घटनास्थल का निरीक्षण किया और ग्रामीणों से पूरी जानकारी ली है। घायलों के इलाज के लिए हर पल नजर रखी जा रही है।
> –**रविंद्र कुमार**, मंडलायुक्त अलीगढ़।

जेल वार्डर के भाई की सऊदी अरब में हत्या

फतेहपुर। चांदपुर थाने के बबई निवासी युवक की सऊदी अरब में हत्या कर दी गई। खबर आने के बाद परिजन बेहाल हैं। करीब एक माह में शव के आने की उम्मीद है। चांदपुर थाने के बबई निवासी श्याम बिहारी विश्वकर्मा का पुत्र विजय शंकर डेढ़ साल पहले सऊदी अरब की राजधानी रियाद कमाने गया था। सऊदी में वह ड्राइवर था। बहराइच जेल में वार्डर के पद पर तैनात भाई प्रेम शंकर ने बताया कि करीब 15 दिन पहले भाई की हत्या की खबर उसके मालिक ने दी। भाई की किसी वजह से तीन लोगों ने हत्या कर दी।

बनभूलपुरा हिंसा का मुख्य आरोपी अब्दुल गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- मलिक को लेकर शनिवार की शाम हल्द्वानी पहुंची पुलिस, बेटा और पत्नी अभी भी फरार

अमृत विचार : पुलिस ने बनभूलपुरा हिंसा के मास्टर माइंड अब्दुल मलिक को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है। बीती 8 फरवरी को हुई हिंसा के बाद से वह फरार चल रहा था। पुलिस मलिक को लेकर शनिवार की शाम हल्द्वानी पहुंची, देर रात मेडिकल कराने के बाद रिमांड मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। मलिक की पत्नी सोफिया और बेटे अब्दुल मोईद की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा ने शनिवार को पुलिस बहुद्देश्यीय भवन में हुई प्रेस वार्ता में बताया कि बनभूलपुरा बवाल के मास्टर माइंड अब्दुल मलिक निवासी लाइन नंबर-8 आजाद नगर की गिरफ्तारी के लिए एसओजी समेत छह टीमें लगी हुई थीं। टीमें दिल्ली, हरियाणा, उप्र, गुजरात, बिहार, महाराष्ट्र में तलाश कर रही थीं।

आतंकवाद मामले में एनआईए ने चार के घर कुर्क किए

श्रीनगर। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने मादक पदार्थों की बिक्री से अर्जित आय से आतंकी गतिविधियों के वित्त पोषण के मामले में जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में शनिवार को चार आरोपियों के आवास कुर्क किए। एनआईए ने एक बयान में कहा कि यह मामला मादक पदार्थों से अर्जित धन का इस्तेमाल जम्मू कश्मीर के हंदवारा-कुपवाड़ा क्षेत्र में आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा और हिज्बुल मुजाहिदीन द्वारा आतंकी गतिविधियों का वित्त पोषण करने के लिए किए जाने से संबद्ध है।

दिल्ली में आप चार सीटों पर तीन पर कांग्रेस लड़ेगी चुनाव

नई दिल्ली, एजेंसी

- दोनों दलों में दिल्ली, गुजरात, गोवा, हरियाणा में बनी सीटों के बंटवारे पर सहमति
- पंजाब की 13 लोकसभा सीटों पर अलग अलग चुनाव लड़ने का फैसला

कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए शनिवार को दिल्ली, गुजरात, गोवा और हरियाणा में सीट बंटवारे की घोषणा की जिसके तहत राष्ट्रीय राजधानी में आप चार और कांग्रेस तीन सीट पर चुनाव लड़ेगी। आम आदमी पार्टी गुजरात की भरूच और भावनगर सीट तथा हरियाणा की कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट पर भी चुनाव लड़ेगी। पंजाब की सभी 13 लोकसभा सीटों पर दोनों पार्टियों ने अलग-अलग चुनाव लड़ने का फैसला किया है, हालांकि चंडीगढ़ लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस अपना प्रत्याशी उतारेगी।

विपक्षी गठबंधन ''इंडिया'' घटक दलों के बीच पिछले कुछ दिनों के भीतर सीट बंटवारे से जुड़ी यह दूसरी महत्वपूर्ण घोषणा है। गत 21 फरवरी को उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच सीट बंटवारे का ऐलान किया गया था। उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों में से कांग्रेस 17 पर चुनाव लड़ रही है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि कांग्रेस और आपका गठबंधन एक अवसरवादी गठबंधन है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुकुल वासनिक ने आम आदमी पार्टी के नेता संदीप पाठक, सौरभ भारद्वाज और आतिशी के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में सीट बंटवारे की घोषणा की।

श्री कृष्ण जन्मभूमि के पक्षकार को बम से उड़ाने की धमकी

फतेहपुर। श्री कृष्ण जन्मभूमि के मुकदमे की पैरवी से लौट रहे पक्षकार को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। धमकी व्हाट्सएप कॉल के जरिये दी गई। फोन करने वाले ने खुद को पाकिस्तान के आतंकी संगठन का बताया है। वृंदावन श्रीमठ माहेश्वरी धाम मां शाकुंभरी पीठाधीश्वर निवासी भृगुवंशी आशुतोष पांडेय ने बताया कि वह मथुरा के कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण ट्रस्ट के अध्यक्ष हैं। इलाहाबाद हाईकोर्ट में विचाराधीन श्रीकृष्ण जन्मभूमि बनाम शाही मस्जिद ईदगाह वाद के मुख्यवादी और पक्षकार हैं। वे शुक्रवार को मुकदमे की सुनवाई में हाईकोर्ट गए थे। वहां से शाम को मथुरा जा रहे थे। शाम आठ बजे उनके मोबाइल पर व्हाट्सएप कॉल आई। फोन करने वाले ने मुकदमा वापस न लेने पर बम से उड़ाने की धमकी दी। एसएसआई संतोष कुमार ने बताया तहरीर की जांच की जा रही है। एएसपी विजय शंकर मिश्र ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर सर्विलांस के माध्यम से जांच कराई जा रही है।

जुलाई से प्रभावी होंगे नए आपराधिक कानून

नई दिल्ली, एजेंसी

अधिसूचना जारी

- आईपीसी, सीआरपीसी व साक्ष्य अधिनियम की लेंगे जगह
- हिट एंड रन मामलों के प्रावधान तत्काल प्रभावी नहीं होंगे

देश में आपराधिक न्याय प्रणाली को पूरी तरह से बदलने के लिए अधिसूचित किए गए तीन नए कानून - भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम - एक जुलाई से लागू होंगे। हालांकि, 'हिंट एंड रन' से जुड़े मामलों से संबंधित प्रावधान तत्काल प्रभावी नहीं होंगे। तीनों कानूनों को पिछले साल 21 दिसंबर को संसद की मंजूरी मिल गई और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 25 दिसंबर को इन कानून को अपनी सहमति दे दी। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा जारी तीन अधिसूचनाओं के अनुसार, नए कानूनों के प्रावधान एक जुलाई से लागू होंगे। ये कानून औपनिवेशिक युग के भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और 1872 के भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह लेंगे।

तीनों कानूनों का उद्देश्य विभिन्न अपराधों को परिभाषित करके उनके लिए सजा तय करके देश में आपराधिक न्याय प्रणाली को पूरी तरह से बदलना है। वहीं, सरकार ने वाहन चालक द्वारा हिट एंड रन के मामलों से संबंधित प्रावधान को लागू नहीं करने का निर्णय लिया है, जैसा कि ट्रक चालकों से वादा किया गया था। ट्रक चालकों ने इन प्रावधानों का विरोध किया था। एक अधिसूचना में कहा गया कि भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 1 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केंद्र सरकार एक जुलाई, 2024 को उस तारीख के रूप में निर्दिष्ट करती है, जिस दिन धारा 106 की उपधारा (2) के प्रावधान को छोड़कर उपरोक्त संहिता के प्रावधान लागू होंगे। कानून के प्रावधान सामने आने के बाद ट्रक चालकों ने धारा 106 (2) के प्रावधान का विरोध किया था। इसमें उन लोगों को 10 साल की सजा और जुर्माने का प्रावधान है, जो तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाकर किसी व्यक्ति की मौत का कारण बनते हैं और घटना के बारे में पुलिस को सूचना दिए बिना भाग जाते हैं।

खेल डायरी

सुमित नागल को दुबई चैंपियनशिप के मुख्य ड्रा के लिए वाइल्डकार्ड मिला

दुबई, एजेंसी। भारतीय टेनिस स्टार सुमित नागल को एटीपी 500 टूर्नामेंट दुबई चैंपियनशिप के मुख्य ड्रा के लिए वाइल्डकार्ड मिला है। टूर्नामेंट के क्वालीफायर शनिवार को शुरू हो गए और मुख्य ड्रा के मैच सोमवार से आरंभ होंगे। नागल का सामना पहले दौर में इटली के लोरेंजो सोनेगो से होगा, जिनकी मौजूदा विश्व रैंकिंग 49 है। इस 26 साल के भारतीय का यह साल शानदार रहा है, उन्होंने पिछले महीने आस्ट्रेलियाई ओपन के मुख्य ड्रा के लिए क्वालीफाई किया था, जिसमें वह कजाखस्तान के एलेक्जैंडर बुबलिक को हराकर दूसरे दौर में पहुंचे थे। वह 1989 के बाद ग्रैंडस्लैम में वरीय खिलाड़ी को हराने वाले पहले भारतीय बने थे। इस महीने नागल ने करियर की सर्वश्रेष्ठ 98 रैंकिंग हासिल की थी लेकिन पिछले हफ्ते एटीपी चैलेंजर टूर्नामेंट चेन्नई ओपन जीतने के बावजूद 101वें स्थान पर खिसक गये थे। दुबई चैम्पियनशिप में रूस के दानिल मेदवेदेव शीर्ष वरीय हैं।

कैमरन नोरी रियो ओपन के सेमीफाइनल में

रियो डी जनेरियो, एजेंसी। गत चैंपियन कैमरन नोरी ने ब्राजील के थियागो सेबोथ वाइल्ड को तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में पराजित करके रियो ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दूसरी वरीयता प्राप्त नोरी ने वाइल्ड को हराया। सेमी फाइनल में उनका सामना अर्जेंटीना के मरियानो नवोन से होगा जिन्होंने ब्राजील के जोआओ फोंसेका को हराया। इससे पहले अर्जेंटीना के दो खिलाड़ियों ने क्वार्टर फाइनल में जीत दर्ज की और सेमीफाइनल में वह एक दूसरे के आमने-सामने होंगे। चौथी वरीयता प्राप्त फ्रांसिस्को सेरुंडोलो ने सर्बिया के दुसान लाजोविच को हराया। सेमीफाइनल में उनके प्रतिद्वंद्वी सेबेस्टियन बेज़ होंगे, जिन्होंने ब्राजील के थियागो मोंटेइरो को पराजित किया।

कलिंस्काया दुबई ओपन के फाइनल में

दुबई, एजेंसी। क्वालीफायर अन्ना कलिंस्काया ने इगा स्वियातेक को उलटफेर का शिकार बनाकर दुबई ओपन टेनिस चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश किया। कलिंस्काया ने स्वियातेक को सीधे सेटों में पराजित किया। यह एक वर्ष में पहला अवसर है जबकि स्वियातेक को सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ा। कलिंस्काया पहली क्वालीफायर हैं जिन्होंने शीर्ष 10 में शामिल तीन खिलाड़ियों को हराकर दुबई ओपन के फाइनल में प्रवेश किया। इससे पहले उन्होंने येलेना ओस्टापेंको और कोको गाफ को हराया था। कलिंस्काया फाइनल में इटली की विश्व में 26वें नंबर के खिलाड़ी जैसमीन पाओलिनी से भिड़ेगी। पाओलिनी ने सेमीफाइनल में सोराना क्रिस्टिया को हराया।

जेडन शॉ के दो गोल, अमेरिका ने गोल्ड कप में अर्जेंटीना को 4-0 से रौंदा

कार्सन (अमेरिका), एजेंसी। जेडिन शॉ के दो गोल से अमेरिका ने शुक्रवार रात कोनकाकॉफ महिला गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट में अर्जेंटीना को 4-0 से शिकस्त दी। अमेरिका ने पहले 20वें मिनट तक 3-0 से बढ़त बना ली थी। उसके लिए 19 साल की शॉ ने 10वें और 18वें मिनट में गोल दागे जबकि अनुभवी एलेक्स मोर्गन ने 19वें मिनट में हेडर के जरिए तीसरा गोल किया। टीम के लिए अंतिम गोल लिंडसे होरान ने 77वें मिनट में पेनल्टी किक पर दागा। अमेरिका अब ग्रुप चरण के अंतिम मैच में सोमवार को मेक्सिको के सामने होगा, जिसने डोमिनिक गणराज्य को 8-0 से मात दी।

स्पिन में फंसा भारत, बढ़त के करीब इंग्लैंड

चौथे टेस्ट के दूसरे दिन भारत की पहली पारी लड़खड़ाई, 219 रन पर गवांए 7 विकेट

भारत-इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला

रांची, एजेंसी



शोएब बशीर (84 रन देकर 4 विकेट) और टॉम हार्टली (47 रन देकर 2 विकेट) ने भारतीय बल्लेबाजों को अपने स्पिन में फंसाकर इंग्लैंड को चौथे टेस्ट के दूसरे दिन शनिवार को पहली पारी में बढ़त हासिल करने की तरफ अग्रसर किया। भारत ने इंग्लैंड के पहली पारी के 353 रन के जवाब में दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक 7 विकेट पर 219 रन बनाए।

भारत अभी इंग्लैंड से 134 रन पीछे है। यशस्वी जायसवाल को छोड़कर अन्य बल्लेबाजों को स्पिनरों के लिए सामंजस्य बिठाने में परेशानी हुई। जायसवाल ने 117 गेंद पर 73 रन बनाए, जिसमें 8 चौके और 1 छक्का है। वह 55 रन पर पहुंचते ही 1 टेस्ट श्रृंखला में 600 या इससे अधिक रन बनाने वाले पांचवें भारतीय बल्लेबाज बने। उन्होंने दो मैच में दोहरे शतक जमाए थे। भारत का स्कोर एक समय 7 विकेट पर 177 रन था, लेकिन इसके बाद विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल (58 गेंद पर नाबाद 30) और कुलदीप यादव (72 गेंद पर नाबाद 17) ने दिन के बाकी बचे 17.4 ओवर में कोई झटका नहीं लगने दिया। दोनों ने आठवें विकेट के लिए 42 रन की साझेदारी की है। भारत ने पहले सत्र में कप्तान रोहित शर्मा (02) तथा दूसरे सत्र में शुभमन गिल (38), रजत पाटीदार (17) और रविंद्र जडेजा (12) के विकेट गंवाए। इंग्लैंड की तरफ से दूसरे सत्र में तीनों विकेट बशीर ने लिए। जायसवाल, सरफराज खान (14) और रविचंद्रन अश्विन (01) तीसरे सत्र में पवेलियन लौटे। इससे पहले इंग्लैंड की पारी का आकर्षण जो रूट का शतक रहा। वह 274 गेंद पर 10 चौकों की मदद से 122 रन बनाकर नाबाद रहे।

उन्होंने ओली रॉबिंसन (96 गेंद पर 58 रन) के साथ आठवें विकेट के लिए 102 रन की साझेदारी की। भारत के जडेजा ने 67 रन देकर 4 विकेट लिए। भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ओवर में ही रोहित का विकेट गंवा दिया। जेम्स एंडरसन की ऑफ स्टंप से बाहर जाती गेंद रोहित के बल्ले का किनारा लेकर विकेटकीपर बेन फॉक्स के दस्तानों में समा गई। जायसवाल ने गिल के साथ दूसरे विकेट के लिए 82 रन की साझेदारी की लेकिन 44 रन के अंदर 3 विकेट गंवाने से भारत फिर बैकफुट पर चला गया।

गिल शुरू में सतर्कता बरतने के बाद जब अपने अंदाज में बल्लेबाजी कर रहे थे तब बशीर की गेंद पर अंपायर ने उन्हें पगबाधा आउट दे दिया। जायसवाल जब 40 रन पर थे तब कप्तान बेन स्टोक्स ने उन्हें जीवनदान दिया। इस बल्लेबाज ने इसके बाद रॉबिंसन के खिलाफ कदमों का अच्छा इस्तेमाल किया और बशीर पर छक्का भी जमाया। पाटीदार फिर से मौके का फायदा उठाने में असफल रहे। वह बशीर की गेंद पर पगबाधा आउट होने से पहले अपनी पारी के दौरान किसी भी समय सहज नहीं दिखे। जडेजा ने हार्टली पर लगातार दो छक्के लगाए लेकिन बशीर ने अगले ओवर में उन्हें ओली पोप के हाथों कैच करा दिया।

बशीर ने जायसवाल को बड़ी पारी नहीं खेलने दी और नीची रहती गेंद पर उन्हें बोल्ड करके भारत को करारा झटका दिया। अपने पदार्पण टेस्ट मैच की दोनों पारियों में अर्धशतक जड़ने वाले सरफराज को भी रन बनाने के लिए संघर्ष करना पड़ा। हार्टली की गेंद पर रूट ने स्लिप में उनका शानदार कैच लिया। हार्टली ने अश्विन को भी ज्यादा देर तक नहीं टिकने दिया। इंग्लैंड ने सुबह अपनी पहली पारी 7 विकेट पर 302 रन से आगे बढ़ाई।

जडेजा ने पहले सत्र में बाकी बचे तीन विकेट लेकर भारत को वापसी दिलाई। रूट के शतक और रॉबिंसन के अपने करियर के पहले अर्धशतक की मदद से इंग्लैंड पहले दिन लंच तक 112 रन पर 5 विकेट गंवाने के बावजूद चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा करने में सफल रहा। इंग्लैंड ने इसके बाद 241 रन जोड़े।

यशस्वी एक टेस्ट श्रृंखला में 600 से ज्यादा रन बनाने वाले 5वें भारतीय

रांची, एजेंसी

यशस्वी जायसवाल शनिवार को इंग्लैंड के खिलाफ चौथे मैच के दूसरे दिन एक टेस्ट श्रृंखला में 600 या इससे ज्यादा रन बनाने वाले पांचवें भारतीय बन गए। पिछले साल वेस्टइंडीज दौरे पर पदार्पण करने वाले बाएं हाथ के बल्लेबाज जायसवाल ने मौजूदा 5 मैच की टेस्ट श्रृंखला में अपनी सातवीं पारी के दौरान यह उपलब्धि अंतिम सत्र में शोएब बशीर पर एक रन लेकर नाबाद 55 रन तक पहुंचने के बाद हासिल की। जायसवाल ने मौजूदा श्रृंखला के दूसरे और तीसरे टेस्ट में दो दोहरे शतक जमाये हैं। इस तरह 22 साल का यह खिलाड़ी एक टेस्ट श्रृंखला में 600 से ज्यादा रन बनाने के कारनामे में भारत के महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर, विराट कोहली, राहुल द्रविड़ और दिलीप सरदेसाई के साथ शामिल हो गया। पूर्व भारतीय कप्तान गावस्कर, कोहली और द्रविड़ ने अपने करियर में एक टेस्ट श्रृंखला में दो बार 600 से ज्यादा रन बनाए। वहीं सरदेसाई ने यह उपलब्धि 1970-71 में वेस्टइंडीज में हुई श्रृंखला में हासिल की थी। गावस्कर ने 1970-71 की इस श्रृंखला में ही 4 शतक और तीन अर्धशतकों से 774 रन जुटाकर एक टेस्ट श्रृंखला में किसी भारतीय बल्लेबाज का सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड बनाया था। गावस्कर ही एकमात्र भारतीय हैं जो एक टेस्ट श्रृंखला में दो मौकों पर 700 से ज्यादा रन जुटा सके हैं। 'लिटिल मास्टर' ने 1978-79 में वेस्टइंडीज के भारत दौरे पर चार शतक और एक अर्धशतक से छह टेस्ट में 732 रन बनाये थे। एक टेस्ट श्रृंखला में सर्वाधिक रन बनाने का विश्व रिकॉर्ड आस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज डॉन ब्रैडमैन के नाम है जिन्होंने 1930 में इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट में चार शतकों से 974 रन बनाए थे।

स्कोर बोर्ड

इंग्लैंड (पहली पारी)			353/10 (104.5 ओवर)
खिलाड़ी	रन	गेंद	4/6
जाक क्रॉली बो आकाश दीप	42	42	6/1
बेन डकेट का जुरेल बो आकाश दीप	11	21	1/0
ओली पोप पगबाधा बो आकाश दीप	00	02	0/0
जो रूट नाबाद	122	274	10/0
जॉनी बेयरस्टो पगबाधा बो अश्विन	38	35	4/1
बेन स्टोक्स पगबाधा बो जडेजा	03	06	0/0
बेन फोक्स का जडेजा बो सिराज	47	126	4/1
टॉम हार्टली बो सिराज	13	26	1/1
ओली रॉबिनसन का जुरेल बो जडेजा	58	96	9/1
शोएब बशीर का पाटीदार बो जडेजा	00	02	0/0
जेम्स एंडरसन पगबाधा बो जडेजा	00	04	0/0

अतिरिक्त: 19, **विकेट पतन:** 1-47, 2-47, 3-57, 4-109, 5-112, 6-225, 7-245, 8-347, 9-349, 10-353, **गेंदबाजी:** मोहम्मद सिराज 18-3 -78-2, आकाश दीप 19-0-83-3, रवीन्द्र जड़ेजा 32 .5-7-67-4, रविचंद्रन अश्विन 22-1-83-1, कुलदीप यादव 12-4 -22-0, यशस्वी जायसवाल 1-0 -6-0

भारत (पहली पारी)			219/7 (73 ओवर)
खिलाड़ी	रन	गेंद	4/6
यशस्वी जायसवाल बो बशीर	73	117	8/1
रोहित शर्मा का फोक्स बो एंडरसन	02	09	0/0
शुभमन गिल पगबाधा बो बशीर	38	65	6/0
रजत पाटीदार पगबाधा बो बशीर	17	42	4/0
रविंद्र जडेजा का पोप बो बशीर	12	12	0/2
सरफराज खान का रूट बो हार्टले	14	53	1/0
ध्रुव जुरेल खेल रहे हैं	30	58	2/1
रविचंद्रन अश्विन पगबाधा बो हार्टले	01	13	0/0
कुलदीप यादव खेल रहे हैं	17	72	1/0

अतिरिक्त: 15, **विकेट पतन:** 1-4, 2-86, 3-112, 4-130, 5-161, 6-171, 7-177, **गेंदबाजी:** एंडरसन 12-4-36-1, रोबिन्सन 9-0-39-0, बशीर 32-4-84-4, हार्टले 19-5-47-2, रूट 1-0-1-0

कुक ने 'बैजबॉल' शैली के विपरीत अंदाज में बल्लेबाजी करने के लिए रूट की प्रशंसा की

लंदन, एजेंसी। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एलिस्टर कुक ने 'बैजबॉल' शैली के विपरीत अंदाज में बल्लेबाजी करने के लिए जो रूट की प्रशंसा की। रूट पहले तीन मैच में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे लेकिन रांची में चल रहे चौथे टेस्ट की पहली पारी में उन्होंने नाबाद 122 रन बनाए, जिससे इंग्लैंड 5 विकेट पर 112 रन के स्कोर से उबरकर 353 रन बनाने में सफल रहा। कुक ने कहा कि जो रूट ने अपने बेसिक्स पर लौटकर बल्लेबाजी की। आप जो रूट जैसे बल्लेबाज से इसी तरह के शॉट की उम्मीद करते हैं। उनके रिवर्स स्कूप को लेकर काफी चर्चा हुई, लेकिन रूट ने यह पारी अपने विशिष्ट अंदाज में खेली। उन्होंने कहा कि यह सामान्य से थोड़ा धीमी पारी थी लेकिन वह अपनी पूरी लय में थे। जब वह लय में होते हैं तो फिर रोहित की तरह उनके लिए बल्लेबाजी करना आसान हो जाता है।

डब्ल्यूपीएल अलग शहरों में कराने से टीमों को नए दर्शक बनाने में मिलेगी मदद : मिताली

बेंगलुरु, एजेंसी

पूर्व भारतीय कप्तान और गुजरात जायंट्स की 'मेंटोर' मिताली राज ने कहा कि महिलाओं की प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) को एक से ज्यादा शहर में आयोजित करने से टीमों को नए दर्शक बनाने में मदद मिलेगी और इससे टूर्नामेंट के 'प्रोफाइल' में भी इजाफा होगा।

डब्ल्यूपीएल का पहला चरण केवल मुंबई में कराया गया था लेकिन इस बार भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) टूर्नामेंट का आयोजन दिल्ली और बेंगलुरु में कर रहा है। मिताली ने कहा कि अगर डब्ल्यूपीएल प्रत्येक शहर में आयोजित होगा तो इससे फ्रेंचाइजी को नए दर्शक बनाने का मौका मिलेगा जो स्टेडियम में आकर उन्हें खेलते हुए देखेंगे। इससे सिर्फ टूर्नामेंट और फ्रेंचाइजी का 'प्रोफाइल' ही सुधरेगा। अपनी मार्गदर्शक की भूमिका पर उन्होंने कहा कि मैं मेंटोर की भूमिका का लुत्फ उठा रही हूं, युवा खिलाड़ियों के साथ काम कर रही हूं और अपना ज्ञान साझा कर रही हूं तथा उन्हें अपनी भूमिका सर्वश्रेष्ठ तरीके से निभाने में मदद कर रही हूं। आस्ट्रेलिया की 'रन मशीन' बेथ मूनी की कप्तानी में गुजरात जायंट्स रविवार को गत चैम्पियन मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपना अभियान शुरू करने के लिए तैयार है।

कश्मीर के दिव्यांग क्रिकेटर से मिले सचिन

श्रीनगर, एजेंसी। मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर में दिव्यांग क्रिकेटर आमिर हुसैन लोन से मुलाकात की और उन्हें हस्ताक्षर किया हुआ बल्ला भेंट दिया। तेंदुलकर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर आमिर (33) के साथ अपनी बातचीत का वीडियो पोस्ट किया और कैप्शन दिया, "आमिर असली हीरो हैं, प्रेरणा देते रहो! आपसे मिल कर अच्छा लगा।" क्रिकेट के दिग्गज ने आमिर को एक हस्ताक्षरित बल्ला उपहार में दिया। दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के निवासी आमिर के दोनों हाथ न होने के बावजूद बल्लेबाजी, गेंदबाजी और फील्डिंग अन्य क्रिकेटरों की तरह ही करते हैं। दरअसल, आमिर ने आठ साल की उम्र में एक दुर्घटना में उन्होंने अपने दोनों हाथ खो दिए। आमिर ने पूर्व क्रिकेटर से कहा कि आज, मैं इतना खुश हूं। मैंने अपने जीवन में कभी आशा नहीं खोई है। सर, इसी सोच के साथ आगे बढ़ाता रहा हूं।

जीत के लिए संघर्ष

फ्रांस के ल्योन में फ्रांस और जर्मनी के बीच शनिवार को खेले जा रहे नेशंस लीग महिला सेमीफाइनल फुटबॉल मैच के दौरान जर्मनी की मरीना हेगरिंग के साथ गेंद के लिए चुनौती पेश करतीं फ्रांसे की कादि दियातोउ डायनी।

बॉलीवुड हलचल

हर्ष और प्रणव का जय जय राम रिलीज

मुंबई, एजेंसी। भगवान श्रीराम चन्द्र की जय जयकार करता हुआ भजन जय जय राम रिलीज़ हो गया है। भजन जय जय राम प्रणव वत्स ने लिखा है और संगीत कम्पोजिशन हर्ष उपाध्याय ने दिया है। इस भजन का कोरस राहुल चिटनीस, विवेक नाइक, सन्तोष बोटे, और सागर लेले ने गाया है। इस भजन में प्रयुक्त अतिरिक्त पंक्तियों को श्रुति शुक्ला ने कलमबद्ध किया है। वाइब म्यूजिक और एंटरटेनमेंट प्रेजेंट्स हर्ष उपाध्याय और जय मवानी द्वारा निर्मित इस भजन का वोकल सुकृति भारद्वाज और जय मवानी ने डिजाइन किया है। भजन जय जय राम के यूट्यूब के रिलीज टॉपिक चैनल पर सुना जा सकता है।

संजय लीला भंसाली ने मनाया 61वां जन्मदिन

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड के जाने-माने फिल्मकार संजय लीला भंसाली आज 61 वर्ष के हो गए। 24 फरवरी 1963 को मुंबई में जन्में संजय लीला भंसाली ने अपने करियर की शुरुआत विदु विनोद चोपड़ा के सहायक के तौर पर की। भंसाली ने विदु विनोद चोपड़ा की फिल्म परिन्दा, 1942 अ लव स्टोरी और करीब में सहायक निर्देशक के तौर पर काम किया। बतौर स्वतंत्र निर्देशक संजय लीला भंसाली ने अपने करियर की शुरुआत 1996 में प्रदर्शित फिल्म खामोशी से की। इस फिल्म में नाना पाटेकर, सलमान खान और मनीषा कोइराला ने मुख्य भूमिकायें निभायी थी। यूं तो फिल्म टिकट खिड़की पर कोई खास कमाल नही दिखा सकी लेकिन संजय लीला भंसाली ने अपने बेहतरीन निर्देशन के जरिये दर्शकों के साथ हीं समीक्षकों का भी दिल जीत लिया। वर्ष 1999 में प्रदर्शित फिल्म हम दिल दे चुके सनम संजय लीला भंसाली के करियर की पहली सुपरहिट साबित हुयी। इस फिल्म में भी संजय लीला भंसाली ने सलमान खान का चुनाव किया। फिल्म में सलमान खान के अलावा ऐश्वर्या राय और अजय देवगन ने मुख्य भूमिका निभायी थी।

दक्षिण भारतीय फिल्मों में डेब्यू करेंगी जाह्नवी

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर दक्षिण भारतीय फिल्मों में डेब्यू को लेकर उत्साहित है। जाह्नवी कपूर एनटीआर जूनियर की मुख्य भूमिका वाली फिल्म 'देवरा : भाग 1' के जरिए दक्षिण भारतीय फिल्मों में डेब्यू करने जा रही है। यह फिल्म कोराताला शिव द्वारा निर्देशित और युवासुधा आर्ट्स और एनटीआर आर्ट्स द्वारा संयुक्त रूप से निर्मित और नंदमुरी कल्याण राम द्वारा प्रस्तुत की गई है। जाह्नवी कपूर फिल्म 'देवरा : भाग 1' के जरिए दक्षिण भारतीय फिल्मों में डेब्यू को लेकर उत्साहित है। जाह्नवी कपूर ने बताया कि उन्हें बहुत खुशी है कि वह इस फिल्म का हिस्सा हैं क्योंकि इस फिल्म के जरिए वह केवल अपनी जड़ों के करीब आ रही हैं और तेलुगु सीख रही हैं।

सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में नजर आएगी वरुण धवन-जाह्नवी कपूर की जोड़ी

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन और जाह्नवी कपूर की जोड़ी फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में नजर आएगी। बॉलीवुड फिल्मकार करण जौहर ने अपनी अगली फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी की घोषणा कर दी है। इस फिल्म में वरुण धवन और जाह्नवी कपूर की मुख्य भूमिका होगी।इस फिल्म में वरुण धवन 'सनी संस्कारी' के किरदार में नजर आएंगे। जाह्नवी कपूर फिल्म में 'तुलसी कुमारी' का किरदार अदा करेंगी। फिल्म का टाइटल शेयर करने के साथ ही मेकर्स ने कैप्शन में लिखा, अपनी कुमारी को लेने के लिए संस्कारी आ रहा है। ये लव स्टोरी आपका मनोरंजन करने के लिए जल्द ही स्क्रीन पर आ रही है। यह फिल्म 18 अप्रैल 2025 को रिलीज होगी।

समीर ने दिए कई सुपरहिट फिल्मों में गीत

मुंबई। बॉलीवुड के गीतकार समीर आज 66 वर्ष के हो गये। शीतला पांडेय उर्फ समीर का जन्म 24 फरवरी 1958 को बनारस में हुआ। उनके पिता अंजान फिल्म जगत के मशहूर गीतकार थे। बचपन से ही समीर का रूझान अपने पिता के पेशे की ओर था। वह भी फिल्म इंडस्ट्री में गीतकार बनना चाहते थे लेकिन उनके पिता चाहते थे कि वह अलग क्षेत्र में अपना भविष्य बनायें। समीर ने बनारस हिंदु विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर की पढाई पूरी की। इसके बाद परिवार के जोर देने पर उन्होंने अपने कैरियर की शुरूआत बतौर बैंक ऑफिसर शुरू की। बैंक की नौकरी उनके स्वभाव के अनुकूल नहीं थी। कुछ दिनों के बाद उनका मन इस काम से उचट गया और उन्होंने नौकरी छोड़ दी। अस्सी के दशक में गीतकार बनने का सपना लिये समीर ने मुंबई की ओर रूख कर लिया। लगभग तीन वर्ष तक मुंबई में रहने के बाद वह गीतकार बनने के लिये संघर्ष करने लगे। आश्वासन तो सभी देते रहे लेकिन उन्हें काम करने का अवसर कोई नहीं देता था। अथक परिश्रम करने के बाद 1983 में उन्हें बतौर ..बेखबर ..फिल्म के लिये गीत लिखने का मौका मिला। इस बीच समीर को इंसाफ कौन करेगा, जवाब हम देगें, दो कैदी, रखवाला, महासंग्राम, बीबी हो तो ऐसी, बाप नंबरी बेटा दस नंबरी जैसी कई बड़े बजट की फिल्मों में काम करने का अवसर मिला लेकिन इन फिल्मों की असफलता से वह फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने में नाकामयाब रहे।

पूजा भट्ट ने मनवाया था कभी अपने अभिनय का लोहा

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री -फिल्मकार पूजा भट्ट 42 वर्ष की हो गई। 24 फरवरी 1972 को मुंबई में जन्मी पूजा भट्ट ने बतौर अभिनेत्री अपने कॅरियर की शुरूआत अपने पिता महेश भट्ट के निर्देशन में बनी फिल्म डैडी से की। इस पिल्म में पूजा भट्ट के पिता की भूमिका अनुपम खेर ने निभाई थी। अपनी पहली ही फिल्म के जरिए पूजा भट्ट ने दर्शकों के बीच अपने अभिनय का लोहा मनवा लिया। 1991 में प्रदर्शित फिल्म दिल है कि मानता नहीं पूजा भट्ट के कॅरियर की एक और सुपरहिट फिल्म साबित हुई। महेश भट्ट निर्देशित इस फिल्म में पूजा भट्ट के अपोजिट आमिर खान थे। फिल्म की कहानी हॉलीवुड फिल्म ..इट हैपेंड वन नाईट ..पर आधारित थी। फिल्म में पूजा भट्ट और आमिर खान ने अपने चुलबुले अंदाज से दर्शकों का दिल जीतकर फिल्म को सुपरहिट बना दिया। 1991 में पूजा भट्ट की एक और सुपरहिट पिल्म सड़क प्रदर्शित हुई। महेश भट्ट के निर्देशन में बनी इस फिल्म में पूजा भट्ट की जोड़ी संजय दत्त के साथ काफी पसंद की गई।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

एक नजर

अमरौधा नगर पंचायत में सोशल ऑडिट कल

कानपुर देहात। जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) द्वारा संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत 26 फरवरी को नगर पंचायत अमरौधा में सोशल ऑडिट होना सुनिश्चित हुआ है। यह जानकारी परियोजना अधिकारी डूडा अजय कुमार ने देते हुए बताया कि सोशल ऑडिट में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लाभार्थी के साथ-साथ अन्य हितधारक, अध्यक्ष, सभासद, शिक्षक आदि प्रतिभाग करेंगे। गोष्ठी का आयोजन क्षेत्रीय नगर एवं पर्यावरण अध्ययन केंद्र लखनऊ तथा राज्य नगरीय विकास अभिकरण लखनऊ द्वारा किया जाएगा।

मवेशी के हमले से महिला की हालत गंभीर

पुखरायां। भोगनीपुर तहसील क्षेत्र के मूसानगर स्थित बाला जी मंदिर दर्शन करने आई महिला को अन्ना मवेशी ने हमला कर घायल कर दिया। कानपुर नगर के थाना सजेती अंतर्गत सूखापुर गांव निवासी सुनील कुमार ने बताया कि वह अपनी पत्नी माया के साथ मूसानगर के बाला जी मंदिर दर्शन करने आया हुआ था। दर्शन करने के दौरान जब वह वापस जा रहा था। तभी उसपर एक अन्ना मवेशी ने हमला कर दिया। जिससे पत्नी माया घायल हो गई। उसे सीएचसी ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल अकबरपुर रेफर कर दिया।

जमीन की कुर्राबंदी करने के लिए किसान से 18 हजार रुपये लेते पकड़ा गया

एंटी करप्शन टीम ने रिश्वत लेते समय लेखपाल को धरा

संवाददाता, राजपुर

अमृत विचार। भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की टीम ने शनिवार को राजपुर के सिलहरा मार्ग से एक लेखपाल को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। टीम ने यह कार्रवाई जमीन के मामले में रिश्वत लेने के दौरान की। घटना से प्रशासनिक अमले में भी खलबली मच गई है। एंटी करप्शन टीम ने आरोपी लेखपाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

आरोपी लेखपाल।

सिकंदरा तहसील क्षेत्र के दमनपुर गांव निवासी किसान मन्ना सिंह ने जून 2023 को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की कानपुर टीम से शिकायत दर्ज कराई थी कि जमीन बंटवारे का सिकंदरा तहसील में वाद दाखिल किया था। खेत का कुराबंदी व बंटवारे करने के एवज में लेखपाल संजीव कुमार 20 हजार रुपये रिश्वत मांग रहा है। शिकायत पर टीम लेखपाल को रंगे हाथ पकड़ने के लिए निगरानी करने लगी। लेखपाल संजीव कुमार दमनपुर के अलावा खोजा रामपुर, रमऊ के लेखपाल हैं।

शनिवार को लेखपाल रमऊ गांव में फसल सर्वेक्षण के बाद साथी लेखपाल सानू शुक्ला के साथ अपनी निजी कार से लौट रहा था, तभी राजपुर थाने से कुछ कदम दूर सिलहरा मार्ग पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की टीम ने लेखपाल को गिरफ्तार कर लिया। एंटी करप्शन टीम के इंस्पेक्टर मृत्युंजय कुमार मिश्रा ने बताया कि लेखपाल ने किसान को रिश्वत के लिए सिलहरा मार्ग पर बुलाया और अपनी कार की पिछली सीट पर बैठा लिया। इस दौरान लेखपाल को किसान से 18 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ लिया गया। एंटी करप्शन टीम आरोपी लेखपाल को अपने साथ अकबरपुर कोतवाली ले गई और उसके खिलाफ अभियोग पंजीकृत करने के बाद अपने साथ लेकर रवाना हो गई।

मौके पर छानबीन करती एंटी करप्शन टीम। अमृत विचार

राजपुर थाने में लेखपालों की जुटी भीड़

एंटी करप्शन टीम द्वारा राजपुर थाने के पास से लेखपाल को रिश्वत लेने के मामले में पकड़े जाने की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लेखपाल राजपुर थाने पर पहुंच गए, लेकिन एंटी करप्शन टीम स्थिति को भांपकर आरोपी लेखपाल को लेकर अकबरपुर कोतवाली लेकर रवाना हो गई। राजपुर थाने पहुंचे लेखपाल एक-दूसरे से जानकारी करते रहे।

तैयारी: परिषदीय विद्यालयों में 16 मार्च से शुरू होंगी वार्षिक परीक्षाएं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- कक्षा एक की वार्षिक परीक्षा सिर्फ मौखिक रूप से होगी
- डायट के माध्यम से तैयार किए जाएंगे प्रश्न पत्र

अमृत विचार। परिषदीय स्कूलों की वार्षिक परीक्षा का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। परीक्षाएं 16 मार्च से शुरू होंगी। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से परीक्षा आयोजन को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। प्रश्न पत्र डायट में तैयार किए जाएंगे।

परिषदीय विद्यालयों की कक्षा एक से आठ की वार्षिक परीक्षाएं 16 से 21 मार्च के बीच होंगी। पूरी परीक्षा 50 नंबर की होगी। इसके लिए जिला स्तर पर डायट के माध्यम से पेपर तैयार किए जाएंगे। पेपर में बहुविकल्पीय, अति लघु उत्तरीय, लघु उत्तरीय व दीर्घ उत्तरीय प्रश्न होंगे। शासन ने इसके लिए मॉडल पेपर भी जारी किया है। कक्षा एक की वार्षिक परीक्षा सिर्फ मौखिक होगी। कक्षा दो व तीन में मौखिक व लिखित परीक्षा होगी। इसके अंक 50-50 फीसदी होंगे।

कक्षा चार-पांच में मौखिक व लिखित परीक्षा होगी। इसके अंक 30-70 फीसदी होंगे। कक्षा छह से आठ की परीक्षा सिर्फ लिखित ही होगी। इसमें पूरे नंबर लिखित परीक्षा के ही दिए जाएंगे। खंड शिक्षा अधिकारी प्रश्न पत्र 14 मार्च तक विद्यालयों को उपलब्ध कराएंगे। बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव प्रताप सिंह बघेल ने बीएसए को निर्देश दिया है कि लिखित परीक्षा ढाई घंटे की होगी। मौखिक परीक्षा की अवधि प्रधानाध्यापक आवश्यकतानुसार तय करेंगे।

अभिभावकों को दिखाई जाएंगी उत्तर पुस्तिकाएं

वार्षिक परीक्षाफल जारी करने के समय छात्र-अभिभावकों की बैठक की जाएगी। इसमें उन्हें मूल्यांकन की गई कॉपियां दिखाई जाएंगी और इसके बाद उन्हें रिपोर्ट कार्ड दिया जाएगा। शुचितापूर्ण वार्षिक परीक्षा के लिए प्रधानाध्यापक, बीईओ व बीएसए जिम्मेदार होंगे। बीएसए रिद्धी पांडेय ने बताया कि परिषदीय स्कूलों में वार्षिक परीक्षा कराने की समय सारिणी शासन से जारी कर दी गई है।

31 मार्च को घोषित होगा परीक्षा का परिणाम

कक्षा सात तक की वार्षिक परीक्षा की कॉपियों का मूल्यांकन विद्यालय के ही शिक्षक करेंगे। कक्षा आठ की कापियों का मूल्यांकन विकास खंड स्तर पर अन्य संकुल के शिक्षकों से कराया जाएगा। मूल्यांकन कार्य परीक्षा के साथ ही शुरू कर दिया जाएगा और 31 मार्च को परीक्षा परिणाम जारी किया जाएगा। उन्होंने कहा है कि कक्षा एक से आठ के किसी भी विद्यार्थी को फेल नहीं किया जाएगा।

ट्रक की टक्कर से किसान की मौत

संवाददाता, रसूलाबाद

अमृत विचार: आलू लदी ट्रैक्टर ट्राली में ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे ट्रैक्टर ट्राली के पहिये में हवा चेक कर रहे किसान की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर मारने वाला चालक ट्रक लेकर भाग निकला। भाई की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

किसान कैलाशनाथ।

हादसे के दौरान खड्ड में घुसा ट्रक और ट्रैक्टर-ट्राली। अमृत विचार

- ट्रैक्टर-ट्राली के पहिये में हवा चेक करते समय हुआ हादसा
- भाई की तहरीर पर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज

शनिवार को सुबह कठारा ग्राम निवासी कैलाश नाथ (36) ट्रैक्टर में आलू लदवा कर बिल्हौर स्थित कोल्ड स्टोरेज में जा रहे थे। चालक अंकुर ने बताया कि रसूलाबाद-बिल्हौर रोड पर सुनार बगिया असालतगंज के निकट ट्रैक्टर में बैठे कैलाशनाथ का पहिये में हवा कम होने का अहसास हुआ। ट्रैक्टर रोकने के बाद वह ट्राली के पहिये की हवा देखने लगे। उसी समय रसूलाबाद की ओर से आ रहे ट्रक ने ट्रैक्टर ट्राली में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे कैलाशनाथ की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

हादसे के चलते ट्रैक्टर ट्राली खड्ड में जा गिरी। घटना की सूचना चालक अंकुर ने परिजनों को दी। मृतक अविवाहित था। जानकारी पर मां विमला देवी, भाई रंजीत आदि रोते-बिलखते रहे। सूचना पर पुलिस ने छानबीन की। थाना प्रभारी मुकेश कुमार सोलंकी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मृतक के छोटे भाई रंजीत ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। ट्रक को कब्जे में लेकर चालक की तलाश की जा रही है।

ढाबे पर खड़े ट्रक से खलासी लापता

राजपुर। थाना क्षेत्र के जल्लापुर सिकंदरा गांव के समीप एक ढाबा में ट्रक खड़ाकर खलासी रहस्यमय ढंग से लापता हो गया। चालक की सूचना पर पहुंचे ट्रक मालिक ने थाना पुलिस को तहरीर दी है।

झारखंड प्रांत के पथलगडा जनपद कोडरमा निवासी मो. मुमताज ने पुलिस को बताया कि वह ट्रक मालिक है। उसके ट्रक में चालक मो. एजाज निवासी उरमा जनपद कोडरमा झारखंड के साथ गांव का ट्रक खलासी पप्पू भुइयां पुत्र प्रकाश भुइयां भी चल रहा था। 18 फरवरी को राजपुर थाना क्षेत्र के जल्लापुर सिकंदरा के समीप राधिका ढाबा में भोजन करने के लिए चालक ने ट्रक खड़ा कर दिया। वहीं से ट्रक का खलासी पप्पू लापता हो गया। खोजबीन के बाद भी पता न चलने पर चालक ने परिजनों व ट्रक मालिक को सूचना दी।

आश्वासन लेकर थाने से निराश लौटे लोग

संवाददाता, सिकंदरा/मंगलपुर

अमृत विचार। थाना समाधान दिवस पर आए हुए फरियादियों की शिकायतों को सुना गया। मामलों में जांच कर कार्रवाई शुरू की गई है।

शनिवार को सिकंदरा थाना समाधान दिवस में अजीबो गरीब मामला सामने आया। बदनपुर थाना गोहन जिला जालौन निवासी ताजुद्दीन ने पुलिस को बताया कि बहन सबीना का निकाह करीब एक वर्ष पूर्व थाना सिकंदरा क्षेत्र में गांधीनगर निवासी सद्दाम पुत्र कल्लन के साथ हुआ था। कुछ दिन बाद से ही वह बहन के साथ आए दिन मारपीट व प्रताड़ित कर अतिरिक्त दहेज की मांग करता है। करीब 25 दिन पूर्व बहन को बेरहमी से मारपीट कर घायल कर दिया और हालत गंभीर होने पर अकबरपुर के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती करा दिया। बिल ज्यादा होने पर बहन को ससुराल पक्ष के लोग अस्पताल में अकेला छोड़कर भाग गए। नवविवाहिता ने जैसे पैसे किसी के मोबाइल फोन से मायके में उसे सूचना दी। थाना प्रभारी दिलीप कुमार बिंद ने कहा कि प्रार्थना पत्र पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

इसी तरह मंगलपुर थाना परिसर में समाधान दिवस पर डेरापुर कानूनगो अनिल कुमार शुक्ला, कानूनगो बसंतलाल व थाना प्रभारी मंगलपुर जनार्दन प्रताप सिंह ने फरियादियों की शिकायतें सुनी। इस दौरान कुल पांच शिकायतें आई। जिसमें तीन राजस्व, दो शिकायतें पुलिस की रही। एक भी शिकायत का निस्तारण नहीं हो पाया।

सार-संक्षेप

युवा चौपाल की जानकारी देतीं प्रवासी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनीषा सिंह, साथ में भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ला व भाजयुमो जिलाध्यक्ष परवेश कटियार।

चौपाल के जरिए युवाओं से संपर्क करेंगे भाजयुमो नेता

कानपुर देहात। जनपद के युवाओं से चौपाल के माध्यम से युवा मोर्चा के पदाधिकारी संपर्क करेंगे। यह बात पार्टी कार्यालय में शनिवार को प्रेस वार्ता में अभियान की प्रवासी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनीषा सिंह ने कही। भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ला ने बताया कि युवा मोर्चा की ओर से युवा चौपाल अभियान चलाया जा रहा है। भाजयुमो जिलाध्यक्ष परवेश कटियार ने बताया कि युवा चौपाल 25 फरवरी से 4 मार्च तक चलेगी। चौपाल के निमित्त सभी जिला पदाधिकारियों को प्रत्येक मंडल का विस्तारक बनाया गया है। तकरीबन चौपाल के स्थान तय कर लिए गए हैं। स दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामजी मिश्रा, कार्यक्रम संयोजक अनमोल गुप्ता, मंडल अध्यक्ष शिवविलाश मिश्रा आदि मौजूद रहे।

संत गाडसे व रविदास जयंती मनाते भाजपा पदाधिकारी।

सामाजिक विकास के पक्षधर थे संत गाडसे

कानपुर देहात। भाजपा जिला कार्यालय में संत गाडगे महाराज एवं संत शिरोमणि रविदास की जयंती मनाई गई। कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र मंत्री सुधीर कठेरिया व जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ला ने संत गाडगे व रविदास महाराज को नमन-वंदन किया। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि गाडगे समाज सुधारक घुमक्कड़ भिच्छुक थे, जो महाराष्ट्र में सामाजिक विकास करने के लिए साप्ताहिक उत्सव करते थे। उन्होंने महाराष्ट्र के कोने-कोने में अनेक धर्मशालाएं, गौशालाएं, विद्यालय व तालाबों का निर्माण कराया, लेकिन अपने लिए एक कुटिया तक नहीं बनवाई। अध्यक्षता अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष अखिलेश सोनकर ने की। इस मौके पर जिला मंत्री बबलू भारती सभासद, जिला महामंत्री तनु संखवार, अमित कुमार, जिला उपाध्यक्ष रामजी मिश्रा, पूनम आर्य, राजकुमार दिवाकर, नीरज गौतम, संतोष कुमार गौतम, सीताराम, आलोक कुमार, अर्पण राही, नितिन कुमार, सनी बाल्मीकि आदि लोग उपस्थित रहे।

लोडर को बचाने के प्रयास में बोर्ड से टकराई कार

शिवली। झांसी के रहने वाले मनोज कुशवाहा शनिवार को कानपुर से रसूलाबाद जा रहे थे। शिवली-कल्याणपुर मार्ग पर शेखूपुर गांव के समीप सामने से आ रहे दूध वाले लोडर को बचाने के प्रयास में कार बोर्ड से टकरा गई और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मनोज को बाहर निकाला। चौकी प्रभारी काली चरण ने बताया कि लोडर मौके से भाग गया है। कोई हताहत नहीं है।

छापे में दो जुआरी गिरफ्तार, बाकी मौके से फरार

पुखरायां। गदाईखेड़ा गांव के समीप रेलवे लाइन किनारे जुआ खेल रहे जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एसआई अरविंद कुमार के मुताबिक दो जुआरियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि कुछ जुआरी भाग निकले। मौके से 71 सौ रुपये, मोमबत्ती, ताश की गड्डी बरामद की गई है। पकड़े गए जुआरियों में मो. आलम निवासी नूरगंज मंडी पुखरायां व मनोज कुमार निवासी बाबा मोहाल मंडी मोड़ बताया है।

मैथा में फसल सफाचट कर रहे आवारा मवेशी

संवाददाता, शिवली

- ब्लाक में गौशालाएं और कैटल कैचर के बाद भी घूम रहे मवेशी

अमृत विचार। मैथा ब्लाक में गौशाला बनाने व कैटल कैचर वाहन आने के बाद भी अन्ना मवेशियों की धमाचौकड़ी कम नहीं हुई है। 15 से 20 मवेशियों के झुंड घूम रहे हैं, जो किसानों की फसलों को नष्ट करते हैं। फसलों को बचाने के लिए किसान खेतों में रात दिन रहकर रखवाली करते हैं, फिर भी मौका मिलते ही मवेशी फसलों को सफाचट कर देते हैं।

अन्ना मवेशियों से राहत दिलाने के लिए न्याय पंचायत स्तर पर गोशालाएं बनवाई गई हैं। उनमें अन्ना मवेशियों को रखने के दावे फेल साबित हो रहे हैं। अन्ना मवेशियों के झुंड दिन भर किसानों के खेतों में घूमते हैं और शाम होते ही गांव किनारे के खेतों में बैठते हैं। फसलों में हरियाली आते ही ये अन्ना मवेशी फसल को चट कर रहे हैं। मैथा ब्लाक क्षेत्र के बाघपुर शेखुपुर रस्तपुर नहरीबरी आदि गांवों में अन्ना मवेशियों के झुंड घूम रहे हैं। जो किसानों की खड़ी हरी फसल चट कर देते है। ब्लाक में हाल ही में कैटल कैचर वाहन भी आया है। जिससे अन्ना मवेशियों को पकड़ने का दावा ब्लाक प्रशासन कर रहा है। बीडीओ महिमा विद्यार्थी ने बताया कि जानकारी कराकर अन्ना मवेशियों को पकड़वाया जाएगा। जिससे किसानों को राहत मिलेगी।

परियोजनाएं लंबित होने पर प्रभारी मंत्री खफा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

अमृत विचार। महिला कल्याण एवं बाल विकास पुष्टाहार विभाग तथा जिले की प्रभारी मंत्री ने जनपद का भ्रमण कर कानून व्यवस्था व विकास कार्यों का जायजा लेकर निर्देश दिए। साथ ही बनारअलीपुर गौसंरक्षण का निरीक्षण कर गोबर से निर्मित खाद, प्राकृतिक पेंट संयंत्र की स्थापना के लिए भूमि पूजन किया।

शनिवार को महिला कल्याण एवं बाल विकास पुष्टाहार विभाग तथा जिले की प्रभारी मंत्री बेबी रानी मौर्य ने जनपद भ्रमण के दौरान कानून व्यवस्था एवं विकास कार्यों की समीक्षा विकास भवन सभागार कक्ष में की। एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने बताया कि जनपद में अपराध का ग्राफ मजबूत कानून व्यवस्था के कारण तेजी से गिर रहा है। अपराधियों की धरपकड़ तेज हुई है।

टेबलेट देने के बाद छात्रों के साथ प्रभारी मंत्री, राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला, डीएम आलोक सिंह, एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

प्रभारी मंत्री ने कहा कि अपराधियों की धरपकड़ तेजी से हो, जिससे आम नागरिक सुकून से जीवन व्यतीत कर सकें। खासकर महिलाएं सुरक्षित होकर अपने घरों से बाहर निकलकर कार्य कर सकें।

विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि जनपद में जो भी निर्माणाधीन परियोजनाएं लंबित हैं। उन्हें ससमय पूर्ण किया जाए। इसमें किसी प्रकार का विलंब न हो। डीएम आलोक सिंह ने आश्वस्त करते हुए कहा कि लंबित परियोजना शीघ्र ही पूर्ण होंगी। हालाकि प्रभारी मंत्री परियोजनाओं के लंबित होने के दृष्टिगत खासी नाराज भी दिखीं।

इस दौरान प्रभारी मंत्री ने मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना अंतर्गत आठ चिंहित छात्र-छात्राओं को कक्षा नौ में प्रवेश के लिए लैपटॉप भी वितरित किए।

- गौसंरक्षण केंद्र बनारअलीपुर में गोबर खाद व प्राकृतिक पेंट संयंत्र स्थापना को भूमि पूजन

गौ संरक्षण केंद्र में भूमि पूजन और पौधरोपण

इसके बाद प्रभारी मंत्री ने राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला के साथ अकबरपुर क्षेत्र के गौसंरक्षण केंद्र बनारअलीपुर का निरीक्षण किया। उन्हें बताया गया कि यह गौशाला समूह की महिलाओं द्वारा संचालित है। उन्होंने गायों को माला पहनाकर गुड़ आदि खिलाया। इसके बाद प्रभारी मंत्री ने गौसंरक्षण केंद्र के अंदर ही स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा गोबर से निर्मित खाद, प्राकृतिक पेंट संयंत्र की स्थापना के लिए भूमि पूजन किया और पौधरोपण किया। इस मौके पर सीडीओ लक्ष्मी एन समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

धर्म-अध्यात्म

मूसानगर में दर्शन के लिए लंबी-लंबी कतारें लगी रहीं, पूरे दिन गूंजते रहे जय श्रीराम के जयकारे

हवनोत्सव पर बालाजी धाम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

संवाददाता, मूसानगर

अमृत विचार। कस्बा स्थित श्री बालाजी धाम मंदिर में शनिवार को माघ पूर्णिमा पर आयोजित 27वें हवनोत्सव पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। मंदिर प्रांगण में बल्लियों से बनाई गई लंबी गैलरियां सुबह से ही दर्शनार्थियों से भर गई। पूरे दिन जय श्रीराम व जय श्री बालाजी सरकार के जयकारे गूंजते रहे।

श्रीबालाजी धाम में सुबह से ही भक्तों की लंबी-लंबी कतार लग गई लोगों ने घंटों इंतजार कर श्रीबालाजी सरकार, प्रेतराज सरकार व बटुकेश्वर सरकार के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। मेले में भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर के तीनों गेट खोल दिए गए। मंदिर में कई जगहों पर भक्तों को दर्शन और प्रसाद चढ़ाने की व्यवस्था कमेटी की ओर से की गई थी। श्रद्धालुओं ने दर्शन के बाद मेले का आनंद लिया और घरेलू जरूरत का सामान खरीदा गया। खान-पान और बच्चों के खिलौने आदि की दुकानों पर जमकर भीड़ रही।

श्रीबालाजी मंदिर में दर्शन करते श्रद्धालु। अमृत विचार

मेले में खरीदारी करते लोग। अमृत विचार

हवन कुंड में दुर्गा प्रसाद शास्त्री ने विधिविधान व मंत्रोच्चारण के साथ सुबह से शुरू हुए विशाल सवा मनी हवन में आहुति भेंट की। मंदिर आए श्रद्धालुओं ने यज्ञशाला की परिक्रमा कर पुण्य प्राप्त किया। हवन कार्यक्रम पूरे दिन चलता रहा। हवन की पूर्ण आहुति के बाद श्री बालाजी सरकार की आरती की गई। इसके बाद प्रसाद वितरण शुरू किया गया, जो देर रात तक जारी रहा।

दूर दराज से आए भजन-कीर्तन कलाकारों ने शमां बांधा। श्री बालाजी धाम के महंत ओम प्रकाश शर्मा ने बताया कि हवनोत्सव का कार्यक्रम गत 26 वर्षों से चल रहा है। मेले में खासी भीड़ जुटी। अकेले मूसानगर क्षेत्र ही नहीं, बल्कि गैरजनपदों के लोग पहुंचे। सुरक्षा के मद्देनजर मेला परिसर में पुलिस चौकी बनाई गई। वहीं प्वाइंट बना कर पुलिस फोर्स की तैनाती की गई। थाना प्रभारी अमरेंद्र बहादुर सिंह पुलिस बल के साथ मेला परिसर में लगातार गस्त करते रहे।

सेंटर में जांच के लिए भटकते मरीज

संवाददाता, राजपुर

- राजपुर क्षेत्र के 25 वेलनेस सेंटरों में से केवल 19 में ही सीएचओ की तैनाती

अमृत विचार। ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को स्थानीय स्तर पर इलाज मुहैया कराने के लिए हेल्थ वेलनेस सेंटर खोले गए हैं। इनमें से तमाम सेंटर शोपीस बन कर रह गए हैं। अधिकांश वेलनेस सेंटर बंद रहते हैं। जिससे ग्रामीणों को प्राथमिक इलाज के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। इसके अलावा वेलनेस सेंटरों में जांच की सुविधा नहीं होने से मरीजों को खासी परेशानी उठानी पड़ रही है।

राजपुर ब्लॉक क्षेत्र में 25 हेल्थ वेलनेस सेंटर खोले गए हैं। इनमे से 19 सेंटरों में सीएचओ की तैनाती है। जबकि 6 सेंटरों में सीएचओ तैनात न होने से संचालन नहीं हो पा रहा है। इसके अलावा बीहड़ पटटी के अधिकांश वेलनेस सेंटरों में मरीज के लिए जांच की सुविधा ही नहीं है और उपकरण भी नहीं है। अफसरिया गांव में किराये के भवन में वेलनेस सेंटर संचालित है। शनिवार को वेलनेस सेंटर खुला मिला। यहां सीएचओ पुष्पा देवी ने ई-संजीवनी पोर्टल के जरिये पांच मरीजों का उपचार करने की बात कही।

भाल के वेलनेस सेंटर में बच्चे का इलाज करती सीएचओ। अमृत विचार

हालांकि सेंटर में मलेरिया, टायफाइड, डेंगू, एचबी, यूरिन आदि के जांच की सुविधा नहीं है। सीएचओ ने बताया कि मई महीने से ब्लड जांच संबधी कोई भी किट नहीं है। जिससे मरीजों की जांच नहीं हो पा रही है। सेंटर में परामर्श के साथ कुछ ही दवाएं मरीजों को दी जा रही है। इधर भाल स्थित वेलनेस सेंटर में सीएचओ श्वेता भदौरिया ने 18 मरीजों के उपचार का दावा किया। दोपहर 12 बजे सेंटर में खलासपुर गांव की राखी देवी अपनी ढाई बर्षीय बेटी नितिशा को खांसी, बुखार, जुकाम का इलाज कराने पहुंची। सीएचओ ने बच्ची को दवाएं दी।

मलेरिया, टायफाइड की जांच किट ही नहीं

सीएचओ ने बताया कि वेलनेस सेंटर में 14 प्रकार की जांचों की सुविधा है, लेकिन मलेरिया, टायफाइड की जांच के लिए किट सेंटर में उपलब्ध नहीं है। उन्होंने तीन मरीजों का ई-संजीवनी पोर्टल के जरिये इलाज कराने की बात कही। राजपुर पीएचसी प्रभारी डॉ अरुणेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि जांच के लिए किट भेजी जा रही हैं।

जूही खलवा पुल पर नहीं बनेगा नया पंप हाउस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नये स्ट्रार्म वाटर पंप हाउस के निर्माण को लेकर धन न मिलने से खड़ा हुआ संकट
- जलनिगम ने कहा ऐसे में डीपीआर पर पैसा बहाना गलत, धन वापस करने की पेशकश

अमृत विचार। जूही खलवा पुल पर पानी निकालने के लिये नये स्ट्रार्म वाटर पंप हाउस के निर्माण को ग्रहण लग गया है। योजना में पैसे निर्गत न करने पर जलनिगम ने हाथ खड़े कर दिये हैं। जलनिगम ने पत्र लिखकर कहा है कि धन आवंटन की असमर्थता के चलते डीपीआर पर खर्च करना ठीक नहीं होगा। इसलिये नगर निगम की ओर से डीपीआर बनाने के लिए आवंटित धन 25 लाख नगर निगम को वापस करना ही उचित होगा।

जूही खलवा पुल पर हर साल बरसात में पानी भर जाता है। मौजूदा संपवेल सुचारू न होने से रास्ता बंद हो जाता है। इसके चलते लोगों को समस्या होती है। पिछली बरसात में भरे पानी में डूबकर एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। जिसके बाद नगर निगम ने विशेष सफाई अभियान चलाकर यहां की नालियों और चैंबर की 20 मीटर तक सफाई कराई। इसके साथ ही पुराने संपवेल को भी सही किया था। इसी समस्या को देखते हुये नये स्ट्रार्म वाटर पंप हाउस के निर्माण की योजना बनाई गई थी।

जलनिगम के परियोजना प्रबंधक जीके चौधरी ने अधीक्षण अभियंता को बताया है कि योजना के सर्वेक्षण औश्र डरपीआर कार्य की प्रगति के संबंध में महापौर के प्रतिनिधि और महापौर ने धन आवंटन पर असमर्थता जाहिर की है। इसलिये डीपीआर पर व्यय किया जाना उचित नहीं होगा। उन्होंने नगर निगम की ओर से डीपीआर के लिये आवंटित धन को भी नगर निगम को वापस करने को कहा है।

घनी आबादी व मालिन बस्तियां टीबी बैक्टीरिया के घर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। सरकार ने वर्ष 2025 तक देश को टीबी रोग से मुक्त करने का लक्ष्य रखा है। इसे देखते हुए जिले के क्षय रोग अधिकारियों ने टीबी के खिलाफ मजबूती से अभियान चलाने की तैयारी की है। अधिकारियों का मुख्य फोकस घनी आबादी वाले क्षेत्र और मालिन बस्तियों पर है। क्योंकि इन क्षेत्रों में लक्षणयुक्त रोगी अधिक मिलते हैं।

शहर में वर्तमान में 12,933 लोग टीबी से ग्रसित है, जबकि 500 लोगों ने इलाज में लापरवाही बरतते हुए टीबी को और गंभीर रूप दे दिया, जिससे अब वह एमडीआर से ग्रस्त हो गए। इन मरीजों पर जिला क्षय रोग विभाग के अधिकारियों व स्वास्थ्य कर्मियों की नजर रहती हैं। ताकि कोई भी मरीज इलाज के प्रति लापरवाही न बरत सके। क्योंकि एक टीबी का रोगी एक साल में एक दर्जन से अधिक लोगों को टीबी रोगी बना सकता है। इसीलिए सरकार ने वर्ष 2024 में जिला क्षय रोग विभाग को 12,650 टीबी रोगियों को ढूंढ़ने का लक्ष्य दिया है। ताकि ऐसे मरीजों का जल्द से जल्द इलाज शुरू हो और जिला वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त हो सके। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन के तहत चले टीबी रोगी खोज अभियान में जनवरी माह से अब 1948 लोगों में टीबी के लक्षण नजर आए हैं। ये प्री टीबी के मरीज हैं।

टीबी रोगी खोज अभियान, इलाज व जांच के संबंध में शनिवार को जिला क्षय रोग केंद्र में जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ.रविंद्र प्रताप मिश्रा ने कर्मियों के साथ बैठक में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एचएलएफपीपीटी के कॉडिनेटर बलबंत सिंह ने बताया कि सरकार का कंपनी से एमओयू हुआ है। कंपनी के टीम में 32 लोग शामिल है, जो 105 सरकारी कर्मियों के साथ टीबी रोगियों को खोजने में मदद, उनका डाटा दर्ज करने में मदद करेंगे।

जानकारी देते जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ .आरपी मिश्रा, प्रोग्राम कॉडिनेटर राजीव सक्सेना, कंपनी के कॉडिनेटर बलवंत सिंह व अन्य, बैठक में मौजूद कर्मी। अमृत विचार

500 मरीज बीच में इलाज छोड़ने से जोखिम श्रेणी में

12,650 टीबी रोगी खोजने का मिला शासन से इस वर्ष लक्ष्य

13 हजार जिले में टीबी रोगियों की कुल संख्या

1948 एक माह में मिले टीबी के नए रोगी

निजी अस्पतालों का भी डाटा होगा दर्ज

प्रोग्राम कॉडिनेटर राजीव सक्सेना ने बताया कि जिले में सरकारी अस्पताल में आने वाले टीबी के लक्षण युक्त मरीजों का डाटा जिला क्षय रोग विभाग के पोर्टल में एकत्र किया जाता है, लेकिन अब शहर के रीजेंसी अस्पताल से लेकर सभी निजी अस्पतालों में आने वाले टीबी के लक्षण युक्त मरीज या टीबी के मरीजों का डाटा पोर्टल पर एकत्र किया जाएगा। इसके लिए विभाग व कंपनी के स्वास्थ्य कर्मी को प्रशिक्षित किया जाएगा।

अगले माह शुरू होगी कल्चर ड्रग सेंसिटिव लैब

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में 64 लाख रुपये से टीबी कल्चर ड्रग सेंसिटिव लैब स्थापित की गई है। इस लैब की मदद से मरीजों को जांच रिपोर्ट के लिए तीन माह का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। सैंपल परीक्षण की स्पष्ट रिपोर्ट लैब से 35 से 40 दिन में ही मरीज को मिल सकेगी। इस लैब में टीबी के एडवांस लिक्विड कल्चर टेस्ट होंगे। लैब संचालन के लिए जीएसवीएम को सीएमओ कार्यालय से चार लैब टेक्नीशियन मिलें हैं, जिनको आगरा में प्रशिक्षण के लिए भेजा जाएगा। प्रशिक्षण के बाद मार्च माह के अंत तक लैब का संचालन शुरू हो सकता है।

दूषित वातावरण, गंदा पानी व सड़ांध से बढ़ रही बीमारी

कानपुर। शहर में दो दर्जन से अधिक मलिन बस्तियां है, जहां खुले नालों की वजह से दूषित वातावरण, गंदा पानी, सीलन और बदबूदार माहौल में लोग रहने को मजबूर हैं। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ .रविंद्र प्रताप मिश्रा ने बताया कि ऐसे क्षेत्रों में रहने वाले लोगों में टीबी के लक्षण अधिक नजर आते हैं। धूम्रपान अधिक करने वाले लोग भी इस बीमारी की चपेट में आ रहे हैं। नशे का आदी होने की वजह से उनकी प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है और वह टीबी की गिरफ्त में आ जाते है। इस वर्ष 12,650 टीबी रोगियों को खोजने का लक्ष्य मिला है, जिस संबंध में तैयारी शुरू कर दी गई है।

तोहफा: सिद्धनाथ मंदिर कॉरिडोर के निर्माण कार्य का हुआ शिलान्यास

विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना व महापौर ने पूजन कर की शुरुआत, दो चरणों में पूरा किया जाएगा काम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। जाजमऊ में प्रसिद्ध सिद्धनाथ मंदिर जल्द ही कॉरिडोर के रूप में विकसित कर सुविधाओं से लैस किया जाएगा। शनिवार को इस शिव मंदिर कॉरिडोर के निर्माण कार्य का पूजन के साथ शिलान्यास हुआ। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, महापौर प्रमिला पांडेय और नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन ने सिद्धनाथ बाबा का पूजन और आरती करके निर्माण कार्य की शुरुआत कराई। नगर निगम अवस्थापना निधि से पहले चरण में लगभग पांच करोड़ रुपये से मंदिर के सुंदरीकरण के साथ पार्किंग और आसपास विकास कार्य कराएगा। दूसरे चरण में चार करोड़ रुपये खर्च होंगे। इससे मंदिर तक फोरलेन सड़क बनाई जाएगी।

परमट में आनंदेश्वर मंदिर कॉरिडोर के बाद अब जाजमऊ में सिद्धनाथ मंदिर कॉरिडोर बनाने की तैयारी की गई है। अभी रास्ता चौड़ा करने के साथ ही मंदिर परिसर में 100 चार पहिया वाहन खड़े करने के लिए पार्किंग की व्यवस्था की जा रही है ताकि सड़क पर वाहन न खड़े हों।

नगर आयुक्त ने बताया कि सिद्धनाथ मंदिर का भव्य कॉरिडोर डिजाइन पहले से तैयार है। कॉरिडोर निर्माण के तहत मंदिर से जुड़े मार्गों की मरम्मत, प्रवेश द्वारों का सुंदरीकरण के अलावा मंदिर परिसर में जो बिजली के तार लटक रहे हैं, उन्हें अंडरग्राउंड किया जाएगा। कॉरिडोर का निर्माण ऐसा होगा, ताकि बिना किसी रुकावट के लोग मंदिर जाकर शिवलिंग और गंगा के दर्शन कर सकें।

अभिषेक करते विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना और महापौर प्रमिला पांडेय।

> सिद्धनाथ मंदिर कॉरिडोर बनाने के कार्यों का शिलान्यास कर दिया गया है। लगभग पांच करोड़ रुपये से पहले चरण में काम होगा। इन कार्यों को आगे भी बढ़ाया जाएगा। नगर आयुक्त और महापौर के प्रयास से काम जल्दी पूरा होगा।
>
> – सतीश महाना, विधानसभा अध्यक्ष

जागेश्वर और वनखंडेश्वर मंदिर भी बनेंगे कॉरिडोर

नवाबगंज स्थित जागेश्वर मंदिर कॉरिडोर में चिड़ियाघर रोड की तरफ भव्य गेट बनेगा। मैनावती मार्ग का भी सुंदरीकरण किया जाएगा। मंदिर की सीढ़ियों की मरम्मत कर टाइल्स लगाई जाएंगी। पूजा घर के पास पूजन सामग्री की दुकानें बनाई जाएंगी। इस प्राचीन मंदिर से सिग्नेचर सिटी की तरफ जाने वाले मार्ग का निर्माण होगा और नालियां बनेंगी। इन कार्यों की अनुमानित लागत दो करोड़ रुपये है। इसी तरह पीरोड के पास स्थित वनखंडेश्वर मंदिर कॉरीडोर विकसित करके भक्तों का आवागमन सुगम किया जाएगा। सड़क के दोनों तरफ अक्रिमण हटाया जाएगा। सड़क चौड़ी करते हुए फुटपाथ पर पत्थर लगेंगे। सड़क और फुटपाथ के बीच इस तरह से नाली बनाई जाएगी कि वहां वाहन खड़े हो सकें। आकर्षक लाइटें लगेंगी। इस कामकी अनुमानित लागत एक करोड़ रुपये है।

त्रेतायुग से जुड़ा इतिहास

सिद्धनाथ मंदिर भक्तों के बीच द्वितीय काशी नाम से चर्चित है। मंदिर का इतिहास त्रेतायुग का बताया जाता है। राजा ययाति द्वारा कराई गई खोदाई में शिवलिंग की प्राप्ति हुई थी। प्राचीन काल में यहां लगातार 100 यज्ञ पूरे होने के बाद इस स्थल को काशी का दर्जा मिल जाता, लेकिन 100वें यज्ञ के दौरान एक कौवे ने हवन कुंड में हड्डी डाल दी थी। इसी कारण यह स्थल द्वितीय काशी के रूप में विख्यात हो गया।

यह है मंदिर की विशेषता

सिद्धनाथ मंदिर को जाजमऊ के कोतवाल के रूप में पूजा जाता है। भक्त गंगा जल से महादेव का जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। श्रावण मास में मंदिर परिसर में विशाल मेले का आयोजन किया जाता है। भक्त बेल पत्र और दूध-दही महादेव पर अर्पित करते हैं। यहां स्थापित शिवलिंग की लंबाई नापने के लिए दो बार खोदाई हो चुकी है, लेकिन शिवलिंग के अंतिम छोर का पता नहीं चल सका।

सांस फूलने के साथ गला चोक होने की अचानक बढ़ी मुसीबत

रेस्पेटरी संक्रमण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। मौसम में बदलाव के असर से लोग रेस्पेरेटरी संक्रमण की चपेट में आ रहे हैं। इसमें गले में दर्द होने के साथ सांस लेने में दिक्कत व गला चोक होने की समस्या हो रही है। संक्रमण उनको अधिक नुकसान पहुंचा रहा है, जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कम है या जो नशे का सेवन करते हैं। हैलट व उर्सला अस्पताल के मेडिसिन विभाग की ओपीडी में ऐसे मरीजों की भीड़ हो रही है, जिन्हें खांसी, जुकाम, गले में दर्द, सीने में जकड़न, सिर व शरीर में दर्द की समस्या है। ऐसे एक तिहाई मरीजों में गला चोक होने की समस्या भी देखी जा रही है। खाना खाने और पानी निगलने में दिकक्त हो रही है।

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में मेडिसिन विभाग के प्रो. बृजेश कुमार ने बताया कि एक्यूट रेस्पिरेटरी इंफेक्शन (सांस संबंधी संक्रमण) गंभीर संक्रमण है। इसमें पहले नाक प्रभावित होती है और लापरवाही बरतने पर फेफड़े भी प्रभावित हो सकते हैं। संक्रमण अगर कंट्रोल में नहीं आता तो यह पूरे रेस्पिरेटरी सिस्टम को अपनी गिरफ्त में ले लेता है। ओपीडी में ऐसे 20 से 25 मरीज इलाज कराने रोज आ रहे हैं। उर्सला अस्पताल के सीएमएस डॉ.शैलेंद्र तिवारी ने बताया कि यह संक्रमण एक-दूसरे से फैलता है। फ्लू के अलावा धूल भी इसका एक कारण है। सांस के माध्यम से शरीर के अंदर जाने वाले संक्रमण के कणों से नाक व गले को खतरा रहता है।

उर्सला अस्पताल में लगी मरीजों की भीड़। अमृत विचार

- हैलट और उर्सला अस्पताल में रोज पहुंच रहे बड़ी संख्या में मरीज

यह हैं मुख्य लक्षण

लगातार नाक बहना, खांसी बनी रहना, गले में खराश या दर्द, शरीर में दर्द, सीने में जकड़न व थकावट बनी रहना।

इस तरह करें बचाव

- पौष्टिक आहार का सेवन करें।
- विटामिन सी युक्त फल-सब्जी खाएं
- बाहर से घर आने पर हाथ जरूर धोएं।
- छींकते समय मुंह पर रुमाल या हाथ रखें।

अधूरे कार्य का किया भुगतान, कार्रवाई हो

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। भाजपा पार्षद योगेंद्र शर्मा ने नगर आयुक्त से पत्र देते हुए वार्ड 65 नौबस्ता पश्चिम में हुए अपूर्व विकास कार्य के भुगतान कराने पर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि संजय शर्मा कही ओर से नौ लाख आठ हजार सात सौ साठ रुपये लागत कार्य अपूर्ण है। जिसका भुगतान जेई एवं जोनल अधिकारी के द्वारा करा दिया गया। इसी तरह मे ओम कंस्ट्रक्शन के कार्य लागत नौ लाख दो सौ एक्क्यासी का कार्य भी अपूर्ण है। इसका भी भुगतान कर दिया गया। इसी तरह वार्ड 65 में अन्य भी कई कार्य हैं, जहाँ अभी पत्थर तक नही लगे हैं। इन सभी कार्यों का भी भुगतान जेई एवं ठेकेदारों की मिली भगत से कर दिया गया है। पार्षद योगेंद्र शर्मा ने नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन को विकास कार्यों की टीम बनाकर जेई एवं जोनल अधिकारी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि नगर निगम में सरकारी धन का दुरुपयोग आलाधिकारियों एवं कर्मचारियों की ओर से खुलेआम किया जा रहा है।

पार्षद योगेंद्र शर्मा।

चित्र के जरिए महिलाओं को किया प्रोत्साहित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। फिक्की फ्लो की ओर से मोतीझील में बेटी बचाओ, बेटी कमाओ, बेटी पढ़ाओ थीम पर आयोजित भित्तिचित्र (दीवार पर चित्रों) का उद्घाटन कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य ने विशेष अतिथि महापौर प्रमिला पांडे और नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन की उपस्थिति में किया।

फिक्की फ्लो की चेयरपर्सन स्नेहा गुप्ता ने कहा कि यह पहल वित्तीय साक्षरता के महत्व को दर्शाती है, जिसका उद्देश्य महिलाओं को विशेष रूप से जमीनी स्तर और अर्ध-शहरी स्तरों पर, वास्तविक स्वतंत्रता के लिए वित्त प्रबंधन के बारे में शिक्षित करना है।

महिलाओं को सशक्त बनाने में वित्तीय साक्षरता के महत्व पर जोर देते हुए, फिक्की कानपुर में 55 स्थानों पर 5000 से अधिक महिलाओं तक पहुंच चुका है। इन भित्तिचित्रों के पीछे का दृष्टिकोण समाज की मानसिकता में बदलाव लाना और महिलाओं की वित्तीय स्वतंत्रता को सुविधाजनक बनाना है। फिक्की एफएलओ महिलाओं को सशक्त बनाने और उन्हें आर्थिक विकास और सामाजिक विकास में सक्रिय रूप से योगदान करने में सक्षम बनाने के अपने दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने में वित्तीय साक्षरता की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानता है। उन्होंने चित्रों की महत्ता के बारे में समझाया।

भित्तिचित्र के पीछे की रचनात्मक दृष्टि को डिजाइन मेंटर जूही अस्थाना द्वारा जीवंत किया गया, जिनकी विशेषज्ञता और जुनून ने कलाकृति में गहराई और अर्थ जोड़ा। इस दौरान सरकारी इंटरफेस समिति के सदस्य नीतू सिंह, नेहा महाना और तनुषा जी अय्यर शामिल थे। वहीं, कार्यक्रम को इवेंट चेयर कशिश अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष अनुराधा वार्ष्णेय, आरती गुप्ता, कनिका वैद रहीं।

कार्यक्रम में उपस्थित नगर आयुक्त और कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य। अमृत विचार

- फिक्की फ्लो का मोतीझील में भित्तिचित्र कार्यक्रम

परीक्षा देने जाते छात्र- छात्राएं। अमृत विचार

निगरानी के बीच बीएड की सेमिस्टर परीक्षाएं शुरू

कानपुर। सीएसजेएमयू की ओर से शनिवार को सत्र 2023-24 की बीएड, एमएड, बीपीएड और एमपीएड के पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं शुरू हो गई। पहले दिन लगभग 8 हजार परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। पहले और तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाओं को देने आए परीक्षार्थियों ने प्रश्न पत्र को सामान्य बताया। अर्मापुर डिग्री कॉलेज व हरसहाय जगदंबा सहाय पीजी कॉलेज में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच परीक्षा को संवालित कराया गया। परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से नोडल अधिकारियों सहित अन्य अधिकारियों को भी तैनात किया गया था। इस दौरान कड़ी निगरानी भी की गई।

करार हुआ एनएमट्रानिक्स इंडिया लिमिटेड के साथ हुआ करार, इलेक्ट्रानिक्स मैन्युफैक्चरिंग के साथ स्किल डेवलपमेंट पर होगा काम

आईआईटी में खुलेगा इलेक्ट्रानिक्स का सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। आईआईटी कानपुर में एक नया सेंटर ऑफ एक्ससीलेंस स्थापित होगा। इसके लिए आईआईटी कानपुर और एनएमट्रॉनिक्स इंडिया के बीच एमओयू साइन हुआ है। इस सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में नए इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के लिए शोध, बेहतर स्टार्टअप माहौल सहित शैक्षणिक गतिविधियां होंगी।

आईआईटी कानपुर और एनएमट्रॉनिक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने आईआईटी कानपुर में 'एनएमट्रॉनिक्स सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग एंड स्किल्स डेवलपमेंट' की शुरुआत के लिए साझेदारी की है। यह सहयोग उद्योग और शिक्षा जगत के बीच तालमेल स्थापित करेगा। समझौते के तहत इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण के क्षेत्र में अनुसंधान, तकनीकी नवाचार और कौशल विकास का कार्य हो सकेगा। दोनो संस्थानों के बीच साइन हुए समझौते के दौरान डीन ऑफ रिसोर्सेज एंड एलुमनाई आईआईटी प्रोफेसर कांतेश बलानी, एनएमट्रॉनिक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ, संस्थापक और प्रबंध निदेशक सोनी सरन सिंह व आईआईटी कानपुर के निदेशक प्रोफेसर एस गणेश मौजूद रहे। इस दौरान बताया गया कि केंद्र का लक्ष्य आईआईटी कानपुर के शिक्षण और विकास कार्यक्रमों के माध्यम से उन्नत शिक्षण अवसर प्रदान करना है। इसके अलावा अनुसंधान और विकास में सहयोग को बढ़ावा देना है। यह पूरी तरह से स्वचालित सर्फेस माउंट टेक्नोलॉजी लाइन सहित अत्याधुनिक तकनीक से लैस होगा।

एमओयू साइन करते हुए डीन ऑफ रिसोर्सेज एंड एलुमनाई आईआईटी।

उद्योग और शिक्षा का साझा मंच

आईआईटी निदेशक प्रोफेसर एस गणेश ने कहा कि यह समझौता उद्योग-शिक्षा साझेदारी को बढ़ावा देने के लिए है। यह संयुक्त अनुसंधान, ज्ञान के आदान-प्रदान और कौशल वृद्धि के लिए मंच प्रदान करता है। इसमें नवाचार और तकनीकी सफलताओं के लिए अनुकूल वातावरण को बढ़ावा मिलेगा। यह साझेदारी अत्याधुनिक अनुसंधान और उद्योग सहयोग के माध्यम से सामाजिक-आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। समारोह में एनएमट्रॉनिक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ, संस्थापक और प्रबंध निदेशक सोनी सरन सिंह ने कहा कि आईआईटी परिसर में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण और कौशल विकास के लिए एनएमट्रॉनिक्स उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना महत्वपूर्ण कदम है। यह पहल नवाचार को बढ़ावा देने और ग्राहकों के लिए उच्च कोटि के उत्पाद बनाने के प्रति महत्वपूर्ण कदम है। इससे शिक्षा और उद्योग की सामूहिक विशेषज्ञता का उपयोग हो सकेगा।

कार्य की प्रगति के बारे में जाना

कानपुर। केंद्रीय भूजल बोर्ड के अध्यक्ष ने सीएसए विवि के कुलपति से मुलाकात की। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आनंद कुमार सिंह व केंद्रीय भूजल बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार आंबास्ट के बीच हुई बैठक में विश्वविद्यालय परिसर में केंद्रीय भूजल बोर्ड की ओर से राष्ट्रीय जल ब्रत्ति मान चित्रण के तहत 300 मीटर गहराई की ड्रिलिंग मशीन नलकूप निर्माण कार्य की प्रगति पर भी चर्चा की गई। इसके तहत भूजल गुणवत्ता व भूजल के दोहन को कम करने के लिए कृत्रिम पुनर्भरण के उपाय तथा जनसंख्या के हिसाब से पानी की पूर्ति व मांग के बारे में अध्ययन किया जाएगा।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड- II, उ0प्र0, जल निगम (नगरीय), कानपुर

एन10आई0टी0 संख्या- 234/एम-10/17 दिनांक: : 19/2/2024

अल्पकालीन निविदा सूचना

उत्तर प्रदेश जल निगम की ओर से जे.एन.एन.यू.आर.एम. कार्यक्रम के अन्तर्गत कानपुर नगर में पेयजल सम्बन्धी कार्यो हेतु निविदाओं की बिक्री दिनांक 20.02.2024 से 29.02.2024 तक कार्यालय समय में कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड - ।।, उ0प्र0 जल निगम, 123/494, के.एन.टी. बिल्डिंग, फजलगंज कानपुर में की जाएगी तथा दिनांक 01.03.2024 को कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड- II, उ0प्र0 जल निगम, 123/494, के.एन.टी. बिल्डिंग, फजलगंज कानपुर में अपरान्ह 3: 00 बजे डाली जायेगी एवं अपरान्ह 3: 30 बजे निविदादाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। कार्यो हेतु प्रति निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 3000.00 + 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 है ।

अधिशासी अभियन्ता

धूप निखरने से शहर की बाजारों में लौटी रौनक

रात में सामान्य से दो डिग्री, दिन में एक डिग्री नीचे रहा पारा, खरीदारी के लिए उमड़े लोग, कई दिन से बिगड़ा था मौसम

संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। जिले में बारिश ओले गिरने के दो दिन बाद मौसम ने फिर बदला। शनिवार को तेज धूप निकलते ही गांवों से लेकर कस्बों तक चहल पहल बढ़ी, बाजारों में भी रौनक दिखी। दोपहर में धूप रहने के बाद भी पारा सामान्य से एक डिग्री नीचे रहा। जबकि ठंडी तेज हवा राहगीरों को सर्दी का अहसास कराती रही।

जनपद में मौसम बार-बार करवट बदल रहा है। शुक्रवार रात में पारा सामान्य से सवा दो डिग्री नीचे रहा। वहीं ठंडी हवा लोगों को सर्दी का अहसास कराती रही। शनिवार को भी ठंडी हवा के साथ दिन शुरू हुआ। लेकिन धूप निकलते ही गांवों से लेकर कस्बों तक चहल पहल बढ़ रही। नगरीय क्षेत्रों की दुकानों में ग्राहकों के पहुंचने से दुकानदारों के चेहरे खिले दिखे। दिन में धूप निकलने के बाद भी पारा सामान्य से एक डिग्री नीचे रहा। जबकि तेज रफ्तार उत्तर पश्चिमी हवा राहगीरों को सर्दी का अहसास कराती रही।



मौसम खुलने से बाजारों में बढ़ी रौनक। अमृत विचार

खेतों में शुरू हो गई फसलों की कटाई

मौसम के रुख बदलते ही बारिश व ओलों से फसलों के नुकसान से आहत किसानों के चेहरे पर मुस्कान लौट रही है। धूप निकलते ही खेतों में पहुंचकर किसानों ने पकी फसल को सुरक्षित करने की कवायद तेज कर दी। आसमान साफ होने व धूप निकलते ही किसान सरसों, लाही आदि की कटाई व आलू की खुदाई के काम में जुट गए। इससे खेतों में चहल पहल बढ़ गई। धूप निकलने के बाद खेतों में पहुंचे किसान फसलों को समेटने व थ्रेसरिंग कराने की तैयारी शुरू कर दी है।

मौसम का मिजाज बदलने से बढ़ रहे मरीज

जनपद में बदले मौसम के साथ ही बीमारियों का प्रकोप बढ़ रहा है। अस्पतालों में जुकाम, बुखार, खांसी, बदनदर्द, सिरदर्द, आंखों में जलन, पेट दर्द आदि बीमारियों से पीड़ित मरीज बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। शनिवार को भी जिला अस्पताल की ओपीड़ी में नए पुराने मरीजों की खूब भीड़ रही। इससे पर्चा बनवाने, डाक्टर को दिखाने व दवा लेने के लिए मरीजों की लाइन लगी रही।

- मौसम में आए बदलाव से बढ़ रहीं बीमारियां, अस्पतालों में हर रोज पहुंच रही भीड़

शिकायत दर्ज कराएं

कृषि विभाग के अनुसार जिन गांवों में रबी की फसलों में नुकसान हुआ है। उसकी शिकायत किसान फसलीय बीमा कंपनी के टोल फ्री नंबर पर 72 घंटे के अंदर दर्ज करा सकते हैं, जिससे संबंधित बीमा कंपनी द्वारा क्षतिग्रस्त फसलों का सर्वे किया जाएगा।

बारिश, ओलावृष्टि ने किसानों की उम्मीदों पर फेर दिया पानी

कार्यालय, संवाददाता, फतेहपुर

- ओलावृष्टि से प्रभावित फसलों का नहीं हो रहा सर्वे
- किसानों का आरोप दैवीय आपदा से किसान हो रहे बर्बाद

अमृत विचार। बीते दिनों बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि एवं तेज हवाओं के कारण किसानों की फसलों को तगड़ा नुकसान हुआ है। दलहनी, तिलहनी आदि रबी की फसलों पर तीखा प्रहार हुआ। खेतों में बिछी फसलें देख किसान बिलखने को मजबूर हो गए। उन्होंने शासन-प्रशासन से सर्वे कर मुआवजा दिलाने की आवाज उठाई है। किसानों ने बताया कि मौसम ने एक झटके में उम्मीदों पर पानी फेर दिया है।

बीते बुधवार की शाम को अचानक मौसम ने रंग बदला। इसके बाद बारिश व ओलावृष्टि ने दस्तक दी। फिर गुरुवार की सुबह जब किसान खेतों पर पहुंचे तो हवा, बारिश, ओलावृष्टि से नष्ट हुई रबी की फसलों को देखकर परेशान हो गए। जिले के 13 ब्लाकों के सैकड़ों गांवों के खेतों में गेहूं, मटर, मसूर, चना, लाही, जौ सहित अन्य फसलों में करीब 70 से 75 फीसदी नुकसान हुआ है।

किसानों ने बताया कि दैवीय आपदा से अधिकांश फसलों का नुकसान हुआ है। तेज हवा से तो गेहूं की फसल गिर गई है, उससे खास नुकसान होने की उम्मीद नहीं है। लेकिन पकी सरसों समेत अन्य फसलें ओलों से चकनाचूर होकर खेते में ही फैल गई है। लेकिन अभी तक प्रशासन की ओर से फसलों के नुकसान का सर्वे नहीं कराया जा रहा है। फसलों में हुए नुकसान से किसानों के चेहरे पर मायूसी छाई हुई हैं।

गोल्डन वन मिनट से शिशु मृत्यु दर रोकेंगे

संवाददाता फतेहपुर

- दो दिवसीय प्रशिक्षण का जल्द होगा आयोजन
- जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा दिया जाएगा प्रशिक्षण

अमृत विचार। गोल्डन वन मिनट का सही उपयोग कर शिशु मृत्युदर कम करने की तैयारी है। इसके लिए नवजात शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के तहत स्टाफ नर्स व एएनएम को जल्द ही दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। बताया कि कैसे बच्चे के पैदा होते ही शुरुआती गोल्डन एक मिनट का सदुपयोग कर नवजात को सुरक्षित रखा जा सकता है।

दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा अलग-अलग बैच में किया जाना है। प्रत्येक ब्लाक से स्टाफ नर्स व एएनएम को प्रशिक्षित किया जाएगा। यह प्रशिक्षण अस्पताल के चिकित्सकों व यूपीटीएसयू संस्था के तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा दिया जाएगा। इस दौरान न्यू बॉर्न केयर इकाई (एसएनसीयू) में ले जाकर प्रैक्टिकल भी दिया जाएगा। इस दौरान प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र भी दिए जाएंगे। सीएमओ ने बताया कि शिशु के जन्म के बाद का एक मिनट गोल्डेन टाइम माना जाता है। इस एक मिनट में बच्चे का रोना जरूरी है। उन्होंने कहा कि शिशु मृत्यु का सबसे बड़ा कारण सही समय पर उपचार एवं जानकारी का अभाव है। अगर जन्म के तुरंत बाद शिशु की सही देखभाल और उपचार की जाए तो निश्चित तौर पर शिशु मृत्यु दर में कमी आएगी। कहा कि शिशु किसी भी परिवार में खुशी का अभिन्न अंग होता है। शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए सेवा अच्छी होनी चाहिए।

जन्म श्वासरोधक है जानलेवा

बर्थ एसफिक्सिया या जन्म श्वासरोधक एक ऐसी दशा हैं, जिसमें नवजात पैदा होने के बाद न तो रोता है और न सांस लेता हैं। यह बच्चे के मस्तिष्क में आक्सीजन की कमी के कारण होता हैं। आक्सीजन की कमी होना मुख्यता बच्चे के मुंह में गंदा पानी चले जाने, कम वजन होने की वजह से हो सकती है।

संत रविदास के बताए रास्ते पर चलने का संकल्प

संवाददाता फतेहपुर

- सनातन धर्म प्रचार मंच की बैठक का आयोजन

अमृत विचार। शहर के चित्रांश नगर जीपीएस स्कूल के पास संत शिरोमणि रविदास जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष राजकुमार मौर्य एडवोकेट एवं विशिष्ट अतिथि मोहनलाल पासवान, इंद्रजीत सिंह यादव एडवोकेट मौजूद रहे। आयोजक दिलीप सिंह गौतम, विनोद गौतम, भानु प्रकाश रहे। मुख्य अतिथियों ने संत रविदास के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि ने संत रविदास के बताए हुए मार्ग पर चलने की बात कही। उन्होंने समाज के उत्थान के लिए लड़ाई लड़ी, आज हमें आपस में मिलजुल करके एक दूसरे को समाज से जोड़ने का काम करना है और आगे बढ़ाना है। कार्यक्रम का संचालन राजकुमार तिलक ने किया। इस मौके पर दिलीप सिंह गौतम, विनोद गौतम, भानु प्रकाश, फूल सिंह मौर्य, गंगाराम, रमाशंकर गौतम, रामस्वरूप गौतम एडवोकेट, शिव प्रताप मौर्य, बदलू प्रसाद, सुनीता गौतम, कुसुम देवी, रोशन सिंह, धीरेंद्र सिंह यादव एडवोकेट सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

संत शिरोमणि रविदास जयंती में चित्र पर मल्यार्पण करते पालिकाध्यक्ष व अन्य।

माल्यार्पण कर किया गया याद: बिंदकी फतेहपुर। संत रविदास की जयंती के मौके पर उनके प्रतिमा पर लोगों ने माल्यार्पण किया। आयोजित एक गोष्ठी में उनके व्यक्तित्व तथा कृतित्व पर चर्चा की गई। कहा गया कि संत रविदास महान समाज सुधारक थे। उनका मानना था कि इंसान इंसान में भेदभाव नहीं करना चाहिए।

शनिवार को नगर के मोहल्ला मीरखपुर स्थित संत रविदास मंदिर में उनकी जयंती के मौके पर लोगों ने प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए उन्हे नमन किया गया। बाद में संत रविदास मंदिर परिसर में एक गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। जिसमें वक्ताओं ने संत रविदास के व्यक्तित्व तथा कृतित्व पर चर्चा की। कहा गया कि संत रविदास महान समाज सुधारक थे। उन्हें हमेशा हमेशा याद रखा जाएगा। संत रविदास का मानना था कि इंसान इंसान में भेदभाव कभी नहीं करना चाहिए। सबको बराबरी का सम्मान का दर्जा मिलना चाहिए। उनके द्वारा कहे गए शब्द मन चंगा तो कठौती में गंगा आज भी लोगों के जीवन में प्रेरणा देते हैं। इस मौके पर लोगों ने बिंदकी कस्बे के ललौली चौराहे में भारत रत्न संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण किया। इस मौके पर दयाराम बाबा, राकेश, रामगोपाल, बदलू राम, सुशील कुमार, सभासद महेंद्र साहू, सभासद श्याम बाबू, सभासद आनंद सोनकर, सभासद सीताराम, अवधेश कुमार, सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

मारपीट कर लूटपाट करने पर तीन महिलाओं समेत चार पर रिपोर्ट

फतेहपुर। जमीन के विवाद की खुन्नस के चलते घर में घुसकर मारपीट और नकदी, जेवरात लूट का मामला सामने आया है। खखरेरू थाना क्षेत्र के कोट निवासी दीनू प्रसाद परिवार समेत सलेमपुर गोली में रहता है। सगे भाई दीपू व अन्य से संपत्ति का बंटवारा हो चुका है। 22 मार्च को दीपू की पत्नी शोभा देवी व परिवार के कल्लू की पत्नी माया देवी, दिनेश की पत्नी सीमा देवी, धाता अढौली निवासी बबलू ने उसके हिस्से की जमीन पर खड़ी चने की फसल चोरी से काट ली। उसने शोभा देवी व अन्य से पूछताछ की तो गाली गलौज और जान से मारने की धमकी दी। 16 जनवरी को पैतृक मकान कोट गांव पहुंचा। पुरानी खुन्नस में बबलू, माया देवी, शोभा देवी, सीमा देवी लाठी डंडा, लोहे की रॉड लेकर घुस आए। गाली गलौज और मारपीट की।

कर्ज चुकाने को मां की हत्या की

खुलासा

संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। एक महिला की हत्या का खुलासा करते हुए पुलिस ने आरोपी पुत्र को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी पुत्र ने कर्ज उतारने के लिए माता पिता का बीमा कराया था। बीमे की रकम के लिए मां का गला घोंटकर हत्या कर शव को यमुना नदी किनारे फेंक दिया गया था। हत्या का खुलासा करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्रा ने बताया कि 21 जनवरी को धाता थाना क्षेत्र के अढ़ोली गांव के रहने वाले रोशन सिंह ने तहरीर दी कि 20 जनवरी के दिन सुबह चित्रकूट जिले के राजापुर हनुमान मंदिर गया था। दर्शन कर जब घर आया तो पत्नी प्रभा घर पर नहीं दिखी। बेटे हिमांशु सिंह से पूछा तो मां मामा के घर जाने की बात कही। जब शाम तक पत्नी घर नहीं आई तो ससुराल में फोन पर जानकारी की तो मालूम पड़ा कि पत्नी वहां गई ही नहीं। शाम से बेटा भी गायब हो गया। मेरे बड़े पुत्र अंकुर सिंह को मेरे बड़े भाई लाल सिंह ने गोद लिया है। बड़ा बेटा उनके साथ रहता है। हिमांशु उसके साथ रहकर खेती किसानी का काम करता है। हिमांशु को डेढ़ साल से ऑनलाइन गेम खेलने की आदत थी। गेम में चार लाख रुपए हार कर कर्ज में डूबा था। उसके घर पर निर्माण कार्य चल रहा था। जिस पर उसकी भाभी ने प्रयागराज से मेरी पत्नी प्रभा देवी को फोन पर कहा कि घर पर अलमारी में जेवरात रखे हैं। उसका ध्यान रखना क्योंकि लेबर घर पर काम कर रहे हैं। इस बात को हिमांशु ने सुन लिया था और उसने धीरे धीरे सारे जेवर बेच दिए।

आरोपी।

मां-पिता का 50-50 लाख रुपए का बीमा कराया

इस मामले में आरोपी पुत्र हिमांशु से पूछताछ में बताया कि गेम में करीब 4 लाख रुपए हराने के कारण दोस्तों से पैसा लिया था। वो पैसा मांगा जा रहा था। मैंने माह दिसंबर में माता पिता का 50 –50 लाख रुपए का बीमा कराया। 20 फरवरी को पिता जब चित्रकूट के राजापुर जा रहे थे उन्होंने जेवर वापस लाने के लिए कहा और मुझे टीम थप्पड़ मार दिया। मां ने मुझे बुरा भला कहा। जिसके बाद जब पिता चले गए तो मां भूसा घर के कमरे में चारा काट रही थी। उसने 11 बजकर 30 मिनट पर कपड़े की रस्सी बनाकर पीछे से मां का गला घोंटकर हत्या करने के बाद ट्रैक्टर ट्राली से शव को ठिकाने लगाने के लिए ऐरई गांव के यमुना नदी के पास पहुंचा। जहां जलधारा दूसरी ओर जा रही थी। जिसके बाद शव को वहीं किनारे फेंक दिया था। मां के बाद पिता रोशन सिंह को भी मारकर बीमा की रकम लेने की योजना थी। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया की आरोपी पुत्र को डेंडासई तिराहा के पास गिरफ्तार किया गया है।

दहेज हत्या के दोषी पति को दस साल की सजा

संवाददाता फतेहपुर

- सास-ससुर को आठ साल कारावास की सुनाई सजा
- चार साल पहले खखरेरू के भदौहा में हुई थी घटना

अमृत विचार। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिलेश पांडेय की अदालत ने दहेज हत्या में दोषी पति और सास, ससुर को सजा सुनाई है। कोर्ट ने पति को 10 साल और सास-ससुर को आठ-आठ साल कैद व प्रत्येक को चार-चार हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

खखरेरू थाना क्षेत्र के भदौहा गांव निवासी वीरन की पुत्री रीतू देवी की शादी सात मई 2018 को सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के सरौली निवासी रामबाबू के साथ हुई थी। ससुराली दहेज में नकदी व जेवरात की मांग करते थे। विवाहिता की आग लगने से 22 अगस्त 2020 को मौत हो गई थी। वीरन ने दहेज हत्या का मृतका के पति रामबाबू, ससुर हरिश्चंद्र उर्फ बचानी, सास सोना देवी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। एडीजीसी कल्पना पांडेय ने बताया कि कोर्ट ने शुक्रवार को मामले की अंतिम सुनवाई की।

एजुकेट गर्ल्स ने मनाया 16वां स्थापना दिवस

संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। ग्रामीण भारत में बालिकाओं की शिक्षा के लिए काम कर रही गैर-लाभकारी संस्था एजुकेट गर्ल्स ने 16वां स्थापना दिवस जीटी रोड स्थित एक होटल में धूमधाम से मनाया। संस्था 2007 से भारत के ग्रामीण और शैक्षिक रूप से पिछड़े इलाकों में स्थायी परिवर्तन लाने के लिए युवा टीम बालिका (स्वयंसेवक) के साथ मिल कर बालिका शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रही है। संस्था वर्तमान में उत्तर प्रदेश के 23 जिलों मं कार्यरत है।

कार्यक्रम के दौरान संस्था के टीम बालिकाओं और कर्मचारियों ने नाटकों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए बालिका शिक्षा के महत्व को दर्शाया। एजुकेट गर्ल्स संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए सीडीओ पवन कुमार मीणा ने कहा कि आज भी समाज में कई सारे बच्चे शिक्षा से वंचित है। समाज में समानता को बढ़ावा देने की जरूरत है। बीएसए पंकज यादव ने कहा संस्था के द्वारा गांव स्तर पर बालिका शिक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करना तथा बच्चों को शिक्षा से जोड़ने का कार्य सराहनीय है। एजुकेट गर्ल्स संस्था के सहयोग से हमें अच्छा आउटपुट और आउटकम मिला है, जिससे जिला फतेहपुर की कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय टॉप-टेन में रहती हैं।

एजुकेट गर्ल्स के 16वें स्थापना दिवस में केक काटते सीडीओ व बीएसए।

इस मौके पर डीसी विवेक शुक्ला, अशोक त्रिपाठी, आशीष दीक्षित, अरुण मिश्रा, राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित आशिया फारुखी, बीईओ राजेश कटियार, डिस्ट्रिक्ट ऑपरेशन्स लीड अर्जुन कुमार, डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम ऑफिसर नूरीश परवीन, आदित्य सिंह, आकाश सिंह, गुलिस्ता खान सहित संस्था के अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

युवती ने खाया जहरीला पदार्थ

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के उनवा आधारपुर में शनिवार की दोपहर पिता की डांट से क्षुब्ध एक युवती ने जहरीला पदार्थ खाकर खुदकुशी करने का प्रयास किया। समय पर हुई जानकारी के बाद परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। सदर कोतवाली के उनवा आधारपुर गांव निवासी किशन पाल ने शनिवार दोपहर अपनी पुत्री दीपिका को किसी बात को लेकर डांट दिया। इसी बात से क्षुब्ध होकर उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ समय बाद जब उसकी हालत बिगड़ी तो परिजनों को जानकारी हुई। परिजनों ने एंबुलेंस के माध्यम से उसे तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया।

युवती को पीटा, अस्पताल में भर्ती

फतेहपुर। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के सेमरामऊ में शनिवार की सुबह पड़ोसी ने एक युवती को लाठी–डंडों से पीट–पीटकर घायल कर दिया। जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। उधर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। हुसैनगंज के सेमरामऊ गांव निवासी ठाकुर दीन चैहान की पत्नी मीरा देवी को पड़ोसी राम औतार पुत्र ननकू ने आज सुबह लाठी–डंडों से पीटकर घायल कर दिया। उधर पीड़ित परिवार थाने पहुंचा। जहां पुलिस ने एनसीआर दर्ज करते हुए घायल युवती को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

सड़क हादसों में चार लोग घायल

फतेहपुर। कानपुर नगर के थाना महाराजपुर निवासी विनोद कुमार का पुत्र शुभम अपने ननिहाल कल्यानपुर थाने के बेरीखेड़ा में आठ वर्षों से रह रहा है। शनिवार सुबह बाइक लेकर वह किसी काम से जा रहा था। हाईवे पर रोड किनारे खड़ी ट्रैक्टर ट्राली से टकराकर घायल हो गया। इसी तरह सदर कोतवाली क्षेत्र के सनगांव निवासी अब्दुल रशीद का पुत्र समीर शनिवार दोपहर आबूनगर स्थित मस्जिद के पास सड़क पार कर रहा था। तभी विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दिया जिससे वह घायल हो गया। शहर क्षेत्र के तांबेश्वर मंदिर के पास रोड किनारे सड़क हादसे में घायल एक अधेड़ व्यक्ति को पुलिस ने एंबुलेंस से उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

कार्रवाई | पुलिस की बढ़ गई टेंशन, भेजे गए नोटिस और रिमाइंडर

जेल वापस नहीं लौटे पैरोली

संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। जिला कारागार से कोरोना काल में अप्रैल 2020, मई व जून 2021 में छह माह के पैरोल पर गए चार बंदी अब तक नहीं लौटे हैं। पुलिस कई माह से उनके घर नोटिस भेज रही है लेकिन वह अब तक नहीं लौटे हैं। अब बंदियों के परिजनों को भी चेतावनी दी गई है कि बंदियों का पता लगाकर जेल भिजवाएं, अन्यथा उनकी सजा को बढ़ाया जा सकता है।

कोरोना संक्रमण काल में जिला कारागार से कई बंदियों को पैरोल पर रिहा किया गया था। निर्धारित अवधि खत्म होने के बाद इनमें से ज्यादातर बंदी ही लौटकर आए थे। बाकी के घरों पर पुलिस भेजी गई तो वह नहीं मिले। कुछ के तो परिवार वाले भी मौके पर नहीं मिले। यह भी पता चला है कि कुछ बंदियों ने अपने ठिकाने भी बदल लिए हैं। ऐसे घरों पर नोटिस और हर माह रिमाइंडर भेजे गए हैं। इन चार बंदियों पर हत्या, हत्या के प्रयास, चोरी सहित अन्य अपराधों से बड़े केस दर्ज हैं। इन्हें तीन साल से आजीवन कारावास तक की सजा मिली है। जिला जेल प्रशासन और पुलिस टीमें इसलिए भी टेंशन में हैं कि कहीं फरार बंदी बड़ी आपराधिक वारदात जिले या जिले से बाहर न कर दें। इससे परेशानी और बढ़ जाएगी। पैरोल के बाद वापस न लौटने वाले बंदियों में में कानपुर नगर जनपद का लाल कुरील, बिहार राज्य का बिलाल, बागपत का लालू और बांदा जनपद का चंद्रपाल है। जेल अधीक्षक अकरम खां ने बताया कि कोरोना काल में पैरोल पर जाकर फरार बंदियों को पकड़ने के हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। चार बंदी अब तक नहीं लौटे हैं। उनके बारे में कई क्षेत्रों से जानकारी जुटाने के प्रयास जारी हैं। इसके बारे में पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखा जा चुका है।

जिला कारागार। अमृत विचार

तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से युवक की मौत

संवाददाता थरियांव

अमृत विचार। तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार कई फीट ऊपर उछलने के बाद सिर के बल सड़क पर गिर गया। हेलमेट नहीं पहने होने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थरियांव थाना क्षेत्र के बिलन्दा हाईवे के पास शुक्रवार की देर रात बाइक सवार युवक को पीछे से अज्ञात वाहन चालक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक सवार युवक कई फीट ऊपर उछलकर सड़क पर सिर के बल गिर गया। इस दौरान चालक गाड़ी लेकर भाग गया। काफी देर बाद रास्ते से निकल रहे लोगों ने युवक का शव देखकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के जेब की तलाशी ली तो आधार कार्ड से मृतक का नाम गोरेलाल पुत्र जनकी निवासी बहलोलपुर थाना हुसैनगज के रूप में होने पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी रणजीत बहादुर सिंह ने बताया कि अज्ञात वाहन चालक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। मृतक हेलमेट नहीं लगाए था इसलिए सिर पर चोट लगने से युवक की मौत हुई है। जानकारी पर पहुंचे परिजनों में शव देख कोहराम मचा रहा।

- टक्कर से कई फीट ऊपर उछलकर सिर के बल गिरा
- सिर पर हेलमेट होता तो शायद बच जाती जान

समाधान दिवस में पहुंची 68 शिकायतें सिर्फ पांच निस्तारित

फतेहपुर। जिले के सभी थानों में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें पुलिस और भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई। पुलिस-प्रशासनिक अफसरों ने शिकायत सुनकर निस्तारण कराया। सुनवाई के दौरान सर्वाधिक जमीन से संबंधित मामले पहुंचे। अधिकारियों ने संबंधितों को शिकायती पत्रों का निस्तारण करने का निर्देश दिया।

एसपी उदय शंकर सिंह शनिवार को समाधान दिवस में गाजीपुर थाना पहुंचे। जहां पर राजस्व की अधिक शिकायतें प्राप्त हुई। तीनों तहसीलों के थानों में शनिवार को आयोजित हुए संपूर्ण थाना दिवस में पुलिस-प्रशासनिक अधिकारी फरियादियों की समस्याओं से रूबरू हुए। राजस्व संबंधित शिकायत के मद्देनजर टीम बनाकर मौके पर भेजी गई। शाम तक समस्या का समाधान कराने में टीम जुटी रहीं।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना
LDA शारदा नगर योजना लखनऊ में एक छोटा मकान बिजली, पानी युक्त बिकाऊ है खरीददार स्वयं संपर्क करें–
7379655405

सूचना
सूचित हो कि पहले मेरा नाम VAKEEL था अब मैने बदलकर अपना नाम VAKEEL AHMAD रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। VAKEEL AHMAD S/O: ABDUL AJEEJ R/O: 60, SAMMANPUR MACHLI GAON SIKANDARPUR, AMBEDKAR NAGAR

सूचना
सूचित हो कि मै सुनीता देवी पत्नी राम वृक्ष, निवासी– ग्राम गौरा गूजर परगना व तहसील टाण्डा जिला अम्बेडकर नगर मेरी एल0आई0सी0 पालिसी सं0 216054202 में मेरा पुकारू नाम प्रमिला कुमारी अंकित हो गया है जब कि मेरे आधार कार्ड व अन्य कागजी दस्तावेज में मेरा नाम सुनीता देवी है। यह कि प्रमिला देवी व सुनीता देवी दोनो एक ही महिला के नाम है। अतः मेरी एल0आई0सी0 पालिसी में घरेलू नाम प्रमिला कुमारी के स्थान पर सुनीता देवी अंकित किया जाय

खराब पड़े सरकारी हैंडपंप ठीक करवाने में जिम्मेदार लापरवाह

आईजीआरएस में बिना सत्यापन जांच अधिकारी दे रहे भ्रामक और झूठी आख्या

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। गर्मी दस्तक देने वाली है। गांवों के खराब सरकारी हैंडपंप को ठीक करवाने में जिम्मेदार लापरवाह है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत आईजीआरएस में की तो जांच अधिकारी बिना मौके का सत्यापन किए खराब हैंडपंपों को ठीक करवा देने की भ्रामक एवं झूठी आख्या रिपोर्ट शासन को भेज दी। इससे आने वाले दिनों में पानी की जबरजस्त किल्लत देखने को मिल सकती है।

मालूम हो कि जिले की शायद ही कोई ऐसी ग्राम पंचायत होगी जहां एक, दो सरकारी सरकारी हैंडपंप खराब न हो। जिससे ग्रामीणों को पानी की किल्लत से जूझना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि जब हैंडपंप खराब होने से सिकेट्री और ग्राम प्रधान से अवगत कराया गया तो चुनावी खुन्नस खाये प्रधान पक्षपात रवैये से हैंडपंप ठीक नहीं करवाये। फरियादी का कहना है कि मामले में सिकेट्री का साफ कहना है कि प्रधान की सहमति बिना हैंडपंप ठीक नहीं करवाये जा सकते।

ग्राम प्रधानों की रहती मनमानी: देवमई ब्लाक क्षेत्र के गांव के एक फरियादी ने बताया कि उसके दरवाजे लगा सरकारी हैंडपंप खराब हो गया। जिसे सिक्रेट्री को अवगत करा दिया। इस पर सिक्रेट्री ने साफ कहा कि बिना ग्राम प्रधान के सहमति के हैंडपंप ठीक नहीं हो सकता। कर्मचारी के इस रवैये से अनेक परिवारों को दो माह तक पानी की किल्लत से जूझना पड़ा। ठीक नहीं होने पर थक हारकर आईजीआरएस में शिकायत की गई। जिसकी जांच देवमई सहायक विकास अधिकारी को मिली। उन्होंने आंख मूंद कर खराब हैंडपंप ठीक करवा देने की भ्रामक एवं झूठी आख्या रिपोर्ट शासन को भेज दी। एडीओ पंचायत द्वारा एक बार नहीं तीन बार झूठी, भ्रामक शासन को रिपोर्ट देने का कृत्य किया गया। जब फरियादी ने चौथी बार आईजीआरएस में शिकायत दर्ज कराकर जांच को पंचायत विभाग से न करवा किसी अन्य विभाग के समक्ष अधिकारी से कराये जाने, खराब हैंडपंप ठीक करवाने, फर्जी रिपोर्ट देने वाले अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही की मांग की गई। जांच बदली तब हैंडपंप ठीक हो सका। इस कवायद में दो माह बीत गए तब कहीं समस्या दूर हुई। बता दे लोगों को पानी जैसी मूलभूत समस्या से दो चार होना पड़ रहा है।

मरम्मत के नाम पर सरकारी धन डकारने का खेल

सरकारी हैंडपंप मरम्मत के नाम पर भी ग्राम पंचायत सालाना मोटी रकम खर्च करती है। इसके आड़ में ग्राम पंचायतों ने बड़ा खेल कर दिया। यदि गहराई से किसी अन्य विभाग के समक्ष अधिकारी से जांच करा ली जाए तो कइयों ग्राम प्रधान की जमीन खिसक जाएगी। जिन्हे ठीक भी करवाया गया। आईएसआई मार्का के पाइप आदि सामग्री नहीं डाल सस्ते किस्म के पाइप डालकर खानापूर्ति की गई। जिससे कुछ दिनों में किसी न किसी हैंडपंप में समस्या बनी रहती है।

समीक्षा के बाद भी दोषियों के खिलाफ नहीं हुई कार्रवाई

शासन आईजीआरएस मामले पर नजर रख समय-समय पर शिकायतों की समीक्षा करता है। कई-कई बार भ्रामक और झूठी रिपोर्ट देने वाले अधिकारी एवं कर्मचारी दंडित नहीं किये गए। जिससे फरियादी को समस्य रहते न्याय मिलना टेडी खीर साबित हो रहा।

- हैंडपम्पों की मरम्मत न होने से पेयजल के संकट से जूझते हैं ग्रामीण

खेत से लौट रहे किसान को पीटा

किशनपुर। थाना क्षेत्र के चातर के डेरा मजरे रायपुर भसरौल गांव में खेत में पानी लगाकर घर लौट रहे किसान को कुछ लोगों ने गाली गलौज करते हुए जमकर पीट दिया। जिसके बाद पीड़ित किसान ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों पर कार्यवाही करने की मांग की है।

थाना क्षेत्र के चातर डेरा गांव निवासी ननका ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह शनिवार की सुबह खेतों में पानी लगाकर घर वापस लौट रहा था। इस दौरान गांव के रहने वाले तीन लोग गाली गलौज करने लगे। गाली गलौज का विरोध करने पर उन्होंने उसे जमकर लाठी डंडों से पीट दिया।

जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया कि चुनावी रंजिश के चलते फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी देते हैं। जिससे पीड़ित का परिवार डरा हुआ है। वहीं मामले में पहाड़पुर चौकी प्रभारी शशिकांत सरोज ने बताया कि मामले की तहरीर मिली है। जांच के बाद कार्यवाही की जाएगी।

शिकायतों का कागजी निस्तारण

संवाददाता, औंग फतेहपुर

- आगामी लोक सभा चुनाव को लेकर गहमागहमी
- सरकार से कोई खुश तो कोई अंदरखाने दिख रहा नाखुश

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव को लेकर ग्रामीणों में बड़ी उत्सुकता देखने को मिल रही है। गांव गली कस्बों में इसबार सरकार के प्रति मतदाताओं में कहीं रोष तो कहीं जोश की मिलिजुली प्रतिक्रियाओं का दौर शुरू हो चुका है। जिसमें सर्वाधिक आईजीआरएस के शिकायत कर्ताओं की नाराजगी देखी जा रही है। कागजों में हो रहे निस्तारण चुनाव में पार्टियों के गले की फांस बन सकते हैं।

हालांकि सरकार की कुछ योजनाओं का जादू ग्रामीणों के सिर चढ़ कर बोल रहा है। तो कहीं पर कुछ मुद्दे ग्रामीणों में अन्दर ही अन्दर कुछ कर गुजर जाने के लिए मचल रहे हैं। खाउ कमाऊ लोगों के लिए यकीनन निशुल्क अनाज योजना उनके लिए तकदीर है और तकदीर बनाने वाली सरकार को यही लोग फिर से स्थापित करने के लिए अडिग हैं।

ये पब्लिक है बाबू, सब जानती है: इस बार लोकसभा चुनाव में स्थानीय जायज मुद्दों को उलझाने में कुछ छुटभैया नेताओं ने सरकार का हवा पानी बिगाड़ने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है। चकेरी कानपुर से कौशाम्बी के बीच सिर्फ औंग में ही एनएचएआई तथा कार्यदाई संस्था पीएनसी व राजस्व विभाग ने इतने बड़े खेल किए हैं कि यदि सत्ताधारी नेताओं तथा संगठन के लोग जांच कार्य में अड़ंगा न लगाते तो बड़े बड़े अधिकारियों का काम तमाम होने में देर न लगती लेकिन किए गए भ्रष्टाचार को दबाने के लिए जो सत्तापक्ष के लोगों ने भूमिका निभाई है वो किसी से छिपी नहीं है। बाबू! ये पब्लिक है सब जानती है।

किसी भी प्रधान या सचिव की जांच नहीं

लोगों का मानना है कि क्षेत्र में कार्डधारकों को राशन वितरण के अलावा न कोई सरकार के काम में ईमानदारी है और न ही कोई पारदर्शिता बची है। देवमई ब्लॉक के किसी भी ग्राम प्रधान या पंचायत सचिव की न जांच हुई और न ही कोई कार्यवाही हुई। इसका मतलब ये नहीं है कि सब कुछ ठीकठाक है। पब्लिक जानती है कि नीचे की धांधली का असर ऊपर तक है। कुछ नहीं हो सकता। नेशनल हाईवे तथा राजस्व विभाग ने सरकारी जमीन अतिक्रमणकारियों को अच्छे दामों पर बेंच दिया और कुछ नहीं हुआ। इसका मतलब ये नहीं है कि सब जायज है। पब्लिक जानती है कि सरकारी जमीन तो क्या लोगों का ईमान तक बिक रहा है ।

शिवराजपुर की सड़क को विधायक ने खुद खोदा था

बिन्दकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक ने चौडगरा से शिवराजपुर जाने वाली सड़क निर्माण के दौरान अपने हाथ से सड़क की खुदाई कर घटिया सामग्री तथा मानक के विपरीत गुणवत्ता के भ्रष्टाचार को उजागर किया था। इसका मतलब यह नहीं है जहानाबाद विधानसभा की सड़कें सही बनाई गई हैं। उदाहरण के लिए औंग शिवराजपुर की सड़क एक माह पहले बनी है और इसे बटोर कर सामग्री को बोरियों में भरा जा सकता है। नेशनल हाईवे की कारनामों की दर्जनों शिकायतों में कुछ नहीं हुआ। इसका मतलब यह नहीं है कि विधायक, सांसद या प्रभारी मंत्री इससे अवगत नहीं हैं। हो रहे भ्रष्टाचार पर इनकी चुप्पी भी लोगों से छिपी नहीं है। बाबू ये पब्लिक है सब जानती है।

अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

संवाददाता, बिंदकी फतेहपुर

- पुलिस बल की मौजूदगी में राजस्व टीम रही मौजूद
- सरकारी जमीन में लोगों द्वारा किया गया था कब्जा

अवैध कब्जे को गिराती जेसीबी । अमृत विचार

अमृत विचार। पुलिस बल की मौजूदगी में राजस्व विभाग की टीम ने जमीन में अवैध कब्जा कर बनाई गई दीवार को गिरवा दिया। इस बड़ी कार्रवाई से ग्रामीणों में हड़कंप मचा रहा। बताया जाता है कि गांव के एक व्यक्ति ने सरकारी नवीन परती जमीन पर कब्जा कर रखा था।

शनिवार को मलवां विकास खंड क्षेत्र के जाफराबाद गांव में पुलिस बल मौजूदगी में नायब तहसीलदार प्रतिमा द्विवेदी, कानून-गो रघुराज सिंह, लेखपाल अजीत उमराव, लेखपाल राजेश उमराव तथा लेखपाल नरेश कुमार सिंह आदि पहुंचे गांव के पप्पू सविता ने दीवार बनाकर सरकारी नवीन परती जमीन पर अवैध कब्जा कर रखा था। राजस्व टीम ने बुलडोजर चलवा कर अवैध कब्जे को गिरवा दिया। इस बड़ी कार्रवाई से हड़कंप मचा रहा। इस दौरान पुलिस मुस्तैद रही।

ट्रैक्टर की टक्कर से पुत्र की मौत पिता गंभीर घायल

फतेहपुर। तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से पिता-पुत्र घायल हो गए। हादसे में पुत्र की इलाज दौरान मौत हो गई। सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के नामदेवपुर निवासी विजय कुमार उर्फ पिंटू (25) पिता भइयालाल के साथ मजदूरी करता था। दोनों पैदल घर जा रहे थे। गांव के मोड़ पर तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। परिजन घायलों को हथगाम सीएचसी ले गए। डाक्टर ने विजय कुमार को मृत घोषित कर दिया। घायल पिता को जिला अस्पताल भेजा। मृतक की मां देवरती की तहरीर पर पुलिस ने नामदेवपुर गांव के ट्रैक्टर चालक सोहन के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष राजेंद्र त्रिपाठी ने बताय कि ट्रैक्टर पकड़ा गया है।

मीडिया को जानकारी देते पदाधिकारी। अमृत विचार

युवा चौपाल के माध्यम से जुड़ेंगे 20 लाख युवा

संवाददाता, बिंदकी फतेहपुर

अमृत विचार। ग्राम पंचायत तथा वार्ड स्तर पर जनपद में 35 हजार से ज्यादा स्थानों पर युवा चौपाल लगाकर 18 से 35 वर्ष के 20 लाख युवाओं को पार्टी से जोड़ने का काम किया जाएगा। यह बात नगर के मोहल्ला मुगल रोड स्थित काशी काम्प्लेक्स में आयोजित एक प्रेस वार्ता में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष मधुराज विश्वकर्मा ने कहा। इस मौके पर ग्राम पंचायत तथा वार्ड स्तर पर 24 फरवरी से लेकर 5 मार्च तक जनपद में 35 हजार से ज्यादा स्थानों पर युवा चौपाल लगाए जाएंगे। युवा चौपाल के माध्यम से 18 से 35 वर्ष के 20 लाख युवाओं को पार्टी से जोड़ने का काम किया जाएगा। यह कार्यक्रम पार्टी के हाई कमान के आदेश पर चलाया जाएगा।

सार-संक्षेप

माघ पूर्णिमा पर गंगा में लगाई आस्था की डुबकी

फतेहपुर। माघी पूर्णिमा के अवसर पर शनिवार को गंगा घाटों में भोर पहर से ही श्रद्धालुओं की खासी भीड़ जुटी। लोगों ने महास्नान के रूप में आस्था की डुबकी लगाई। लोगों के पहुंचने का सिलसिला भोर पहर से ही शुरू हो गया। गंगा घाटों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस कर्मी भी लगे रहे। माघी पूर्णिमा में बड़ी संख्या में लोग गंगा में डुबकी लगाने के लिए पहुंचे। ओमघाट, भिटौरा, नौबस्ता, शिवराजपुर, असनी समेत अन्य गंगा घाटों में सुबह ही ब्रह्म मुहूर्त में गंगा स्नान किया और उसके बाद हवन और दान पुण्य भी किया। स्नानार्थियों का कहना रहा कि माघी पूर्णिमा का स्नान महा स्नान के रूप में जाना जाता है। कुछ गंगा घाटों के किनारे दुकानें लगी रहीं। मेले में घरेलू जरूरत के सामान खाने पीने की वस्तुओं की खरीदारी की गई।

बोल्डर से टकराकर फिसली बाइक, युवक घायल

थरियांव। कस्बे का रहने वाला मनोज अपने निजी काम से छिवलहा जा रहा था, तभी चकीवा छिवलहा रोड पर थरियांव थाना क्षेत्र के सागर वाली माता तलकापुर मंदिर के पास मनोज कुमार की बाइक बोल्डर से टकराकर नीचे खंती में जा गिरी। हादसे में मनोज गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है।

छात्राओं के विदाई समारोह में भाग लेते भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल ।

फेयरवेल पार्टी में नम हुईं विद्यार्थियों की आंखें

फतेहपुर। शहर के मसवानी मोहल्ले पर स्थित फजलुर रहमान इंग्लिश मीडियम स्कूल में विदाई समारोह हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल ने कक्षा आठ के विद्यार्थियों को केक काटकर मुंह मीठा कराया और पुरस्कार देकर सम्मानित किया। विदाई समारोह के दौरान सभी छात्राओं की आंखें नम हो गई। सभी ने विद्यालय में गुजरे पलों को याद किया। छात्रों में अक्स नाज, हरिन सारा, नसीम इल्म, अलीम, जिया फातिमा, अलीना खान मोहम्मद राजा, आतिफ इल्म, शहजादे, इकरा बानो, रमसा, मकसूद, तेजस पाल, हुसैन हसनैन, अब्दुल समद, अजहर, सफिया शेख, अलीशा जारा अंसारी, मुफ्लेहा, अबू तालिब, सदफ फुरकान ने कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि का स्वागत प्रबंधक मोहम्मद नसीम, मोहम्मद शाहिद, राम जी श्रीवास्तव, डा दुर्गा ने किया। मुख्य अतिथि ने स्कूल को इंटर कॉलेज की मान्यता दिलवाने की घोषणा की। प्रबंधक मोहम्मद नसीम खान ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की और दुआएं दीं। शिक्षकों में अदनान सिद्दीकी, सैयद निजामुद्दीन, मोहम्मद काशिफ, सीमा खान, खुद सिया, परवीन, हर्षित तिवारी, वंदना अवस्थी, आकांक्षा, निधि गोयल आदि लोग मौजूद रहे।

वाहन चालकों को यातायात के प्रति किया जागरुक

फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक के निर्देश व क्षेत्राधिकारी यातायात के कुशल पर्यवेक्षण में यातायात प्रभारी अजय कुमार सिंह द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में, बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चलाने, दो पहिया वाहन में तीन सवारी, चार पहिया वाहन पर सीट बेल्ट का प्रयोग न करने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई की। वहीं उन्होंने यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर प्रचार प्रसार सामग्री वितरित की।

सतर्क रहें ! पीएम आवास के नाम पर हो रही ठगी

संवाददाता फतेहपुर

- लोगों के पास आ रही फेक काल, झांसे में न आएं
- ठगी के लिए लखनऊ शासन का दे रहे हवाला

अमृत विचार। मैं लखनऊ शासन से बोल रहा हूं, आप फलां गांव के निवासी हैं, आपका नाम यह है और आपका नाम प्रधानमंत्री आवास सूची में है, जो स्वीकृत होना है। आपका चयन हो चुका है। आप इस खाते में तीन हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कर दीजिए। फिर आपके खाते में प्रधानमंत्री आवास की पहली किस्त भेज दी जाएगी। यह जानकारी अपने तक ही रखना और प्रधान को भी मत बताइए।

यह लालच भरी फ्राड कॉल ग्रामीण इलाकों में मोबाइल से आ रही है। अलग अलग नंबर भी इस गिरोह द्वारा प्रयोग किया जा रहे हैं। साइबर ठगी करने वालों पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। लाभ के नाम पर फर्जी कॉल करके और खाते में ऑनलाइन ट्रांसफर अब तक तमाम लोगों के हो चुके हैं। बैंक ठगी, आवास, पेंशन सहित कई लाभ दिलाने के नाम पर ठगी करी जा रही है। लेकिन प्रशासन की ओर से अभी तक कोई गिरोह पकड़ा नहीं गया है। हालांकि प्रशासन की तरफ से लगातार मॉनीटरिंग की जा रही है।

भारत अनादि संस्कृति का परिचायक: महेशानंद

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। लक्ष्मणपुर व सामियाना के मध्य अवधेश नगर में आयोजित सन्त सम्मेलन के अन्तिम दिन शनिवार को भगवान श्रीराम बारात, सुंदर नगर परिक्रमा सन्तों के द्वारा, अश्व नृत्य के साथ प्रभातफेरी, सन्तों का स्वागत, अभिनन्दन, पुष्प वर्षा, कार्यक्रम की उपसंहार बेला में सन्तो द्वारा विशुध्द सनातन धर्म का संदेश दिया गया।

गुरुदेव स्वामी अजुन शब्दानन्द पुरी महाराज, स्वामी महेशानन्द महराज ने कहा कि भारत वर्ष अनादि संस्कृति का परिचायक है। मिला है उसी को जो मिला देखता है, जुदा है उसी को जो जुदा देखता है। कहा कि समझ समझ का खेल भैया, जो ना समझे वो फेल है।

अवदेश नगर में शनिवार को आयोजित संत सम्मेलन में जुटे संत-महात्मा। अमृत विचार

कहा, यह आनन्द के आनन्द को प्राप्त करने का समय है। सन्त सन्त है उसका एक ही नाम प्रेमानन्द है। महामण्डलेश्वर साध्वी शतरूपा, साध्वी पूजा, साध्वी अर्चना, साध्वी चेतना, गन्धर्व कलाकार लल्लू भैया, नन्ना भैया, चन्दू भैया, रज्जन लाल बाजपेई आदि ने संगीत मयी संकीर्तन के माध्यम से आनन्द के आनन्द को रसास्वादन कराया। इस मौके पर व्यवस्थापक स्वामी सेवानन्द महराज, अवधेश सिंह चौहान, राजा सिंह कछवाह, अभिषेक सिंह चौहान, अजय राज सिंह चौहान, धर्मेन्द्र सिंह, पूर्व विधायक करण सिंह पटेल, पंकज मिश्र, अशोक अवस्थी, पिन्टू सिंह, प्रेमू, अवधेश फौजी समेत तमाम भक्त मौजूद रहे। बाद में आयोजित विशाल भण्डारा में देर रात तक लोगों को प्रसाद वितरण चलता रहा।

अनदेखी | ग्रामीणों को सारी सुविधाएं गांव में ही मुहैया कराने के उद्देश्य से शुरू की गई थी योजना

आबाद नहीं हो पा रहे पंचायतों के मिनी सचिवालय

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

बदहाली का शिकार ग्राम सचिवालय । अमृत विचार

अमृत विचार। ग्रामीणों को गांव में ही सारी सुविधाएं मुहैया कराने के मकसद से प्रत्येक ग्राम पंचायतों में बनवाए गए ग्राम सचिवालय (पंचायत घर) आबाद नहीं हो पा रहे हैं। आधुनिक ढंग से बनवाये जाने के पीछे भले ही शासन की मंशा बेहतरीन रही हो लेकिन जिम्मेदारों की लापरवाही का खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्र गांव में ही उपलब्ध करवाने की जो व्यवस्था करायी गयी है उस पर कतई काम नहीं हो रहा है। पचास फीसदी ग्राम सचिवालय तो अक्सर बंद ही रहते हैं। ऐसे में ग्राम सचिवालयों पर करोड़ों रुपया खर्च किया गया है उस पर भी पानी फिर रहा है। स्थिति तो यह है कि पंचायत सहायक कब आते हैं और जाते हैं इसका भी कोई अता पता नहीं हैं। कई ग्राम पंचायतों में तो ग्रामीणों को भी पंचायत सहायक के बारे में जानकारी भी नहीं है। जिले की 840 ग्राम पंचायतों में करीब सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम सचिवालय बने हैं। इसमें बकायदा पंचायत सहायकों को अहम जिम्मेदारी मिली है। पंचायत सहयकों का दायित्व है कि वह गांव में ही बने ग्राम सचिवालय मे ग्रामीणों की सुविधा के मद्देनजर विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्रों के आवेदन की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे पर पंचायत सहायक ग्रामीणों की सुविधा के बजाय प्रधान और सिक्रेटरी की सेवा में लग गये हैं।

- सचिवालयों में लटकता ताला प्रमाण पत्रों के लिए चक्कर लगाते ग्रामीण

प्रधानों की मर्जी के अनुसार ही पंचायत सहायक काम कर रहे हैं। ऐसे में ग्राम पंचायतों के लिए ग्राम सचिवालय स्थापित किए जाने की मंशा पर पानी फिर रहा है। ऐसा नहीं है कि ग्राम सचिवालय में सुविधायें नहीं हैं। पर्याप्त सुविधायें और बेहतरीन तरीके से कायाकल्प किए जाने के बाद भी ग्राम सचिवालयों का कोई भी फायदा नहीं मिल पा रहा है। कई ग्राम पंचायतों में तो कार्यालय सक्रिय ही नहीं हैं। पंचायत सहायक कौन है इससे भी ग्रामीण अनभिज्ञ हैं। कई ब्लाकों के ग्राम पंचायतों में तैनाती होने के बाद भी पंचायत सहायकों को जानने वाले बहुत कम ही ग्रामीण हैं। कई ग्राम पंचायतों में तो ग्रामीणों ने पंचायत सहायकों को कार्यालय में बैठते ही नहीं देखा है। ग्राम सचिवालय सक्रिय होने के बाद ग्रामीण जनता को एक ही स्थान पर सुविधायें न मिलने से उनमें आक्रोश भी कम नही है। पंचायत सहायक अपने दायित्वों से दूर पंचायत सचिवों और प्रधानों की चाकरी करते नजर आते हैं। जिससे उनका मानदेय जारी होता रहे।

ग्राम सचिवालयों से मिलने वाली सुविधाएं

- ग्राम सचिवालय में ग्राम स्तरीय विभिन्न प्रकार की बैठकें।
- बीपीएल परिवारों की सूची, योजनाओं के लाभार्थियों का ब्योरा।
- विभिन्न योजनाओं में लाभ प्राप्त करने को आवेदन पत्र की उपलब्धता।
- जन्म-मृत्यु पंजीकरण प्रपत्र, परिवार रजिस्टर।
- ग्राम पंचायत में आय व्यय से संबंधित पुस्तिका।
- विभिन्न प्रकार की योजनाओं के लिए आवेदन।
- व्यक्तिगत शौचालय को आवेदन।
- नवीन राशन कार्ड बनवाने को आवेदन एवं जन शिकायत।
- जाति, आय निवास प्रमाण पत्र, खतौनी की नकल।
- कृषक दुर्घटना बीमा योजना के आवेदन।
- चरित्र प्रमाण पत्र आवेदन।
- रोजगार, श्रमिक पंजीकरण।
- मोटर परिवहन के पंजीकरण।
- कृषि रक्षा उपकरण पंजीकरण एवं बीज बुकिंग

चुनाव से पूर्व अवैध होर्डिंग्स से पटने लगे गली और चौराहे

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- बिना अनुमित नगर पालिका क्षेत्र में लगे हैं होर्डिंग्स
- पालिका प्रशासन इस मामले में नहीं दिखा रहा गम्भीरता

शहर के चौराहे पर लगे होर्डिंग्स। अमृत विचार

अमृत विचार। लोक सभा चुनाव के नजदीक आते ही नगर पालिका क्षेत्र में कहीं भी नजर दौड़ाइए, होर्डिंग बैनर का मकड़जाल दिखाई देगा। कई जगह खंभों पर दूर से नेताओं की दर्जनों होर्डिंग दिख जाती हैं। नगर पालिका से होर्डिंग जोन तय न होने से विज्ञापन एजेंसियां मनमाफिक जगह पोल खड़े कर होर्डिंग लगा रही हैं। लोकसभा चुनाव करीब आते ही दोनों नगर पालिकाएं अवैध होर्डिंगों से पट गई हैं। सार्वजनिक स्थल, मुख्य मार्गों के दोनों किनारे, डिवाइडर पर लगे स्ट्रीट लाइट के पोल पर होर्डिंग देखे जा सकते हैं। पालिका प्रशासन का इस ओर ध्यान नहीं है। इससे राजस्व की हानि तो हो ही रही है, यातायात भी प्रभावित होता है।

शहर में अलग से कोई विज्ञापन एवं पब्लिक सिटी एजेंसी नहीं है, होर्डिंग बनाने वाले दुकानदार खुद ही ग्राहक से होर्डिंग टांगने तक का पैसा लेते हैं। शहर में लगे होर्डिंग से किराया शुल्क वसूलने के लिए नगर पालिका ठेका प्रथा अपनाती है पर पिछले कई वर्षों से ठेका नहीं हुआ।

इसलिए पालिका कर्मी ही वसूली कर रहे हैं। सदर पालिका को छोड़ बाकी जगह राजस्व की वसूली भी बंद है। यानी पालिका को बिना शुल्क दिए अवैध होर्डिंग कारोबारी मौज कर रहे है। इस बाबत अभी भी कोई ठोस कदम नहीं उठाये गए। जिससे प्रचार सामग्री मनमर्जी से लगाई जा रही हैं।

पौधरोपण में गड़बड़ी व अवैध कटान में वन रक्षक को किया गया निलंबित

डीएफओ ने आरोप पत्र दाखिल करने के लिए तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित की

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। तिर्वा तहसील क्षेत्र में पेड़ों की अवैध कटान व पिछले साल हुए पौधरोपण में गड़बड़ी के आरोप में वन रक्षक को निलंबित कर दिया गया है। मामले की जांच व आरोप पत्र दाखिल करने के लिए तीन सदस्यीय कमेटी गठित कर दी गई है।

डीएफओ डॉ. हेमंत सेठ ने बताया कि उनके पास वन रक्षक कमालुद्दीन के खिलाफ पहले से शिकायतें थीं। वन रक्षक के खिलाफ तिर्वा क्षेत्र की तीन ग्राम पंचायतों सुर्सी, गुरौली व खैरनगर इलाके में वन की अवैध कटान की शिकायतें आईं। इसमें एक सरकारी और दो निजी वन क्षेत्र में अवैध कटान हुई हैं। इस पर वन रक्षक का नियंत्रण नहीं रहा। इसके अलावा ग्राम पंचायत हरेईपुर के मजरा खेमपुर्वा व लालशाह पुर्वा वर्ष 2023-24 में हुए पौधरोपण में भी लापरवाही बरती गई।

वन विभाग के इस पौधरोपण अभियान में लक्ष्य के मुताबिक पौधे नहीं रोपे गए। पॉलिथीन में ही पौधे रखे रहे, जिसमें काफी सूख भी गए। डीएफओ ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद उन्होंने 20 फरवरी को मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया था। साथ ही प्रारंभिक जांच भी कराई गई थी। जांच में आरोपों की पुष्टि हो गई। डीएफओ के अनुसार आरोपों की पुष्टि के बाद वन रक्षक कमालुद्दीन को निलंबित कर दिया गया है।


पौधरोपण के लिए खोदे गए गड्ढे खाली पड़े। अमृत विचार

यह कमेटी करेगी जांच

मामले की जांच के लिए गुरसहायगंज क्षेत्र के वन अधिकारी राकेश चित्तौलिया, वन दरोगा राकेश शाह व वन दरोगा अशोक श्रीवास्तव की टीम गठित की गई है। जो यह भी गणना करेंगे कि कितने पौधे नहीं रोपे गए और कितना कटान हुआ है।

- तहसील तिर्वा क्षेत्र के हरेईपुर सुर्सी, गुरौली, खैरनगर ग्राम पंचायतों का मामला

अभी यह बता पाना मुश्किल है कि कितने पौधे नहीं रोपे गए और कितना नुकसान हुआ है। इसके लिए ही जांच टीम गठित कर रिपोर्ट मांगी गई है। कई शिकायतों की वजह से वन रक्षक को निलंबित किया गया है।

–डॉ. हेमंत सेठ, डीएफओ

सड़क हादसे में घायल युवक ने इलाज के दौरान तोड़ा दम

संवाददाता, सौरिख-कन्नौज

- 22 फरवरी को बाइकों की आमने-सामने हुई थी भिड़ंत

अमृत विचार। परीक्षा दिलाने जा रहे अधेड़ की बाइक सामने से आ रही दूसरी बाइक से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार दो लोग घायल हो गए थे। एक को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया था जहां से परिजनों ने कानपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। वहां उसकी मौत हो गई।

थाना क्षेत्र के हरिभानपुर निवासी राजबहादुर पुत्र मेवाराम (40) छात्र अर्जुन पुत्र सियाराम को 22 फरवरी को हाईस्कूल की परीक्षा दिलाने बाइक से खड़िनी परीक्षा केंद्र जा रहे थे। सौरिख-खड़िनी रोड पर सर्वा गांव के सामने बाइकें आमने सामने टकरा गईं। राजबहादुर गंभीर रूप से जबकि अर्जुन मामूली रूप से घायल हो गया। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। डॉक्टर ने राजबहादुर को तिर्वा मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। परिजनों ने यहां से कानपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां तीसरे दिन उसकी मौत हो गई।

फंदा लगाकर महिला ने की आत्महत्या

कन्नौज। किसी बात से नाराज महिला ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली।

सदर कोतवाली के गांव महमदपुर बीजा निवासी भेला कुशवाहा की 33 वर्षीय पत्नी सोनम कुशवाहा ने किसी बात से नाराज होकर अपने मकान के कमरे में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। जानकारी पर परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां इमरजेंसी के डाक्टर ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना शुक्रवार शाम की है। पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया। शिनवार को पुलिस ने पंचनामा भरने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया। जहां मौत का कारण हैंगिंग आया है।

सार-संक्षेप

चकरोड खुलवाते तहसीलदार। अमृत विचार

बुलडोजर चलवाकर चकरोड कराया कब्जामुक्त

तिर्वा, कन्नौज। चकरोड की जमीन पर गांव के कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया। इसको लेकर ग्रामीणों ने तहसील में आयोजित समाधान दिवस में शिकायत की थी। तहसीलदार ने मौके पर जाकर बुलडोजर से निर्माण को गिराकर जमीन को कब्जामुक्त कराया। तहसील क्षेत्र के ठठिया ग्रामसभा में चकरोड की जमीन पर गांव के ही छह लोगों ने निर्माण कर कब्जा कर लिया था। चकरोड खुलवाने के लिए मंगलवार को आयोजित समाधान दिवस पर ग्रामीणों ने शिकायत मांग की। शनिवार को थाना दिवस के बाद तहसीलदार अवनीश कुमार ने मौके पर जाकर बुलडोजर चलवाकर चकरोड पर हुए निर्माण को गिराकर कब्जा मुक्त करा दिया। साथ ही मलगंवा पहुंच बंद नाली को खुलवा दिया। इस मौके पर थानाध्यक्ष अजय कुमार अवस्थी समेत राजस्व की टीम मौजूद रही।

मृतक वृजेशपाल के परिजनों से मुलाकात करते सपा नेता नवाब सिंह यादव।

पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपये दे सरकार

कन्नौज। नौकरी न मिलने से दुखी युवक के आत्महत्या करने के मामले में शनिवार को सपा नेता नवाब सिंह उसके परिजनों से मिले। सरकार से परिजनों को 50 लाख रुपये आर्थिक सहायता दिये जाने की मांग की है। पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव बेरोजगारी से हताश होकर आत्महत्या करने वाले छात्र ब्रजेश पाल के गांव भूड़पुरवा पहुंचे और शोक संवेदना व्यक्त की। घटना के लिए प्रदेश सरकार को दोषी ठहराते हुए कहा कि पेपर लीक की ये घटना इस सरकार में पहली बार नहीं हुई है। हर बार नई भर्ती के पेपर लीक हो जाते हैं। घटना सरकार की विफलता दर्शाती है। पढ़ने वाले छात्र डिप्रेशन में चले जाते हैं। सरकार से मांग की है कि पीड़ित परिवार को 50 लाख का मुआवजा दिया जाए, जिससे पीड़ित परिवार को आगे के जीवन यापन करने में कोई दिक्कत न हो।

टोल प्लाजा पर कर्मी से मारपीट का वीडियो वायरल

जसोदा, कन्नौज। ग्राम जेवां स्थित टोल प्लाजा पर कर्मी के साथ मारपीट करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। इसमें मारपीट करने वाला युवक प्रधान पुत्र बताया जा रहा है। घटना शुक्रवार की बताई जा रही है। हाइवे स्थित टोल प्लाजा कर्मी विपुल यादव का कहना है कि ग्राम प्रधान जेंबा के पुत्र ने किसी व्यक्ति की कार को निशुल्क निकालने को लेकर दबाव बनाया। जब उसने मना कर दिया तो प्रधान पुत्र ने टोल पर आकर उससे मारपीट की। अन्य कार सवार के मना करने पर उसे भी मारापीटा। इसके बाद उसे पास की दुकान में ले जाकर बेहरमी से पीटा। वायरल वीडियो में प्रधान पुत्र ने धमकी भी दी। टोल कर्मियों ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

दंपति सहित तीन पर भूमि पर कब्जा करने की रिपोर्ट

तालग्राम, कन्नौज। ग्राम ताहपुर निवासी आनंदराम का कहना है कि 13 फरवरी को गांव के दीपचंद, उसकी पत्नी नीलम व पुत्र प्रांशू ने भूमि पर कब्जे का प्रयास किया। जब उसकी मां ने विरोध किया तो गाली गलौज और मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पति सहित तीन के विरुद्ध मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

तालग्राम, कन्नौज। ग्राम रूपपुर खग नगला निवासी रुचि यादव का कहना है कि गुरुवार को उसके पति गौरव यादव ने उससे जेवर मांगे। उसने इसकी शिकायत ससुर से की तो पति सहित ननद गुड्डी व सास राजश्री ने गाली देते हुए उसे मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

एक्सप्रेस-वे पर हुई दुर्घटना की रिपोर्ट दर्ज

तालग्राम, कन्नौज। प्रयागराज के थाना कीडगंज 119/7 वाईबाग निवासी मृतक प्रशांत भार्गव के पिता पंकज भार्गव का कहना है कि उसका पुत्र लखनऊ के बडवान ऐशबाग निवासी साजेब के साथ कार से अलीगंज जा रहा था। तभी शुक्रवार की सुबह तालग्राम क्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के किमी संख्या 170 पर डंपर की चपेट में आकर कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। हादसे में इंजीनियर प्रशांत की मौत हो गई जबकि कार चालक साजेब घायल हो गया था। पुलिस ने डंपर के अज्ञात चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

धर्मांतरण की शिकायत पर पुलिस ने तीन को पकड़ा

तिर्वा, कन्नौज। पूजा पाठ के बहाने धर्मांतरण कराने की शिकायत पर पहुंची पुलिस ने तीन लोगों को पकड़कर पूछताछ शुरू कर दी। थाना ठठिया क्षेत्र के करौदाशाहनगर गांव में एक युवक अपनी रिश्तेदारी मे गया था। किसी ने पुलिस को सूचना दी कि युवक अपने रिश्तेदारों का धर्मांतरण करा रहा है। इस पर पहुंची पुलिस तीन लोगों को पकड़ कर थाने ले आई। थानाध्यक्ष अजय कुमार अवस्थी ने बताया कि शिकायत मिली थी। मौके पर पुलिस ने तीन लोगो को पकड़ भी लिया है। पूछताछ की जा रही। अभी तक की जानकारी में धर्मांतरण की खबर गलत है वह रिश्तेदारी में आया था। पूजा पाठ चल रहा था। फिर भी मामले की ठोस जानकारी की जा रही है।

माघी पूर्णिमा: महादेवी घाट पर गूंजा हर-हर गंगे, दान-पुण्य

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। गंगा में स्नान करने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। हर-हर गंगे के उद्घोष से महादेवी घाट गूंज गया। कन्नौज के अलावा आसपास के कई जनपदों से आए लोगों ने दान कर पुण्य कमाया।

जिला मुख्यालय से करीब आठ किमी दूर स्थित महादेवी घाट पर श्रद्धालुओं का एक दिन पहले से ही आना शुरू हो गया था। शनिवार को तड़के भीड़ बढ़ने लगी। बाइक, चौपहिया वाहनों के अलावा ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में बैठ व लटककर श्रद्धालु महादेवी घाट पहुंचे। उन्होंने गंगा में स्नान किया। उसके बाद सूर्यदेव को जल अर्पित किया और विधि-विधान से मंदिर आदि में पूजा-अर्चना की। काफी भक्त घरों में पूजा-अर्चना के लिए डिब्बों में गंगाजल भी ले गए। श्रद्धालुओं ने घाट के किनारे लगे मेला में खरीदारी भी की। दूसरी ओर तैयारियों व सुरक्षा को लेकर अधिकारी व कर्मचारी भी तैनात रहे। पुलिस व यातायात पुलिस ने भी व्यवस्था संभाली। जाम से निजात दिलाने के लिए घाट से काफी दूर ही वाहनों को रोक दिया गया। पैदल ही श्रद्धालु महादेवी घाट तक पहुंचे। मोटर वोट पर पुलिसकर्मी व गोताखोर भी घूमते रहे।

महादेवी घाट किनारे लगी श्रद्धालुओं की भीड़। अमृत विचार

गंगा में स्नान करतीं महिलाएं व बच्चे। अमृत विचार

- गंगा किनारे लगा मेला, दुकानों पर जमकर हुई खरीदारी
- मंदिरों में पूजा-अर्चना के साथ ही गंगाजल भी ले गए भक्त

जलेसर के गंगा तट पर पूछताछ करते कोतवाल जेपी शर्मा।

जलेसर व चियासर घाट पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

गुरसहायगंज, कन्नौज। माघ पूर्णिमा पर स्नान के लिए जलेसर व चियासर स्थित गंगा तट पर श्रद्धालुओं की भीड़ रही। ब्रह्म मुहूर्त से लेकर शाम तक श्रद्धालुओं ने मां गंगा में आस्था की डुबकी लगाकर पर्व मनाया। श्रद्धालुओं ने गंगा तट के आसपास स्थित देवालयों में माथा टेका। कन्याओं को भोज कराकर फल, दक्षिणा, वस्त्र आदि का दान कर पुण्य कमाया। गंगा तटों पर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने जगह-जगह बैरिकेडिंग कर वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी। गंगा तट पर अव्यवस्था न हो इसके लिए महिला व पुरुष पुलिस कर्मी जगह-जगह तैनात रहे।

मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

सौरिख, कन्नौज। मामूली बात को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई। दोनों की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी।

नगर के मोहल्ला आजाद नगर निवासी कन्हैया राठौर पुत्र अमर सिंह राठौर शुक्रवार रात मोहल्ले में सड़क के किनारे खड़ा हुआ था। तभी निहाल उर्फ डाबरिया पुत्र जब्बार ट्रैक्टर लेकर आया और उस पर चढ़ाने का प्रयास किया। वह बाल-बाल बच गया। इसकी शिकायत करने कन्हैया निहाल के घर गया। वहां मौजूद इमरान, कमरुल व तीन-चार अज्ञात लोगों ने मारपीट शुरू कर दिया जिससे युवक घायल हो गया। उसने थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ प्रार्थना दिया। पुलिस ने मामला पंजीकृत कर लिया। वहीं दूसरे पक्ष से शनिवार सुबह हाशमी बेगम पत्नी जब्बार अली ने थाने में तहरीर दी, जिसमें कन्हैया, अभिषेक, हर्षित, राज पर आरोप लगाए।

पिछले गुनाहों से तौबा कर अल्लाह से दुआ मांगो

संवाददाता, गुरसहायगंज-कन्नौज

- समधन में जलसा व मुशायरा का हुआ आयोजन

अमृत विचार। कस्बा समधन के मोहल्ला कादर खान नगर में शुक्रवार की देर रात आशिकाने रसूल कमेटी के द्वारा एक रोज जलसा व मुशायरा का आयोजन किया गया। शुरूआत कुरान पाक की तिलावत से हुई। हाफिज सादाब शेख ने नाते पाक पढ़कर व मौलाना अय्याज, मुफ्ती अब्दुल कदीर ने दीनी बातें बताकर जागरूक किया।

कानपुर के हजरत मौलाना नेमतुल्ला ने बताया कि ऐसे बनो की पहले अपने भाई को पानी पिलाओ। फिर खुद पानी पीयो। शबे कद्र की रात में खूब इबादत करों। अपनें अगले पिछले गुनाहों से तौबा कर अल्लाह से दुआ मांगो। यह रात अल्लाह से इनाम लेने की रात है। चंद दिनों बाद रमजान मुबारक का महीना शुरू होने वाला है। सब मुसलमान इस महीने की अच्छे से कदर करें। इस्लाम झगड़े का मजहब नहीं है। इस्लाम प्यार व मोहब्बत का मजहब है। गोरी नवादा के कारी अब्दुल हसीब ने नाते पाक पढ़कर मुल्क में अमन चैन की दुआएं मांगी। इस दौरान मौलाना मो. फैय्याज कासमी, मौलाना महमूद मदनी, हाफिज इसराइल, मौलाना आसिफ अली, हाफिज अतीक, डॉ. दानिश, फहीम शेख, तालिब, अजहरुद्दीन खान, फैसल, आजम, अदनान, मो. कैंफ आदि रहे।

बीएड परीक्षा शुरू, पहले दिन 29 गैरहाजिर

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। शहर के पीएसएम पीजी कॉलेज में बीएड प्रथम व तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाएं शुरू हो गईं। पहले दिन 29 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। इम्तिहान पांच दिनों तक चलेंगे।

शनिवार को परीक्षाओं के दौरान सख्ती रही। परीक्षार्थियों की तलाशी के बाद ही उनको कक्ष में प्रवेश दिया गया। इससे पहले प्रवेश पत्र भी चेक किए गए। प्राचार्य डॉ. अजय सिंह के निर्देशन में बीएड की परीक्षाओं को नकलविहीन संपन्न कराने के लिए शिक्षकों की टीम बनाकर जिम्मेदारी दी गई है। प्रधान कुलानुशासक डॉ. अमित सचान ने बताया कि महाविद्यालय में नौ डिग्री कॉलेजों के परीक्षार्थी परीक्षा देने आए हैं। परीक्षा प्रभारी रेनू त्यागी ने बताया कि सुबह 11 से दोपहर एक बजे तक प्रथम पाली में पहले सेमेस्टर के 395 परीक्षार्थियों ने फिलोसॉफिकल पर्सपेक्टिव ऑफ एजूकेशन विषय का पेपर दिया। इसमें 11 अनुपस्थित रहे। दोपहर दो से चार बजे तक दूसरी पाली में बीएड तृतीय सेमेस्टर के विषय स्कूल मैनेजमेंट एंड लीडरशिप की परीक्षा हुई। इस परीक्षा में 656 छात्र उपस्थित रहे और 18 अनुपस्थित रहे। परीक्षा प्रभारी ने बताया कि पहले दिन की परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुई। बीएड की परीक्षाएं 28 फरवरी तक चलेंगी। इस मौके पर डॉ. सुरेंद्र कुमार, डॉ. वरुण वशिष्ठ, शीशपाल, लक्ष्मी नारायण, रमेश सिंह, पंकज राय आदि रहे।

पीएसएम पीजी कॉलेज में बीएड की परीक्षा देते परीक्षार्थी। अमृत विचार

संस्कृत के 6 परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा

गुरसहायगंज। शनिवार को संस्कृत शिक्षा परिषद लखनऊ उत्तर प्रदेश के परीक्षा केन्द्र श्रीमती राधादेवी आदर्श संस्कृत उ.मा. विद्यालय में प्रथम पाली में पूर्व मध्यमा द्वितीय सामाजिक विज्ञान की परीक्षा कराई गई। जिसमें 64 परीक्षार्थियों ने प्रतिभाग किया। जबकि उत्तर मध्यमा गृह विज्ञान की परीक्षा में 03 में 02 परीक्षार्थी मौजूद रहे। इसी कक्षा के समाज शास्त्र विषय में 03 में दो परीक्षार्थी शामिल हुए। द्वितीय पाली में उत्तर मध्यमा द्वितीय में भौतिक विज्ञान में 29 में 25 व समाज शास्त्र विषय में 06 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। परिवेक्षक व केंद्र व्यवस्थापक अर्चना यादव, सह केंद्र व्यवस्थापक बलराम त्रिपाठी ने चेकिंग कर परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया। इस दौरान श्रीमती दीक्षा, कामिनी देवी, कंचन प्रभा, श्वेता, सचिव तिवारी रहे।

यातायात संकट | जीटी रोड किनारे सरायमीरा में फुटपाथ पर लगता है पूरा बाजार

अतिक्रमण से फुटपाथ खत्म, दिन भर जाम से लोग परेशान

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। समय-समय पर प्रशासन द्वारा अभियान चलाकर अतिक्रमण हटवाया जाता है। कुछ समय तक सड़कें सांस लेती दिखाई देतीं हैं और फिर धीरे-धीरे फिर से वही स्थितियां हो जातीं हैं। इन हालातों से शहर के लगभग सभी मार्ग जूझ रहे हैं। बात सरायमीरा की करें तो जीटी रोड के किनारे पूरा का पूरा बाजार ही लगता है जिससे फुटपाथ पर निकलने की जगह ही नहीं है। इससे लगभग रोज ही दिन भर लोग जाम से जूझते हैं। इस समस्या का कोई स्थायी समाधान नहीं निकलता है।

जिले भर में अस्थायी अतिक्रमण नासूर की तरह है। शहर की बात करें तो लगभग सभी सड़कों पर लगी दुकानों के साथ सामने पड़ी फुटपाथ की जगह पर भी सामान फैलाकर रखा जाता है। यही कारण है कि पैदल राहगीरों के निकलने की जगह ही नहीं बचती है।

समय-समय पर प्रशासन अतिक्रमण हटवाता है और फिर कुछ दिनों में पुनः वही हालात हो जाते हैं। सरायमीरा क्षेत्र की बात करें तो जीटी रोड के रेलवे लाइन वाली साइड में पूरा फुटपाथ ही छोटा-मोटा बाजार बन गया है। तिर्वा क्रासिंग से कुछ आगे बढ़ने के बाद से बाजार शुरू हो जाता है। यहां मूंगफली, मछली से लेकर कपड़े तक की दुकानें खुलीं हैं। यह सभी अस्थायी दुकानें फुटपाथ को पूरी तरह से कवर किए हैं। कुछ आगे जाने पर तहसील के सामने वाले हिस्से को खानपान, कपड़ों के ठेले, फोटोकॉपी, मिठाई, फल आदि की दुकानों-ठेलों ने घेर रखा है। बचीखुची जगह दोपहिया वाहनों द्वारा कवर कर ली जाती है। इसका नतीजा यह कि जिनको पैदल भी निकलना है तो केवल जीटी रोड ही विकल्प होता है। उधर, सरायमीरा में ही रोडवेज बस अड्डा है। इसके बगल से डाक बंगला और कचहरी रोड है।

ऐसे में बस अड्डे के सामने दिन में बस और वाहनों के एक साथ निकलने से जाम के हालात बने रहते हैं। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। अतिक्रमण का दायरा बाईपास के आगे मंडी समिति से कुछ पहले तक फैला हुआ है। यह बात अलग है कि बस व रेलवे स्टेशन के आसपास के क्षेत्र में स्थिति अधिक गंभीर है क्योंकि यहां ई रिक्शा व ऑटो की भी रेलमपेल रहती है। प्रशासन की समस्या यह है कि जब भी अभियान चलता है तो उसमें नेतानगरी होने लगती है। प्रभावशाली लोगों द्वारा फोन करके दबाव बनाया जाता है जिससे कार्रवाई करने में दिक्कत आती है। इस संबंध में एसडीएम सदर अविनाश कुमार गौतम का कहना है कि अतिक्रमण हटाने को लेकर दुकानदारों को अल्टीमेटम दिया जा चुका है। अगर वे स्वयं अतिक्रमण नहीं हटाते तो उसे प्रशासन द्वारा हटवा दिया जाएगा।

सरायमीरा में जीटी रोड किनारे फुटपाथ को घेरकर लगी दुकानें। अमृत विचार

- निकलने की जगह न होने से दिन भर जाम से जूझते हैं लोग

संत रविदास ने दिया एकता का संदेश

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

अमृत विचार। ग्राम मझपुर्वा स्थित आंबेडकर पार्क में संत रविदास की जयंती को धूमधाम से मनाया। संत गाडगे सेवा समिति के पदाधिकारियों व स्थानीय लोगों ने संत रविदास की प्रतिमा पर फूलमाला अर्पित कर नमन किया। साथ ही उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

डॉ. एमके भारती ने कहा कि महान संत व दार्शनिक गुरु रविदास ने 15वीं शताब्दी में भक्ति आंदोलन चलाया था जो उस समय का सबसे बड़ा आध्यात्मिक आंदोलन था। इससे समाज में कई बदलाव आए। उन्होंने गीत, दोहे और भजनों के माध्यम से आत्मनिर्भरता, सहिष्णुता और एकता का संदेश दिया। इस दौरान कार्यक्रम के संयोजक श्रवण कुमार, संजय वाल्मीकि, राजा वाल्मीकि, शिव वाल्मीकि, सरदार, बनवारी सिंह, कुन्नू लाल, हरिओम, भंते शीलसागर आदि रहे।

संत रविदास के चित्र पर पुष्प अर्पित करते लोग। अमृत विचार

भक्ति मार्ग पर चलकर कहलाए संत

छिबरामऊ, कन्नौज। विशुनगढ़ में अक्षय यादव के प्रतिष्ठान पर संत रविदास के चित्र पर पुष्प अर्पित करके जयंती मनाई गई। इस अवसर पर भीम आर्मी के जिला सह संयोजक नेमकुमार ने कहा कि संत रविदास ने लोगों को बिना भेदभाव के आपस में प्रेम करने की शिक्षा दी और इसी तरह से वे भक्ति के मार्ग पर चलकर संत रविदास कहलाए। सपा के जिला सचिव देवेंद्र सिंह यादव, समाजवादी शिक्षक सभा के जिला उपाध्यक्ष अजय यादव, राजीव गौतम, कमलेश शाक्य, रघुराज शाक्य, हरेंद्र शाक्य, मेहरबान सिंह, रामनारायण फौजी, राजू गौतम, पप्पू यादव, पवन कुमार व राहुल कुमार आदि मौजूद रहे।

गुरसहायगंज कोतवाली में शांति कमेटी की बैठक में बोलते सीओ सदर कमलेश कुमार।

भाईचारे के साथ मनाएं शब-ए-बरात का पर्व

संवाददाता, कन्नौज/गुरसहायगंज

अमृत विचार। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देश पर जिले के सभी थाना प्रभारीयों ने अपने-अपने थाने पर आगामी त्यौहार शब-ए-बारात के संबंध में संभ्रांत नागरिकों व धार्मिक व्यक्तियों के साथ पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। इस मौके पर आगुंतकों से आगामी त्यौहार शब-ए-बारात को सकुशल संपन्न कराने के संबंध में सुझाव प्राप्त किये गये। बैठक में सीओ सदर कमलेश कुमार ने कहा कि सभी लोग गंगा जमुनी तहजीब को बरकरार रखते हुए पर्व को मनाएं।

बैठक में स्थानीय लोगों ने सीओ सदर के समक्ष नगर में लगने वाले जाम की समस्या को रखा। इस दौरान कोतवाल जेपी शर्मा, महंत राकेश चंद्र दुबे, शहर काजी हाफिज जुम्मन, विहिप जिला कार्याध्यक्ष नीरज मिश्रा, विजय दुबे, सुगम दुबे, शमशाद खान, पूर्व सभासद मुस्ताक खां, मो. नफीस, दबीरूल हसन, शहंशाह, सिराजुल इस्लाम आदि मौजूद रहे।

सरकार के निर्णय को सराहा, फिर करनी होगी मेहनत

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- पुलिस आरक्षी भर्ती की लिखित परीक्षा निरस्त होने पर अभ्यर्थियों ने दी प्रतिक्रिया
- बोले, दूसरे जिलों में परीक्षा देने के लिए बड़ी मुश्किल व रुपये खर्च कर पहुंचे थे

अमृत विचार। सूबे में 17 व 18 फरवरी को दो-दो पालियों में संपन्न हुई यूपी पुलिस आरक्षी भर्ती की लिखित परीक्षा निरस्त कर दी गई है। इस फैसले को ज्यादातर अभ्यर्थियों ने सराहा है। कहा कि अब बिना मेहनत करने वालों का चयन नहीं हो सकेगा। पेपर लीक हो गया था, इसलिए परीक्षा निरस्त करना जरूरी था। हालांकि अभ्यर्थियों को अब फिर से कड़ी मशक्कत करनी होगी।

शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पुलिस आरक्षी भर्ती की लिखित परीक्षा निरस्त करने की जानकारी साझा की। जनपद में भी दो दिनों में 19 हजार से अधिक अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी थी। कन्नौज से भी सैकड़ों अभ्यर्थी दूसरे जिलों में इम्तिहान देने गए थे।

उनका कहना है कि आवेदन करने, आने-जाने, भोजन व रुकने आदि में काफी रुपये खर्च हो गए। साथ ही परेशानी भी उठाई। अब यही काम आगे फिर से होगा। हालांकि मुख्यमंत्री के परीक्षा निरस्त करने के निर्णय को वह सही मानते हैं। जनपद के भूड़पुर्वा निवासी ब्रजेश पाल ने तो 23 फरवरी को बेरोजगारी व पेपर लीक होने की चर्चाओं के बीच आत्महत्या कर ली थी। इसे विपक्ष ने मुद्दा बना लिया है। फिलहाल विपक्ष इसे किस हद तक भुना पाएगा, यह तो वक्त ही बताएगा।

महोबा के धर्मेंद्र को भी बना दिया था सनी लियोनी

प्रवेश पत्र में गड़बड़ी के चलते महोबा का धर्मेंद्र परीक्षा देने से वंचित रह गया था। उसका केंद्र तिर्वा में बना गया था। दरअसल, प्रवेश में अभिनेत्री सनी लियोनी का फोटो व नाम लिख गया। हालांकि मोबाइल नंबर, रोल नंबर तो धर्मेंद्र का ही था। मामला सोशल मीडिया में प्रसारित हुआ तो मामले की जांच शुरू हुई। उसके बाद पता चला कि आवेदक महोबा का रहने वाला है और उसने परीक्षा नहीं दी।

परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थी क्या बोले

नकल से कट ऑफ अधिक जाता

यूपी पुलिस आरक्षी नागरिक परीक्षा निरस्त होने से पढ़ने वाले युवक-युवतियों को एक और मौका मिलेगा। पेपर लीक होने की वजह से कट ऑफ ज्यादा जाता और मेधावियों का हक भी मारा जाता। मेहनती अभ्यर्थियों को भर्ती की तैयारी फिर से करनी होगी। हालांकि साक्ष्य मिलने के बाद सरकार ने सही निर्णय लिया है। -शिल्पी, तिर्वा

आगे कड़े इंतजाम के बीच हो पेपर

तिर्वा के एसएसपी इंटर कॉलेज में 18 फरवरी को दूसरी पाली में परीक्षा दी थी। परीक्षा तो सही हुई और उम्मीद भी थी कि चयन हो जाएगा। रिजल्ट जारी होने से पहले ही परीक्षा निरस्त होने की खबर मिली है। अगर पेपर लीक हुआ है तो परीक्षा निरस्त करने का निर्णय बिल्कुल सही है। आगे कड़े इंतजाम के बीच परीक्षा कराई जाए। 15

-अन्नू यादव, कन्नौज

प्रतियोगी परीक्षा पारदर्शी कराई जाएं

दोस्त बाइक लेकर परीक्षा दिलाने औरैया ले गया था। 18 फरवरी को सुबह की पाली में परीक्षा दी। शाम की पाली का पेपर सुबह ही आउट हो गया था। परीक्षा निरस्त करने का निर्णय बिल्कुल सही है। भविष्य में जो भी प्रतियोगी परीक्षाएं कराई जाएं वह पारदर्शी ढंग से हों। पेपर आउट होने की प्रक्रिया पर पूरी तरह रोकी जाए। -आकाश बाथम, तिर्वा

दो-दो हजार रुपये खर्च हो गया

पांच लोग चौपहिया गाड़ी किराए पर करके पुलिस भर्ती की लिखित परीक्षा देने के लिए झांसी गए थे। सभी का दो-दो हजार रुपये खर्च हुआ। समय भी बर्बाद गया। पेपर लीक होने की पुष्टि हो गई है। अगर परिणाम जारी होता तो मेहनत करने वालों का हक मारा जाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का परीक्षा निरस्त करने का फैसला अच्छा है।

-अमित कुशवाहा, कन्नौज

फिर खर्च करना होगा किराया

कई मित्रों के साथ झांसी परीक्षा देने जाना पड़ा था। आगे अगर निशुल्क यात्रा कर परीक्षा देने का मौका मिला तो रोडवेज बसें न तो घर पर लेने आएंगी और न ही परीक्षा केंद्रों तक छोड़ेंगे। टेंपो व रिक्शा आदि का किराया फिर भी खर्च करना पड़ेगा। सरकार ऐसी व्यवस्था करे जिससे पारदर्शी परीक्षा संपन्न हो सके। -ज्ञानेंद्र कश्यप, कन्नौज

कई दिनों से कर रहा था तैयारी

पुलिस में जाने के लिए कई दिनों से तैयारी कर रहा था। पेपर भी अच्छा हुआ। लगा कि चयन हो जाएगा लेकिन भर्ती की परीक्षा निरस्त हो गई। पेपर लीक होने के बाद यह सही फैसला है। इससे पढ़ाई करने वालों का भला हो जाएगा। समय से सरकार ने निर्णय भी सटीक लिया है। लोकसभा क्षेत्र के चुनाव बाद फिर परीक्षा देनी होगी।

-आलोक कुमार, कन्नौज

जिले के 12 विद्युत उपकेंद्रों की बढ़ेगी क्षमता

10 से पांच एमवीए के और स्थापित होंगे ट्रांसफार्मर, तीन उपकेंद्रों पर लग गये पैनल, गर्मी से पहले सुधरेगी व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। गर्मी के मौसम में बिजली उपकेंद्रों की ओवरलोडिंग से निजात दिलाने के लिये विभाग ने प्रयास तेज कर दिये हैं। इसके तहत जिले के 12 उपकेंद्रों की क्षमता वृद्धि की जायेगी। इन उपकेंद्रों पर अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाये जायेंगे। तीन उपकेंद्रों पर ट्रांसफार्मर के लिये पैनल बना दिये गये हैं।

गर्मी के मौसम में बिजली की खपत अधिक हो जाती है। इससे ट्रांसमिशन सेंटर मकरंदनगर समेत उपकेंद्रों की मशीनें धोखा देने लगती हैं। इनको फुंकने से बचाने के लिये उपकेंद्रों पर तैनात एसएसओ को फीडरों पर काट-काट कर बिजली देनी पड़ती है। देहात क्षेत्र को 22 घंटे बिजली देने का आदेश है लेकिन क्षमता कम होने से गर्मी के मौसम में ट्रांसफार्मर दगा देने लगते हैं। इसी के चलते 10 से 12 घंटे ही बिजली मिलती है। इसी को देखते हुए शासन से जिले के 12 उपकेंद्रों की क्षमता वृद्धि करने का फैसला लिया है। शासन से क्षमता वृद्धि के लिये धनराशि स्वीकृत कर दी गई है। इस क्रम में विद्युत उपकेंद्र इंदरगढ़ में पहले दो ट्रांसफार्मर पांच-पांच एमवीए के लगे थे। अब यहां पांच एमवीए की क्षमता बढ़ाई जायेगी। इसी तरह विद्युत उपकेंद्र बहादुरपुर में पहले एक ट्रांसफार्मर पांच व दूसरा आठ एमवीए का लगा था। यहां पांच एमवीए को हटा कर 10 एमवीए का किया जायेगा। इसी तरह अकबरपुर सरायघाघ उपकेंद्र पर एक पांच एमवीए का ट्रांसफार्मर लगा था। यहां एक और पांच एमवीए का ट्रांसफार्मर लगाया जायेगा। विद्युत उप केंद्र पट्टी कढेरा में 10 एमवीए का एक ट्रांसफार्मर लगा था। अब यहां पांच एमवीए का और ट्रांसफार्मर लगाया जायेगा। उपकेंद्र किशई जगदीशपुर में पांच एमवीए का ट्रांसफार्मर लगा था। यहां एक और पांच एमवीए का ट्रांसफार्मर लगाया जायेगा। इसी तरह उपकेंद्र इंदुइयागंज में में पांच एमवीए का ट्रांसफार्मर लगा था। यहां एक और ट्रांसफार्मर लगाया जायेगा। उपकेंद्र सरायप्रयाग में पांच एमवीए का ट्रांसफार्मर लगा था। यहां पांच का और लगाया जायेगा। इसके अलावा उपकेंद्र मिघौली प्रेमपुर में पांच एमवीए का ट्रांसफार्मर लगा था यहां पांच का और ट्रांसफार्मर स्थापित किया जायेगा। उपकेंद्र अमोलर में पांच एमवीएका पहले ट्रांसफार्मर लगा था ओवर लोडिंग अधिक होने से यहां पर भी पांच एमवीए का और ट्रांसफार्मर लगेगा। इसके अलावा शेषपुर विशुनगढ़ में 10 एमवीए का ट्रांसफार्मर लगा था। यहां पांच एमवीए का ट्रांसफार्मर लगेगा। उपकेंद्र अनौगी में पांच एमवीए का ट्रांसफार्मर लगा था। यहां 10 एमवीए का एक और लगाया जायेगा। इसके अलावा उपकेंद्र छिबरामऊ द्वितीय में पांच एमवीए का ट्रांसफार्मर लगा था। यहां एक और 10 एमवीए का ट्रांसफार्मर स्थापित किया जायेगा।

इस तहर क्षमता वृद्धि के लिये तैयार हो रहे पैनल। अमृत विचार

> जिले के जिन विद्युत उपकेंद्रों को क्षमता वृद्धि के लिये चुना गया है। उनमें काम तेज कर दिया गया है। मार्च तक काम पूरा होने की संभावना है।
>
> -मगन सिंह, रविंद्र कुमार
> (अधिशाषी अभियंता विद्युत कन्नौज, छिबरामऊ)

- बिजली आपूर्ति की अवधि में होगा इजाफा

तीन उपकेंद्रों पर लग गये पैनल

कन्नौज। गर्मी का मौसम आने से पहले क्षमता वृद्धि कर ली जायेगी। इसके तहत विद्युत उपकेंद्र अकबरपुर सरायघाघ, उपकेंद्र पट्टी कढ़ेरा, उपकेंद्र किशई जगदीशपुर में ट्रांसफार्मर स्थापित करने के लिये पैनल स्थापित कर दिये गये हैं। जैसे ही ट्रांसफार्मर आते हैं तो इनको सीधे उपकेंद्र पर स्थापित कर दिया जायेगा। इसके बाद एक या दो दिन के अंदर सप्लाई बहाल कर दी जायेगी।

सदर कोतवाली में शिकायतें सुनते एसडीएम अविनाश गौतम व कोतवाली प्रभारी।

थाना समाधान दिवस में भूमि विवाद में उलझी रही पुलिस

- पुलिस व राजस्व टीम ने मौके पर पहुंच निपटाये विवाद

कन्नौज। जिले के थाना कोतवालियों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर मिली 48 शिकायतों में 22 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। डीएम व एसपी ने छिबरामऊ कोतवाली में फरियादियों की शिकायत सुनी। इस मौके पर तीन शिकायतें आई। इन में एक शिकायत निस्तारित की गई।

शनिवार को सदर कोतवाली में एसडीएम अविनाश गौतम ने कोतवाली प्रभारी विष्णु कांत तिवारी के साथ फरियादियों की शिकायत सुनी। अधिकतर भूमि संबंधी मामले आये। इन अवसर पर सात शिकायतें आई इन में पुलिस व राजस्व विभाग ने दो शिकायतों का निस्तारण कर दिया।

इस मौके पर गुरसहायगंज कोतवाली में पांच में से तीन शिकात निस्तारित की गई। इसी तरह तालग्राम में चार शिकायतों में एक निस्तारित, तिर्वा नौ में पांच शिकायत निस्तारित, ठठिया में ग्यारह में पांच, इंदरगढ़ दो में एक, सौरिख पांच में दो, विशुनगढ व सकरावा में एक-एक शिकायत आई जिसका निस्तारित किया गया। इस तरह कुल 48 शिकायतदों में 22 का समाधान किया गया।

चौथे दिन हुई मिले शव की पहचान

छिबरामऊ, कन्नौज। बीते बुधवार को नगर की सब्जी मंडी के पास मिले शव की पहचान चौथे दिन हुई। परिजन उसकी गुमशुदगी दर्ज कराने पहुंचे तो मौत की जानकारी हुई जिससे कोहराम मच गया।

दिनेश।

बुधवार को नगर की सब्जी मंडी के पास एक युवक का शव पड़ा मिला था। खोजबीन के बाद उसकी शिनाख्त न होने पर पुलिस ने शव को मुर्दाघर में सुरक्षित रखवा दिया था। शनिवार को कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज करने पहुंचे नगर की मोहल्ला ऊंचा विरतिया निवासी अशोक राठौड़ पुत्र राजाराम राठौर ने बताया कि उनका 32 वर्षीय भाई दिनेश बुधवार को घर से किसी को बताए बगैर कहीं चला गया था जो आज तक घर नहीं पहुंचा। अशोक ने पुलिस को फोटो दिखाई तो पता चला कि चार दिन पहले मिला शव दिनेश का था। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम हाउस भेजने की जानकारी दी।

खतौनी के लिए अब किसान कर सकेंगे ऑनलाइन भुगतान

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

अमृत विचार। तहसील में खतौनी की प्रमाणित प्रति लेने के लिए फुटकर पैसे देने पड़ते हैं। इस समस्या को देखते हुए राजस्व परिषद ने आनलाइन रुपया लेने के निर्देश दिए हैं। जल्द ही भूलेख मे डिजिटल भुगतान की सुविधा किसानों को मिलने लगेगी।

ऑनलाइन व्यवस्था में किसान अपनी भूमि की खतौनी तहसील के साथ-साथ कहीं भी जनसेवा केंद्र पर निकलवा सकता है। हालांकि प्रमाणित प्रति तहसील के भूलेख विभाग से प्राप्त करनी पड़ती है। प्रमाणित प्रति लेने के लिए किसानों के सामने फुटकर पैसों की समस्या रहती है। इस परेशानी को देखकर राजस्व परिषद ने निर्देश जारी किए कि प्रमाणित खतौनी प्रति के लिए कार्यालय पर ऑनलाइन भुगतान लेने की व्यवस्था की जाए। भूलेख प्रभारी राजेश पटेल ने बताया कि राजस्व परिषद ने तहसील के खतौनी काउंटर पर नकद भुगतान के साथ यूपीआई आधारित डिजिटल पेमेंट व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए हैं। किसान नकद के साथ काउंटर पर स्थापित क्यू आर कोड स्कैन कर भुगतान कर सकेंगे। एसडीएम अशोक कुमार ने बताया कि राजस्व परिषद से इस संबंध में एक पत्र मिला है। इसके अनुसार तहसील में जल्द नई व्यवस्था को लागू किया जाएगा।

साहब बंटवारे के लिए भाई कर रहे विवाद

गुरसहायगंज। ग्राम काजीपुरवा निवासी सोवरन पाल ने गांव लोगों पर नाली के विवाद में मारपीट में झगड़ा करने का आरोप लगाया। ग्राम सगरा निवासी रोहित कुमार ने भाइयों पर बंटवारे को लेकर विवाद करने का आरोप लगाया। समाधान दिवस में कुल 15 शिकायतें आई। इसमें पुलिस संबंधी 01 शिकायत का मौके पर निस्तारण करा दिया गया। राजस्व संबंधी चार शिकायतों को राजस्व कर्मियों को जांच के लिए सौंप दिया गया। कोतवाल ने पीड़ितों को न्याया का भरोसा दिलाया। इस दौरान कस्बा प्रभारी रोबिन सिंह, सराय प्रयाग प्रभारी आनंद कुमार मिश्रा, रविंद्र कुमार, प्रदीप त्यागी, आशीष कुमार सिंह, दीपांशु गंगवार, लेखपाल कौशल पांडेय आदि रहे।

कोर्ट की रोक के बाद बैनामा, रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

अमृत विचार। न्यायालय द्वारा रोक के बाद भी प्लाट का बैनामा करने के मामले में पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

कस्बा के सुभाष नगर निवासी मो. अजहर ने न्यायालय को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि कोतवाली क्षेत्र के तिर्वा सीमा पर बहादुरपुर गांव के पास गाजियाबाद जनपद के विजय नगर के प्रताप बिहार निवासी दर्शन देवी की जमीन है।

हरियाणा के करनाल क्षेत्र के नीलूखेड़ा गांव निवासी कृष्ण कुमार से जमीन का एग्रीमेंट किया था। इससे संगम सिटी फर्म के नाम से जमीन की खरीद फरोख्त का काम शुरू कर दिया था। कुछ दिन पहले कृष्ण कुमार व दर्शन देवी ने फर्जी तरीके से जमीन की बिक्री कर दी। जानकारी होने पर पुलिस से शिकायत की तो सुनवाई नहीं हुई। इस पर न्यायालय की शरण लेते हुए न्याय की गुहार लगाई है। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाल विजय सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

- आवासीय संस्था के पार्टनर ने दूसरे हिस्सेदार समेत दो पर लगाया आरोप

विवादित संगम सिटी में प्लाट बिक्री पर रोक का होर्डिंग

तिर्वा, कन्नौज। तिर्वा-कन्नौज सड़क पर तहसील पास आवासीय प्लाटिग का काम चल रहा है। संगम सिटी नाम से फर्म बनाकर प्लाटों की बिक्री की जा रही थी। करीब एक साल से दोनों पार्टनरों में विवाद हो गया। एक पार्टनर मोहम्मद अजहर ने न्यायालय की शरण ली। चार अप्रैल 23 को न्यायालय ने यहां भूखंड बिक्री पर रोक लगा दी। पांच माह बाद विवादित भूमि पर प्लाट फिर से बिकने लगे। इस पर मो. अजहर और फतेह ने यहां एक बडी होर्डिंग लगवा दी। इस पर कोर्ट से बिक्री पर रोक का आदेश लिखा गया है। इस होर्डिंग को लेकर लोग तरह-तरह की चर्चा कर रहे हैं। मुकदमे की पैरवी कर रहे दीवानी अधिवक्ता शैलेंद्र सिंह ने बताया कि जो प्लाटिंग हो रही थी वहां न्यायालय ने बिक्री पर रोक लगा रखी थी। इसके बाद भी बिक्री हो रही थी जो गलत है।

सार-संक्षेप

डीएम व पुलिस अधीक्षक ने सुनी फरियादियों की शिकायतें

छिबरामऊ। थाना समाधान दिवस में जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला व पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के पास दो शिकायतें आईं। इन में एक शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शिकायतों के निस्तारण के लिए पुलिस के साथ लेखपालों की टीम का गठन कर मौके पर भेजी गई। शनिवार को कोतवाली में थाना समाधान दिवस में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के पास सिर्फ राजस्व की दो शिकायतें आई। उनके निस्तारण के लिए पुलिस के साथ लेखपाल की टीम का गठन कर मौके पर भेजा गया। इस तरह एक शिकायत का निस्तारणकर दिया गया। दूसरी शिकायत का जल्द निस्तारण करने को निर्देश दिये गये।

बम विस्फोट के पीड़ितों को आर्थिक सहायता मिलेगी

कन्नौज। बम पीड़ितों को आर्थिक सहायता दिये जाने के लिये सचिव ने पीड़ित परिजनों से आवेदन मांगे हैं। इस तरह के लोगों को सरकार से सहायता दिलाई जायेगी। लवली जायसवाल अपर जिला जज एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय ने बम विस्फोट पीड़ितों को आर्थिक सहायता दिये जाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने रिट संख्या 182/2001 में मुंबई 1992-93 के दंगों, बम विस्फोटों के पीड़ितों के वारिसों को प्रलंबित आर्थिक सहायता प्रदान किये जाने के लिये निर्देशित किया था। उन्होंने बताया कि पारित निर्देशों के अनुपालन में महाराष्ट्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव की अध्यक्षता में गठित समिति ने उक्त दंगों, बम धमाकों में मृत अथवा लापता व्यक्तियों के वारिसों को प्रलंबित सहायता प्रदान किये जाने के लिये अपील की गयी है।

मेडिकल कॉलेज छात्रों को अध्ययन के लिए मिली पार्थिव देह

तिर्वा, कन्नौज। कानपुर के साकेत नगर 92 वर्षीय देवेंद्र प्रकाश गुप्त का निधन होने पर उनके पुत्र विनोद गुप्त ने अभियान प्रमुख मनोज सेंगर को फोन कर सूचना दी। सेंगर दंपति शाम साढ़े पांच बजे एंबुलेंस से देह लेकर चले और साढ़े सात बजे मेडिकल कॉलेज पहुंच कर एनाटमी हेड डा. मंजुला सिंह को पहली पार्थिव देह समर्पित की। देवेंद्र प्रकाश एक महाविद्यालय से शिक्षक पद से सेवानिवृत्त थे और 16 साल पहले वर्ष 2007 में देहदान संकल्प लिया था। गुप्ता परिवार से यह तीसरा देहदान है। इससे पूर्व जून 2007 में इनकी पत्नी तपेश्वरी देवी, फरवरी 2010 में बेटी ऊषा देवी ने देह दान की। देह समर्पण के समय देवेंद्र पुत्र विनोद गुप्त, पुत्रवधू गायत्री गुप्त, पौत्री रुचिका गुप्ता के साथ अभियान के वरिष्ठ संरक्षक प. शेष नारायण त्रिवेदी पप्पू के अलावा कन्नौज देहदान प्रभारी प. विनय दुबे दीपक और तिर्वा प्रभारी प. त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी थे।



देवेंद्र प्रकाश

कोतवाली पुलिस ने दो शातिरों की हिस्ट्रीशीट खोली

कन्नौज। कोतवाली पुलिस ने दो शातिर अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली है। दोनों बड़े पैमाने पर अपराध कर धन अर्जित करते थे। इनके अपराधों को देखते हुए प्रभावी नियंत्रण व निगरानी करने के लिये पुलिस अधीक्षक के अनुमोदन पर दोनों को हिस्ट्रीशीटर के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। सदर कोतवाली प्रभारी विष्णुकांत तिवारी ने बताया कि मुकेश पुत्र मेड़ेलाल ग्राम हिरापुर्वा थाना व जनपद कन्नौज का हिस्ट्रीशीट नंबर 146 ए है। इस पर धारा 147, 148,149, 452, 302, 34 भादवि व 7 सीएलए एक्ट, 3/25 शस्त्र अधिनियम, 307 भादवि(पुलिस मुठभेड़) थाना व जनपद कन्नौज में दर्ज हैं। इसी तरह हीरापुर्वा गांव का ही निवासी रामसेवक पुत्र परसुराम है, जिसका हिस्ट्रीशीट नंबर 147 ए है। इस पर धारा 147, 148, 149, 452, 302, 34 भादवि व 7 सीएलए एक्ट, 3/25 शस्त्र अधिनियम, 307 भादवि (पुलिस मुठभेड़), 3(1) गैंगस्टर एक्ट थाना व जनपद कन्नौज में दर्ज है।

विशिष्ट मंडी का निरीक्षण कर परखी कार्य की हकीकत

तिर्वा। विशिष्ट मंडी में हो रहे निर्माण की हकीकत परखने पहुंचे अधिकारियों ने जल्द कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे के समीप विशिष्ट आलू मंडी है। आलू के साथ साथ सब्जियों व फलों के लिए 42 दुकानों का निर्माण शुरू कराया गया है। शनिवार को विशिष्ट मंडी का निरीक्षण करने पहुंचे चीफ इंजीनियर

'उन दिनों' पर बात — जिले के सभी 19 राजकीय माध्यमिक स्कूलों में शुरू होगी सुविधा, किशोरी सुरक्षा योजना के तहत वर्तमान में दो संस्थानों में ही सुविधा

विद्यालयों में ही बनेंगे सैनेटरी पैड और वहीं नष्ट भी किए जाएंगे

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। गांव व कस्बों में चुप्पी टूटने लगी है। स्वच्छता की वजह से 'उन दिनों' के लिए खुलकर बात होने लगी है। अब तक परिवार कल्याण की ओर से छात्राओं के लिए सैनेटरी पैड मुहैया कराए जाते हैं, लेकिन बहुत जल्द ही राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में मशीन से इसे बनाया जाएगा। उपयोग करने के बाद पैड मशीन से जलाकर नष्ट किए जाएंगे। करीब साढ़े चार लाख रुपये की लागत से मशीनें आ गईं हैं जो 17 विद्यालयों में लगेंगी।

हर महीने किशोरी सुरक्षा योजना के तहत सैनेटरी पैड निशुल्क वितरण करने की व्यवस्था है। जनपद में छह राजकीय इंटर कॉलेज व 13 राजकीय हाईस्कूल हैं। वर्तमान में जीआईसी उमर्दा व छिबरामऊ के कॉलेज में मशीनें लगीं हैं। अन्य 17 राजकीय विद्यालयों के लिए सैनेटरी पैड वेंडिंग एवं इन्सीनेरेटर मशीनें डीआईओएस कार्यालय में आ गईं हैं। जल्द ही इनका वितरण कराया जाएगा और विद्यालयों में लगाकर छात्राओं को सुविधा दी जाएगी। डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह का कहना है कि सरकार का स्वच्छता, सुरक्षा व निजता पर जोर है। इसी के तहत विद्यालयों में सुविधाएं मुहैया कराई जा रहीं हैं।

इन्सीनेरेटर मशीन की खासियतें : इस मशीन में सैनिटरी नैपकिन नष्ट किया जाता है। इससे शौचालय में सफाई बनी रहती है। संक्रमण फैलने का भी डर नहीं होता। मशीन में लगी बटन दबाते के बाद हरी रंग की लाइट जलेगी और 15 मिनट में सभी नैपकिन जलकर नष्ट हो जाएंगे। हरी बत्ती जलने का आशय है कि पहले से मौजूद नैपकिन नष्ट होने लगे हैं। इस दौरान कोई नैपकिन मशीन में नहीं डाला जाएगा। सभी नैपकिन नष्ट होने के बाद मशीन स्वयं बंद हो जाएगी। उसके बाद ट्रे में राख दिखेगी। उसे निकालकर कूड़ेदान में डाला जाएगा।

राजकीय इंटर कॉलेज उमर्दा व छिबरामऊ के रमाबाई बालिका कॉलेज में लगीं मशीनें।

- डीआईओएस कार्यालय में आ गईं सैनेटरी पैड वेंडिंग एवं इन्सीनेरेटर मशीन

इस तरह बनेगी स्कूल की कमेटी

- स्कूल की गृह विज्ञान/विज्ञान शिक्षिका क्लब की इंचार्ज होंगी।
- कक्षा नौ व 11 की एक-एक छात्रा भी क्लब की सदस्य रहेंगी।
- आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/आशा कार्यकर्ता को भी सदस्य बनाया जाएगा।
- स्वयं सेवी संस्था जो स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हों सदस्य रहेंगे।
- हर महीने के अंतिम शनिवार को बाल सभा या खेल की कक्षा में स्वच्छता की जानकारी देंगे।
- जुलाई से हर महीने कक्षा छह से 12 तक की छात्राओं के लिए एक-एक जागरुकता बैठक होगी।
- गर्मियों की छुट्टियों में छात्राएं आसपास के लोगों में कम से कम पांच अन्य बालिकाओं को भी जागरूक करेंगी।

सैनेटरी पैड वेंडिंग के बारे में जानिए

शिक्षा विभाग की गाइड लाइन के मुताबिक सैनेटरी पैड वेंडिंग एवं इन्सीनेरेटर मशीन स्कूल के बालिका शौचालय के अंदर लगाई जाएगी। यहां वायरिंग, हाई वोल्टेज सप्लाई व पॉवर प्लग की सुविधा बेहतर होनी चाहिए, जिससे छात्राओं की निजता बनी रही। मशीन लगाने वाली जगह के निकट बड़े अक्षरों में उसका प्रयोग करने के नियम भी लिखे जाएं, जिससे छात्राओं को दिक्कत न हो। इसके लिए प्रधानाचार्य स्कूल की ही एक शिक्षिका को नोडल नामित करेंगे और स्कूल में कमेटी भी बनाई जाएगी।

माघी पूर्णिमा पर हजारों ने लगाई गंगा में पुण्य की डुबकी

मेला रामनगरिया में हुए अग्निकांड की वजह से संतों ने नहीं निकाली शोभायात्रा

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

गंगा स्नान कर रहे भक्त । अमृत विचार

अमृत विचार। गंगा तट पांचाल घाट पर लगे मेला रामनगरिया में माघी पूर्णिमा के पर्व पर हजारो लोगो ने गंगा में डुबकी लगाई। सन्तो ने मेला रामनगरिया के अंतिम दिन मेला में हुए अग्नि कांड को देखते हुए शोभा यात्रा नही निकाली। गंगा स्नान कर घर लौट रहे कल्प वाशियों ने संत महात्माओं को फूल मालाओं से लाद दिया। इस मौके पर बच्चा बाबा और बाबा बटेश्वर दास ने कहा किइस पवित्र स्थान पर कल्पवास करते हुए एक महीना कब बीत गया यह पता ही नही चला। सन्तो की इस तप स्थली पर पूजा अर्चना करने का और ही आनन्द होता है। यहां कल्पवास करने से मानसिक शांति और आत्मिक आनंद की अनुभूति होती है ।उन्होंने कहा कि इस पांचाल घाट की रज से बुद्धि शुद्ध होती है । संतों का आभूषण ही भस्म होती है ।उन्होंने कहा भागीरथी का आखिरीपरिक्रमा नही कर पाए है। जिसकी खास बजह यह रही कि मेला में अग्नि कांड हो गया। इस मौके पर बच्चा बाबा ने कहा कि भागीरथी के पावन तट पर इस समय स्वर्ग उतरा हुआ है ।इस स्वर्ग में देवता विचरण कर रहे हैं। बच्चा बाबा ने कहा कि पांचाल घाट पर गंगा नहाने का बहुत ही बड़ा महत्व है। यहां गंगा स्नान करने से कौवा कोयल बन जाते हैं और बगला हंस बन जाते हैं। ऐसे पवित्र स्थान पर स्नान करने का ही महत्व तो है ही मंजन करने का भी बहुत बड़ा महत्व है । इसी बजह सन्त महात्माओ ने आज मेला राम नगरिया के अंतिमदिन पांचवा शाही स्नान किया। शाही स्नान के समय सन्तो ने बेरिकेटिंग के अंदर रह कर गंगा में डुबकी लगाई ।पांडवों की इस तप स्थली पर इस समय राम की नगरी बसी हुई है। जिसे रामनगरिया के नाम से जाना जा रहा है। मौजूदा समय में यहां लाखों कल्पवाशी भागीरथी के तट पर रहकर ध्यान साधना कर रहे हैं।

माघ मास की पूर्णिमा पर पांचाल घाट पर हजारों की संख्या में लोगों ने भागीरथी में डुबकी लगाई ।यहां उमड़ी गंगा भक्तो की भीड़ की बजह इटावा बरेली हाइवे पर पूरे दिन जाम की स्थिति बनी रही। हालांकि एसपी विकास कुमार ने गंगा स्नान को देखते हुए रूट डायवर्जन कर दिया था ।इसके बाद भी यहां कई घण्टे जाम लगा रहा। शमसाबाद के ढाई घाट,कम्पिल के अतेना घाट,श्रंगी रामपुर में भी गंगा भक्तो ने पहुंच कर स्नान दान किया। आज अंतिम दिन भक्तो की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

संतों ने दी अग्निकांड में जले किशोर को श्रद्धांजलि

फर्रुखाबाद। पंच दशनामी जूना अखाड़े के अध्यक्ष सत्य गिरी महाराज ने मेला की समाप्ति से एक दिन पहले रामनगरिया में लगी आग और जल कर मरे किशोर पर गहरा दुख प्रकट किया। सन्तो ने मृत किशोर को श्रद्धाजलि दी। सत्य गिरी महाराज ने कहा कि यह पहली बार हुआ है। इससे पहले मेला में कभी आग नही लगी। इस दुर्दिन को कभी भुलाया नही जा सकेगा।

पांचाल घाट पर लगे मेला राम नगरिया में उमड़ी भीड़ । अमृत विचार

रोडवेज बस स्टैंड से आईटीआई चौराहा तक लगा जाम

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। माघ पूर्णिमा के स्नान के चलते शनिवार को रोडवेज बस स्टैंड से लेकर आईटीआई चौराहा तक भीषण जाम लग गया। यातायात व कादरीगेट चौकी पुलिस करीब दो घंटे बाद जाम खुलवा सकी। जाम लगने से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। मां भागीरथी में स्नान के लिए सुबह से ही लोगों का पहुंचना शुरू हो गया।

शनिवार सुबह करीब 10 बजे वाहनों की संख्या अधिक होने की वजह से लालगेट पर जाम लग गया। कुछ ही देर में आईटीआई चौराहा, कादरीगेट रोड शनि मंदिर और रोडवेज बस अड्डा तक वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। थाना व यातायात पुलिस को करीब दो घंटे पसीना बहाने के बाद जाम खोलने में कामयाबी मिली। जाम की सबसे अधिक वजह ट्रैक्टर-ट्राली बने। दूरदराज से आए वाहनों की संख्या अधिक होने से शहरियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

बाइक से लौट रहे पिता-पुत्र मार्ग दुर्घटना में घायल

क़ायमगंज-फर्रुखाबाद। नवाबगंज थाना क्षेत्र में दो बाइको के भिड़ने से पिता पुत्र घायल हो गए। पड़ोसी जिला मैनपुरी के थाना बेबर के गांव मोहब्बतपुर निवासी अंकित राठौड़ अपने पिता राजेश राठौड़ के साथ शमसाबाद ढाई घाट से गंगा स्नान कर बाइक से घर जा रहे थे। नवाबगंज-बबना मार्ग पर स्थित डिग्री कालेज के निकट सामने से आ रहे बाइक सवार ने अंकित की बाइक में टक्कर मार दी। अंकित व राजेश राठौड़ घायल हो गए।

वैदिक क्षेत्र में चल रहे यज्ञ में पूर्ण आहुति दी गई

फर्रुखाबाद। मेला श्रीरामनगरिया में चल रहे वैदिक क्षेत्र में चरित्र निर्माण शिविर में एक माह से चल रहे यज्ञ की आज पूर्णाहुति की गयी। यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य चन्द्रदेव शास्त्री ने कहा कि यज्ञ की पूर्णाहुति पर हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि सभी की शुभभावनाएं पूर्ण हों। यह मेला श्रीराम के नाम से है इसलिए श्रीराम के आदर्श को जीवन में उतारने से ही मेला श्रीरामनगरिया में आने की वास्तविक सार्थकता है। ऐश्वर्य, धर्म, यश, श्री, ज्ञान और वैराग्य इन छः गुणों से युक्त व्यक्ति श्रीराम का सच्चा भक्त होता है। श्रीरामनगरिया मेले में आये हुए सभी कल्पवासियों ने प्रभु परमपिता परमात्मा का भजन करते हुए परोपकार के कार्यों को निःस्वार्थ भाव से किया है, इसलिए सभी कल्पवासियों का हम आभार व्यक्त करते हैं। डॉक्टर शिवराम आर्य ने पुलिस विभाग, मेला प्रभारी अपर जिला अधिकारी, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, मेला व्यवस्थापक, सफाई कमर्चारियों तथा समस्त प्रसाशन के कर्मचारियों व शिविर में आये साधु संतों व सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं ने धन्यवाद वआभार व्यक्त किया।

एक नजर

छात्र का अपहरण करने में नौ के खिलाफ रिपोर्ट

फर्रुखाबाद। मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र छात्र में अपहरण करने के उद्देश्य के मामले में नौ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। हालांकि पीड़ित के काफी प्रयास के बाद पुलिस को रिपोर्ट दर्ज करने में एक माह लग गया। कोतवाली क्षेत्र के गांव नगला भवानी सिंह निवासी राजेश कुमार ने गांव के अमरनाथ, ललई, रामलखन, प्रदीप, गोविंद, चार अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप लगाया कि नौ वर्ष का पुत्र कुशाग्र गैसिंगपुर स्थित एसआरएस ग्लोबल एकाडमी में कक्षा चार में पढ़ता है। 23 जनवरी को पुत्र स्कूल में पढ़ने गया था। उसी दौरान उसे अपहरण करने के उद्देश्य से पकड़ लिया। स्कूल प्रबंध तंत्र के लोगों को इसकी भनक लगी। उन्होंने सभी लोगों को बैठा लिया।

दुर्घटना में दो घायल

कायमगंज। अलग अलग मार्ग दुर्घटना में क्षेत्र के गांव रमापुर निवासी अमित, अलाहदादपुर निवासी तनू घायल हो गए। दोनो के परिजन सीएचसी लाए।

फिनायल पीया

कायमगंज। नगर के मोहल्ला बगिया निवासी अंकित ने फिनायल पी लिया। परिजन सीएचसी लेकर आए।

गंगा किनारे डेरा डाले परिजन । अमृत विचार

फसल की रखवाली कर घर लौट रहा किसान गंगा में डूबा

संवाददाता, कायमगंज-फर्रुखाबाद

अमृत विचार। गंगा पार फसल की रखवाली कर घर वापस आते समय किसान गंगा में डूबा। गोताखोर खोजने में जुटे है। सूचना पर पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा। किसान के डूबने की सूचना पर परिजनों में कोहराम मचा है। पत्नी का रो-रो कर बुरा हाल है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव कुआखेड़ा चौकी के अंतर्गत गंधिया गांव निवासी जयपाल राजपूत गंगा के उस पार बटाई पर खेत लिए है। जयपाल ने उसमें गेहूं की फसल बोई है। शनिवार की सुबह रोज की भांति वह गेहूं की रखवाली कर वापस अपने गांव गंगा तैर कर आ रहा था। तभी उसके पैर उखड़ गए और गहरे पानी में डूबने लगा। वहां गंगा स्नान कर रहे लोगो ने चीखपुकार मचाई। इसी बीच वह और गहरे पानी में चला गया और ओझल हो गया। इससे हडकंप मच गया। घटना की जानकारी पर परिजनों व ग्रामीण मौके पर पहुंचे। पुलिस को सूचना दी गई जिस पर कुआखेड़ा चौकी प्रभारी विश्वनाथ आर्य फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होनें उच्चाधिकारियों को सूचना दी। सूचना पर नायब तहसीलदार सृजन कुमार राजस्व कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे।

सपा के महानगर अध्यक्ष ने सुनीं लोगों की समस्याएं

फर्रुखाबाद। समाजवादी पार्टी महानगर अध्यक्ष राघव दत्त मिश्रा की देखरेख में खटकपुरा इज्जतखां में जनसुनवाई कैंप लगाया गया। इसमें लोगों का तांता लगा रहा। महानगर अध्यक्ष ने कहा कि जिम्मेदार कागजों में समस्या का समाधान कर रहे हैं। जबकि जनता बेहाल है।

शनिवार को महानगर अध्यक्ष राघवदत्त मिश्रा की अध्यक्षता में कैंप प्रभारी हाफिज नसीम अंसारी ने जनता की समस्याएं सुनीं। हाफिज नसीम अंसारी, खुर्शीद खान, उरुज खां, अमन भारद्वाज, सत्यम अवस्थी आदि ने लोगों की अलग-अलग दिक्कतों की जानकारी ली। इसमें इरशाद, मोहम्मद हफीश, मोहम्मद फैजान, नासिर, आमिर, अलतमज, अख्तर, अशलम, युसुफ, रियाज़ समेत 28 लोगों ने पीने के पानी, कूड़ा समय पर न उठना, नालियों की सफाई न होना, बिजली के झूलते तार की जानकारी दी। नए राशन कार्ड और वृद्धावस्था पेंशन संबंधी शिकायतें कीं।

शिविर में गैरजनपदों से भी पहुंचे दिव्यांग

संवाददाता, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। एसएन साध ट्रस्ट के सौजन्य में दिव्यांग शिविर सुबह 9 बजे से शुरू हुआ शनिवार को शिविर का दूसरा दिन था। शिविर में सुबह से ही मरीजों के आने का सिलसिला जारी रहा। जिले के साथ-साथ आस-पास के जिलों से भी हरदोई, मैनपुरी,अलीगंज, एटा, से भी मरीज आए। उन्हें निःशुल्क उपकरण व तकलीफ पर परीक्षण कर औषधि वितरित की गई।

मरीजों से बात करने पर सबसे ज्यादा प्रसन्नता मरीजों और उनके तीमारदारों द्वारा ये जताई गई की इस शिविर में बिना कोई भेद भाव के सभी आम जनमानस उच्च स्तरीय निःशुल्क सेवाएं दी जा रही है। उसके साथ ही उत्तम भोजन पैकेट व चाय, बिस्कुट, की व्यवस्था के साथ-साथ गर्म दूध की भी व्यवस्था इस बार की गई है। मरीजो और तीमारदारों ने सभी आयोजन कर्ताओं का दिल से आभार प्रकट किया।

शिविर की सयोजक वरिष्ठ समाज सेवी डॉक्टर रजनी सरीन और ट्रस्ट के प्रमुख ट्रस्टी राकेश साध व चमकेश साध ने कहा कि उस परमपिता परमात्मा की कृपा से हम लोगो का अब ये ही उद्देश्य है की ज्यादा से ज्यादा कैसे सेवा कार्यों को और बढ़ाया जाए। इसी के साथ शिविर के सेवा कार्य में लगे सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

दिल्ली से विशेष रूप से शिविर में अपनी सेवा प्रदान करने आई मधु साध, रंजना साध प्रिया साध, रितेश साध, राहुल साध ने सुबह से ही व्यवस्था सभाली। भगवान महावीर विकलांग दिव्यांग सहायता समिति के 6 विशेषज्ञ द्वारा अपनी सेवाए प्रदान की जा रही है। जो व्यक्ति कान की समस्या से जूझ रहा है, उसके लिए शहर के जाने माने ई. एन. टी. स्पेशलिस्ट डॉ शिखर सक्सेना व उनकी टीम मरीजो का परीक्षण कर उनको दवाइयां व कान की मशीन ट्रस्ट द्वारा निशुल्क दी जा रही है। इसी के साथ डॉक्टर कार्तिकेय सिंह (फिजिशियन) ने पेट से संबंधित समस्या से जूझ रहे मरीजों को अपनी सेवाए प्रदान की और उनको दवाइयां ट्रस्ट की तरफ से निःशुल्क दी गई। इस कार्य में रोहित गर्ग, उदय पाल, सुजीत श्रीवास्तव, शीश मेहरोत्रा, विजय, आकाश सिंह, राहुल कश्यप, प्रभात पाण्डे, नरेश, सत्यनारायण, रॉबिन साध शेखर, और जयपुर की पूरी टीम का विशेष सहयोग रहा। आज 134 रोगियों ने पंजीकरण कराया।

व्हील चेयर पाकर खुश दिव्यांग के परिजन। अमृत विचार

बांटे गए उपकरणों की संख्या	
कृत्रिम हाथ	02
व्हीलचेयर	14
छड़ी	22
कैलिपर	14
कृतिम पैर	09
वैशाखी	18
वॉकर	08
जूते	26
कान की मशीन	43

चाइल्ड हेल्प लाइन पर हुई शिकायत की जांच लटकी

कार्यालय संवाददाता,फर्रुखाबाद

- डीआईओएस बोले, जांच रिपोर्ट मिली नहीं

अमृत विचार। माध्यमिक शिक्षा विभाग की जांच पूरी न होने से इंटरमीडिएट की परीक्षा न देने वाले भाई-बहन का कहीं भविष्य चौपट न हो जाए। बजह विभाग अभी तक जांच पूरी नहीं कर सका है और 27 फरवरी को इंटमीडिएट गणित की परीक्षा है। विभागीय अधिकारी एक-दूसरे के पाले में गेंद डालकर बच रहे हैं। वहीं यह बात भी निकलकर आ रही है कि जिस स्कूल में भाई-बहन पढ़ रहे थे, उस स्कूल की हाईस्कूल तक की ही मान्यता है।

शमसाबाद ब्लॉक के गांव हंसापुर गौराई निवासी संदीप कुमार ने चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर पर की शिकायत में कहा था कि उसकी पुत्री काजल और पुत्र अंशुल सत्य प्रकाश मिथलेश कुमारी इंटर कॉलेज मधुपुर में कक्षा 12 में पढ़ते हैं। प्रवेश पत्र न मिलने पर हिंदी का पहला पेपर न दे पाने का आरोप लगाया था। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को जांच कर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। डीआईओएस ने भी जांच कर एडमिट कार्ड दिलवाने की बात कही थी। शनिवार को पूछे जाने पर डीआईओएस नरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि आज छुट्टी होने के चलते जांच पूरी नहीं हो सकी। जांच अधिकारी जीआईसी रोशनाबाद के शिक्षक रामदास को बनाया गया है। संदीप के बच्चों का किस विद्यालय से इंटरमीडिएट में प्रवेश होता है।

थाना समाधान दिवस में जमीन से संबंधित शिकायतें आईं, भेजी टीमें

संवाददाता, कायमगंज-फर्रुखाबाद

अमृत विचार। शनिवार को थाना दिवस में जमीन से संबंधित कई शिकायते आई, जिसकी जांच के लिए टीमे भेजी गई है।

थाना समाधान दिवस का आयोजन प्रभारी निरीक्षक रामऔतार की अध्यक्षता में हुआ। जहां फरियादियों में रुटौल निवासी अजीत ने शिकायत की वह बाहर रहता है। उसके भाई ने उसके घर का ताला तोड़कर उसके मकान पर कब्जा कर लिया। मोहल्ला पृथ्वीदरवाजा निवासी विमला ने फरियाद की जौरा रोड निवासी एक ग्रामीण उसे आए दिन गाली गलौज करता है और जान से मारने की धमकी देता है। इसकी कई बार शिकायत कर चुकी है। क्षेत्र के गांव च्योलारा निवासी मिथलेश ने उसकी जमीन पर जबरिया कब्जा करने वालों की शिकायत की। मैनपुरी क्षेत्र के थाना बिछवा के गांव सैदपुर भगौली निवासी सोनकली ने कहा उसे पैतृक गांव पैथान खुद बुजुर्ग में पिता की जमीन मिली है। उसके नाम दर्ज है। उस जमीन पर सह खातेदार दबंगई के बल पर कब्जा किए है। कई बार शिकायत के बाद कुछ नहीं हुआ। इस दौरान आए शिकायती पत्रों की जांच के लिए पुलिस व राजस्व टीम को भेजा गया। इस दौरान 5 शिकायती पत्रों में 3 का मौके पर निस्तारण हुआ।

- पांच फरयादियों ने दिए प्रार्थना पत्र, तीन का तत्काल किया गया निस्तारण

शिकायत करते फरियादी । अमृत विचार

भाकियू भानू ने की कल महापंचायत की घोषणा

अमृतपुर-फर्रुखाबाद। किसान यूनियन (भानू गुट) ने 26 फरवरी सोमवार से अनिश्चित कालीन विशाल महापंचायत धर्मपुर मढ़ी के सामने फर्रुखाबाद बदायूं मार्ग के पास करने की तैयारी शुरू कर दी है। किसान यूनियन (भानू गुट) के जिला अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ने धर्मपुर मढ़ी पर बैठक कर बताया कि जन समस्याओं एवम् जिले के विकास के लिए 14 सूत्रीय मांगों को लेकर किसान यूनियन (भानू गुट) फर्रुखाबाद बदायूं मार्ग के पास विशाल महापंचायत का आयोजन 26 फरवरी से करने जा रही है। जिसमे बड़ी संख्या मे किसान भाग लेंगे। उन्होंने कहा हमारा आंदोलन शांतिपूर्ण ढंग से होगा ।जिलाध्यक्ष ने कहा मांगों के निस्तारण तक महापंचायत चलेगी।

गोली से घायल सोनू। अमृत विचार

जन्मदिन समारोह से निकल रहे युवक को मारी गोली, गंभीर

संवाददाता, कायमगंज-फर्रुखाबाद

अमृत विचार। नगर के मोहल्ला कूचा में बर्ड डे पार्टी से वापस घर आते वक्त गांव प्रेमनगर के युवक को बाइरसवार अज्ञात व्यक्ति गोली मारकर फरार हो गया। उसे गंभीर हालत सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से उसे जिसा अस्पताल के लिए रैफर कर दिया। जिला अस्पताल से हायर सेंटर सैफई के लिए रैफर कर दिया गया जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस जांच में जुटी है।

बीती देर रात नगर से सटे गांव प्रेमनगर निवासी सोनू को गंभीर हालत में परिजन सीएचसी लेकर पहुंचे। इलाज के दौरान सोनू ने बताया कि वह नगर के एक निजी मेडिकल स्टोर में काम करता है। कूचा मोहल्ले में वह अपने दोस्त के भतीजे के जन्म दिन की पार्टी में गया था। जब वह दोस्त के घर से नीचे उतरा। तभी एक बाइक सवार आया और उसने फायर कर दिया। अंधेरा होने की बजह से कुछ नहीं दिखा। इधर प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टर अमित कुमार ने गंभीर घायल सोनू को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जहां से गंभीर हालत में सैफई के लिए रेफर कर दिया गया। जहां सोनू का इलाज जारी है। इधर घायल के पिता रिषीपाल ने बताया उसकी किसी से रंजिश नहीं है। घटना की जानकारी पर पुलिस ने घायल के परिजनों से जानकारी की वही घटनास्थल पर भी जांच की। जहां बर्थ डे पार्टी थी वहा भी परिजनों से बात की। पुलिस आसपास सीसीटीवी कैमरे खंगालने में जुटी है। आखिरकार गोली कैसे लगी और किससे चली। इसको लेकर पुलिस जांच कर रही है।

टकोरा मारकर ग्रामीण को किया घायल

कायमगंज फर्रुखाबाद। सलेमपुर दूदेमई में परिवार के ही पांच आरोपितो ने लाठी-डंडे व टकोरा मार कर ग्रामीण को घायल कर दिया। पुलिस जांच में जुटी है। कोतवाली क्षेत्र के गांव सलेमपुर दूदेमई निवासी देशराज को घायलावस्था में पुलिस सीएचसी लेकर पहुंची। जहां घायल के भाई हेतराम ने बताया उसके घर के सामने परिवार की साझे में जगह है। जहां पर गिट्टी पड़ी है। परिवार के कुछ लोगो ने गिट्टी बिछा दी जिसका उसके भाई देशराज ने विरोध किया। तभी परिवार के ही पांच आरोपित आए और लाठी डंडे व टकारे से मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

तोहफा बिजली बिल को लेकर परेशान उपभोक्ताओं के लिए राहत भरी खबर

सोलर रुफ टॉप पावर प्लांट लगाने में 75 प्रतिशत छूट

संवाददाता, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। महंगे बिल के बोझ से दबे उपभोक्ताओं को सरकार कम खर्चे पर बिजली मुहैया कराएगी। इसके लिए सरकार ने प्रधानमंत्री सूर्य-घर मुफ्त बिजली योजना शुरू की है। इसके तहत घरेलू उपभोक्ताओं को एक से दो किलोवाट क्षमता का सोलर रुफ टॉप प्लांट लगा सकेंगे। सरकार उन्हें 75 प्रतिशत की सब्सिडी भी देगी।

घरेलू उपभोक्ताओं पर बिल का बोझ कम करने और बिजली की बचत के लिए सरकार ने पीएम सूर्य-घर मुफ्त बिजली योजना शुरू की है। इसके तहत जितनी क्षमता का घर में बिजली कनेक्शन होगा, उतनी ही क्षमता के अनुदान पर ग्रिड कनेक्टेड सोलर रूफ टॉप पावर प्लांट दिया जाएगा। एक से दो किलोवाट तक के प्लांट पर 75 प्रतिशत अनुदान मिलेगा। एक किलोवाट का प्लांट लगाने पर 75 फीसद अनुदान के साथ 15 हजार रुपये, जबकि दो किलोवाट के प्लांट पर 30 हजार रुपये खर्च करने होंगे। दो किलोवाट के प्लांट की करीब एक लाख 20 हजार रुपये लागत है। इसमें उपभोक्ता को 60 हजार रुपये केंद्र सरकार और 30 हजार रुपये राज्य सरकार अनुदान देगी। सोलर प्लांट से बनने वाली बिजली उपभोक्ता बिजली विभाग को देगा।

इससे प्लांट से बनने वाले यूनिट काटकर विभाग अपना बिल भेजेगा। दो किलोवाट के कनेक्शन पर औसतन 300 यूनिट खर्च करने वाले उपभोक्ता को 60 यूनिट का ही बिल चुकाना होगा। इससे एक माह में करीब 1500 रुपये बिजली बिल में बचत होगी। दो किलोवाट का रूफ टॉप प्लांट लगाने के लिए छत का क्षेत्रफल 20 वर्गमीटर व एक किलोवाट के लिए 10 वर्गमीटर होना चाहिए। कनेक्शन क्षमता बढ़ने के साथ अनुदान का प्रतिशत घटता जाएगा। 60 हजार रुपये प्रति किलोवाट खर्च के हिसाब से अधिकतम अनुदान राशि एक लाख 8 हजार रुपये तक निर्धारित की गई है। प्लांट लगवाने के लिए उपभोक्ता को ऑनलाइन पंजीकरण करना होगा। यूपी नेडा से चयनित फर्म घर पर जाकर प्लांट लगाएंगी।

हाईकोर्ट ने बर्खास्त शिक्षिका को दोबारा सुनने का दिया आदेश

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। बिना बताए अनुपस्थित चल रही शिक्षक को तत्कालीन जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने बर्खास्त कर दिया था। पीड़िता ने बर्खास्तगी आदेश के खिलाफ न्यायालय की शरण ली। न्यायालय ने बीएसए को बर्खास्त शिक्षक की दोबारा सुनवाई किए जाने के आदेश दिए हैं।

कमालगंज क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय राठौरा नगला नींव में तैनात शिक्षक साधना यादव बिना बताए स्कूल से वर्ष 2020 से गैरहाजिर चल रही थीं। 21 जून 2023 को तत्कालीन बीएसए ने उन्हें साक्ष्य समेत उपस्थित होने के अंतिम नोटिस जारी किया था। इसके बाद 28 जून को बीएसए ने विद्यालय से बिना सूचना अनुपस्थित रहने का दोषी मानते हुए शिक्षक साधना यादव को बर्खास्त कर दिया था। इसके बाद शिक्षक साधना यादव ने हाईकोर्ट में रिट दायर की थी। न्यायालय ने बीएसए को आदेश दिए कि बर्खास्त शिक्षक साधना यादव को सुनवाई के लिए मौका दिया जाए। बीएसए गौतम प्रसाद ने बताया कि हाईकोर्ट ने बर्खास्त शिक्षक साधना यादव के मामले में दोबारा सुनवाई के आदेश दिए हैं।

भारत की प्रज्ञा में ऋषि का सम्मान

हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> विकास का क्रम सूक्ष्म से स्थूल की ओर हुआ है। भारतीय चिंतन के पांच महाभूतों-आकाश, वायु, अग्नि, जल और पृथ्वी में आकाश पहला है। आकाश का गुण शब्द बताया गया है। ऋग्वैदिक पूर्वजों के अनुसार "ऋचाएं या कविताएं परम व्योम" में रहती हैं और वहीं से चलकर जागृत मनुष्यों के चित्त में उतर जाती हैं।"

अयोध्या अंतर्राष्ट्रीय चर्चा में है। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर विश्व आकर्षण है। लाखों श्रद्धालु दर्शनार्थ आ रहे हैं। अयोध्या में दर्शनार्थियों का मेला है। प्रसन्नता का विषय है कि यहीं सप्त ऋषियों का मंदिर भी बनाने की तैयारी है। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने यह घोषणा की है। सप्त ऋषि मंदिर का निर्माण मार्च से शुरू होना है। भारत के अंतःकरण में ऋषियों के प्रति श्रद्धा है। ऋषि अनूठे हैं। वे प्रकृति की प्रत्येक गतिविधि के द्रष्टा हैं। सो उन्हें ऋषि कहा गया-ऋषयो मंत्र द्रष्टार। जो मंत्र देखता है वही ऋषि है। वैदिक साहित्य के कवि ऋषि कहे जाते हैं। वे संन्यासी नहीं हैं। साधारण गृहस्थ हैं। वे परिवार चलाते हैं। खेती सहित जीविका के अन्य काम भी करते हैं लेकिन मंत्र सृजन भी करते हैं। वे प्रकृति के प्रति आत्मीय हैं। वे मधु प्रिय हैं। मधु और आनंद पर्यायवाची हैं। अस्तित्व के कण कण व हरेक रूप पर उनकी दृष्टि है। वे आश्चर्यजनक द्रष्टा हैं। जल, अग्नि, वायु, पृथ्वी के साथ ही आकाश तक देखते हैं। सूर्य के निराधार लटके होने पर भी उनके मन में प्रश्न थे। भारतीय परंपरा में आनंद प्राप्ति की अनेक साधनाएं थीं। साधनारत लोग साधू कहे गए। साधना में सिद्ध जन मुनि बताए गए लेकिन ऋषि की बात ही दूसरी है। राजा को बड़ा बताना हो तो राजर्षि कहा गया। प्राचीन साहित्य में ब्रह्मवेत्ता की बड़ी प्रशंसा है लेकिन उसे भी और बड़ा बताना हो तो ब्रह्म ऋषि कहने की जरूरत पड़ी। ऋषि पूरी सृष्टि को आत्मीयता से देखते हैं और पूरी आत्मीयता से मंत्र भी गाते हैं।

भारत की प्रज्ञा में बहुत गहरे तक ऋषि का सम्मान है। नारद को ही लीजिए। नारद जैसी क्षमता वाला दूसरा पात्र परंपरा में नहीं है। उनके लिए भौगोलिक दूरी का कोई मतलब नहीं। वे सभी लोकों में घूमते हैं। वाद्य यंत्र लेकर समय का अतिक्रमण करते हैं। एक पल में इस लोक में अगले पल दूसरे लोक में। वे वैदिक मंत्रों में मिलते हैं और पुराण काल की कथाओं में भी। महाभारत और रामायण की भी तमाम कथाओं में उनके विवरण हैं। उन्हें देव कहकर भारत का मन नहीं अघाया। सो देव के साथ ऋषि जोड़ा गया। वे देवर्षि कहे गए। जान पड़ता है कि परंपरा में ऋषि होना ही बड़ा होना है, बिना ऋषि हुए क्या होना? लेकिन ऋषि धरती पर ही थे। भारत के मन को लगा होगा कि कुछ प्रतिष्ठित ऋषियों को आकाश में भी देखा जाए। तब सात ऋषियों को आकाश में प्रतिष्ठित करने का अभिनव आयोजन हुआ होगा। कब हुआ? कैसे हुआ? इसके भौतिक प्रमाण नहीं। लेकिन यह हुआ। इसीलिए आकाश में तारों की एक विशेष आकृति को सप्त ऋषि कहा गया। आधुनिक काल में भी आकाश में तारों से बनी एक विशेष आकृति को सप्त ऋषि मंडल कहा जाता है। उन्हें प्रणाम भी किया जाता है।

भारत का मन ऊर्ध्व प्रिय है। सूर्य ऊपर और ऊंचे है। सो स्तुतियां पाते हैं। चंद्र ऊपर है, हम उन्हें ब्रह्मांड का मन कहते हैं। हमारी प्रार्थना का ईश्वर कण-कण व्यापी है लेकिन हम उसे 'ऊपर वाला' कहते हैं। स्वर्ग है या नहीं? अब तक सिद्ध नहीं लेकिन हम स्वर्ग को भी ऊपर या आकाश स्थित सुनते आए हैं। समृद्धि संसारी है। हम 'समृद्धि' को ऊपर उठना बताते हैं। यश कीर्ति भी संसारी है, हम यशस्वी को ऊंचा या ऊपर बताते हैं। मेरे जैसे लोगों को ऊंचाई पर डर लगता है। लेकिन ऊंचाई की प्रतिष्ठा है। अग्नि प्रत्यक्ष है, इसकी लौ-लपट ऊपर जाती है। जल हमेशा ऊपर से नीचे को बहता है। लेकिन इस बहाव को भी बादल के रूप में ऊपर जाते देखकर हम प्रसन्न होते हैं। मनुष्य धरती पर है, अन्य ग्रहों में है या नहीं? पता नहीं। लेकिन देवताओं का निवास बहुत ऊपर परमव्योम में बताया जाता है। आकाश तक पहुंचना हमारी प्यास है। इसीलिए हमारे प्रिय सात ऋषि आकाश में चमकते हैं।

विकास का क्रम सूक्ष्म से स्थूल की ओर हुआ है। भारतीय चिंतन के पांच महाभूतों-आकाश, वायु, अग्नि, जल और पृथ्वी में आकाश पहला है। आकाश का गुण शब्द बताया गया है। ऋग्वैदिक पूर्वजों के अनुसार "ऋचाएं या कविताएं परम व्योम" में रहती हैं और वहीं से चलकर जागृत मनुष्यों के चित्त में उतर जाती हैं।" सप्त ऋषि आकाश में हैं। अयोध्या में उन्हें धरती पर भी प्रतिष्ठित करने की योजना है। आकाश में तारे हैं। तारों के विशेष प्रकार के प्राकृतिक आकर्षक संयोजन भी हैं। रात्रि में आकाश में तारों से बना एक बड़ा मार्ग-हाईवे भी दिखाई पड़ता है। अंग्रेजी में इसे 'मिल्की वे' कहा जाता है। यह दूधिया मार्ग जैसा दिखाई पड़ता है। लेकिन हम सब इसे 'आकाश गंगा' कहते हैं। गंगा भौगोलिक दृष्टि से उत्तरांचल, उ.प्र., बिहार और प. बंगाल राज्यों से होकर समुद्र में बहती हैं लेकिन गंगा जल में भारत की प्रीति अथाह है। वे ऋग्वेद में स्तुतियां पाती हैं। आदि कवि वाल्मीकि (रामायण बालकाण्ड) गंगा के प्रवाह में सहस्त्रों सूर्यों की दीप्ति देखते हैं। प्रकृति की दिव्य शक्तियां देवता हैं। ऋग्वेद में देवता अमृत बंधु बताए गए हैं।

आचार्य वराह मिहिर ने 560 ई. के आसपास ज्योतिर्विज्ञान पर वृहत संहिता लिखी थी। डॉ. सुरेश चन्द्र ने इस की व्याख्या की है। आकाश गंगा या सप्त ऋषियों को आकाश में बैठाना भारत का भावरस हो सकता है। वैसे भी हमारे पूर्वजों की दृष्टि आकाश की ओर रही है। कालिदास की रचना 'मेघदूत' में आकाश मार्ग की रम्यता का ललित वर्णन है। वराह मिहिर ज्योतिर्विज्ञानी थे। उन्होंने भी सप्त ऋषियों को आकाश में देखा, प्रतिष्ठित किया। लिखते हैं, "सप्त ऋषियों से उत्तर दिशा सौभाग्यशाली नायिका की तरह सुशोभित होती है।" बताया है कि पश्चिमी यूनानी ज्योतिष में इन तारों में एक भालू के आकार की कल्पना की गई है।" ये सप्त ऋषि ध्रुव तारे की परिक्रमा करते हैं। मरिचि, वशिष्ठ, अंगिरा, अग्नि, पुलस्त्य, पुलह और क्रेतु ये सात नाम उन्हें दिए गये हैं।" तारों में ऋषि देखना विज्ञान का विषय नहीं है। ऋषि वैदिक परंपरा में कवि हैं। मनुष्य हैं। तारे मनुष्य नहीं हैं। भरतीय भावबोध ने उन्हें आकश में बैठाया है।

ऋग्वेद सहित चार वेदों में अनेक ऋषियों के लगभग बीस हजार मंत्र हैं। सभी ऋषि आदरणीय हैं। वराह मिहिर ज्योतिर्विज्ञानी ने अपनी सूची दी है। महाभारत में सप्त ऋषियों की दो सूचियां हैं। अलग-अलग संदर्भ में। ऋग्वेद में दस मण्डल या खण्ड हैं। दूसरे से लेकर सातवे मण्डल तक 6 मंडलों को 'वंश मंडल' कहा जाता है। 6 मंडलों में 6 ऋषि कुलों के मंत्रों के संकलन हैं। यह सूची स्थायी है। दूसरा मंडल गृत्समद् वंश कुल का है और तीसरा है विश्वामित्र वंश का। चौथा वामदेव का, पांचवा अत्रि का, छठा भरद्वाज और सातवां वशिष्ठ कुल का। बताते हैं कि गृत्समद ने बाद में स्वयं को शौनक कुल घोषित कर दिया था इसलिए उन्हें शौनक कुल भी कहा जाता है। कण्व कुल के भी तमाम मंत्र हैं। ये सात ऋषि ऋग्वेद के मुख्य द्रष्टा हैं। मूल बात है इन्हें 'नभ-मण्डल' में प्रतिष्ठित करना। सृष्टि जब तक रहेगी, तब तक सूर्योदय व सूर्यास्त भी होंगे। आने वाले हरेक सूर्यास्त के बाद आकाश में दिखाई पड़ेंगे विश्वामित्र, वशिष्ठ, अत्रि और भरद्वाज सहित सात ऋषि। हमारे प्रतिभाशाली पूर्वज। क्या हम उन्हें भुला सकते हैं? वे आकाश में बैठे हुए भूलने की कोशिश असफल कर देंगे।

साहित्यकार और भैंस

> मुंशी प्रेमचंद ने भी 'गोदान' ही लिखा 'भैंसदान" नहीं। चलिए मान लिया कि गाय का महत्व बहुत है। पर बकरी तो छोटा पशु है।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

कवियों और साहित्यकारों पर यदि मैं कोई तीखी टिप्पणी करूं, तो इस वर्ग के लोग हमें आड़े हाथों ले लेंगे, किंतु यदि मैं किसी बड़े की आड़ ले लूं, तो आक्रमण से बच जाऊंगा। आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी ने अपने एक विचारोत्तेजक लेख "कवियों में उर्मिला विषयक उदासीनता" में कहा है कि 'कवि स्वभाव से ही उच्छृंखल होते हैं, जी में आये तो राई को पर्वत बना दें और कभी कहो पर्वत पर भी ध्यान न दें'। बात सही है। अब देखिए दुधारू पशुओं में गाय के गीत तो सबने गाये। हिंदुओं की तो वह माता भी हैं। भगवान भी अवतार लेते समय गाय और ब्राह्मण के ही हितकारी (गो द्विज हितकारी, जै असुरारी, सिंधु सुता प्रिय कंता) होते हैं। मुंशी प्रेमचंद ने भी 'गोदान' ही लिखा 'भैंसदान" नहीं। चलिए मान लिया कि गाय का महत्व बहुत है। पर बकरी तो छोटा पशु है। दूध भी कम ही देती है, किंतु पुराने से लेकर नए साहित्यकारों ने इसका नामोल्लेख किया है। संस्कृत के नीति शास्त्रज्ञों ने इसके गले के थन को उपमा के लिए प्रयुक्त किया।' अजा गलस्तनस्तैव तस्य जन्म निरर्थकम्'। तुलसी बाबा को भी बकरी का खुर-चिह्न ही उपमा के लिए याद आया' "जे सुमिरे गिरि मेरु सिला कन होत अजा खुर बारिधि बाढ़े' (कवितावली)। रही सही कमी गांधी जी ने पूरी कर दी, क्योंकि उन्हें बकरी का दूध ही पसंद था। फतेहपुर जिले की बिंदकी तहसील में 'टिकरी'और 'बकरी' नाम के गांव हैं। पूरा नाम तो 'पैगम्बरपुर बकरी' है, किंतु रोजमर्रा में 'बकरी' ही कहते हैं। किसी ने भैंस की सुधि नहीं ली, जब कि वह सबसे ज्यादा दूध देती है और बहुत सीधी होती है। बस रंग रूप काला है। इसे पक्षपात नहीं तो क्या कहेंगे? साहित्यकारों ने यह भी नहीं सोचा कि अंत समय में इन्हीं के पुत्र (भैंसा) की सवारी वाले यमराज से सामना होना है। कुछ तो डरते। इस मामले में नामचीन उपन्यासकार बाबू भगवतीचरण वर्मा होशियार निकले। उन्होंने भैंस को तो इग्नोर किया, किंतु भैंसा को डाइरेक्ट साध लिया और "भैंसा गाड़ी" शीर्षक एक लंबी कविता लिख दीः-

चरमर चरमर चूं चरर मरर जा रही चली भैंसा गाड़ी। भर भर कर फिर मिटने का स्वर, कॅंप कॅंप उठते जिसके स्तर स्तर। हिलती डुलती हंफती कॅंपती, कुछ रुक रुक कर कुछ सिहर सिहर।।

चरमर चरमर चूं चरर मरर-।

विद्वान साहित्यकारों द्वारा किए गए इस अन्याय की काफी कुछ भरपाई गांव गिरांव के सीधे-साधे कम पढ़े लिखे लोगों ने जरूर कर दी है। उन्होंने भैंस पर तमाम लोकोक्तियां बनाई हैं, जिनका धड़ल्ले से प्रयोग होता है जैसे- गई भैंस पानी में, भैंस के आगे बीन बजावै भैंस खड़ी पगुराय, खइबे दूध चरइबे भैंसी, पढ़ैं लिखैं की ऐसी तैसी, माठा रोटी घर मा खइबे झबरेन भैंस चरइबे जाय, जोण्डी की रोटी भैंस का दूध, मानो रन जीतो रजपूत। इत्यादि।

हमारी जन्मभूमि के जिले कानपुर ने भी भैंसे का ध्यान रखकर एक गांव का नाम "भैंसऊ'रक्खा है और कर्मभूमि के नगर लखनऊ में श्मशान घाट को "भैंसाकुंड" कहते हैं। हालांकि यहां अब इस मरघट को "बैकुंठ धाम" कहने लगे हैं। कुछ बड़ों ने साहित्य क्षेत्र में 'वाद' चलाए हैं, जैसे 'छायावाद', 'रहस्यवाद' आदि। अब अगर हमारे लेख से प्रेरित हो कलम के सिपाहियों ने भैंस के साथ न्याय कर दिया, तो हम एक नये वाद "भैंसवाद" के प्रवर्तक माने जाएंगे।

आंदोलन से उपजी समस्याओं की कौन लेगा सुध

अजय कुमार मिश्र
मुख्य सतर्कता अधिकारी इफको, बरेली

> संवैधानिक रूप से और नैतिक रूप से भी देश पर सभी नागरिकों का बराबर अधिकार है जो भी नागरिक अपनी क्षमता और समर्पण से अपना कार्य कर रह हैं।

एक बार फिर किसान आंदोलन चर्चा में है। जिस प्रकार पिछले किसान आंदोलन में तांडव हुआ था उसको देखते हुए पंजाब हरियाणा बॉर्डर और दिल्ली की ओर आने वाले सभी राजमार्ग सुरक्षा के घेरे में है। किसान अपनी मांगों पर अड़े हैं जबकि सरकार उनकी मुख्य मांग को मानने में अपनी मजबूरी बता रही है और इन दोनों के बीच दिल्ली और आसपास के प्रदेशों की जनता पिस रही हैं। इस समय बच्चों की परीक्षा चल रही है। अभिभावक बच्चों की पढ़ाई को लेकर चिंतित है लेकिन पक्ष-विपक्ष राजनीति में व्यस्त हैं। बॉर्डर पर जिस तरह की स्थिति है उसे देख कर यह कतई नहीं लगता कि आंदोलनकारी शांतिपूर्ण आंदोलन की राह पर हैं पर सरकार बल प्रयोग करके अपनी सत्ता खतरे में नही डालना चाहती और दूसरी ओर सरकार को किसानों की मुख्य मांगें मानने में देश की आर्थिक अव्यवस्था डगमगाने का डर भी है।

संवैधानिक रूप से और नैतिक रूप से भी देश पर सभी नागरिकों का बराबर अधिकार है जो भी नागरिक अपनी क्षमता और समर्पण से अपना कार्य कर रह हैं। वह उस रूप में अपने व्यवसाय के माध्यम से देश की भी सेवा कर रहा है। मजदूर से लेकर किसान और नौकरीपेशा सभी का देश की प्रगति में योगदान है। संविधान ने हमें अभिव्यक्ति और स्वतंत्रता का अधिकार दिया है जिसमें हम अपनी बात और अपनी मांग लोकतांत्रिक व्यवस्था के माध्यम से शांतिपूर्ण ढंग से चुनी हुई सरकार के सामने रख सकते हैं लेकिन लोकतंत्र की आड़ में अराजकता फैलाना और अव्यवथा फैलाना स्वीकार नहीं किया जा सकता। जिस तरह पिछला किसान आंदोलन चला था और यह आंदोलन चल रहा है यह सोची समझी रणनीति के तहत राजनीति से प्रेरित उग्र और अराजक आंदोलन है जिसमे पूरे देश के 10 प्रतिशत किसान भी वैचारिक रूप से शामिल नहीं है।

आंदोलनकारियों को न तो आम जनता को हो रही परेशानियों से मतलब है और न ही इस प्रकार की मांग जबरन थोपने पर देश में होने वाले असर से मतलब है, उन्हें तो बस सरकार को घुटनों पर लाना है। मजेदार बात यह है कि किसानों की एक मुख्य मांग डब्लूटीओ से देश को अलग करने की भी है जबकि डब्लूटीओ में देश को शामिल करने वाली तत्कालीन सरकार वाली कांग्रेस और किसान आंदोलनकारी आज साथ-साथ है। आंदोलन को प्रत्यक्ष और परोक्ष समर्थन कर रही विपक्षी पार्टियां सत्ता में रहते हुए किसानों के लिए क्या करती रही हैं। वह सबके सामने है। मेरे विचार से पिछले किसान आंदोलन में सरकार के ढुलमुल रवैए ने ही एक बार फिर यह विषम स्थिति सामने खड़ी की है। अगर सरकार सत्ता लोभ से दूर होकर पिछले किसान आंदोलन में हुई अराजकता को सबक सिखाती और बलप्रयोग करके कानून व्यवस्था को प्राथमिकता देती जो कि सरकार का दायित्व भी था तो शायद आज यह बुरी स्थिति सामने न आती।

हमारा समाज कृतज्ञ समाज है। सबको सम्मान देना हमारी संस्कृति है। इसी के चलते हम डॉक्टर को ईश्वर के रूप में, शिक्षक/ गुरु को ईश्वर से भी बड़ा और किसानों को अन्न दाता कहकर सम्मानित करते है लेकिन वर्तमान स्थितियां अलग हैं। ऐसे परिपेक्ष्य में जब समाज में अधिक से अधिक लाभ कमाने की होड़ है, जहां डॉक्टर और शिक्षक की प्राथमिकता ही व्यावसायिक हो चुकी है जहां अनैतिक लाभ के लिए इंजेक्शन वाली लौकी और अन्य सामान खेतों से सीधे बाजार में आता हो और आम जनता धोखे में यूरिया मिला नकली दूध लेने को विवश हो, वहां किसी को अन्न दाता या ईश्वर के रूप में सम्मानित करना बेमानी है। सब अपने अपने लाभ के लिए अपने विवेक और अपनी व्यक्तिगत नैतिकता के आधार पर काम कर रहे हैं। इसलिए किसी को अतिरिक्त सम्मान देना अनावश्यक है। एक और बात जिसका मैं स्वयं गवाह हूं: बुंदेलखंड और मध्यप्रदेश में होने वाले कठिया गेहूं की कीमत खुले बाजार में 40/50 रुपए प्रतिकिलो है। इस दाम पर भी बमुश्किल ही यह गेहूं लोगों को मिल पाता है। आपने भी देखा होगा कि पिसे हुए आटे का प्रचार किया जाता है कि राजस्थान और मध्यप्रदेश के गेहूं से बना हुआ आटा है। कभी यह नहीं प्रचारित किया जाता कि यह पंजाब के गेहूं का आटा है। अगर आमजनता में जिसके पास आर्थिक विकल्प उपलब्ध है, वह पंजाब के गेहूं को कतई उपयोग नहीं करना चाहता क्यों कि सबको पता है कि वहां का गेहूं अनेक प्रकार के अंधाधुंध कीटनाशकों और रसायनों से पैदा हुआ है। पंजाब की जमीन वहां का पानी घोर प्रदूषण का शिकार है वहां की पराली केवल पंजाब ही नहीं दिल्ली तक को प्रदूषित कर रही है आखिर इसका जिम्मेदार कौन है?

भारतीय-संस्कृति

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

भारतीय-संस्कृति को केवल किताबों में पढ़ कर तो जाना नहीं जा सकेगा। संस्कृति प्रवाह की तरह है, गतिशील है। भारत की सांस्कृतिक-धाराओं, उपधाराओं, अन्तर्वर्ती-धाराओं को लोकजीवन में उतर कर ही जाना जा सकेगा। ये धाराएं किस प्रकार मिलती हैं और बिछुड़ती भी हैं।

लोकधारा में आपको शैव और शाक्त धारा भी मिलेंगी और वैष्णव-धारा भी। बौद्ध-धारा कहीं चली नहीं गई, लोकधारा में उनकी भी पहचान की जा सकती है। विभिन्न जनपदीय, जनजातीय, प्रदेशीय संस्कृतियों का संगम होता है और उस संगम से नई अवधारणाओं का जन्म होता है। नए विचारों का जन्म होता है। नए सौंदर्यशास्त्र का जन्म होता है। सांस्कृतिक-प्रवाह को हम किसी संप्रदाय में बांध कर नहीं समझ सकते। उदाहरण के लिए हम भक्ति-आंदोलन को ही लें, भक्ति-आंदोलन में लोकमानस का तत्त्व बहुत प्रबल है। इस आंदोलन का स्रोत केवल वेद-वेदान्त, उपनिषद ही नहीं है, इसमें आगम-परंपरा भी है, आलवार भी हैं, सिद्ध भी हैं, सहजिया-वैष्णव भी हैं, सहजयानी और वज्रयानी भी हैं। योग-परंपरा न होती तो समाधि की बात कैसे आ जाती, आउ समाधि भीतर। लोकधारा किसी से परहेज नहीं करती। इस्लाम का प्रभाव भी भाषा के रूप में देखा जा सकता है। सचाई तो यह है कि सभी सांस्कृतिक-धाराओं का स्रोत लोक में है। सभी दर्शनों का जन्म और विकास लोक की धरती पर ही होता है, लोक के लिए होता है। जो लोकातीत है, वह भी लोक के लिए ही है। लोक जीवन का सत्य दायरों में कैसे समा सकता है?

ब्रह्मविद्या -गुरु एवं शिष्य

ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

निष्कलं निष्क्रियं शान्तं निरवद्यम् निरञ्जनम्।/ अमृतस्य परं सेतुं/ दग्धेन्धनमिवानलम्।।-निर्गुण निराकार ब्रह्म के ध्यान की विधि बताते हुए श्रुति कहती है कि जो सोलह कलाओं अर्थात् संसार के सभी संबंधों से रहित, सर्वथा क्रियाहीन अर्थात् कूटस्थ, परमशांत और सब प्रकार के दोषों से रहित है, जो अमृत स्वरूप मोक्ष के परम सेतु हैं, जिनका आश्रय लेकर मनुष्य अत्यंत सुगमता पूर्वक इस संसार समुद्र से पार हो सकता है, जो लकड़ी का पार्थिव अंश जल जाने के बाद धधकते हुए अंगारों वाली अग्नि की भांति सर्वथा निर्विकार, निर्मल, प्रकाश स्वरूप हैं, निर्विशेष, निर्गुण निराकार परमात्मा को तत्व से जानने के लिए उन्हीं देव की मैं शरण लेता हूं। जिस प्रकार आकाश को चमड़े की भांति लपेटना मनुष्य के लिए सर्वथा असंभव है, उसी प्रकार परमात्मा को जाने बिना कोई भी जीव इस दुख समुद्र से पार नहीं हो सकता। यह बात प्रसिद्ध है कि श्वेताश्वतर नामक ऋषि ने तप के प्रभाव से उन परमदेव परमेश्वर को उन्हीं की दया से जान लिया था और ऋषि परंपरा से सेवित इस परम पवित्र ब्रह्मतत्व का उपदेश परमहंस संन्यासियों को दिया। इस परम गुह्यविद्या के ज्ञान का वर्णन पूर्वकल्प मे भी उपनिषदों मे किया गया था अर्थात् यह ब्रह्मविद्या परंपरागत रही है। पुत्र व शिष्य को इस विद्या का अधिकारी बनाना आचार्य का दायित्व है। भाव यह है कि शिष्य के गुणों को जानकर ही उसे ब्रह्मविद्या का उपदेश दिया जाना चाहिए। जिसकी परमेश्वर में अत्यंत भक्ति है और जैसी परमेश्वर में है, वैसी ही भक्ति गुरु में भी है ऐसे श्रद्धावान महात्मा के हृदय मे ही इन उपदेशों का गूढ़ अर्थ प्रकाशित होता है।

कुरीतियों के सुधारक संत रविदास

सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

सद्गुरु रविदास भक्तिकालीन संत परंपरा में बहुत सम्मानीय कवि हैं। उनकी रचनाओं में समतामूलक समाज की परिकल्पना, चेतना, जन आंदोलन हैं, पाखंड का विरोध है। समतामूलक की कल्पना में वे कहते हैं- रविदास जन्म के कारने, होत न कोई नींच।/नर कुं नींच करि डारि है, ओछे कर्म की कींच।/ न जच्चा बसलों होति, न जच्चा होति ब्राहमणों।/ कामन्ना बसलों होती, कामन्ना होति ब्राहमणों। -आशय यह है मानव जाति एक है सभी मनुष्य एक जैसे ही जन्मते हैं, मानव को जाति के आधार पर पशुवत जीवन जीने को बाध्य करना कुकर्म की श्रेणी में आता है। मैं रूखी सूखी खाऊं, औरन की भूख मिटाऊं। का संदेश देते हैं खुद भी खाओ और भूखे प्राणियों पर भी दया करो। मन्दिर-मस्जिद एक हैं, इन महं अंतर नाहिं।/रैदास राम रहमान का, झगड़ऊ कोऊ नाहिं।।/ एक माटी के सभै भांडे, सबका का एकै सिरजनहार।/रैदास व्यापै एकौ घट भीतर, सभ को गढ़े कुम्हार।

धर्मनिरपेक्षता का संदेश देते हैं जो आज भी प्रासंगिक है हिंदू मुस्लिम एकता पर बल है। मन चंगा तो कठौती में गंगा का संदेश है आपके विचार पवित्र हैं तो कहीं तीर्थ या गंगा में जाने की जरूरत नहीं। कर्मकांड और आडंबर के कभी नहीं, जो गए थे पास। सदा याद रखेगा उनको, भारत का इतिहास। दुखियों का दुख हारन हारा, मानवता के दास। सभी जन नमन करें हैं उनको, जो हैं संत रविदास।

मयकदे का सीधा रिश्ता शराफत से

मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

> ज़ाहिर है ये सच्चे होशमंद लोगों का घर है और जहां सच का बोलबाला हो वहां जाने से परहेज़ वहीं कर सकते है जो परले दर्जे के झूठे और बेईमान हो, और मुझे पता है कि आप ऐसे नहीं हैं।

मयखाने गए हैं कभी आप? ना गए हों तो बदनसीबी आपकी। ये दुनिया की उन बेहतरीन जगहों में शामिल है जहां कदम रखते ही आदमी अपनी सारी दुश्वारियां भूल जाता है। दुनिया की तमाम आफ़तें, मिलकर भी मयकदे की सीढ़ियां चढ़ने की हिम्मत नहीं कर पाती। यहां की आबो-हवा आपको खुद पर यक़ीन दिलाएगी। हौसला बढ़ाएगी आपका। सुकून महसूस करेंगे आप। यदि ऐसा न होता तो अब्दुल हमीद अदम जैसे शायर भला ये क्यों कहते।

मय-कदा है यहां सुकूं से बैठ
कोई आफ़त इधर नहीं आती।

आदमी को चाहिए क्या? बस चैन चाहिए। और जो ऐसा चाहते हैं उनके लिए मयकदे से बेहतर कोई दूसरी जगह तलाशना मुश्किल है।

यहां की आबोहवा आने वाले को पलक झपकते एक खुशमिजाज, ज़िंदादिल और मिलनसार इंसान में बदल देती है। यदि आपको सच्चे दोस्तों की तलाश है तो इससे मुफ़ीद जगह कोई दूसरी नहीं। यहां बने दोस्त बचपन के लंगोटियां दोस्तों को मात कर सकते है। ऐसे दिलदार और हाज़िरजवाब लोग जो बिना जान पहचान के आपके गले लग जाएं, अपनी जेब की आखरी पाई तक आप पर लुटा दें, आपके दुख दर्द बांट लें, आपके लड़खड़ाने पर सहारा दे और आपको घर छोड़ जाने की ज़िम्मेदारी भी उठा लें। ऐसे मददगार लोग जो अपनी कहने के साथ-साथ आपकी भी सुनते है, मशविरा देते हैं और मदद करते हैं।

और फिर मयखाने में जाने वाले रोज़ जाते हैं वहां। वही बने रहना चाहते हैं और उसके प्रति वफ़ादार होते है। ज़ाहिर है ऐसे लोग भरोसेमंद है, अमीर मीनाई तस्दीक़ करते हैं इसकी।

मस्जिद में बुलाते हैं हमें ज़ाहिद-ए-ना-फ़हम!
होता कुछ अगर होश तो मय-ख़ाने न जाते।

और फिर पीने वाला और कहीं जाए भी क्यों? मयकदे तो पुण्यात्माओं की पनाहगाह है। अहमद हुसैन माइल कहते हैं।

तौबा खड़ी है दर पे जो फ़रियाद के लिए
ये मय-कदा भी क्या किसी क़ाज़ी का घर हुआ।

मयकदे का सीधा रिश्ता शराफत से है। ये नेकदिलों की बस्ती है। सो इसकी बुराई वही करते हैं जो इससे नावाक़िफ़ या नासमझ हैं।

दुनियादारी है फरेब। अहम के नशे में धुत्त लोग बसते है इस दुनिया में। ऐसे में बस मयखाना ही वह जगह है जहां ईमान पर कायम सच्चे लोग रहते हैं। मयखाना वो इकलौती जगह है जहां आकर इंसान एकदम पाक साफ हो जाता है। दरअसल ये नीम बेहोशी से बाहर आने की जगह है। बशीर बद्र गवाही देते है इस बात की।

न तुम होश में हो न हम होश में हैं
चलो मय-कदे में वहीं बात होगी।

ज़ाहिर है ये सच्चे होशमंद लोगों का घर है और जहां सच का बोलबाला हो वहां जाने से परहेज़ वहीं कर सकते है जो परले दर्जे के झूठे और बेईमान हो, और मुझे पता है कि आप ऐसे नहीं हैं।

आबेहयात मिलती है मयखाने में। ज़ाहिर है जन्नत है ये। जन्नत जाना सभी चाहते हैं पर मरना कोई नहीं चाहता। और फिर सवाल यह भी कि जन्नत देखी किसने है? देखने वाले वापस आकर बयान कहां करते हैं उसके बारे में? किताबों में यह ज़रूर लिखा है कि आबेहयात की नदियां बहती हैं वहां। ये बताने वाले बिना मयखाने गये ये लिख सके होंगे यकीन करना मुश्किल है। दुनिया के छल कपट से बाहर निकल आना। सच्चे होने की निशानी है। ऐसे बंदे बस मयखाने में मिलते हैं। खुदा सच्चे लोगों की क़द्र ना करे ऐसा हो ही नहीं सकता। यदि जन्नत है तो मेरा मानना है कि मयखाने के पीछे का दरवाजा सीधे जन्नत मे खुलता है।

नितांत समाजवादी और सभी की जेब बर्दाश्त कर सके ऐसी जगह है मयखाना। यहां दिमाग़ का भी इलाज होता है और मन का भी। मयकदे न होते तो हमें हजार गुना ज्यादा मानसिक अस्पतालों की ज़रूरत होती। ऐसा न होता तो लोग जाते ही नहीं। यहां पहुंचा आदमी बहुत जल्दी हल्का हो जाता है, ख़ुशियों से भरपूर, तरोताज़ा हवा में तैरता है वो। गहरी नींद जैसा सूकून मिलता है उसे। यहां आकर फ़क़ीर भी ऐसे सपने देखता है, जहां वो बादशाह होता है, ऐसे सपने जहां उसे किसी चीज़ की कमी नहीं होती और मनचाहा करने की आज़ादी होती है। आजाद होने से अच्छा और हो तो आप मुझे बता सकते हैं।

दुनिया भर के बेहतरीन उस्ताद, विचारक, शायर, दार्शनिक, और हकीम मिलेंगे यहां आपको। ऐसे तपे तपाये अनुभवी लोग जो ज़िंदगी के बेशक़ीमती पाठ मुफ्त में पढ़ा सकते हैं। दुनिया के सारे सच्चे, नेक, भले और ईमान पर भरोसा रखने वाले लोग भी यहीं मौजूद है। बड़े दिलवाले, खरे कुंदन से दमकते बंदे। हमेशा सच बोलने वाले ऐसे लोग जिनकी संगत आपको बहुत कुछ सिखा सकती है। आप यहां आये और बेहतर हुए बिना लौट जाएं ये मुमकिन ही नहीं। ऐसा न होता तो ज़ौक़ जैसा मशहूर शायर ऐसा कभी ना कहता।

'ज़ौक़' जो हैं मदरसे के बिगड़े हुए मुल्ला!
उन को मय-ख़ाने में ले आओ संवर जाएंगे।

संवरना चाहते हैं? ज़ाहिर है हां ही कहेंगे आप, तो आईए मयखाने चलते हैं। संवरने निखरने, दमकने के लिए उससे मुफ़ीद जगह इस धरती पर और कोई दूसरी है नही।

संस्कृति की विशिष्ट परंपरा

रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत्त आईएएस

भारतीय संस्कृति की परम विशिष्ट परंपरा सनातन काल से यह रही है कि इसके सभी पर्व और त्योहार सूर्य और चंद्रमा की गति और स्थिति से जुड़े रहे हैं। यज्ञोपवीत संस्कार और विवाह जैसे मांगलिक कार्यों में देवगुरु बृहस्पति और दैत्य गुरु शुक्राचार्य को भी यथोचित सम्मान दिया गया है। यह प्रसंग इसलिए है कि गंगा स्नान के माघ मास का पुण्य प्राप्त करने का इस वर्ष का अंतिम दिन माघ पूर्णिमा आ गई है। इस साल यह कम से कम दस दिन के विलंब से है। बैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ़, श्रावण और भादो इन पांच महीनों में तीन साल बाद किसी एक महीने में अधिमास हो जाता है। इसका कारण सामान्य रूप से यह समझ लीजिए कि सूर्य का राशि परिवर्तन लगभग निश्चित है और पृथ्वी 365.24-दिन में परिभ्रमण करती एक साल बाद उसीबिंदु पर आ जाती है। सूर्य के सापेक्ष, वैसे तो अनन्त ब्रह्मांड में तो सूर्य नारायण के साथ करोड़ों मील दौड़ गई होती है। हमारा जीवन तो सूर्य से ही जुड़ा है इसलिए हमें क्या कि सूर्य कितना दौड़ चुके हैं। यह बिल्कुल उसी तरह है जैसे कि आपके बालों के अन्दर एक छोटी सी जूं बैठी है और आप मुंबई से न्यूयॉर्क पहुंच गए हैं लेकिन जूं की सीमा तो वहीं तक है जहां तक सिर में बाल हैं। चन्द्रमा शीघ्र गति होने के कारण इस परिपथ को लगभग दस दिन अग्रगामी हो जाता है, इसलिए इस अवधि को सौरमास के साथ सामंजस्य स्थापित करने के लिए भारतीय पंचांग में अधिमास की गणना की जाती है।

यह गणित कैसे किया जाता है की क्लिष्टता में पड़ने की हमें जरूरत नहीं है। इस बार श्रावण मास में अधिमास आने से पूर्णिमा दस दिन आगे बढ़ गई है। जिस वर्ष भाद्रपद में अधिमास पड़ेगा उस साल यह बारह दिन आगे बढ़ जाएगी।

एक नजर

एएनटीएफ ने नशे के 31 कारोबारियों को दबोचा

अमृत विचार, लखनऊ : एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने 2024 में अब तक प्रदेश-भर के नशे के 14 कारोबारियों के खिलाफ मुकदमें दर्ज कर 31 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि 13 वांछितों की गिरफ्तार के लिए छापेमारी की जा रही है। इनके पास से 1594.97 किलो. मादक पदार्थ बरामद किया गया है। इसकी कीमत 14 करोड़ 63 लाख है। एएनटीएफ आईजी अब्दुल हमीद ने बताया कि इन आरोपियों के पास से 18,066 रुपये नगद, आठ दो पहिया, चार पहिया वाहन 4 और 2 ट्रक बरामद किए गए। उन्होंने बताया कि पिछले ढाई वर्षों में अवैध नशे के सौदागरों के कब्जे से 5.31 किलो. मार्फिन, 21.33 किलो. हेरोइन (स्मैक), 115.80 किलो. चरस, 47.35 किलो. अफीम, 6155.87 किलो. (डोडा पोस्ता तृण), 5647.341 किलो. गांजा, 32 दो पहिया, 41 चार पहिया वाहन और 15 ट्रक बरामद किए गए हैं।

नौकरी देने की नीयत ही नहीं थी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

सिपाही भर्ती परीक्षा निरस्त होने पर अखिलेश ने सरकार पर साधा निशाना

लखनऊ: समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पुलिस भर्ती परीक्षा निरस्त किए जाने के मामले को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा है। अखिलेश ने कहा सरकार की नौकरी देने की नियत ही नहीं थी। सुरक्षा का दावा करने वाली सरकार इतनी लापरवाह निकली जिसकी वजह से पेपर लीक हुआ है। अगर इनकी नीयत साफ होती तो, जिस समय पहला पेपर लीक हुआ था उसी समय सख्ती से कार्रवाई होती तो, इस तरह आज करोड़ों परिवार प्रभावित न होता।

सपा मुखिया अखिलेश यादव ने पुलिस भर्ती परीक्षा निरस्त किए जाने को लेकर एक्स पर पोस्ट किया है, यूपी पुलिस आरक्षी परीक्षा का निरस्त होना युवाओं की जीत है और भाजपा सरकार के प्रपंचों की हार। पहले तो भाजपाई कह रहे थे पेपर लीक ही नहीं हुए तो अब कैसे मान लिया। इसका मतलब अधिकारी और अपराधी मिले हुए थे और सरकार भी पीछे से अपना हाथ उनके सिर पर रखे हुई थी लेकिन तमाम सबूतों के आगे चुनाव में ऐतिहासिक हार से बचने के लिए सरकार झुकने पर मजबूर हुई है। भाजपा सरकार नौकरियों के नाम पर जो खेल बेरोजगार युवक-युवतियों से खेल रही है, उसका सच अब सब समझने लगे हैं।दिखावे के लिए नौकरियां निकालना, अरबों रुपये की फीस ले लेना, पेपर लीक होने देना फिर निरस्त करने का नाटक करना..., ये खेल भाजपा को इस बार बहुत महंगा पड़ेगा। इस बार युवाओं ने ठान लिया है कि न बहकावे में आएंगे न किसी भाजपाई झांसे में। युवा अगले हर चुनाव में भाजपा को बुरी तरह हराएंगे और हमेशा के लिए हटाएंगे।

युवा कह रहे हैं कि फीस के नाम पर जो पैसा लिया गया है कहीं वो भाजपा का चुनावी फंड न बन जाए, इसीलिए अभ्यर्थियों का फार्म जमा रहे लेकिन भाजपा सरकार फीस का पैसा अभी लौटाए और जब कभी दुबारा परीक्षा हो तो ऑनलाइन डिजिटल पेमेंट से तुरंत फिर से फीस ले ले।

अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री के निर्णय पर जाहिर की खुशी

अमृत विचार, लखनऊ: पुलिस भर्ती परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक होने के मामले का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री द्वारा शनिवार को परीक्षा निरस्त करने फैसले पर अभ्यर्थियों ने खुशी जाहिर की। सोशल मीडिया पर भी छात्रों ने मुख्यमंत्री का आभार जताया है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर सीएम योगी के समर्थन में दर्जनों हैशटैग वायरल होने लगे। इनमें #YogiWithYouth ट्रेंड लिस्ट में टॉप पर आ गया। लखनऊ में एक छात्र ने कहा कि मुख्यमंत्री ने लाखों छात्रों की बात को सुना है, इसके लिए हम उनके आभारी हैं। हमारी मांग है कि 6 महीने में सरकार न सिर्फ पारदर्शी तरीके से पुनः परीक्षा आयोजित करे, बल्कि पेपर लीक करने वालों को कड़ी सजा भी दिलाए।

पेपर लीक नकल माफिया को संरक्षण का परिणाम: कांग्रेस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

भर्ती परीक्षा में शामिल नौजवानों के परिवारों को दिया जाए मुआवजा: अंशू

अमृत विचार: प्रदेश कांग्रेस ने सिपाही भर्ती परीक्षा पेपर लीक होने पर राज्य सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि यह प्रदेश सरकार का नकल माफिया को संरक्षण का परिणाम है।

पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने कहा कि हर बार की तरह इस बार भी प्रदेश में भर्ती परीक्षा का पेपर लीक हुआ और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सिर्फ मंचों से भाषणों में नकल को रोकने की बात करते रहे। प्रदेश के 50 लाख परिवारों ने अपने पेट काट-काट कर अपने बच्चों को परीक्षा की तैयारी कराई, अपनी आजीविका से पैसे बचाकर कोचिंग कराई, नौजवान सुबह चार बजे उठकर दौड़ लगा रहे थे कि उनको नौकरी मिलेगी, लेकिन प्रदेश सरकार ने नौकरी देने के बजाय प्रदेश में नकल माफिया के राज को बढ़ावा दिया, इसलिए प्रदेश में अधिकांश भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक हो गए। उन्होंने कहा कि भर्ती परीक्षा में शामिल नौजवानों के परिवारों को मुआवजा दिया जाए, क्योंकि परीक्षा रद होने के कारण उनकी कई प्रकार से क्षति हुई है।

जातिवादी लोगों से सावधान रहने की जरूरत: मायावती

अमृत विचार, लखनऊ: बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा कि बहुजन समाज को जातिवादी ताकतों से सावधान रहने की जरूरत है। संत रविदास की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए बसपा प्रमुख ने उनके उपदेशों को अपनाकर जीवन संवारने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि बसपा शासनकाल में भदोही जिले का नाम बदलकर संत रविदासनगर रखा गया, पर तत्कालनीन सपा सरकार ने जातिवादी व राजनीतिक द्वेष के कारण बदल दिया, पर प्रदेश की भाजपा सरकार ने नाम बहाल नहीं है। यह साबित करता है कि दोनों पार्टियों की सोच एक जैसी जातिवादी है। उन्होंने कहा कि संत रविदास ने अपना सारा जीवन इंसानियत का संदेश देने में गुजारा।

58 जिलों से रिपोर्ट तलब, एक घंटे पहले वायरल हुई उत्तरकुंजी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- उत्तरकुंजी व्हाट्सऐप और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर की गई थी वायरल
- अभ्यर्थियों की ओर से उपलब्ध कराए गए साक्ष्यों से सामने आई सच्चाई

अमृत विचार: समीक्षा अधिकारी (आरओ)/सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) प्रारंभिक परीक्षा-2023 में पेपर लीक विवाद को लेकर यूपीपीएससी ने 58 जिलों के नोडल अफसरों से परीक्षा केंद्रों को लेकर रिपोर्ट तलब की है।

सूत्रों के अनुसार अभ्यर्थियों की ओर से उपलब्ध कराए गए साक्ष्य से सामने आया है कि दोनों पालियों के प्रश्नपत्रों की उत्तरकुंजी परीक्षा शुरू होने से एक घंटे पहले व्हाट्सऐप और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल की गई।

प्रथम प्रश्नपत्र की जो उत्तरकुंजी वायरल की गई, उसमें आधे सवालों के वैकल्पिक जवाब सही और आधे गलत हैं। जबकि दूसरी पाली में हिंदी के प्रश्नपत्र में केवल 28 सवालों के वैकल्पिक उत्तर सही हैं और बाकी सवालों के जवाब गलत हैं। सूत्रों के अनुसार अब तक हुई जांच में सामने आए इन तथ्यों के आधार पर माना जा रहा है कि पेपर आउट हुआ होता तो, यह परीक्षा केंद्र के स्तर से हो सकता है।

धांधली को लेकर छात्रों में आक्रोश जारी

यूपीपीएससी की समीक्षा अधिकारी, सहायक समीक्षा अधिकारी भर्ती परीक्षा में धांधली और पेपर लीक का आरोप लगाते हुए हजारों छात्र प्रयागराज में आयोग के गेट पर शुक्रवार से ही आंदोलित है।

लोकसभा चुनाव: प्रदेश में अर्धसैनिक बल की 230 कंपनी होंगी तैनात

उप्र पुलिस की ओर से अंतिम दौर में है चुनाव को लेकर सुरक्षा तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- डीजीपी ने पुलिस कप्तानों को चुनाव की तैयारियों को अंतिम रूप देने का दिया निर्देश

अमृत विचार: भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव की अगले माह तारीख घोषित किए जाने की संभावना को देखते हुए पुलिस महकमा सुरक्षा तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुट गया है। डीजीपी मुख्यालय इस माह के अंत तक सुरक्षा तैयारी को मुकाम देने में जोर-शोर से लगा हुआ है। सुरक्षा इंतजाम को लेकर फिलहाल जो खांका तैयार किया गया है, उसके हिसाब से उप्र के लिए 230 कंपनी अर्धसैनिक बलों की आवश्यकता होगी। इसके लिए केंद्र सरकार से मांग की जाएगी।

डीजीपी प्रशांत कुमार ने शुक्रवार को कानून-व्यवस्था की समीक्षा के दौरान सभी पुलिस कप्तानों को लोकसभा चुनाव की तैयारियों को अंतिम रूप देने का निर्देश जारी किया। दरअसल, इस माह आखिरी में केंद्रीय चुनाव आयोग की टीम भी आने वाली हैं। वह जिला पुलिस के प्रमुखो और वरिष्ठ अफसरों के साथ बैठक करेगी और लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा-व्यवस्था के मसले पर समीक्षा करेगी। लिहाजा डीजीपी कार्यालय पुलिस बल की तैनाती को लेकर अपनी तैयारी कर रहा है। पुलिस मुख्यालय से जुड़े सूत्रों के मुताबिक चुनाव में करीब दो लाख पुलिसकर्मियों की तैनाती का खांका तैयार किया गया है।

राजधानी में 129 स्थानों पर ठहरेंगे जवान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: लखनऊ पुलिस ने आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियां तेज कर दी है। शनिवार को जेसीपी लॉ एंड आर्डर उपेंद्र कुमार अग्रवाल ने मातहतों के संग बैठक कर निर्देशित किया। कहा शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने के लिये फोर्स के ठहरने के लिये 129 स्थान चिन्हित किये गये हैं। कहा इन स्थानों पर बिजली, पानी, शौचालय, रास्ते व अन्य मूलभूत सुविधाएं संबंधित विभाग के अफसरों से समन्वय कर मुकम्मल करायें।

जेसीपी ने दोपहर एक बजे लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर कहा कि मतदान शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिये अभी से कमर कस लें। मतदान केंद्रों पर केंद्रीय अर्धसैनिक बल, पीएसी, समेत अन्य फोर्स रहेगा। ऐसे में इनके रात्रि विश्राम के लिये विद्यालय, स्कूल और धर्मशाला समेत 129 स्थान चिन्हित किये गये हैं। इन स्थानों पर पानी, शौचालय, स्नानागार, बिजली की समुचित व्यवस्था की जाये। इसके लिये पुलिस अफसर संबंधित विभागों के अफसरों से समन्वय स्थापित कर इन सुविधाओं को मुकम्मल करायें। खराब रास्तों की मरम्मत करायें। इसके साथ ही अन्य बिंदुओं पर भी जांच कर उचित कार्रवाई करें।

यूपी बोर्ड परीक्षा: शासन स्तर से जांचे गए सात हजार परीक्षा केंद्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) की नकल विहीन परीक्षा कराने को लेकर शनिवार को हाईस्कूल एवं इंटर की परीक्षा नहीं होने के बावजूद भी बोर्ड मुख्यालय से प्रदेश भर के जिला विद्यालय निरीक्षकों के ऑनलाइन बैठक हुई। बाराबंकी के राजकीय इंटर कालेज में केंद्र व्यवस्थापक की नियुक्ति की एक शिकायत मिलने पर शासन ने तत्काल संज्ञान में लिया है। कंमाड सेंटर से अब सात हजार परीक्षा केंद्रों की मॉनीटिरिंग की जा चुकी है। वहीं सौ से अधिक परीक्षा केंद्रों की कमियों को कंट्रोल रूम ने सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से पकड़ा और कमियों को दूर कराया।

यूपी बोर्ड के सचिव दिब्यकांत शुक्ला के अनुसार कुछ परीक्षा केंद्रों में स्ट्रांग रूम पर सुरक्षा कर्मियों की लापरवाही दिखी। इसे दूर करने का निर्देश दिया गया है। परीक्षा केंद्रों की साफ सफाई सही तरीके से हो इसके लिए सख्ती से कहा गया। बोर्ड सचिव ने गूगल मीट में बैठक में सभी अधिकारियों से कहा कि परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए।

जिलों में गठित है विशेष निगरानी दस्ता

बोर्ड के सचिव ने बताया कि परीक्षा केंद्रों में प्रश्नपत्र की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिलों में विशेष जांच दस्ता गठित किया गया है। इस दस्तें के अफसरों का नाम गोपनीय रखा गया है। यह दस्ता किसी भी समय परीक्षा केंद्रों पर जांच के लिए पहुंचने के लिए अधिकृत है। हालांकि जांच के लिए जाने के पहले जिलाविद्यालय निरीक्षक को इसकी जानकारी दी जाएगी।

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में संत रविदास की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह व अन्य। अमृत विचार

आकांक्षी नगर योजना पोर्टल शुरू, गाइडलाइन जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: आकांक्षात्मक जिलों की तर्ज पर प्रदेश के 100 पिछड़े नगरीय निकायों में विकास को गति देने के लिए मुख्यमंत्री अर्बन फेलोशिप योजना के तहत चयनित अभ्यर्थियों का शनिवार को प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हो गया। इसका उद्घाटन नगर विकास मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने किया। साथ ही आकांक्षी नगर योजना पोर्टल की शुरुआत की और योजना से संबंधित गाइडलाइंस भी जारी की।

नगरीय निकाय निदेशालय में आयोजित समारोह में मंत्री ने चयनित सीएम फेलोज को मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि आकांक्षी नगर योजना उत्तर प्रदेश सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। योजना का उद्देश्य प्रदेश के 100 निकायों को आकांक्षी नगर के रूप में विकसित करना है। योजना के तहत इन नगरों में बुनियादी ढांचे का विकास, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार और रोजगार के अवसरों का सृजन किया जाएगा। उन्होंने फेलोज से आग्रह किया कि वे इस योजना को सफल बनाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दें।

38 जिलों के 100 नगरीय निकाय आकांक्षात्मक श्रेणी में

ये फेलोज 20 हजार से 1 लाख तक की आबादी वाले 100 पिछड़े नगरीय निकायों में निर्धारित 32 इंडिकेटर्स के माध्यम से न केवल विकास की सभावनाएं तलाशेंगे, बल्कि अपनी शोध रिपोर्ट को सरकार के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। राज्य सरकार ने प्रदेश के 38 जिलों के 100 नगरीय निकायों को आकांक्षात्मक श्रेणी में रखा है। इनमें अलीगढ़ में 5, एटा में 1, हाथरस में 1, कासगंज में 1, अयोध्या में 2, अंबेडकर नगर में 1, बाराबंकी में 1, सुल्तानपुर में 1, आजमगढ़ में 2, बलिया में 3, मऊ में 2, शाहजहांपुर में 2, बस्ती में 9, संत कबीर नगर में 3, सिद्धार्थनगर में 4, बांदा में 1, बहराइच में 4, बलरामपुर में 1, गोंडा में 3, देवरिया में 6, गोरखपुर में 2, कुशीनगर में 5, महाराजगंज में 4, फरुखाबाद में 2, कानपुर देहात में 2, लखीमपुर खीरी में 2, लखनऊ में 2, रायबरेली में 1, उन्नाव में 2, बुलंदशहर में 1, सोनभद्र में 2, मुरादाबाद में 1, रामपुर में 3, फतेहपुर में 3, कौशाम्बी में 2, प्रतापगढ़ में 10, प्रयागराज में 1 और जौनपुर में 2 नगरीय निकायों को आकांक्षात्मक नगरीय निकाय की श्रेणी में रखा गया है।

वर्ग पहेली-353

बाएं से दाएं

1. शुक्रवार।
2.1. जो योनि से उत्पन्न न हुआ हो, जो गर्भ से पैदा न हुआ हो, अजन्मा 2. नित्य।
5. वायुमंडल के जल के हिम बनने के कारण बरफ़ का धरती पर गिरना, ओले गिरना, पाले का पड़ना।
7.1. दुर्गा, पार्वती 2. तांत्रिकों के अनुसार एक देवी 3. चामुंडा नामक देवी 4. संगीत में एक रागिनी।, भैरव संबंधी।
8.1. कली का फूल के रूप में विकसित होना 2. भला या सुंदर लगना, फबना 3. भूनने पर चावल का फूल या फट जाना (खील या मुरमुरा बनना) 4. किसी सुखद समाचार से प्रसन्न होना।

ऊपर से नीचे

1.1. पलाश की लकड़ी का बना हुआ एक प्रकार का अर्धचंद्राकार यज्ञ-पात्र 2. पूर्व दिशा।
2.1. निरंतर या बिना रुके चलने वाला पाठ 2. अनुष्ठानपूर्वक चलने वाला चौबीस घंटे का पाठ।
3.1. जिसमें किसी के प्रति दया या प्रेम न हो 2. निष्ठुर, निर्दय।
4.1. एक विश्वप्रसिद्ध हीरा जो भारत की मुगल सल्तनत से नादिरशाह के पास गया और अब ब्रिटिश सम्राट के ताज में जड़ा है, कोहेनूर, कोहिनूर 2. आभा या रोशनी का पर्वत।
6.1. आंख की पलकों का बंद होना, समाप्त होना 2. बंद होना 3. तिरोहित होना, छिपना।



वर्ग पहेली - 352 का हल

	1 नी		2 दा	3 नो
4 त	र	हे	ल	ब
	स		द	त
	ता		लि	ख़ा
		5 भ	या	व	ना
6 डं	ब	र		
		7 म	न	मै	ला

सुडोकू -70

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		8			7	3	1	
			1				5	
6		1				4		
	1		5		3		8	4
	8						3	
7			2		4			
		4				5		2
	5				6			
		3	9			1		

सुडोकू - 69 का हल

9	1	5	6	8	4	7	2	3
4	3	2	7	1	5	8	9	6
7	8	6	2	9	3	4	1	5
8	5	3	1	2	6	9	4	7
6	4	1	9	5	7	3	8	2
2	9	7	3	4	8	5	6	1
3	2	4	5	6	9	1	7	8
5	6	9	8	7	1	2	3	4
1	7	8	4	3	2	6	5	9

छह डिप्टी एसपी का हुआ स्थानांतरण

अमृत विचार, लखनऊ : उप्र शासन ने शनिवार को छह पीपीएस अफसरों का तबादला किया है। 26वीं वाहिनी पीएसी गोरखपुर के सहायक सेनानायक संजय कुमार सिंह को एडीजी जोन गोरखपुर का स्टाफ अफसर बनाया गया है, जबकि राकेश प्रताप सिंह को पीएसी लखनऊ से एडीजी जोन लखनऊ का स्टाफ अफसर और परमानंद पाण्डेय को पीएसी मिर्जापुर से एडीजी जोन वाराणसी का स्टाफ अफसर के पद पर तैनाती दी गई है। ओजस्वी चावला को डिप्टी एसपी एसटीएफ से एडीजी जोन आगरा का स्टाफ अफसर, कुशल पाल सिंह पीएसी प्रयागराज से एडीजी जोन प्रयागराज का स्टाफ अफसर तथा सूक्ष्म प्रकाश को एलआईयू कानपुर नगर से एडीजी जोन मेरठ का स्टाफ अफसर बनाया गया है।

सपा ने अपने विधायकों को समझाया वोट देने का तरीका

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: समाजवादी पार्टी ने राज्यसभा चुनाव को लेकर शनिवार को पार्टी मुख्यालय में पार्टी विधायकों को वोट देने का तरीका बताया। सपा प्रमुख अखिलेश यादव की उपस्थिति में प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव प्रोफेसर राम गोपाल यादव ने मतदान की बारीकियां समझायीं। 25 फरवरी को विधायकों को डमी मत्र पत्र के जरिये मतदान का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस बीच, समर्थन जुटाने के लिए सपा प्रमुख जनसत्ता पार्टी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री राजा भैया से मुलाकात की।

राज्यसभा की 10 सीटों के लिए हो रहे चुनाव में 11 प्रत्याशी मैदान में हैं। इनमें भाजपा के आठ व सपा के तीन प्रत्याशी शामिल हैं। सपा प्रमुख की ओर से बुलाई गई बैठक में दो महिला समेत चार विधायक नहीं पहुंचे। इस मौके पर सपा प्रमुख ने सभी विधायकों को एकजुट होकर मतदान करने का निर्देश दिया।

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 25 फरवरी, रविवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-प्रतिपदा 20.35 तक तत्पश्चात द्वितीया।

आज का पंचांग



दिशाशूल- पश्चिम। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाफाल्गुनी 26 फरवरी 01.24 तक तत्पश्चात उत्तरा फाल्गुनी।

मेष — आज नई योजनाओं के विषय में मित्रों से चर्चा करेंगे। आलस्य और प्रमाद से आपको बचना चाहिए। किसी भी चलते कार्य को अधूरा छोड़ने की प्रवृत्ति से बचें। व्यवसाय में लाभ की स्थितियां बढ़ेंगी। आज आपको परिवार के साथ समय अवश्य व्यतीत करना चाहिए।

वृष — आज पैतृक संपत्ति के विवादों को लेकर आज शान्ति बनाए रखें। मन में कुछ नकारात्मक विचार जन्म लेंगे। आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में कमी आ सकती है। हृदय रोगियों को तनाव से बचना चाहिए। सिर्फ अपने काम पर ध्यान रखें।

मिथुन — आज व्यापार में नए अनुबंध हो सकते हैं। घर का वातावरण काफी अच्छा रहने वाला है। धार्मिक कार्यों में आपका मन लगेगा। कारोबार को लेकर की गई यात्राओं से काफी अच्छा लाभ मिलेगा। आप अपने खर्चों पर नियंत्रण पाने का प्रयास करेंगे।

कर्क — आज धन के अभाव के कारण जो काम रुके थे, वे शुरू हो सकते हैं। रचनात्मक कार्यों में आप काफी सक्रिय रहेंगे। कानूनी विवादों का समाधान निकल सकता है। परिवार की जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वाह करें। प्रेम संबंधों में आ रही गलतफहमियां दूर होंगी।

सिंह — आज आपके मन में परोपकार की भावना रहेगी। आकस्मिक धन लाभ होने की संभावना बन रही है। व्यावसायिक परेशानियों का निपटारा होगा। साझेदारी में नया काम शुरू कर सकते हैं। मेडिकल संबंधी कार्यों से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है।

कन्या — आज संतान के व्यवहार के कारण मन दुखी हो सकता है। जल्दबाजी में आपको निर्णय लेने से बचना चाहिए। समाज में सम्मानित लोगों को अपनी प्रतिष्ठा को लेकर कुछ समस्या हो सकती है। आलस्य के कारण आपके प्रदर्शन में कमी आयेगी।

तुला — आज अपने विचारों में स्पष्टता रखें। व्यापार में नए साझेदार जुड़ सकते हैं। अविवाहित लोगों का विवाह तय हो सकता है। कड़ी मेहनत का सार्थक परिणाम प्राप्त होगा। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है।

वृश्चिक — आज व्यवसाय में कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा। संतान पर अनावश्यक दबाव न बनाएं। धन के लेन-देन को लेकर समझदारी रखें। आज आप कारोबारी यात्रा पर जा सकते हैं। अविवाहित लोगों के विवाह को लेकर संभावना बन सकती है।

धनु — आज समाज के उच्च वर्ग के लोगों से आपका मेल-मिलाप बढ़ेगा। आपकी दिनचर्या संयमित रहेगी। परिजनों का व्यवहार आपके प्रति कुछ रूखा सा हो सकता है। बच्चे पढ़ाई में काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आज आपको उधार लेने से बचना चाहिए।

मकर — आज स्वार्थवश काम करने के कारण आपकी आलोचना हो सकती है। किसी की भावनाओं का तिरस्कार न करें। यदि तनाव आपकी कार्यक्षमता को प्रभावित कर रहा है, तो मोटिवेशनल वीडियोज़ से आपको काफी सहायता मिल सकती है।

कुंभ — आज अजनबी लोगों पर ज्यादा विश्वास करना हानिकर हो सकता है। लड़कियों के विवाह को लेकर आ रही अड़चनें दूर होंगी। मनोरञ्जन के लिए वेबसीरीज़ और सिनेमा का आनंद उठायेंगे। उच्च अधिकारी आपकी प्रशंसा करेंगे।

मीन — आज उतावले व्यवहार से आपको बचना चाहिए। जॉब में आपका वर्चस्व काफी अच्छा रहेगा। योजनाबद्ध तरीके से किए गए कार्यों में सफलता मिलेगी। दूसरों के उलझे मामलों को आपको सुलझाना पड़ेगा। घरेलू खर्चों को लेकर थोड़ा तनाव उभर सकता है।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- विश्वासघात — सुबह : 10.00
- अनाड़ी — रात : 07.00

SONY MAX
- अतरंगी रे — सुबह : 09.53
- टाइगर जिंदा है — रात : 10.06

SONY PIX
- होटल ट्रांसिल्वेनिया 2 — सुबह : 11.13
- द मैन फ्रॉम टोरंटो — रात : 09.00

ZEE CINEMA
- जजमेंटल है क्या — सुबह : 10.30
- मदारी — रात : 07.30

colors CINEPLEX
- छलांग — सुबह : 10.29
- दृश्यम 2 — रात : 09.06

आज की सुपरहिट फिल्म

कलर्स सिनेप्लेक्स पर रात-09.06 बजे

जोक्स ऑफ द डे

बालक अपने पड़ोस में जाता और महिला दरवाजा खोलती है।
महिला- बेटा क्या हुआ?
बालक- आंटी मम्मी ने एक कटोरी चीनी मंगाई है।
महिला (मुस्कुरा कर उसका सिर सहलाते हुए कहती है) -"अच्छा और क्या कहा है तेरी मम्मी ने ?
बालक-कहा है कि अगर वो डायन न दे तो सामने वाली चुड़ैल से ले आना।

पत्नी-मैं रोज पूजा करती हूं काश एक दिन श्रीकृष्ण के दर्शन हो जाए।
पति- एक बार मीराबाई बन कर जहर पी ले फिर देख श्रीकृष्ण तो क्या तूझे सारे भगवान नजर आ जाएंगे।

डंपर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

मध्य प्रदेश से ओवरलोड गिट्टी लेकर आ रहे एक अनियंत्रित डंपर ने हादसे को दिया अंजाम, मचा कोहराम

संवाददाता चकरनगर, इटावा

अमृत विचार। मध्य प्रदेश से ओवरलोड गिट्टी लेकर आ रहे एक अनियंत्रित डंपर ने बाइक चालक को जोरदार टक्कर मार दी। डंपर की टक्कर से बाइक चालक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क मार्ग पर गिर गया। अधिक खून के बहने से सीएचसी पर पहुंचने से पहले ही बाइक चालक की मौत हो गई। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने जाम लगाने का प्रयास किया, इससे पहले ही घटनास्थल पर पहुंचे एसडीम ब्रह्मानंद सिंह कठेरिया व पुलिस क्षेत्राधिकारी ने ग्रामीणों को कार्रवाई का आश्वासन देते हुए शांत कराया और कार्रवाई शुरू कर दी।

चकरनगर थाना के गांव फूटाताल निवासी अरविंद यादव का 19 वर्षीय पुत्र सचिन यादव शुक्रवार शाम करीब साढ़े सात बजे उदी चकरनगर मार्ग पर बाइक से कस्बा में कुछ सामान लेने जा रहा था। इसी दौरान सामने से ओवरलोड गिट्टी लेकर आ रहे डंपर ने बाइक चालक को भीषण टक्कर मार दी। डंपर की टक्कर से बाइक चालक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर ही गिर गया। आनन-फानन में राहगीरों के साथ पुलिस घायल को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजपुर पहुंची, यहां डॉक्टरों की टीम ने अधिक खून बह जाने के कारण घायल युवक को मृत घोषित कर दिया। इस खबर से स्वजन में कोहराम मच गया।

कुछ ही समय में पुलिस शव लेकर थाने पहुंची, तो लोगों का तांता लग गया। पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। एक्सीडेंट करने वाले वाहन को पुलिस ने कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू की।

> एक्सीडेंट से एक युवक की मौत हो गई है शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है, वाहन को कब्जे में लिया गया है।
>
> –मुनेश्वर सिंह, इंचार्ज थानाध्यक्ष चकरनगर

बाइकों की भिड़ंत में मां-बेटा घायल

इकदिल, इटावा। स्टेशन रोड पर दो बाइकों की भिड़ंत में मां बेटा घायल हो गए। थाना क्षेत्र के गांव मुखरामपुर के रहने वाले संतोष कुमार का 17 साल का बेटा अपनी मां रामश्री (45) को बाइक पर बैठाकर बाजार से शुक्रवार शाम घर लौट रहा था। रीतौर गांव के पास सामने से आ रहे बाइक सवार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी जिससे बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। सड़क पर गिरने से मां बेटे घायल हो गए। हादसे को अंजाम देने वाला युवक बाइक सहित फरार हो गया। राहगीरों ने मां बेटे को अस्पताल भिजवाया, वहां मां की हालत गंभीर देख डॉक्टर ने उसे रेफर कर दिया।

अज्ञात वाहन की टक्कर से अधेड़ की गई जान

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। बरेली ग्वालियर हाईवे पर थाना बढपुरा क्षेत्र में उदी नगला गौर के पास चौधरी पेट्रोल पंप के पास शुक्रवार देर रात पैदल जा रहे 55 साल के इसी गांव के गणेश शंकर को अज्ञात वाहन टक्कर मारकर फरार हो गया, गंभीर रूप से घायल गणेश को सीएचसी के डॉक्टरों ने जिलाअस्पताल रेफर कर दिया, जहां पर शनिवार को इलाज के दौरान गणेश की मौत हो गई।

चौकी इंचार्ज अरुण कुमार तिवतिया ने बताया कि मृतक का कोई परिजन नहीं होने से उसका शव आगामी 72 घंटे के लिए मोर्चरी में रखवाया गया है। इस दौरान परिजनों का इंतजार किया जाएगा। इसके बाद पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

गोवंश बचाने में बारातियों से भरी कार पलटी, दो घायल

भरथना। थाना क्षेत्र में पड़ियापुर गांव के पास सड़क पर अचानक गोवंश आने से कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड्ड में पलट गई। कार के पलटने से दो लोग घायल हो गए। ईको मारुति कार में सवार इसी क्षेत्र में गांव समसपुर के बाबूराम व औरेया के उनके रिश्तेदार नेकराम घायल हो गए, सीएचसी से दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायल के भतीजे राजेश ने बताया कि शुक्रवार को बेटे की बरात औरैया के कोराई (बेला) गांव में गई थी। रात में शादी समारोह से वापस आने के दौरान सामने गोवंश आ जाने से हादसा हो गया। कार में छह लोग सवार थे, जिसमें चाचा व बहनोई घायल हो गए।

नवीन मंडी परिसर को निर्वाचन प्रक्रिया से मुक्त रखने की मांग

कार्याल संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल आगामी लोकसभा चुनाव मे नवीन मंडी परिसर को निर्वाचन प्रक्रिया से मुक्त रखने की मांग की है। जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित ने पदाधिकारियों के साथ एडीएम अभिनव रंजन श्रीवास्तव से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा।

उन्होंने कहा कि मंडी परिसर से समस्त जनपद में आम जनता के लिए खाद्यान्न की आपूर्ति व्यापारियों के माध्यम से की जाती है। आगामी मार्च के महीने से मंडी में गेहूं खरीद शुरू हो जायेगी, जिसमें सरकारी गेहूं खरीद केन्द्र व आढ़तियों को किसान गेहूं,सरसों आदि बेचने आयेंगे। मंडी में आलू की खरीद भी शुरू हो चुकी है जो मई तक चलेगी। आम जनता कि दैनिक आवश्यकता की खाद्यान्न की आपूर्ति में भी मंडी परिसर का मुख्य योगदान रहता है। मंडी में काम कर रहे व्यापारियों की जीविका का एकमात्र साधन मंडी की दुकान व गोदाम है।

एडीएम अभिनव रंजन को ज्ञापन देते व्यापारी नेता आलोक दीक्षित। अमृत विचार

- व्यापार मंडल ने समस्याओं को गिनाते हुए सौंपा ज्ञापन

मंडी परिसर की दुकान व गोदाम चुनाव के लिए अधिग्रहण किए जाने से व्यापारियों का काम बंद हो जाता है। दुकानों व गोदाम का किराया ,घर का खर्चा, स्टाफ की तनख्वाह ,बैंक का ब्याज ,बिजली का बिल व अन्य खर्च पूरे करने का कोई साधन व्यापारी के पास नहीं होता है । सरकार द्वारा भी कोई सहायता व्यापारी को नहीं दी जाती है।

निर्वाचन प्रक्रिया के लिए मंडी की दुकानों में गोदाम का अधिग्रहण होने से मंडी के व्यापारियों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ेगा। मांग करनें वालों मे प्रमुख रूप से नवीन मंडी अध्यक्ष प्रदीप यादव आढतिया, प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश वर्मा,अशोक जाटव, महामंत्री रिषी पोरवाल,भारतेन्दु भारद्वाज,बंटी मंसूरी, राहत हुसैन रिजवी, कामरान खांन, कोषाध्यक्ष कामिल कुरैशी,शंहशाह वारसी, शहर अध्यक्ष संजय वर्मा, अर्चना कुशवाहा, रियाज अहमद, देव गुप्ता, अंकित, धर्मेंद्र आदि रहे।

गांजा तस्कर को पुलिस ने ऑटो समेत दबोचा

संवाददाता भरथना, इटावा

अमृत विचार। थाना पुलिस ने गस्त के दौरान भोली चौराहे के पास से ऑटो चालक को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके पास से गांजा बरामद हुआ है। पूछताछ में उसने बताया कि वह ऑटो से अलग अलग स्थानों पर जाकर लोगों को गांजे की बिक्री करता है। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद उसे जेल भेज दिया। पुलिस ने ऑटो भी सीज कर दिया। प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र सिंह अपनी टीम के साथ अपराधियों की तलाश में थे। भोली चौराहे के पास वह वाहनों की चेकिंग कर रहे थे तभी एक ऑटो आता दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया तो चालक ने ऑटो भगा दिया। शक होने पर पुलिस ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। तलाशी में ऑटो से छह किलो गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम मंजीत पुत्र दिनेश निवासी रमायन बताया। उसने बताया कि भी गांवों में जाकर अवैध रूप से गांजे की बिक्री करता है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया पकड़े गए व्यक्ति को मादक पदार्थ रखने में जेल भेज दिया साथ ही उसका ऑटो भी सीज कर दिया गया है।

- गांजा बेचने में प्रयोग होने वाला ऑटो भी किया बरामद

सटोरिया पकड़ा गया

बकेवर। कस्बा लखना में मुखबिर की सुचना पर एक सट्टे बाज को चौकी प्रभारी ने गिरफ्तार कर लिया। चौकी इन्चार्ज ललित कुमार ने बताया कि उसकी तलाशी ली गयी तब उसकी दूसरी जेब मे 550 रुपये मिले। जानकारी करने पर उसने अपना नाम राजू निवासी अदर्श नगर बकेवर बताया।

महिला नदी में कूदी सिपाही ने बचाया

इटावा। बीमारी से त्रस्त महिला ने चंबल पुल से नदी में छलांग लगा दी। वहां मौजूद सिपाही ने नदी में कूदकर उसे डूबने से बचा लिया व अस्पताल में भर्ती कराया।

आगरा जिले के गांव जैतपुर की रहने वाली 40 साल की सुमोरा देवी पत्नी राम वीरेश शनिवार सुबह ऑटो से इटावा आई हुई थी। उदी पर ऑटो से उतरकर वह चंबल पुल पर पहुंच गई, पुल पर खड़े होकर नदी में छलांग लगा दी। पुल पर पुलिस पिकेट पर तैनात सिपाही हरेश चौधरी ने तुरंत ही नदी में कूदकर महिला को नदी से बाहर निकालकर डूबने से बचा लिया। महिला को चोट आने से उसे सीएचसी ले जाया गया। वहां उसने बताया कि वह बीमारी से परेशान थी इसी वजह से नदी में कूदकर जीवन लीला समाप्त करनी चाही। पुलिस ने परिवार के लोगों को जानकारी दी, जिसपर परिजन जिला अस्पताल आ गए।

विद्यार्थी परिषद ने फूंका ममता बनर्जी का पुतला

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की कर्मक्षेत्र महाविद्यालय इकाई ने पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं के साथ हो रहे कुकृत्यों व हिंसा के खिलाफ शहर के पक्का तालाब चौराहे पर विरोध प्रदर्शन किया और आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने ममता बनर्जी का पुतला फूंक कर नारेबाजी की।

विभाग संगठन मंत्री तरुण बाजपेई ने कहा कि पश्चिम बंगाल में निरंकुशता अपने चरम पर है। टीएमसी की विभाजनकारी नीति राज्य के सुनहरे भविष्य को अंधेरे में धकेल रही है। आज पश्चिम बंगाल का आम जनमानस काफी डरा हुआ है। ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली टीएमसी सरकार पश्चिम बंगाल में मानवता को कुचल रही है।

कॉलेज इकाई अध्यक्ष प्रतीक दुबे ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ हिंसा ने संदेशखाली को बुरी से झकझोर कर रख दिया है। यह हिंसा कथित तौर पर तृणमूल कांग्रेस द्वारा समर्थित हैं। निरंतर महिलाओं के साथ अनाचार की घटनाएं सामने आ रही हैं।

संदेशखाली में टीएमसी के गुंडे महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार कर रहे हैं। ममता बनर्जी तुष्टिकरण के नाम पर मौन साधकर बैठी हुई है। कॉलेज इकाई के मंत्री देवांशु यादव ने कहा ममता सरकार महिलाओं के साथ हुए शोषण को दबाने की कोशिश कर रही है। विद्यार्थी परिषद देशभर में इस घटना का विरोध कर रही है। इस दौरान अजर दुबे, विवेक पटेल, संस्कार गुप्ता, अमरनाथ, ज्योति गौतम, कृष्णा, नितिन, अंजलि कुमारी, सौम्या गुप्ता, एकता यादव, दीपेश कुमार, उत्सव शर्मा, कशिश, निधि तिवारी, राज तिवारी, दिव्या रामी, दीपाली, संदीप, अभिषेक धाकरे, ईशु, साहिल , लव मिश्रा,रामबीर सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पक्का तालाब चौराहे पर ममता बनर्जी का पुतला फूंकते विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता।

भाजपा का लक्ष्य राजनीति के माध्यम से जनसेवा : गोविंद

इटावा। लोकसभा चुनाव को लेकर सदर विधानसभा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई । बैठक में मुख्य वक्ता विधानसभा प्रभारी गोविंद दुबे ने कहा कि भाजपा की राजनीति का लक्ष्य केवल चुनाव जीतना नहीं होता है बल्कि राजनीति के माध्यम से जनसेवा करना होता है। उन्होंने कहा कि देश की जनता ने नरेंद्र मोदी को देश का पीएम बनाकर सेवा का अवसर दिया था। तभी से अंत्योदय के मूल मंत्र के साथ देश के निचले पायदान के लोगों को मुख्यधारा में शामिल करने के लक्ष्य के साथ केंद्र सरकार कार्यरत है। भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार के द्वारा संचालित जन-कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों से जन-संपर्क करके उन्हें भाजपा के पक्ष में मतदान करवाने के लिए प्रेरित करें। संचालन जिला महामंत्री शिवाकांत चौधरी ने किया। लोकसभा सह-संयोजक राकेश पाल, जिला मंत्री जितेंद्र गौड़, चक्रेश जैन, लोकसभा विस्तारक अतुल मिश्रा, अच्युत मिश्रा, जितेंद्र जैन 'हैप्पी', जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य, अंकित सैनी, सीपू चौधरी, दिनेश भदौरिया, विरला शाक्य, रईसुद्दीन राइन, मुनेश बघेल, बासु चौधरी, सुशांत दीक्षित, कुशल चौधरी मौजूद रहे।

बैठक को सम्बोधित करते विधानसभा प्रभारी गोविंद दुबे। अमृत विचार

हरि किशोर के आने से भाजपा होगी मजबूत

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। भाजपा में शामिल होने के बाद सांसद राम शंकर कठेरिया ने अन्य भाजपा नेताओं के साथ राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर हरि किशोर तिवारी का जोरदार स्वागत किया। दोनों नेताओं और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने संग बैठकर चाय पर चर्चा की। भाजपा को आने वाले लोकसभा चुनाव में मजबूत बनाने का संकल्प दोहराया।

सांसद डॉ. रामशंकर ने कहा कि श्री तिवारी भाजपा की विचारधारा के बहुत पुराने नेता हैं। वे कुछ परिस्थितियोंवश तन से सपा में भले चले गए हों, लेकिन मन से हमेशा भाजपा के रहे। अब पुनः भाजपा को मजबूत करेंगे, यह हम सभी के लिए बहुत हर्ष और खुशी की बात है।

इं. हरि किशोर तिवारी ने कहा कि वे कुछ समय के लिए सपा में जरूर रहे, लेकिन हमारा वैचारिक मेल कभी नहीं हो सका। भाजपा में आकर वे जनता और अपने कर्मचारी वर्ग का अधिक हित कर सकेंगे।अब डबल इंजन की सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों एवं योजनाओं को आगे बढ़ाने का यह फैसला लिया है।

इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं भरथना विधानसभा के संयोजक गोपाल मोहन शर्मा, पूर्व सांसद रघुराज शाक्य, राजेंद्र गुप्ता, अरविंद दीक्षित, कृष्ण मुरारी गुप्ता, शरद वाजपेई, अमित तिवारी मानू, नवल किशोर शुक्ला, अंशुल अशोक दुबे, शेखर चौधरी, दिलीप मिश्रा, राजेश मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

हरिकिशोर और सांसद रामशंकर का स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता।

- भाजपा में शामिल हुए इं. हरि किशोर तिवारी का हुआ स्वागत

सपाइयों ने पार्टी छोड़कर थामा भाजपा का दामन

- तीन दर्जन से अधिक सपाई भाजपा में हुए शामिल
- वरिष्ठों की मौजूदगी में हुआ कार्यक्रम

संवाददाता भरथना, इटावा

अमृत विचार। तीन दर्जन से अधिक सक्रिय कार्यकर्ताओं ने समाजवादी पार्टी को छोड़कर भारतीय जनता पार्टी का दामन थामा है। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली है।

सपा समर्थक जिला सहकारी संघ ऊमरसेंडा के पूर्व अध्यक्ष शिवराज सिंह यादव के साथ तीन दर्जन से अधिक कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष हरनाथ सिंह की मौजूदगी में भाजपा का दामन थामा। युवा नेता नीरज यादव सहित अन्य पार्टी नेताओं ने पार्टी में सम्मिलित होने वाले सभी नये सदस्यों का माल्यार्पण व भाजपा की पट्टिका पहनाकर स्वागत सम्मान किया। साथ ही आयोजकगणों द्वारा आगन्तुक अतिथियों का माल्यार्पण व प्रतीक चिह्न भेंटकर स्वागत किया है। इस मौके पर राज्यवर्धन सिंह, सौरभ दीझित, ब्रजेश शर्मा, पप्पू यादव, आशू यादव, अंकित यादव, ईशूयादव,विवेक यादव, शिवपाल सिंह यादव आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम का सफल संचालन नीरज यादव ने किया।



सपा छोड़कर भाजपा में शामिल होने वाले कार्यकर्ता। अमृत विचार

सार-संक्षेप

कुल्हाड़ी से घायल किसान ने तोड़ा दम

बकेवर, इटावा। खेत में बकरियां चराने से मना करने पर तीन दिन पहले नामजद भाइयों ने कुल्हाड़ी व अन्य घातक हथियारों से हमला करके किसान को घायल कर दिया था। उसने इलाज के दौरान सैफई मेडिकल कॉलेज में दम तोड़ दिया। थाना क्षेत्र में गांव यादवान की मड़ैया में रहने वाले 45 साल के रामजीवन अपने बड़े भाई सुखवीर सिंह के साथ तीन दिन पहले खेत में बरसीम काट रहे थे कि उसी समय गांव के ही दीप सिंह के बेटे विनोद, रामवीर तथा चन्द्र वीर बकरियां लेकर खेतों पर आ गए और बकरियों को खेतों में चराने लगे, जिसका विरोध खेत मालिक रामजीवन और सुखवीर ने किया तो तीनों भाई उत्तेजित हो गए और कुल्हाड़ी व अन्य हथियारों से हमला कर दिया था जिसमें रामजीवन को गंभीर चोटें आई थीं। रामजीवन को सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया था, वहां पर इलाज के दौरान रामजीवन की मौत हो गई।

कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज

बकेवर, इटावा। ग्राम सराय नरोत्तम में महिला के साथ पड़ोसी युवक व उसकी पत्नी ने गाली गलौज करते हुए मारपीट की। न्यायालय के आदेश पर चार माह बाद मुकदमा दर्ज किया गया। ग्राम सराय नरोत्तम निवासी बीएससी नर्सिंग छात्रा ने बताया कि 20 नवंबर को उसकी मां दरवाजे के बाहर झाड़ू लगा रही थी । पड़ोसी दीपेन्द्र ठाकुर उसकी मां को जातिसूचक गालियां देने लगा । विरोध किया तो दीपेन्द्र ने मां को बेरहमी से मारा पीटा। इसकी सूचना जब मां ने मुझे इटावा दी तो मैं घर पहुंची तो दीपेन्द्र ने उसके साथ अश्लील हरकतें की। न्यायालय के आदेश पर आरोपी युवक व उसकी पत्नी के विरुद्ध मारपीट छेड़खानी व एससीएसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया।

घर के सामने खड़ा पिकअप लोडर चोरी

इकदिल। क्षेत्र में चोरी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही। चोर घर के बाहर खड़े पिकअप लोडर को चुरा ले गए । नगर के मोहल्ला लुधियात के रहने वाले संतोष कुमार के घर के सामने खड़े पिकअप लोडर को रात के समय चोरों ने चुरा लिया। शनिवार सुबह जब वाहन मालिक उठा तो लोडर गायब पाया। आसपास तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। रात लगभग साढ़े 11 बजे तक लोगों ने पिकअप लोडर घर के सामने खड़ा देखा था। इससे पहले चोरों ने क्षेत्र में एक ढाबा के पास से डीसीएम को चुराया है जिसका अब तक पता नहीं चल सका। पुलिस को अभी तक अज्ञात चोरों के विरुद्ध कोई सुराग नहीं मिले हैं। नगर के लोगों ने रात में पुलिस की गश्त बढ़ाने की मांग की है।

पुलिस ने की शांतिभंग की कार्रवाई

बकेवर, इटावा। थाना क्षेत्र के पुरावली गांव में चार दिन पूर्व दो पक्षों के विवाद में पुलिस ने शांतिभंग में कार्रवाई की। गांव निवासी नरेंद्र सिंह ने पुलिस को बताया कि चार दिन पूर्व गांव के ही एक युवक ने शराब के नशे में गाली गलौज की। मना किया तो उसने पीड़ित के साथ मारपीट कर थी। उल्टा उसी ने पुलिस से शिकायत की थी। जिस पर पुलिस ने दोनों पक्षों पर शांतिभंग की कार्रवाई की ।

चकरोड निर्माण में दबंग कर रहे हैं मनमानी

भरथना, इटावा। भरथना तहसील क्षेत्र के ग्राम ग्राम मोढ़ा देव सम्पर्क मार्ग से निकलने वाली चकरोड के निर्माण के लिए राजस्व टीम ने भारी पुलिस बल के साथ नाप जोख की। इसके बाद चकरोड निर्माण के लिए चिन्हीकरण किया। अधिकारियों ने करीब 10 फिट चौड़ा और करीब 600 मीटर लम्बे चकरोड में करीब 160 मीटर तक चकरोड डलवा दिया। अधिकारियों के मौके से जाने के बाद कुछ दबंग किसानों ने मनमानी शुरू करते हुए कमजोर किसानों की तरफ करीब एक मीटर चकरोड दबाकर चकमार्ग टेढ़ाकर दिया। पीड़ित किसान धर्मनरायन अवधेश,सर्वेश शाक्य व रानी देवी ने बताया कि उनके खेत से करीब 10 फिट चौड़ा चकरोड़ प्रशांत राज शुक्ला व जयदेवी दीक्षित के खेतों तक करीब 600 मीटर लम्बा निर्माण होना था। जिसके लिए भरथना के उपजिलाधिकारी कुमार सत्यम जीत,नायव तहसीलदार मनीष दुवेदी, कानूनगो जितेंद्र यादव, चकबंदी लेखपाल राजीव, क्षेत्रीय लेखपाल आरिफ खान,अर्जुन सिंह चौहान, राहुल चौबे,गणेश दत्त आदि राजस्व टीम ने जैसे ही चिन्हीकरण कर करीब 160 मीटर चकरोड डलवा दिया। और मौजूदा प्रधान की देख रेख में आगे तक चकरोड़ निर्माण के आदेश कर अधिकारीगण जैसे ही मौके से हटे, इसी बीच दबंग किसानों ने प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा किए गए चिन्हीकरण की हवा निकाल दी । किसानों ने चकरोड़ को सही कराये जाने की मांग की है।

थाना समाधान दिवस | डीएम -एसएसपी ने सुनीं समस्याएं, राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीमें करेंगी शिकायतों का निस्तारण

भूमाफियाओं के शस्त्र लाइसेंस जल्द किये जायेंगे निरस्त

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। थाना समाधान दिवस पर जिला अधिकारी अवनीश राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने थाना फ्रेंड्स कॉलोनी व कोतवाली पर पहुंचकर समस्याएं सुनीं और उनके निस्तारण के निर्देश दिए। यह भी कहा कि पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीमें मौके पर पहुंचकर मामलों का निस्तारण करें।

डीएम एवं एसएसपी ने कहा कि उच्च स्तरीय अधिकारी रेवेन्यू टीम के साथ थाना समाधान दिवस में मामले की गहराई से लंबित प्रकरणों की सुनवाई कर शिकायतों के मौके पर निस्तारण करें, कुछ शिकायतों का निस्तारण भी किया गया। उन्होंने एक-एक करके सभी शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को गंभीरता के साथ सुना एवं मौके पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर सभी शिकायतों के निस्तारण के लिए निर्देशित किया। उन्होंने पूर्व के थाना दिवस में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के संबंध में जानकारी ली तथा जनसुनवाई के दौरान राजस्व से जुड़े मामलों को तत्काल निस्तारण के लिए संबंधित क्षेत्र के लेखपालों को पुलिस के साथ मौके पर जाकर निस्तारण कराए जाने के निर्देश दिए । थाना समाधान दिवस में ज्यादातर शिकायतें कब्जे से संबंधित थीं। इसमें अवैध तरीके से प्लाटिंग एवं कब्जा करना या एक ही प्लॉट की एक से दो बार रजिस्ट्री करने से संबंधित शिकायतों को सुना गया। उन्होंने वहां पर उपस्थित संबंधित पक्ष विपक्षों की समस्याओं को सुना गया तथा स्थलीय व अभिलेखीय जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। थाना समाधान दिवस डीएम व एसएसपी द्वारा कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए निर्देशित किया गया। थाना समाधान दिवस के अवसर पर शहर में 4 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें 1 का निस्तारण किया गया। थाना समाधान दिवस के दौरान एडीएम अभिनव रंजन श्रीवास्तव, एसपी सिटी अभय नाथ त्रिपाठी, सीओ सिटी अमित कुमार सिंह रहे।

थाने में समस्याएं सुनते डीएम अवनीश राय एवं एसएसपी संजय कुमार । अमृत विचार

फसल को ट्रैक्टर से जुतवाकर नष्ट करने का आरोप

इटावा। जसवंत नगर थाना क्षेत्र के गांव सिरहोल में गांव के लोगों ने थाना दिवस में शिकायत की है कि पीड़ित के खेत में खड़ी फसल को ट्रैक्टर से जुतवाकर नष्ट कर दिया है पीड़ित ने इस मामले में प्रधानपति पर आरोप लगाते हुए थाना जसवंतनगर में समाधान दिवस में दी है और न्याय की गुहार लगाइ है। गांव के रहने वाले राजीव सिंह, राजवीर सिंह, संदीप सिंह, कृष्ण वीर सिंह और शिवनंदन ने प्रार्थना पत्र में कहा है कि प्रधान पति व उनके साथी ने उसके खेत में ट्रैक्टर चलवा कर खड़ी फसल को नष्ट कर दिया। उस समय वह सभी लोग घर से बाहर गए हुए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधान पति ने खेत से चक रोड निकलवाने के लिए खेत में खड़ी फसल को ट्रैक्टर के माध्यम से जुतवा दिया है। जिससे फसल पूरी तरीके से नष्ट हो गई है।

भूमाफियाओं के खिलाफ होगी कार्यवाही

इटावा। डीएम अवनीश राय ने बताया कि जिन भू माफियाओं के लाइसेंस बने हुए हैं और उनके खिलाफ कई मुकदमे दर्ज हैं तो उनका लाइसेंस रद किया जाएगा और उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। बताया कि फ्रेंड्स कॉलोनी क्षेत्र में तीन ऐसे भूमाफियाओं को चिह्नित किया गया है जिनके लाइसेंस जल्द ही रद किए जाएंगे और जांच पड़ताल की जाएगी। माफिया के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

मां कालिका के हजारों भक्तों ने किये दर्शन

बकेवर, इटावा। शनिवार को कस्बा लखना स्थित मां कालिका देवी के मंदिर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर दर्शन कर माता के दरबार में मत्था टेककर पूजा अर्चना की और बच्चों का मुंडन संस्कार कराया।

शनिवार को औरैया, फर्रुखाबाद, कन्नौज, मैनपुरी, फिरोजाबाद, कानपुर, कानपुर देहात, जालौन, आगरा, मध्यप्रदेश के भिंड, ग्वालियर, मुरैना आदि से श्रद्धालुओं ने अपने परिवारों के साथ आकर पूजा अर्चना की।

लखना मंदिर पर माता कालिका देवी की पूजा अर्चना करने के बाद मंदिर के पक्का तालाब पर नन्हे मुन्ने बच्चों के मुंडन संस्कार भी कराये। भारी श्रद्धालुओं की भीड़ के चलते लखना चौकी पुलिस को श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।

एक नजर

समाधान दिवस पर आई तीन शिकायतें

अछल्दा। शनिवार को थाना अछल्दा में समाधान दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें पुलिस अधीक्षक चारु निगम व थाना स्टाफ ने फरियादियों की फरियाद सुनकर निस्तारण के लिए आश्वासन दिया। इस मौके पर ब्लॉक क्षेत्र के लेखपाल मौजूद रहे। थानाइंचार्ज सतीशचंद्र ने बताया कि समाधान दिवस में 3 शिकायत आयी थी। जिसमे एक शिकायत का मौके पर निस्तारण कर दिया गया था व 2 शिकायत को संबंधित लेखपालों के द्वारा निस्तारण करने को दे दिया गया है। इस मौके पर अपराध निरीक्षक विकास कुमार,उपनिरीक्षक पहलवान सिंह सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

भंडारे में श्रद्धालुओं ने छका प्रसाद

ककोर। दिबियापुर कस्बे में आज डॉ सुभाष क्लीनिक पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। जहा प्रति वर्ष माघ पूर्णिमा पर हवन के बाद विशाल भंडारा होता है ।इस वर्ष भी बेला रोड स्थित अपने आवास पर स्व डॉ सुभाष त्रिपाठी के सुपुत्र डॉ अभिनन्दन त्रिपाठी(दद्दा)ने अपने परिवार के साथ पूजा करके भंडारे का आयोजन किया ।जिसमे नगर के गणमान्य मित्रो ,नागरिको ने हजारो की संख्या में प्रसाद ग्रहण किया।

डॉक्टर ने सीएमओ पर लगाया रुपये मांगने का आरोप

कहा नौकरी करनी है तो रुपये देने होंगे, सिस्टम है, ऊपर भी भेजना पड़ता है

कार्यालय संवाददाता औरैया

अमृत विचार। डॉक्टर की कमी से जूझ रहे स्वास्थ्य विभाग में डॉक्टरों की नियुक्ति के लिए डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक भले ही प्रयासरत हो लेकिन औरैया के सीएमओ सुनील वर्मा शासन की इस मंशा पर पलीता लगाते चले आ रहे है। कभी किसी डॉक्टर को जूते से मारने तो कभी रिश्वत लेने के आरोप लगने के बाद अब एक वीडियो रुपये लेते वायरल हो गया। हालांकि अमृत विचार इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। इसमें सीएमओ सुनील वर्मा कह रहे की नौकरी करनी है तो मानदेय(रिश्वत का कोडवर्ड) देने ही पड़ेंगे यह सिस्टम है ऊपर तक जाता है। वीडियो वायरल के बाद हड़कंप मचा हैं। सीएमओ इस वीडियो को पुराना बताकर फर्नीचर खरीद का लेनदेन बता रहे हैं,और मेरी छवि धूमिल करने के लिए किया जा रहा है। उधर पीड़ित डॉक्टर ने सरकार से गुहार लगाई है।

वायरल वीडियो में सीएमओ की टेबल पर कागज के नीचे दिखते रुपये।

पीड़ित डॉ. विशाल अग्निहोत्री ।

स्वास्थ्य विभाग में नियुक्त डॉक्टर विशाल अग्निहोत्री कुष्ठ रोग में नियुक्त है। उनका आरोप है कि सीएमओ उनसे नौकरी करने के नाम पर हर माह आठ हजार रुपये की मांग कर रहे हैं। वह पहले भी डर के कारण रिश्वत दे चुका है। उसका कहना है कि अब वह परेशान हो गया है। उनके पास पर्याप्त साक्ष्य हैं। उधर वीडियो वायरल में सीएमओ सुनील वर्मा कह रहे है कि मानदेय मेरा वापसी करो तो डॉक्टर कहता है कि कैसा मानदेय तो सीएमओ ने कहा कि मेरी पेनाल्टी जो तुमसे लगती है। इसके बाद सीएमओ ने कहा कि ये मानदेय ऊपर तक जाता है सब सिस्टम है। यह सब व्यवस्था का उतार चढ़ाव को बैलेंस करने का मानदेय है। तुम बढ़िया आदमी हो इसलिए कम ले रहा हूं। इसके बाद कुछ नोट टेबल पर जाते है, जिसे सीएमओ कागज के नीचे रखकर ऊपर से अपना मोबाइल रख देते हैं। वीडियो वायरल होने पर हड़कंप मचा हुआ है।

- **वीडियो वायरल होने पर मचा हड़कंप,पीड़ित डॉक्टर ने सरकार से लगाई गुहार**

वहीं सीएमओ ने सफाई दी की वीडियो पुराना है और फर्नीचर वाले से रुपये वापस लिए थे यह वही हैं। उधर डीएम नेहा प्रकाश ने सीएमओ से स्पष्टीकरण मांगा है। पीड़ित डॉक्टर विशाल अग्निहोत्री का कहना है कि सीएमओ सुनील वर्मा की कार्य शैली से विभाग परेशान है। उसे कुछ होता है तो परिवार सड़क पर आ जाएगा। पीड़ित ने सरकार से कार्रवाई की गुहार लगाई है। बताते चलें की इससे पहले सीएमओ सुनील वर्मा ने अयाना अधीक्षक को जूते से मारने तक की धमकी दे डाली थी। इसके अलावा जिले में झोलाछाप से प्रैक्टिस के नाम पर वसूली का वीडियो भी आया था। ऐसे कई कारनामे उजागर हुए लेकिन स्वास्थ्य विभाग ने सभी मामलों को ठंडे बस्ते में डाल दिया।

अवशेष कार्यों को समय से पूरा करें :डीएम

औरैया। जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में जनपद में किये गये समग्र विकास कार्यों की विभागवार समीक्षा करते हुए प्रगति के संबंध में जानकारी प्राप्त की और सभी संबंधितों को निर्देशित किया कि वह अपने-अपने विभाग से संबंधित कार्यों की सतत समीक्षा कर प्रगति का आकलन करें और अवशेष तथा लंबित कार्यों को प्राथमिकता के साथ समय रहते गुणवत्तापूर्ण ढंग से लक्ष्य के सापेक्ष पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

उन्होंने सभी संबंधितों को यह भी निर्देश दिए कि कार्यों में दायित्व का निर्धारण करें जिससे अनियमितता व लापरवाही दृष्टिगत होने पर संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही की जा सके। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 सुनील कुमार वर्मा, जिला विकास अधिकारी करुणापति मिश्र, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी देवमणि मिश्र सहित संबंधित विभागों के अधिकारी आदि उपस्थित रहे। साथ ही आज उन्होंने सख्त तेवर दिखाते हुए कहा कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

दरगाह महबूब साहब पर तैयारी का दृश्य। अमृत विचार

रात में होगी तकरीर और मीलाद

संवाददाता फफूंद औरैया

अमृत विचार। शब-ए-बारात का आज मनाया जाएगा इस दिन मुस्लिम भाई सारी रात जागकर मस्जिदों में अल्लाह की इबादत करके अपने गुनाहों की माफी मांगते हैं और अपने परिजनों की कब्र पर जाकर फातिहा पढ़कर उनके मगफिरत की दुआएं मांगते हैं। रात को मीलाद और तकरीर के कार्यक्रम भी आयोजित होंगे।

चांद के शावान महीने को रहमतों और बरकतों का महीना कहा जाता है इस माह की चौदह तारीख को मनाया जाने वाला शब ए बारात का त्योहार आज (रविवार) को मनाया जाएगा आज की रात इबादत की रात है जहां सारी रात मुस्लिम भाई मस्जिदों और घरों में अल्लाह की इबादत करेंगे और अपने मरहूम परिजनों की कब्रों पर जाकर फातिहा पढ़कर अल्लाह से उनकी मगफिरत की दुआएं मांगेंगे ।शब ए बारात को लेकर कस्बे के दरगाह महबूब शाह और दरगाह बुखारी साहब में रंग रोगन और साफ सफाई के साथ सभी तैयारी पूरी कर ली गई हैं नमाज इंशा के बाद दोनो दरगाह में उलेमाओं द्वारा मीलाद और तकरीर का कार्यक्रम होगा वहीं कब्रिस्तानों में भी साफ सफाई की गई है ।शब ए बारात की फजीलत को लेकर जानकारी देते हुए मोहल्ला तरीन स्थित मदीना मस्जिद के इमाम हाफिज असरार ने बताया की शाबान महीने की 14 वीं रात में खुदा आसमान और दुनिया के बीच आकर कहता है,कि है कोई बंदा जो अपनी मुश्किलों से निजात मांगता है तो मै उसको निजात दूं। है कोई बंदा जो अपने गुनाहों की माफी चाहता है, मै उसके गुनाहों को माफ करूं यह रात सभी रातों में बेहतर है इस दिन पूरी रात मस्जिदों खानकाहों और घरों में इबादत करनी चाहिए यह रात अन्य रातों से अफजल है।

सामाजिक वानिकी को बढ़ावा दिया जाए : त्रिपाठी

सेमिनार को संबोधित करते मुख्य अतिथि । अमृत विचार

संवाददाता अजीतमल औरैया

अमृत विचार। नगत के जनता महाविद्यालय में शनिवार को दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का उद्घाटन किया गया। छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में पर्यावरणीय सुरक्षा में विज्ञान और मानव की भूमिका पर आधारित है।

संगोष्ठी का उद्घाटन मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर पूर्व कुलपति आगरा विश्वविद्यालय डॉ अरविंद कुमार दीक्षित मुख्य अतिथि , विशिष्ट अतिथि डॉक्टर प्रोफेसर संदीप मल्होत्रा इलाहाबाद यूनिवर्सिटी इलाहाबाद, तिलक महाविद्यालय प्राचार्य प्रो रवि कुमार, प्रो राजेश कुमार त्रिपाठी जनता कॉलेज बकेवर विशिष्ट अतिथि, प्राचार्य डा अरविंद कुमार शर्मा रहे।

सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत महाविद्यालय की छात्रा बंदना राजपूत, प्रेक्षा और अनुष्का द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन प्रोफेसर राव यादव व डॉक्टर संजय कुमार वर्मा ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रो संदीप मल्होत्रा जंतु विज्ञान विभाग इलाहाबाद विश्वविद्यालय इलाहाबाद द्वारा की गई ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ अरविंद दीक्षित ने बताया कि विज्ञान के माध्यम से खाद्य सामग्री जिसमें सरसों का तेल में हो रही मिलावट की जांच सरलतम तरीका से कैसे की जाए। विशिष्ट अतिथि प्रो संदीप मल्होत्रा ने बताया कि परजीवियों में भारी तत्वों की बढ़ोतरी होने से पर्यावरण का संतुलन बिगड़ रहा है। विशिष्ट अतिथि डॉ रवि कुमार ने कहा की आयोडीन की संद्रता में वृद्धि से ओजोन परत में क्षरण की बात कही।

प्रो उपेंद्र त्रिपाठी ने लोगों से अपील की कि सामाजिक वानिकी को बढ़ावा दिया जाए जिससे पर्यावरण को सुरक्षित किया जा सके। संगोष्ठी सहयोजिका डॉ नीतू ने संगोष्ठी की थीम को बताया और संगोष्ठी में आए हुए लोगो का स्वागत किया। संगोष्ठी का संचालन प्रो आर बी यादव एवं संजय वर्मा ने किया। इस अवसर पर प्रो श्री प्रकाश यादव, प्रो योगेश दीक्षित, डॉ योगेश शाहू, डॉ उमेश दुबे, डॉ ध्रुव त्रिपाठी, डॉ समरकांत कुमार भारती, डॉ पी पी सिंह, डॉ बी बी सिंह, डॉ पंकज द्विवेदी, डॉ उमाकांत मिश्रा, डॉ अनिल कुमार, प्रो निरंजन लाल, डॉ रत्ना गौर, प्रो प्रवीणा देवी,प्रो अजय कुमार, डॉ देवेंद्र खोखर, शोध छात्र एवम छात्राएं मौजूद रहे।

ऑटो से पार किये तीस हजार

कंचौसी औरैया। दिबियापुर थाना क्षेत्र के कस्बा कंचौसी में चौकी से 150 मीटर दूर औरैया रोड पर टेंपो स्टैंड पर ऑटो सवार सुशील कुमार का रुपये से भरा बैग उड़ा दिया गया। बैग में 30 हजार रुपये नकद थे। सुशील ने दिए शिकायती पत्र में बताया कि शुक्रवार को कस्बा के किराना व्यापारी अतुल गुप्ता का किराने का सामान लेने कंचौसी से औरैया जा रहे था। आंबेडकर तिराहे औरैया रोड पर ऑटो से उतरकर गुटखा खरीदने लगे तभी ऑटो के बैग में रखे 30000 हज़ार रुपये मैनुद्दीन ने पार कर दिए , उक्त चोरी की पूरी घटना सामने की दुकान में लगे कैमरे में कैद हो गयी। इस संबंध में चौकी इंचार्ज ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि प्रार्थना पत्र मिला है आरोपी की तलाश की जा रही है शीघ्र ही आरोपी को गिरफ्तार कर कार्यवाही की जायेगी।

पुत्र ने लाठी से पीटकर मां को उतारा मौत के घाट

कार्यालय संवाददाता औरैया

अमृत विचार। थाना बेला क्षेत्र के गांव डभारी में एक कलियुगी पुत्र ने लाठी से हमलाकर अपनी मां की हत्या कर दी। मृतका पुत्र व पुत्रवधू के मध्य हो रहे विवाद में बीच-बचाव करने गई थी।

कुसुमा देवी।

थाना बेला क्षेत्र के गांव डभारी निवासी कुसुमा देवी पत्नी श्याम बाबू के घर पर बीती शाम नाती के छठी पूजन का कार्यक्रम चल रहा था। कुसुमा ने धूमधाम से नाती के छठी पूजन का कार्यक्रम किया। देर रात कुसुमा के छोटे पुत्र शिवम व उसकी पत्नी के बीच अचानक किसी बात को लेकर विवाद होने लगा। जिसे बढ़ता देख कुसुमा बीच बचाव करने पहुंच गई।

घटनास्थल पर जांच करतीं एसपी चारू निगम। अमृत विचार

इस बीच बात इतनी बढ़ गई कि छोटे पुत्र शिवम ने लाठी से अपनी मां पर ही हमला कर दिया। जिससे महिला के सिर में गंभीर चोटें आई और वह वहीं पर गिर गई। परिजन गंभीर रूप से घायल महिला को तत्काल एक निजी अस्पताल में ले गए। जहां डाक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया गया।

मृतका के बड़े पुत्र घनश्याम ने बताया कि उसकी मां ग्राम पंचायत में सफाई कर्मी के पद पर कार्यरत थी। रात में जब भाई व उसकी पत्नी के बीच विवाद हो रहा था तो मां बीच-बचाव करने गई। तो छोटा भाई उन पर हमलावर हो गया। बताया कि जब वह मां को बचाने गया तो छोटे भाई ने उसके साथ भी मारपीट की जिससे वह भी मामूली रूप से घायल हो गया।

घटना की जानकारी होते ही थाना बेला के प्रभारी दीपक कुमार ने मौके पर पहुंच कर जांच शुरू की और मामले की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी। सूचना पर क्षेत्राधिकारी बिधूना अशोक कुमार सिंह ने मौके पर पहुंच कर घटना से पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया। जिसके बाद पुलिस अधीक्षक चारू निगम ने भी मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आरोपी शिवम को पुलिस ने हिरासत में लेने के साथ लाठी भी बरामद कर ली है। जिसके बाद पूछताछ के लिए थाना ले गई। थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर मिलने और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

अजीतमल में तहसील दार ने सुनीं समस्याएं

अजीतमल औरैया। अजीतमल कोतवाली में थाना दिवस के अवसर पर तहसीलदार जितेश वर्मा ने फरियादियों की शिकायतों को सुनकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण की बात कही।

वहीं अयाना थाना में थाना दिवस पर शनिवार को एसडीएम अजीतमल राम अवतार वर्मा ने शिकायतें सुनीं अयाना में दो फरियादियों के द्वारा शिकायत प्राप्त हुई ।राजस्व संबंधी शिकायतें आयीं। जिनके निस्तारण के एसडीएम ने संबंधित लेखपाल को मौके पर जांच कर रिपोर्ट सौंपने को कहा है।थाना प्रभारी अजीतमल राज कुमार सिंह,अयाना थाना प्रभारी बृजेंद्र सिंह मय पुलिस फोर्स इस दौरान उपस्थित रहे।

दीपांशू, तान्या , ऋषभ व अंशी ने मारी बाजी

संवाददाता अजीतमल औरैया

अमृत विचार। कान्हा इंटरनेशनल एकेडमी अजीतमल औरैया में शुक्रवार एवं शनिवार को दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि राम अवतार उपजिलाधिकारी अजीतमल व विद्यालय की प्रबन्धन समिति व प्रधानाचार्य अनीश कुमार शुक्ला ने मां सरस्वती की प्रतिमा के

ट्राफी व मेडल के साथ छात्राएं। अमृत विचार

इस दौरान विद्यालय में कबड्डी, एथलेटिक्स , वॉलीबाल और डोजबाल समेत विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यालय के चार सदनों ने आपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग व जूनियर वर्ग मैं बच्चों को विभाजित किया गया जिसमें विभिन्न खेलों में कबड्डी ,वॉलीबाल, एथलेटिक्स और डौज बाल की प्रतियोगिताएं हुईं। सीनियर बालक वर्ग में अतुल और जूनियर बालक वर्ग में अनमोल ने बालीवाल में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सर्वोच्च स्थान अर्जित किया और एथलेटिक्स प्रतिस्पर्धा में सीनियर वर्ग में दीपान्शू , तान्या और जूनियर वर्ग में ऋषभ और अंशी सबसे अच्छे खिलाड़ी का पुरस्कार अपने नाम किया ।

प्रधानाचार्य अनीश कुमार शुक्ला ने कहा कि इस तरह की खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन होने से बच्चों के अंदर की प्रतिभा उजागर होती है। बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं हैं, बस जरूरत इन्हें तराशने की है।

वेद चौहान ने रोशन किया जिले का नाम

ककोर,औरैया । जिला मुख्यालय के निकट ग्राम लालपुर के निवासी वेद चौहान ने 19वीं नेशनल इंटर डिस्ट्रिक्ट जूनियर एथलेटिक चैंपियनशिप में जिले में परचम लहराया है। इस प्रतियोगिता के लिए 14 बच्चों में 6 बच्चों का चयन किया गया था। जिसमें वेद चौहान ने जिले में प्रथम स्थान के साथ 195 वीं रैंक हासिल की है। वेद चौहान पीवीआरपी स्कूल में कक्षा 9 का छात्र है। विद्यालय प्रबंधन के प्रधानाचार्य सौरभ कश्यप ने सभी सफल छात्र को हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी हैं वहीं जिले के टीम कोच अभय सिंह और टीम मैनेजर तनु सिंह की देखरेख में बच्चे अहमदाबाद में भाग लेने गए थे। इस प्रतियोगिता में 31 राज्य से 616 जिलों के खिलाड़ियों की भागीदारी हुई थी। जिसमें 6000 छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया था।

सार-संक्षेप

प्रेस वार्ता में बीजेपी युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉक्टर शिवबीर सिंह भदौरिया।

पांच मार्च तक लगेंगी भाजपा की ग्राम चौपालें

अजीतमल औरैया। तहसील अजीतमल क्षेत्र अंतर्गत डाक बंगले में बीजेपी युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉक्टर शिवबीर सिंह भदौरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि बीजेपी युवा मोर्चा द्वारा जिला कार्यक्रम अंतर्गत ग्राम चौपाल का उद्घाटन 24 फरवरी से किया जाएगा। 25 फरवरी से 5 मार्च तक लगातार कार्यक्रम ग्राम पंचायत स्तर पर होगा। युवा चौपाल में मुख्य अतिथि प्रत्येक विधानसभा में 5 चौपाल में माननीय सांसद ,प्रत्येक मण्डल में 5 चौपाल में माननीय विधायक, प्रत्येक ब्लाक में 10 स्थान पर मा. ब्लाक प्रमुख ,जिला पदाधिकारी, भाजपा,सभी मोर्चा के अध्यक्ष ही कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रहेंगे। 25 फरवरी से 5 मार्च तक अपने ग्रह जनपद के एक मंडल में विस्तारक के रूप में 20 स्थानों की युवा चौपाल सुनिश्चित कर कार्यक्रम में रहेंगे।

नापजोख करते पीडब्ल्यूडी कर्मी।

फोरलेन निर्माण के लिए नापजोख शुरू

औरैया । दिबियापुर नगर से निकले विलरायाँ – पनवाड़ी स्टेट हाईवे के चौड़ीकरण की कवायद अब तेज हो गई है। शनिवार को नगर के उत्तरी ओर बेला मार्ग पर लोक निर्माण विभाग के कर्मियों ने अमीन अखिलेश राजपूत के साथ किलोमीटर 91 , 92 एवं 93 के मध्य पड़ने वाले आवासीय मकानों दुकानों की नापजोख की। इस मौके पर उन्होंने बताया कि इस मार्ग पर नहर पार के करीब तीन सैकड़ा मकानों को चिह्नित किया गया है जो साठ फीट के दायरे में आते हैं। उन्होंने बताया कि शुक्रवार से शुरू हुई नापजोख अब ककराही बाजार की ओर सीएनजी पंप वाली पुलिया तक होगी । वहीं सड़क पर नापजोख होते देख कई व्यापारियों में हड़कम्प मच गया लोगों के बीच सड़क के चौड़ीकरण को लेकर तरह तरह की चर्चायें चलती रहीं ।लोगों का मानना है कि अगर नगर के अन्दर बीच सड़क से साठ फीट का मानक रहा तो बड़े स्तर पर तोड़फोड़ और नुकसान तय है। वहीं नहरबाजार निवासी सभासद कृष्णकुमार कश्यप ने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों समेत जिलाधिकारी से मानक में परिवर्तन कर लोगों को राहत दिलवाने की मांग की है।

आयोजन एक्सिस पब्लिक स्कूल में रंगारंग कार्यक्रम के साथ वरिष्ठ नागरिक सम्मान कार्यक्रम का भी किया गया आयोजन, बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

आरंभ है प्रचंड बोल मस्तकों के झुंड पर रोमांचित हुए दर्शक

संवाददाता फफूंद औरैया

अमृत विचार। शनिवार को कस्बा फफूंद के एक्सिस पब्लिक स्कूल में रंगारंग कार्यक्रम के साथ वरिष्ठ नागरिक सम्मान कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि आचार्य मनोज अवस्थी महाराज (कथावाचक एवं समाज सुधारक) व विद्यालय प्रबंधक पी. के. दीक्षित द्वारा सरस्वती पूजन व दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया।

विद्यालय प्रधानाचार्य द्वारा मुख्य अतिथि का माल्यार्पण किया गया और प्रबंधक ने स्मृति चिह्न देकर उनका आभार प्रकट किया।

इसके पश्चात् बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना व अतिथि सम्मान में स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।

मुख्य अतिथि को सम्मानित करते विद्यालय परिवार के लोग। अमृत विचार

बच्चों की विभिन्न प्रस्तुतियां जैसे आरंभ है प्रचंड बोल मस्तकों के झुंड, कीजो केसरी के लाल, आयोरे शुभ दिन आयो कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए जिन्होंने दर्शकों का मन मोह लिया।

इसके साथ साथ मुख्य अतिथि व प्रबंधक द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को शॉल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उनके सहयोग के लिए विद्यालय परिवार ने उनका आभार प्रकट किया। तथा अपने संबोधन में प्रबंधक ने बताया की कठिन परिश्रम ही सफलता की एक मात्र कुंजी है, हम कठिन प्रयास द्वारा अपने लक्ष्य की प्राप्ति अवश्य कर सकते हैं। तथा निरंतर विद्यालय की शिक्षा व गुणवत्ता को बनाये रखना और संस्कार वान विधार्थियो का निर्माण करना ही हमारी प्राथमिकता रहेगी, तथा कार्यक्रम मे उपस्थित सभी का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य गुरमीत जी, उप प्रधानाचार्य शिवम , अंकित , तान्या , मोनिका , मंच संचालक समरा आदि उपस्थित रहे।

स्कूल चलो अभियान की घर-घर अपील करेंगे गुरुजी

संवाददाता ककोर,औरैया

अमृत विचार। जिले के परिषदीय विद्यालयों में सर्दी बीतने के बाद बच्चों की उपस्थिति संख्या बहुत कम हो गई है। जिसको लेकर शिक्षा विभाग चिंतित है ।

इससे निजात पाने के लिए विद्यालय के शिक्षक अब अभिभावकों को फोन करने के साथ ही उनके घर भी जाएंगे। जिससे विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति संख्या में सुधार हो सके। शीतकालीन अवकाश के बाद अधिकांश स्कूलों में बच्चों की संख्या घटकर आधे से भी कम हो गई है। जिसके कारण स्कूल के प्रधानाचार्य परेशान हैं। परिषदीय स्कूलों में एमडीएम का कोई हिसाब नहीं बन रहा है । जिला औरैया में इस समय 1265 परिषदीय विद्यालय संचालित हो रहे हैं। जिसमें करीब एक लाख बच्चे पंजीकृत हैं। शीतकालीन सर्दी गुजर जाने के बाद भी बच्चों ने स्कूल की ओर अपना रुख नहीं किया। जिवहीं परिषदीय विद्यालयों में शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज करने के लिए अध्यापक घर वालों को फोन कर रहे हैं। फिर भी स्कूल में संख्या न बढ़ने पर अध्यापक घर-घर जाकर बच्चों से स्कूल चलने की अपील करेंगे।

एआरटीओ कार्यालय में अब ऑनलाइन जमा होगा धन

ऑनलाइन चालान व फीस का होगा भुगतान, पाठक दंपति की मौत के मामले के बाद खुला था गबन का राज

कार्यालय संवाददाता,औरैया

अमृत विचार। भाऊपुर निवासी शिवकांत पाठक के जहर खाने के बाद एआरटीओ कार्यालय में उजागर हुए गबन के मामले को लेकर अब भुगतान जमा करने की सारी व्यवस्था ऑनलाइन कर दी गई है। वाहन मालिकों से चालान व टैक्स अदायगी में नकद की जगह ऑनलाइन भुगतान लिया जा रहा है। भाऊपुर निवासी शिवकांत पाठक ने चार जनवरी की शाम जहर खाकर आत्महत्या कर ली थी। पत्नी सीमा ने भी पति के तरह जान दे दी। सुसाइड नोट बरामद होने पर एआरटीओ कार्यालय के बैंक में जमा होने वाले चालान के गबन का मामला सामने आया था।

इसमें उन चालानों के मामले शामिल थे जिनके लिए वाहन मालिकों ने नकद भुगतान किए थे। बैंक में जिन्हें न जमा करते हुए इन चालान की धनराशि को बंटरबांट कर लिया गया था। इसको लेकर सुसाइड नोट में एआरटीओ कार्यालय के लेखाकार ललितकांत समेत अन्य लोगों पर आरोप लगे थे। इसके बाद से अब एआरटीओ कार्यालय में नकद जमा कराने से किनारा किया जा रहा है। गबन से पहले एआरटीओ कार्यालय में चालान व टैक्स जमा करने के लिए वाहन मालिक नकद व ऑनलाइन दोनों तरह से भुगतान कर सकते थे, लेकिन अब भुगतान की पूरी व्यवस्था ऑनलाइन कर दी गई है। बैंक खाते से सीधे विभाग के खाते में भुगतान शुरू कराया गया है।

नकद रुपये लेकर पहुंचने वाले वाहन मालिक अब जनसेवा केंद्र पर रुपये जमा करते हुए ऑनलाइन तरीके से विभाग के खाते में धनराशि जमा करा रहे हैं। अदायगी के बाद पोर्टल पर जमा भुगतान दिखाते हुए इसकी स्लिप वाहन मालिक को मुहैया करा दी जा रही है।

एआरटीओ ऑफ़िस। अमृत विचार

> कार्यालय में चालान अदायगी को लेकर सीधे ऑनलाइन तरीके से विभाग के खाते में भुगतान करने की व्यवस्था अपनाई गई है। नकद में रुपये जमा कराने की व्यवस्था को बंद कर दिया गया है। नकदी लेकर पहुंचने वाले वाहन मालिक जनसेवा केंद्रों से अदायगी कराते हुए स्लिप पा रहे हैं।
>
> –बलवंत सिंह, आरआई संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय

48 दिन बाद भी चालान गबन के आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर

औरैया। सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव भाऊपुर निवासी शिवकांत पाठक व पत्नी सीमा ने जहर खाकर चार जनवरी को आत्महत्या कर ली थी। सुसाइड नोट में एआरटीओ कार्यालय के चालान जमा करने को लेकर हुए गबन का मामला उजागर हुआ था। दर्ज मुकदमे में अभी तक महज एक को ही पकड़ा जा सका है। वहीं गबन की जांच भी फिलहाल अधूरी है। 48 दिन से ज्यादा का समय बीत चुका है, लेकिन पुलिस नामजद आरोपी समेत अन्य आरोपियों को अभी तक गिरफ्तार नहीं कर सकी है। दपंती की मौत के बाद दर्ज हुए मुकदमे में एआरटीओ के लेखाकार ललितकांत व नेता मिश्रा पर चालान अदायगी में हुए गबन की धनराशि को लेकर शिवकांत को मानसिक तौर पर परेशान किए जाने का आरोप लगा था। पुलिस ने लेखाकार ललितकांत को पकड़कर जेल भेजा दिया था। वहीं एक अन्य नामजद आरोपी नेता मिश्रा की गिरफ्तारी करने में 48 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस के पसीने छूट रहे हैं। दर्ज मुकदमे में बैंक के कुछ कर्मचारियों पर भी तलवार लटकी थी। वहीं दूसरी ओर गबन के मामले में जांच कर रही आरटीओ कानपुर की परिवहन विभाग की टीम को अभी तक एक साल के चालान नहीं मिल सके हैं। दो बार लिखित में एआरटीओ अशोक कुमार से अभिलेख तलब किए जा चुके हैं। एआरटीओ की ओर से दिबियापुर थाना में ललितकांत पर अभिलेख गायब करने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया है। दंपती की मौत से लेकर गबन की जांच किसी ठोस मुकाम तक पहुंचती नजर नहीं आ रही हैं।

चार दिन में खुल जाएगा चालान गबन का मामला

औरैया। एआरटीओ कार्यालय के लगभग 19 लाख रुपये के चालान गबन को लेकर चल रही जांच अब खुलासे के नजदीक पहुंच गई है। अधिकारी की माने तो जांच रिपोर्ट में चार दिन में खुलासा कर दिया जाएगा। चार जनवरी को भाऊपुर निवासी दंपती की मौत के बाद मिले सुसाइड नोट में परिवहन विभाग के बैंक में जमा होने वाले चालान के गबन का राज खुला था। इसमें 19 लाख रुपये के गबन का जिक्र था। इसके लिए मृतक शिवकांत जो कि एआरटीओ में आउटसोर्सिंग कर्मचारी था, पर गबन की राशि जमा कराने का दबाव बनाया जा रहा था। खास बात यह थी कि सुसाइड नोट में यह भी जिक्र था कि पूरा मामला विभागीय कर्मचारियों से लेकर ले अधिकारियों के संज्ञान में था। मामले में कानपुर लेखाधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि बैंक में चालान जमा करने को लेकर औरैया संभागीय परिवहन कार्यालय में हुए गबन की जांच लगभग अंतिम दौर में है। तीन से चार दिन में एक-एक बिंदु से पर्दा उठेगा।

महिला सशक्तीकरण योजनाओं के बारे में दी गई जानकारी

कार्यालय संवाददाता,औरैया

- महिलाओं व छात्राओं को टोल फ्री नंबरों के बारे में बताया

अमृत विचार। निदेशालय महिला कल्याण द्वारा अपेक्षित कार्यक्रम जनप्रतिनिधियों एवं प्रतिनिहित विधायक समिति के सदस्यों की उपस्थिति में बैठक कराते हुए वन स्टॉप सेंटर के उद्देश्य कार्य प्रक्रिया की जानकारी एवं व्यापक प्रचार प्रसार किए जाने के क्रम में वन स्टॉप सेंटर औरैया, भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष मंजू चौहान की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में महिला थाना प्रभारी रीना गौतम एवं भाजपा महिला मोर्चा की मंत्री कंचन श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन विद्या सिंह सेंगर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी के द्वारा सभी प्रतिनिधियों का स्वागत पुष्प देकर किया गया। वंदना शर्मा महिला कल्याण अधिकारी द्वारा बताया गया कि वन स्टॉप सेंटर भारत सरकार की योजना है। जिसका संचालन पूरे भारत वर्ष के प्रत्येक ज़िले में किया जा रहा है, महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित वन स्टॉप सेंटर पर महिलाओं को घरेलू हिंसा जैसी आपात स्थिति में आवश्यक सेवाए प्रदान की जाती है। जैसे अल्पावास, चिकित्सा सुविधा, काउंसिलिंग, पुलिस सहायता, विधिक सहायता आदि प्रदान की जाती है। उन्होंने सेफ सिटी परियोजना के बारे में विस्तार जानकारी दी। आरती गुप्ता अध्यक्ष स्थानीय परिवाद समिति ने कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम पर विस्तार से जानकारी दी गई।

बाल विवाह से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में बताते हुए सरकार द्वारा चलाए जा रहे टोल फ्री नंबर महिला हेल्पलाइन 181, वीमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, आपातकालीन सेवा 112 के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि जरूरत पड़ने पर इनकी सहायता ले और लोगों को भी इसकी जानकारी दें।

किसान खुद करें फसलों की बिक्री

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा

अमृत विचार। मंडल प्रबंधक भारतीय खाद्य निगम कानपुर नितिन वर्मा ने कहा कि बिचौलियों की बजाय किसानों खुद फसल की बिक्री सरकारी खरीद केंद्रों पर करें। पहले रजिस्ट्रेशन करवायें इसके बाद टोकन लेकर सीधे केंद्र पर जाकर गेहूं की तोल कराएं। फसल का मूल्य किसानों के खाते में 48 घंटे में पहुंच जाएगा।

शनिवार को सैफई रोड पर आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि यदि किसी किसान का गांव खरीद केंद्र से दूर है तो उसे मंगवाने की व्यवस्था खरीद केंद्र से की जाएगी। किसान फसल को केंद्र पर लेकर आयें यदि किसान को रजिस्ट्रेशन करने में कोई दिक्कत होती है तो विभाग उनकी मदद करेगा। किसान को अक्सर यह भ्रम रहता है कि उनकी फसल का मूल्य समय पर नहीं मिलता।

ऐसा नहीं है उनको सही समय पर पैसा मिलेगा। इस कार्यक्रम के बाद खाद्य निगम की पूरी टीम ग्राम पाठकपुर पहुंची जहां पर उन्होंने ग्राम प्रधान मनोज कुमार तथा किसानों से भी बातचीत की। फसलों का भी अवलोकन किया तथा फसल पकने पर सीधे मंडी आने को कहा। इस दौरान उनके साथ प्रबंधक खरीद बाबूराम ,प्रबंधक डिपो इटावा अविलेश कुमार, सुभाष चंद्र दीपक यादव, प्रबंधक इटावा राजीव कुमार, डिपो प्रभारी जसवंतनगर चंद्रभान सिंह यादव, मंडी प्रभारी जसवंत नगर महेश सिंह राठौर आदि मौजूद रहे।

संबोधित करते एफसीआई के मंडल प्रबंधक नितिन वर्मा। अमृत विचार

तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार

इटावा। चौबिया थाना पुलिस ने गस्त के दौरान बनी हरदू गांव के पास से एक व्यक्ति को तमंचा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। आवश्यक करवाई के बाद उसे जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष मंसूर अहमद अपनी टीम के साथ गस्त पर थे जब वह बनी हरदू के पास पहुंचे तभी संदिग्ध अवस्था में जाता एक व्यक्ति दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया तो वह भागने लगा। संदेह होने पर पुलिस ने पीछा कर उसे दबोच लिया। तलाशी में उसके पास से एक तमंचा व कारतूस बरामद हुए। पूछताछ में उसने अपना नाम मोहित उर्फ ब्रजदीप पुत्र धर्मेंद्र निवासी केशों पुर बताया। थानाध्यक्ष ने बताया कि मोहित शातिर अपराधी है।

कहां खेलें बच्चे, खेल के मैदान पर अवैध कब्जे

संवाददाता फफूंद

- ग्रामीणों में आक्रोश मैदान की सफाई कराने की मांग की

अमृत विचार। ब्लाक भाग्यनगर की ग्राम पंचायत केशमपुर के गांव पसईपुर में युवक मंगल दल के खेल मैदान की जगह पर ग्रामीणों ने अवैध कब्जा कर रखा है। ग्राम प्रधान की लापरवाही से ग्रामीण अब कूड़े कचरे को भी वहीं फेंकने लगे हैं। कूड़े घर में तब्दील हो चुके मैदान में गांव के बच्चे खेलने नही जा पा रहे हैं,ग्रामीणों ने खेल के मैदान की साफ सफाई कराने की मांग की है।

भाग्यनगर ब्लाक की ग्राम पंचायत पसईपुर केशमपुर में युवक मंगल दल का खेल का मैदान है।जहां कभी गांव के युवा बालीबाल,क्रिकेट,कबड्डी,फुटबाल आदि खेलने जाते थे।मैदान में वालीवाल खेलने के लिए पोल और नेट भी लगा हुआ है। एक वर्ष से गांव के कुछ ग्रामीणों ने वहां अपने कृषि यंत्र और फसल अवशेष एवम कंडे के ढेर रखकर अवैध कब्जा कर लिया। मैदान में लगा नेट भी गायब हो चुका है। जगह जगह उसकी बाउंड्री भी टूट गई है। ग्रामीण घरों का कूड़ा कचरा भी मैदान में फेंकने लगे हैं। जिससे वहां गंदगी के ढेर लग गए हैं। खेल का मैदान कूड़े घर में तब्दील हो गया है। ग्राम प्रधान भी कोई ध्यान नही दे रहे हैं।ग्रामीण नंदकिशोर दोहरे, रामजीवन,अवधेश कुमार,संतोष कुमार,अमर सिंह, चरन सिंह आदि ने बताया की मैदान में जमा गंदगी से मैदान में खेलने की जगह नही बची है जिससे गांव के बच्चे और युवा वहां खेल कूद नही कर पा रहे हैं और गंदगी से उठने वाली दुर्गंध से आसपास के मकानों में रहने वाले लोग भी परेशान हैं।मैदान की हालत सुधारने के लिए प्रधान से कई बार कहा लेकिन कोई सुनाई नही हुई जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है।ग्राम प्रधान राजेश पाल ने बताया की खेल मैदान के लिए कार्ययोजना बना ली गई है।

केशमपुर खेल मैदान की दुर्दशा। अमृत विचार

दृष्टि बाधित भी सफारी में कर सकेंगे वन्यजीवों की जानकारी

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- सफारी में ब्रेल कारिडोर ईको पर्यटन केन्द्र बनाने की तैयारी

अमृत विचार। अब नई व्यवस्था के तहत इटावा सफारी पार्क में आने वाले दृष्टि बाधित दिव्यांग पर्यटक ब्रेल लिपि के माध्यम से सफारी पार्क के इतिहास के साथ ही यहां रखे गये वन्यजीवों के बारे में जानकारी हासिल कर सकेंगे।

इटावा सफारी पार्क पर्यटकों को आकर्षित कर रहा है और बड़ी संख्या में पर्यटक यहां आकर वन्यजीवों को देखते हैं। यहां शेर,भालू, लैपर्ड, हिरन, एंटीलोप, बारहसिंघा आदि वन्यजीवों के दीदार कराए जाते हैं लेकिन अभी तक दृष्टि बाधित दिव्यांगों के लिए कोई व्यवस्था नहीं थी इसे देखते हुए सफारी प्रशासन अब यह व्यवस्था कर रहा है कि दृष्टिबाधित लोग भी सफारी के इतिहास और वन्यजीवों के बारे में जानकारी हासिल कर सकें। इसके लिए सफारी में प्रकृति चित्रण केन्द्र के पास ही ब्रेल कॉरिडोर ईको पर्यटन केन्द्र विकसित किया जायेगा। इसमें ब्रेल लिपि के माध्यम से सफारी पार्क के वन्यजीव बब्बर शेर, तेंदुआ, भालू एवं यहां की अन्य रोमांचक जानकारी हासिल की जा सकेगी।

इस कार्य के लिए मीत वेलफेयर फाउंडेशन के रोहित कुमार ने शनिवार को इटावा सफारी पार्क का भ्रमण किया गया है। सफारी पार्क के डायरेक्टर डॉ. अनिल पटेल ने बताया कि जल्द ही यह ब्रेल कॉरिडोर दृष्टिबाधित दिव्यांगजनों को समर्पित की जाएगी।

चोरों ने शिव मंदिर को बनाया निशाना

बांगरमऊ उन्नाव। नगर के मोहल्ला कस्बा टोला स्थित शिव मंदिर में शुक्रवार रात घुसे चोरों ने शिवलिंग पर लगी शिव व शेषनाग की तांबे की प्रतिमा पार कर दी। चोरों ने मंदिर के घंटे भी खोलने का प्रयास किया।

कस्बा टोला में अवधेश अवस्थी के मकान के बगल में शिव मंदिर है। मंदिर में मोहल्ले के सैकड़ों श्रद्धालु पूजन-अर्चन करते हैं। श्रद्धालुओं द्वारा मंदिर में शिवलिंग पर तांबे के शिव और शेषनाग की प्रतिमाएं स्थापित कराई गई थीं। बीती शुक्रवार रात चोर मंदिर में घुसे और तांबा से निर्मित शिव व शेषनाग की प्रतिमाएं चोरी कर ले गए। चोरों ने मंदिर में बंधे पीतल के घंटों को भी खोलने का प्रयास किया। शनिवार सुबह पूजन के लिए मंदिर पहुंचने पर भक्तों को घटना की जानकारी हो सकी।

इंजीनियर हत्याकांड: बसपा के पूर्व विधायक शेखर तिवारी को हाईकोर्ट से मिली जमानत

कार्यालय संवाददाता उरई

अमृत विचार। इंजीनियर हत्याकांड में सजा पाए बसपा के दिबियापुर क्षेत्र से विधायक रहे शेखर तिवारी की शनिवार को जालौन के जिला जेल से शनिवार को जमानत हुई।

वह इंजीनियर हत्याकांड में जेल में बंद थे। बसपा शासनकाल के दौरान दिबियापुर के एक सरकारी गेस्ट हाउस में अधिशासी अभियंता मनोज गुप्ता की 2008 में पीट-पीट कर हत्या कर देने के मामले में उन्हें अदालत ने उम्रकैद की सजा सुनाई थी। वह जालौन के जिला जेल में सजा काट रहे थे। 15 वर्ष बाद उन्हें इलाहाबाद हाईकोर्ट से जमानत मिल सकी। ज्ञात हो कि इंजीनियर हत्याकांड में साक्ष्य छिपाने के आरोप में दिबियापुर नगर पालिका की पूर्व अध्यक्ष व शेखर तिवारी की पत्नी विभा तिवारी को भी चार साल की सजा सुनाई गई थी। इंजीनियर हत्याकांड की रिपोर्ट दिबियापुर थाने में दर्ज थी। विशेष न्यायाधीश एमपी-एमएलए कोर्ट संजय कुमार सिंह की अदालत ने इंजीनियर मनोज गुप्ता हत्याकांड में आजीवन कारावास की सजा काट रहे पूर्व बसपा विधायक तिवारी व उनके तीन सहयोगी को 5-5 साल कठोर कारावास और 8-8 हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई। जिसमें विनय तिवारी, मनोज कुमार अवस्थी व रामबाबू को गैंगस्टर के मामले में दोषी करार दिया।

शेखर तिवारी।

- लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता की दिसंबर 2008 में हुई थी हत्या

यह था पूरा मामला

दिसंबर 2008 में औरैया के दिबियापुर में गेल कालोनी निवासी लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता मनोज कुमार गुप्ता की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। तब मामले में बसपा के तत्कालीन विधायक शेखर तिवारी और उनके साथियों के विरुद्ध हत्या और गैंगस्टर एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई थी। मामले में दोष सिद्ध होने पर अभियुक्त शेखर तिवारी और अन्य सहयोगियों को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। मामले में पुलिस ने चारों अभियुक्त शेखर तिवारी, विनय तिवारी, मनोज कुमार अवस्थी व पूती उर्फ रामबाबू पर गैंगस्टर एक्ट की धारा 3(1) में भी नामजद किया था।

सार-संक्षेप

कार्यक्रम में सेंटर के प्रति जानकारी देतीं विधायक कृष्णा पासवान। अमृत विचार

वन स्टाप सेंटर के प्रति फैलाई गई जागरुकता

फतेहपुर। जिले में महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित वन स्टाप सेन्टर के व्यापक प्रचार प्रसार के लिए खागा विधायक कृष्णा पासवान की अध्यक्षता में शनिवार को पब्लिक मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें सेंटर के प्रति उपस्थित महिलाओं को जागरुक किया गया। महिलाओं समेत जन सामान्य को वन स्टाप सेन्टर द्वारा उपलब्ध करायी जाने वाली सुविधाओं के सम्बन्ध में जानकारी उपलब्ध कराते हुए महिला कल्याण विभाग व अन्य विभागों की महिला कल्याणकारी योजनाओं के सम्बन्ध में पूर्ण जानकारी उपलब्ध करायी गयी। आयोजित पब्लिक मीटिंग में ऋषान्त कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी, ज्योती प्रवीण अध्यक्ष महिला मोर्चा, धीरेन्द्र अवस्थी विधि सह परिवीक्षा अधिकारी, मोहिनी साहू, प्रभारी सेन्टर मैनेजर एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

आज चार घंटे ठप रहेगी बिजली

इटावा। 25 फरवरी को 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र मैनपुरी फाटक के फीडर 1 और फीडर 4 पर पेड़ छंटाई, अनुरक्षण संबंधी कार्य के कारण और विद्युत उपकेंद्र मैनपुरी फाटक से संबंधित फीडर 1 के सभी क्षेत्रों की आपूर्ति दोपहर 11बजे से दोपहर 3 बजे तक बाधित रहेगी। फीडर 4 से संबंधित क्षेत्रों की आपूर्ति सुबह 7 बजे से सुबह 10बजे तक बाधित रहेगी। यह जानकारी जेई विनयशील ने दी है।

47 वाहनों का हुआ चालान

फतेहपुर। एसपी के निर्देश पर शनिवार को चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने 47 वाहनों का चालान करते हुए एक वाहन से एक हजार रुपये का शमन शुल्क वसूला है। वहीं छह लोगों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की है।

चोरी का आरोपी गिरफ्तार

फतेहपुर। कल्यानपुर पुलिस ने साई गांव निवासी कमलेश कुमार शुक्ला पुत्र रामबाबू के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया था। जिसके बाद से आरोपी फरार चल रहा था। शनिवार को पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी कर न्यायालय रवाना कर दिया है।

नाले में गिरा अन्ना मवेशी, पुलिस ने निकलवाया

थरियांव। थाना क्षेत्र के हसवा चौकी क्षेत्र के बिलंदा नेशनल हाइवे पर बने डिवाइडर के नाले में एक अन्ना सांड गिर गया। करीब एक घंटे तक नाले में गिरा पड़ा रहा। सांड के चिल्लाने की आवाज सुन लोगों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेन मशीन के सहारे सांड को बाहर निकलवाया।

ट्रेन की चपेट में आए बुजुर्ग की मौत

फतेहपुर। घर से जंगल जाने के लिए निकला एक बुजुर्ग शुक्रवार की शाम ट्रेन की चपेट में आ गया। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचनापर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। खागा कोतवाली क्षेत्र के चक कटोघन गांव निवासी बसंत लाल गांव में खेती किसानी करते थे। परिजनों ने बताया कि शुक्रवार की शाम वह रोज की तरह जंगल जाने के लिए घर से निकले थे। जहां से वापस लौटते समय रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गए। हादसे में बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर घटनास्थल पर पहुंचे परिजनों में शव देख कोहराम मच गया। वहीं परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

सियासत शिवपाल सिंह यादव एवं उनके पुत्र डीसीबी के चेयरमैन आदित्य यादव ने हवन पूजन कर मुलायम सिंह यादव की प्रतिमा का किया अनावरण

शिवपाल ने कहा, धर्मेंद्र यादव भी लड़ेंगे लोकसभा का चुनाव

संवाददाता बसरेहर, इटावा

अमृत विचार। प्रह्लाद स्मारक इंटर कालेज चौपला परिसर में सपा संस्थापक दिवंगत नेताजी मुलायम सिंह यादव की प्रतिमा का शिवपाल सिंह यादव एवं उनके पुत्र डीसीबी के चेयरमैन आदित्य यादव अंकुर ने हवन पूजन कर अनावरण किया।

इस मौके पर शिवपाल सिंह ने कहा कि पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव भी लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष से बात हो चुकी है। जल्द ही धर्मेंद्र का नाम सूची में जारी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में झूठ बोलने वालों की कमी नहीं है। भाजपा झूठों की पार्टी बनती जा रही है। प्रदेश में लगातार अपराध बढ़ रहा है। बेवजह लोगों के मकान गिराए जा रहे हैं। पुलिस प्रशासन फर्जी एनकाउंटर करता जा रहा है। हर बार अपराधी के पैर में ही गोली लगती है। सरकार झूठे दावे कर रही है कि प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था सही चल रही है।

नेताजी मुलायम सिंह यादव की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते शिवपाल सिंह यादव एवं सुनील यादव। अमृत विचार

नेताजी की मूर्ति के अनावरण पर उन्होंने कहा कि नेताजी ने हमेशा किसानों व गरीबों की आवाज उठाई है। इस अवसर पर बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गये,जिसमें बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ की झांकी सबसे मनमोहक और एक अच्छा संदेश देती हुई नजर आई। इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री राम सेवक यादव गंगापुर, सपा जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य, कॉलेज के अध्यक्ष सुनील यादव उर्फ बॉबी, प्रधानाध्यापक जगदीश यादव,पंकज यादव सदस्य जिलापंचायत, ग्राम पंचायत मूंज के प्रधान अवनीश यादव, पूर्व प्रधान अशोक यादव, पूर्व प्रधान सुरजेश यादव उर्फ कल्लू चौबिया, संजय यादव, राजवीर यादव उर्फ काका,सहित क्षेत्र के सभी विद्यालयों अध्यापक एवं हजारों की संख्या में समाजवादी पार्टी समर्थक मौजूद रहे।

सपा जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य को आमंत्रण देते कांग्रेस जिला अध्यक्ष मलखान सिंह। अमृत विचार

भारत जोड़ो यात्रा के लिए सपाइयों को दिया निमंत्रण

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। कांग्रेस महासचिव राहुल गांधी द्वारा निकाली जा रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा का 25 फ़रवरी आगरा आगमन पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को आमंत्रण के बाद सपा कार्यालय पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष मलखान सिंह यादव ने सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू को आगरा चलने के लिए आमंत्रण दिया। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष आलोक दीक्षित, प्रदेश कांग्रेस सचिव मो. राशिद खान, प्रदेश सदस्य कोमल सिंह कुशवाहा, सपा नेता उदयभान सिंह यादव, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष संजय दोहरे, यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष शोजब रिजवी, नरेंद्र पाल, उपेंद्र यादव, अभिषेक सिंह, राजेंद्र सिंह आदि रहे।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 975 फ्लैग 1095 डीएमओ 860 बोल्ड 1130, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 910।

कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)

लोकल	मिल डिलीवरी
गेहूं दड़ा	2525-2550
आरआर 21	2700-2750
गेहूं फारम	2800-2850
जौ	2000 -2100
ज्वार	2600 -4000
बाजरा	2125-2175
मकाई	2000 -2200

दलहन (प्रति क्वि.)

लोकल	मिल डिलीवरी
चना	5200 -5400
अरहर	7500 -8000
मसूर	5500 -5600
मटर	4200 -4300
उड़द हरा	10000 -10200
उड़द काला	6000 -8000
मूंग	8500 -8800

दाल (प्रति क्वि.)

अरहर फूल	14500-14700
अरहर स्पेशल1	12200-12400
चना दाल	7050-7150
मटर दाल	5050-5150
म्सूर मलका	6900-6950
मसूर दाल	7100-7150
उड़द दाल	9000- 12000
उड़द धोवा	10500- 13000
मूंग दाल	8800 -10300
मूंग धोवा	9800-11500

चावल (प्रति क्वि.)

अरवा	2000 - 2300
बासमती नं1.	8500 - 10000
सेला	2500 - 3000
बासमती नं2.	6500 - 7500

किराना-मेवा (प्रति क्वि.)

कली मिर्च	55000-70000
बड़ीइलायची	85000-120000
सोंठ	30000-40500
धनिया	6000-13000
लालमिर्च	28000-34000
जीरा	58000-62000
अजवाइन	20000-28000।

प्रधानमंत्री मोदी ने लॉन्च की दुनिया की सबसे बड़ी खाद्यान्न भंडारण योजना

नई दिल्ली, एजेंसी

- योजना के तहत 1.25 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को 11 राज्यों में प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) में अनाज भंडारण के लिए 11 गोदामों का उद्घाटन किया। ये गोदाम सहकारी क्षेत्र में सरकार की दुनिया की सबसे बड़ी अनाज भंडारण योजना का हिस्सा हैं। इस योजना में 1.25 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश शामिल है।

मोदी ने गोदामों और अन्य कृषि बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए देश भर में अतिरिक्त 500 पैक्स की आधारशिला भी रखी। इन पहलों का मकसद नाबार्ड और राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) की मदद से पैक्स गोदामों को खाद्यान्न

आपूर्ति श्रृंखला के साथ निर्बाध रूप से जोड़ना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सहकारी क्षेत्र एक लचीली अर्थव्यवस्था को आकार देने और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को गति देने में सहायक है। उन्होंने कहा, 'आज हमने किसानों के लिए दुनिया की सबसे बड़ी भंडारण योजना शुरू की है। इसके तहत देश भर में हजारों वेयरहाउस और गोदाम बनाए जाएंगे।' उन्होंने कहा कि इसके तहत 700 लाख टन भंडारण क्षमता बनाई जाएगी।

मोदी ने सहकारी क्षेत्र से आग्रह किया कि वे खाद्य तेलों व उर्वरकों सहित कृषि उत्पादों के लिए आयात निर्भरता कम करने में मदद करें। उन्होंने अफसोस जताया कि देश में भंडारण बुनियादी ढांचे की कमी के कारण किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा, 'पिछली सरकारों ने इस समस्या पर कभी ध्यान नहीं दिया, लेकिन आज पैक्स के जरिए इस समस्या का समाधान किया जा रहा है।'

विकसित भारत के लिए विकसित कृषि जरूरी: मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए कृषि क्षेत्र का विकसित और आधुनिक होना आवश्यक है। प्रधानमंत्री ने प्रगति मैदान के भारत मंडपम में सहकारिता मंत्रालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, "कृषि प्रणालियों का आधुनिकीकरण भी विकसित भारत के निर्माण के लिए बराबरी का महत्व रखता है।" उन्होंने कहाकि कृषि और खेती-बाड़ी की नींव को मजबूत करने में सहकारिता व सहयोग की शक्ति की बहुत बड़ी भूमिका है। इसीलिए उनकी सरकार ने सहकारिता के लिए एक अलग मंत्रालय बन गया है।

अब भी सीईओ हूं, बर्खास्तगी की खबर अफवाह: रविंद्रन

नई दिल्ली। संकट से जूझ रही शिक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी बायजू के संस्थापक बायजू रवींद्रन ने कर्मचारियों को एक पत्र लिखकर कहा है कि वह सीईओ बने रहेंगे और प्रबंधन में कोई बदलाव नहीं होगा। निवेशकों द्वारा नेतृत्व परिवर्तन के लिए मतदान करने के एक दिन बाद उन्होंने पत्र में शुक्रवार की ईजीएम को तमाशा करार दिया।

कर्मचारियों के लिए यह पत्र महत्वपूर्ण है, क्योंकि बायजू के शेयरधारकों ने शुक्रवार को शिक्षा प्रौद्योगिकी स्टार्टअप में कथित 'कुप्रबंधन और विफलताओं' के चलते संस्थापक-सीईओ रवींद्रन और उनके परिवार को बोर्ड से हटाने के लिए मतदान किया था। रवींद्रन ने कंपनी संस्थापकों की अनुपस्थिति में की गई वोटिंग को अमान्य और अप्रभावी बताया है।

अडाणी समूह उबर के साथ कर सकता है कारोबारी करार

नई दिल्ली, एजेंसी

- गौतम अडाणी ने उबर के सीईओ से मुलाकात के बाद दिए संकेत

अरबपति गौतम अडाणी ने शनिवार को उबर के सीईओ दारा खोसरोशाही से मुलाकात की, जो इस समय भारत के दौरे पर हैं। इसके साथ ही उन्होंने अपने समूह और उबर के बीच भविष्य में सहयोग की संभावना के संकेत भी दिए। सोशल मीडिया मंच एक्स पर दोनों व्यापारिक नेताओं ने भारत की वृद्धि गाथा और उपमहाद्वीप के लिए उनके नजरिए पर चर्चा की।

अडाणी ने एक्स पर एक पोस्ट पर कहा, 'उबर के सीईओ दारा खोसरोशाही के साथ बेहद दिलचस्प बातचीत हुई। भारत में उबर के विस्तार के लिए उनका दृष्टिकोण वास्तव में प्रेरणादायक है, विशेष रूप से भारतीय ड्राइवरों और उनकी गरिमा बढ़ाने के लिए उनकी प्रतिबद्धता। दारा और उनकी टीम के साथ भविष्य में सहयोग के लिए उत्साहित हूं।' उबर के सीईओ ने कहा कि उन्होंने 'बेहद शानदार बातचीत'' के लिए नाश्ते पर अडाणी समूह के प्रमुख से मुलाकात की। उन्होंने भारत में ईवी रूपांतरण में तेजी लाने के लिए अपनी कंपनी की प्रतिबद्धता का भी जिक्र किया।

अडाणी ने मुलाकात की तस्वीरें भी पोस्ट कीं, लेकिन यह नहीं बताया कि मुलाकात कहां हुई। तस्वीरों से ऐसा लग रहा है कि बैठक अहमदाबाद में हुई थी। दारा ने अडाणी की पोस्ट का जवाब देते हुए लिखा, 'स्वादिष्ट नाश्ते के साथ भारत की अभूतपूर्व वृद्धि और बढ़ती उद्यमशीलता के बारे में गौतम अडाणी के साथ एक बहुत ही शानदार बातचीत हुई।'

सर्राफा

कानपुर	
चांदी 999 (प्रति किलो)	72,300
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	64,000
गिन्नी (प्रति नग)	47,650-47,850
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	64,200
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	64,050
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42,500
चांदी (999)	72,500
चांदी तैयार	72,600
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	63,800
सोना जेवरात गिन्नी	62,800
चांदी पक्की	712 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	63,850
चांदी आभूषण	71,900।

जेमिनी संकेतों का जवाब देने में हमेशा भरोसेमंद नहीं: गूगल

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रधानमंत्री मोदी पर चैटबॉट की प्रतिक्रिया के बाद दी सफाई

सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी गूगल ने कहा है कि उसका एआई चैटबॉट वर्तमान घटनाओं और राजनीतिक विषयों से संबंधित कुछ संकेतों का जवाब देने में हमेशा भरोसेमंद नहीं हो सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर एक सवाल के जवाब में एआई टूल 'जेमिनी' की आपत्तिजनक प्रतिक्रिया और पूर्वाग्रह को लेकर गूगल को आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है।

गूगल ने शनिवार को कहा कि उसने इस मुद्दे का समाधान करने के लिए तेजी से काम किया है। केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने चेतावनी दी थी कि प्रधानमंत्री से जुड़े एक सवाल पर गूगल के एआई टूल जेमिनी की प्रतिक्रिया आईटी नियमों के साथ ही आपराधिक संहिता के कई प्रावधानों का सीधा उल्लंघन है। एक पत्रकार के सत्यापित खाते से लिखा गया था कि मोदी पर एक सवाल के जवाब में गूगल जेमिनी की प्रतिक्रिया पक्षपात से भरी है। इस पर संज्ञान लेते हुए चंद्रशेखर ने यह बात कही। जेमिनी से जब इसी तरह का सवाल ट्रंप या जेलेंस्की के बारे में पूछा गया, तो उसने कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया।

एमईएनए देशों को स्वास्थ्यकर्मी भेजने में केरल सबसे आगे: रिपोर्ट

मुंबई। भारत से पश्चिम एशिया और उत्तरी अफ्रीकी (एमईएनए) देशों को स्वास्थ्यकर्मी भेजने के मामले में केरल सबसे आगे हैं। विशेष रूप से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में ऐसा हैं, जहां पिछले साल मांग 3.3 गुना बढ़ी। नौकरी दिलाने में मदद करने वाले मंच हंटर के आंकड़ों के अनुसार केरल, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश एमईएनए देशों में नर्सों, डॉक्टरों और प्रयोगशाला तकनीशियनों सहित स्वास्थ्यकर्मियों को भेजने के लिहाज से अग्रणी हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि केरल से यूएई को स्वास्थ्यकर्मियों का प्रवासन 2023 में बढ़कर 3.3 गुना हो गया।

भारत एकमात्र अर्थव्यवस्था, जो तेजी से बढ़ रही आगे

मुंबई, एजेंसी

- 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया ने एक कार्यक्रम को किया संबोधित

सोलहवें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया ने शनिवार को कहा कि दुनिया में तूफान लाने के लिए भारत की परिस्थितियां बिल्कुल सही हैं और भारत अब एकमात्र ऐसी अर्थव्यवस्था है, जो मजबूती से आगे बढ़ रही है।

डॉ. पनगढ़िया ने यहां एक निजी टेलीविजन चैनल के आइडियाज ऑफ इंडिया समिट 3.0 में 'द इकोनॉमिक व्हिस्परर: हाउ टू फ्यूल ग्रोथ विद जॉब्स' विषय पर अपने विचार साझा करते हुये भारत और नए भारत के बारे कहा, "1980 के दशक में मैं भारत को लेकर बहुत निराशावादी हुआ करता था।

1991 में हालात बदल गए। रुझान उदारीकरण की ओर हो गया। यदि हम कोविड काल को हटा दें, तो पिछले 20 वर्षों में वास्तविक डॉलर में लगभग 8.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिसकी हम 1980 के दशक में कल्पना भी नहीं कर सकते थे।' उन्होंने कहा कि बेरोजगारी वास्तव में भारत के लिए कोई समस्या नहीं है। अल्परोजगार है, चुनौती अच्छी तनख्वाह वाली, उच्च उत्पादकता वाली नौकरियां पैदा करने की है। जनसंख्या बड़ी है और जनसंख्या युवा है। यह हमारी मदद करेगा। हमारे पास उस तरह का निर्भरता अनुपात नहीं है, जैसा चीन के पास है।

डॉ. पनगढ़िया ने कहा, "हम एक श्रम प्रचुर देश और पूंजी की कमी वाला देश हैं। हमने अपनी अधिकांश पूंजी कुछ चुनिंदा पूंजी-गहन क्षेत्रों में लगाई है। बहुत सारे कर्मचारी कृषि और एमएसएमई जैसे क्षेत्रों में काम कर रहे हैं, जिनमें बहुत कम पूंजी है।"

राष्ट्रीय

मंदिरों पर टैक्स लगाने का विधेयक विधान परिषद में गिरा

कर्नाटक में सत्तारूढ़ कांग्रेस को झटका, विपक्षी भाजपा-जद (एस) गठबंधन ने विरोध में किया मतदान

बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक में 10 लाख से अधिक वार्षिक आय वाले मंदिरों से कोष एकत्र करने संबंधी कांग्रेस सरकार का एक विधेयक विधान परिषद में विपक्षी भाजपा-जद (एस) गठबंधन के चलते गिर गया।

कर्नाटक हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती (संशोधन) विधेयक 2024 को इस सप्ताह की शुरुआत में विधानसभा से मंजूरी मिल गई थी। शुक्रवार को उच्च सदन में ध्वनिमत से विधेयक गिर गया, जहां विपक्षी दलों के पास बहुमत है।

विधेयक में 10 लाख रुपये से एक करोड़ रुपये के बीच वार्षिक आय वाले मंदिरों से पांच प्रतिशत और एक करोड़ रुपये से अधिक आय वाले मंदिरों से 10 प्रतिशत

राशि एकत्रित करने का प्रस्ताव है। विधेयक में कहा गया है कि एकत्रित धन को 'राज्य धार्मिक परिषद' द्वारा प्रशासित एक साझा कोष में डाला जाएगा, जिसका उपयोग पांच लाख से कम आय वाले 'सी' श्रेणी के मंदिरों (राज्य नियंत्रित) के अर्चकों (पुजारियों) के कल्याण के लिए किया जाएगा।

विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष कोटा श्रीनिवास पुजारी ने पुजारियों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के कदम का स्वागत किया। हालांकि मंदिरों द्वारा अर्जित राजस्व के दुरुपयोग का विरोध किया। उन्होंने सवाल किया कि सरकार उनके कल्याण के लिए बजट के तहत धन क्यों नहीं दे सकती। विपक्ष ने विधेयक में मंदिर समिति के अध्यक्ष को सरकार द्वारा मनोनीत करने के प्रस्ताव का भी विरोध किया। 'मुजराई' मंत्री रामलिंगा रेड्डी ने विपक्ष को समझाने की कोशिश करते हुए सदन को आश्वासन दिया कि सरकार मंदिर समिति के अध्यक्ष के मनोनयन में हस्तक्षेप नहीं करेगी और मंदिरों से साझा कोष में दी जाने वाली प्रस्तावित राशि को भी कम करेगी।

विपक्ष ने विधेयक पारित करने से पहले इसमें संशोधन किए जाने पर जोर दिया, जिसको देखते हुए रेड्डी ने सोमवार तक का समय मांगा और कहा कि उन्हें मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के साथ इस पर चर्चा करने की जरूरत है, क्योंकि इसमें वित्तीय निहितार्थ शामिल हैं।

हालांकि, सभापति के रूप में मौजूद उप सभापति एमके प्रणेश ने सोमवार तक का समय न देते हुए कहा कि ऐसा कोई प्रावधान नहीं है, क्योंकि सदन पहले ही विधेयक पर विचार कर चुका है। इसके बाद विधेयक पर मतदान हुआ और यह विपक्षी भाजपा-जद(एस) गठबंधन के संख्या बल की वजह से गिर गया। भाजपा ने इस विधेयक के बाद कांग्रेस पर हिंदू विरोधी होने के आरोप लगाए हैं, जबकि इन आरोपों को खारिज करते हुए कांग्रेस ने कहा है कि यह एक्ट पहली बार 2003 में ही लाया गया था। वहीं राज्य के स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव ने कहा है कि भाजपा इस बारे में भ्रांति फैला रही है।

विधान परिषद में राजग का संख्या बल ज्यादा

कर्नाटक विधान परिषद में राजग यानी भाजपा के गठबंधन के पास सत्ताधारी कांग्रेस से अधिक संख्या बल है। कांग्रेस के 30 एमएलसी हैं, जबकि भाजपा के 35 एमएलसी हैं। इसके अलावा 8 एमलसी भाजपा की गठबंधन सहयोगी जेडीएस के हैं। कर्नाटक में लाए जा रहे 'कर्नाटक हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती संशोधन विधेयक 2024' कानून के तहत सरकार सालाना एक करोड़ से अधिक आय वाले मंदिरों से आय पर दस प्रतिशत टैक्स ले सकेगी, जबकि दस लाख से एक करोड़ तक की आय वाले मंदिरों से 5 प्रतिशत टैक्स लिया जा सकेगा।

शरद पवार ने अपनी पार्टी के चुनाव चिह्न का किया अनावरण

मुंबई। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के संस्थापक शरद पवार ने अपने नेतृत्व वाले पार्टी के गुट के चुनाव चिह्न 'तुरहा (पारंपरिक तुरही) बजाते हुए आदमी' का शनिवार को अनावरण किया और इसे लोगों के कल्याण के लिए एक नया संघर्ष शुरू करने और उनके उत्थान के वास्ते काम करने वाली सरकार बनाने के लिए प्रेरणा बताया।

अजित पवार और आठ अन्य विधायकों के पिछले वर्ष जुलाई में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार में शामिल हो जाने के बाद शरद पवार नीत राकांपा विभाजित हो गई थी। बाद में निर्वाचन आयोग ने उपमुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट को असल राकांपा घोषित किया था और उसे पार्टी का चिह्न 'घड़ी' आवंटित किया था।

भ्रष्टाचार छिपाने को आप ने कांग्रेस के सामने टेके घुटने

नई दिल्ली, एजेंसी

- भाजपा ने दोनों पार्टियों के गठजोड़ को भ्रष्टाचारियों का गठबंधन बताया

भाजपा ने कांग्रेस-आप गठजोड़ की आलोचना करते हुए शनिवार को इसे भ्रष्टाचारियों का गठबंधन करार दिया और कहा कि आप ने भ्रष्टाचार छिपाने के लिए कांग्रेस के सामने घुटने टेक दिए। यह (गठजोड़) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का किसी भी तरह से मुकाबला नहीं कर पाएगा।

केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी और भाजपा की दिल्ली इकाई के प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जिन राज्यों में यह गठजोड़ किया गया है चाहे वह गुजरात, हरियाणा, चंडीगढ़, गोवा या दिल्ली हो, भाजपा को 2019 के लोकसभा चुनावों में 50 प्रतिशत से अधिक वोट मिले थे। लेखी ने अतीत में कांग्रेस के खिलाफ आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं द्वारा लगाए गए भ्रष्टाचार के कई आरोपों का हवाला देते हुए कहा कि यह भ्रष्ट गठबंधन उन लोगों के खिलाफ सफल नहीं होगा, जो जनता की सेवा करने के लिए जाने जाते हैं। लेखी ने कहा कि केजरीवाल न केवल 2004-14 के दौरान केंद्र में कांग्रेस के नेतृत्व वाली संप्रग सरकार के अधिकांश मंत्रियों पर भ्रष्ट होने का आरोप लगाते थे, बल्कि उन्होंने दिवंगत राजीव गांधी से भारत रत्न सम्मान वापस लेने की भी मांग की थी।

एक नजर

तमिलनाडु में कांग्रेस की विधायक विजयधरानी भाजपा में शामिल

नई दिल्ली। तमिलनाडु में लगातार तीन बार से विधायक कांग्रेस की नेता एस. विजयधरानी शनिवार को भाजपा में शामिल हो गईं और कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का नेतृत्व देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। विजयधरानी के भाजपा में शामिल होने को पार्टी के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि वह राज्य में अपना जनाधार बनाने के लिए संघर्ष कर रही है। विजयधरानी कन्याकुमारी लोकसभा क्षेत्र की विलावनकोड सीट से विधायक हैं। भाजपा कन्याकुमारी से अतीत में लोकसभा चुनाव जीत चुकी है।

कर्नाटक में सड़क दुर्घटना में छह लोगों की मौत

बेलगावी। कर्नाटक के बेलागावी जिले से करीब 90 किमी दूर दत्त जंबोटी रोड पर हुई दुर्घटना में छह लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को हुई दुर्घटना में पांच लोगों की घटनास्थल पर, जबकि एक अन्य की अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस के अनुसार एक कार ने खड़े हुए दोपहिया वाहन और फिर एक अन्य दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी। खड़े हुए वाहन के पास मौजूद दो लोगों को गंभीर चोट आईं और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया।

प्रधानमंत्री 27 फरवरी को केरल की यात्रा पर आएंगे

तिरुवनंतपुरम। लोकसभा चुनाव से पहले केरल में राजनीतिक पैठ मजबूत करने की भाजपा की कोशिशों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 27 फरवरी को राज्य की यात्रा पर आ रहे हैं। यह इस साल राज्य की उनकी तीसरी यात्रा है। मोदी आधिकारिक कार्यक्रम के लिए मंगलवार को केरल राज्य की राजधानी तिरुवनंतपुरम पहुंचेंगे। वह भाजपा की राज्य इकाई द्वारा आयोजित 'पदयात्रा' के समापन समारोह में भाग लेंगे।

बरकती व उसकी पत्नी के खिलाफ चार्जशीट

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर पुलिस की राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने गैरकानूनी गतिविधियों और आतंकवादी वित्तपोषण के एक मामले में सरजन अहमद वागे उर्फ सरजन बरकती, उसकी पत्नी और अब पाकिस्तान में सक्रिय एक आतंकवादी के खिलाफ आरोप पत्र पेश किया। शोपियां के ज़ैनापोरा के निवासी सरजन बरकती और एक प्रमुख क्लर्क पर हिजबुल मुजाहिदीन कमांडर बुरहान वानी के निष्कासन के बाद 2016 की अशांति में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन आयोजित करने का आरोप लगाया गया था। एसआईए की कश्मीर इकाई ने बरकती, उसकी पत्नी शबरोजा बानो और हिजबुल मुजाहिदीन के एक सक्रिय आतंकी अब्दुल हामिद लोन के खिलाफ कुलगाम में विशेष यूएपीए अदालत के समक्ष शुक्रवार को आरोप पत्र पेश किया, जो पाकिस्तान में स्थित है और फरार है।

झारखंड में माओवादियों ने मुखबिरी के शक में एक शख्स की हत्या की

चाईबासा। झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में माओवादियों ने पुलिस का मुखबिर होने के संदेह में 35 वर्षीय एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक, यह घटना टोंटो थाना क्षेत्र के बंदाबेड़ा गांव में शुक्रवार देर रात घटी। पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि जितेन लागुरी नामक व्यक्ति के शुक्रवार शाम को घर लौटने के बाद नक्सलियों का एक समूह उनके घर पर पहुंचा और गोली मारकर उनकी हत्या कर दी।

सिंघू और टीकरी बॉर्डर को खोला जाएगा

नई दिल्ली। किसानों के 'दिल्ली चलो' मार्च के मद्देनजर दिल्ली-हरियाणा सीमा पर सिंघू और टीकरी सीमा मार्गों को करीब दो सप्ताह तक बंद रखने के बाद प्रशासन ने शनिवार को उन्हें आंशिक रूप से खोलने की प्रक्रिया शुरू की। दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सिंघू सीमा मार्ग के 'सर्विस लेन' और टीकरी सीमा मार्ग के एक लेन को खोला जा रहा है, ताकि वाहनों की आवाजाही हो सके। सिंघू और टीकरी सीमा मार्गों के खुलने से दिल्ली से हरियाणा जाने वाले वालों को बहुत राहत मिलेगी। इन दोनों सीमा मार्गों को 13 फरवरी को सील कर दिया गया था, क्योंकि पंजाब से प्रदर्शनकारी किसानों ने फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी तथा कृषि ऋण माफी समेत अपनी मांगों पर दबाव डालने के लिए अपना 'दिल्ली चलो' मार्च शुरू किया था।

एडीआर ने विश्लेषण के बाद दी जानकारी

राज्यसभा के 36% प्रत्याशियों पर आपराधिक मामले

नई दिल्ली, एजेंसी

राज्यसभा चुनाव के 36 फीसदी उम्मीदवारों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं, जबकि विश्लेषण किए गए उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 127.81 करोड़ रुपये है। चुनाव अधिकारों के लिए काम करने वाली संस्था 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' (एडीआर) ने यह जानकारी दी।

एडीआर और 'नेशनल इलेक्शन वॉच' ने 15 राज्यों की 56 सीटों के लिए मैदान में उतरे 59 उम्मीदवारों में से 58 के हलफनामों का विश्लेषण किया। राज्यसभा चुनाव 27 फरवरी को होंगे। एडीआर के विश्लेषण के अनुसार, भाजपा के 30 उम्मीदवारों में से आठ (27 प्रतिशत), कांग्रेस के नौ उम्मीदवारों में से छह (67 प्रतिशत), तृणमूल कांग्रेस के चार उम्मीदवारों में से एक (25 प्रतिशत), सपा उम्मीदवारों में से एक (33 प्रतिशत), वाईएसआर कांग्रेस के तीन उम्मीदवारों में से एक (33 प्रतिशत) और राजद के दो उम्मीदवारों में से एक (50 प्रतिशत) प्रत्याशी के खिलाफ आपराधिक केस दर्ज है। इसके अलावा इनमें से 17 प्रतिशत उम्मीदवारों पर गंभीर आपराधिक आरोप हैं।

मध्य प्रदेश में ट्रक से लहसुन की लूट, 11 बदमाश गिरफ्तार

बड़वानी। जिले के सेंधवा ग्रामीण थाना क्षेत्र में ट्रक से ले जा रहे लहसुन लूटने के मामले में पुलिस ने महाराष्ट्र के 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बड़वानी के पुलिस अधीक्षक पुनीत गहलोद ने लहसुन से भरे ट्रक की डकैती के मामले में अंतर्राज्यीय गैंग के 11 सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है। पुनीत ने बताया कि देर रात आगरा मुंबई हाईवे पर लहसुन से भरे वाहन को 15 हथियार बंद लोगों ने अपना ट्रक अड़ाकर रोका था। इसके बाद कांच तोड़ते हुए उसके ड्राइवर को उतार कर उसके हाथ पैर बांध दिए थे। उसे अपने वाहन में मारपीट करते हुए 2 घंटे तक घुमाते रहे। आरोपियों ने उससे 15 हजार रुपये छीन कर नेशनल हाईवे पर छोड़ दिया था।

असम में मुस्लिम विवाह और तलाक अधिनियम खत्म

गुवाहाटी, एजेंसी

- राज्य कैबिनेट ने दी मंजूरी दी, विपक्ष ने सरकार के फैसले को बताया मुस्लिम विरोधी

असम मंत्रिमंडल ने बाल विवाह को समाप्त करने के लिए असम मुस्लिम विवाह और तलाक पंजीकरण अधिनियम, 1935 को रद करने की मंजूरी दे दी है। राज्य के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने 'एक्स' पर लिखा, 'इस अधिनियम में ऐसी स्थिति में भी विवाह पंजीकरण की अनुमति दिए जाने के प्रावधान शामिल हैं, जब वर की आयु 21 वर्ष और वधू की आयु 18 वर्ष न हो, जो कि विवाह के लिए वैध आयु होती है। यह कदम (कानून को निरस्त किया जाना) राज्य में बाल विवाह पर रोक लगाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है।'

विपक्षी दलों ने सरकार के इस फैसले को मुसलमानों के खिलाफ भेदभावपूर्ण और चुनावी वर्ष में मतदाताओं का ध्रुवीकरण करने का प्रयास बताया। कांग्रेस के विधायक अब्दुल रशीद मंडल ने आरोप लगाया कि लोकसभा चुनावों के वर्ष में अधिनियम को निरस्त करने का निर्णय लेकर सरकार मतदाताओं का ध्रुवीकरण करने की कोशिश कर रही है। यह मुसलमानों के खिलाफ भेदभावपूर्ण निर्णय के अलावा और कुछ नहीं है।' गोलपारा (पश्चिम) से विधायक ने कहा, 'सरकार समान नागरिक संहिता (यूसीसी) और राज्य में बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाने की बात करती है, लेकिन अब तक विधानसभा में ऐसा कोई विधेयक या अध्यादेश नहीं लाया गया है और इसका कारण उन्हें ही पता है।'

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कानून को निरस्त किए जाने पर जिला आयुक्तों और जिला रजिस्ट्रार को इस समय 94 मुस्लिम विवाह रजिस्ट्रार के पास मौजूद 'पंजीकरण रिकॉर्ड को अपने संरक्षण' में लेने के लिए अधिकृत किया जाएगा

यह यूसीसी की ओर पहला कदम: अजमल

गुवाहाटी। एआईयूडीएफ अध्यक्ष बदरुद्दीन अजमल ने शनिवार को दावा किया कि असम मुस्लिम विवाह और तलाक पंजीकरण अधिनियम, 1935 को निरस्त करना समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लाने की दिशा में पहला कदम है, लेकिन यह राज्य में भाजपा सरकार की ताबूत में आखिरी कील साबित होगा। अजमल ने कहा, 'वे मुसलमानों को भड़काने और मतदाताओं को ध्रुवीकृत करने की कोशिश कर रहे हैं।'

ईडी की कार्रवाई से इतनी बेचैन क्यों तमिलनाडु सरकार: कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

● ईडी के खिलाफ तमिलनाडु सरकार की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सवाल उठाए

मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय की जांच के खिलाफ मद्रास हाईकोर्ट में याचिका दायर करने पर तमिलनाडु सरकार से सुप्रीम कोर्ट ने सवाल किए है। गौरतलब है कि केंद्रीय जांच एजेंसी ने अवैध रेत खनन मामले की जांच के सिलसिले में वेल्लोर, तिरुचिरापल्ली, करूर, तंजावुर और अरियालुर के जिला कलेक्टरों को तलब किया था।

राज्य सरकार ने अधिकारियों के साथ मद्रास हाईकोर्ट का रुख किया था, जिसने प्रवर्तन निदेशालय द्वारा जारी समन पर रोक लगा दी थी। इसको लेकर जांच एजेंसी ने आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया था। पीठ ने तमिलनाडु सरकार के वकील से पूछा कि राज्य यह रिट याचिका कैसे दायर कर सकता है। किस कानून के तहत। आप हमें बताएं कि राज्य की रुचि कैसे है और वह प्रवर्तन निदेशालय के खिलाफ यह रिट याचिका कैसे दायर कर सकता है।

पीठ ने कहा कि अधिकारियों को ईडी के साथ सहयोग करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से नोटिस जारी तक तीन दिनों के भीतर जवाब मांगा है। कोर्ट ने 26 फरवरी को सुनवाई के लिए यह याचिका सूचीबद्ध करने का आदेश दिया है।

शादी का झांसा देकर बलात्कार के आरोप में अभिनेता गिरफ्तार

दुर्ग। छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में करीबी रिश्तेदार को शादी का झांसा देकर 13 साल से बलात्कार करने के आरोप में पुलिस ने क्षेत्रीय सिनेमा के अभिनेता को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बताया कि छत्तीसगढ़ी फिल्म के अभिनेता मनोज राजपूत को 29 वर्षीय पीड़िता की शिकायत पर गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि पीड़िता ने रेलवे पुलिस थाने में शिकायत की है। पीड़िता ने बताया कि, मनोज 2011 से उसका यौन शोषण कर रहा है। पीड़िता ने शिकायत में कहा- मनोज अब शादी से इनकार कर रहा है। पुलिस ने बताया कि आरोपी पर भारतीय दंड संहिता के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने कहा- आरोपी मनोज को शुक्रवार को गिरफ्तार कर एक स्थानीय अदालत में पेश किया गया।

रूस-यूक्रेन जंग के दो साल पूरे 4 लाख रूसी जवानों ने गंवाई जान

कीव/न्यूयॉर्क। रूस-यूक्रेन युद्ध को दो साल पूरे हो गए। फरवरी 2022 में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की ओर से यूक्रेन में सैन्य अभियान शुरू किए जाने के बाद 40 लाख से ज्यादा यूक्रेनी नागरिकों को देश छोड़ना पड़ा और ये लोग अन्य देशों में रिफ्यूजी के रूप में रह रहे हैं। वहीं, 65 लाख से ज्यादा यूक्रेनी देश में ही विस्थापित हो गए हैं। यूक्रेन के 10 हजार आम नागरिकों की मौत हुई है, जबकि 18,500 लोग घायल हुए हैं। यूक्रेन का दावा है कि रूस के 3.92 लाख सैनिक गंवा चुका है। पुतिन ने फादरलैंड डे के अवसर पर कहा कि रूस के 95% रणनीतिक परमाणु बलों का आधुनिकीकरण किया गया है। रूसी वायुसेना ने हाल ही में 4 नए सुपरसोनिक परमाणु सक्षम बमवर्षकों की डिलीवरी ली है।

यूक्रेन ने रूसी कब्जे वाले 54% क्षेत्र पर वापस कब्जा किया

यूक्रेन ने जवाबी कार्रवाई करते हुए रूस के कब्जे वाले 54% क्षेत्र पर वापस कब्जा हासिल कर लिया है, जबकि 18% हिस्से पर अभी भी रूस का कब्जा है। करीब 4.30 करोड़ की आबादी वाले यूक्रेन के 1.76 करोड़ यूक्रेनी लोगों को राहत सामग्री के भरोसे रह रहे हैं। रूस और यूक्रेन दोनों देश सैनिकों के संकट से जूझ रहे हैं। युक्रेन सरकार ने सेना में भर्ती होने की उम्र घटाने का प्रस्ताव रखा है। कई लोग इसका विरोध कर रहे हैं।

परिवार को गंवाने वाले बच्चे यूएन में रखेंगे दर्द

युद्ध की त्रासदी झेलने वाले 2 बच्चे शनिवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को संबोधित करेंगे। कीरा और इल्या मारियुपूल के हैं। कोरा का कहना है कि जब मैं स्कूल बस का इंतजार कर रही थी, तभी धमाका सुनाई दिया। एक माह तक बेसमेंट में छिपती रही। हमले में उसके पिता की मौत हो गई, लेकिन परिवार को शव ऐसे ही छोड़कर भागना पड़ा। इल्या का कहना है कि उसका घर हमले में टूट गया। उसे रूसी सैनिकों ने पकड़ लिया।

यूक्रेन के 30 हजार से ज्यादा युवा लापता

यूक्रेन में 30 हजार से ज्यादा यूक्रेनी अभी भी लापता है। उनके परिजन को उनकी रिहाई का इंतजार है। इरिना हमेशा फोन पर निगाह रखती है। करीब 19 माह पहले दोनेत्स्क में रूस से लड़ रहे उसके 25 वर्षीय बेटे व्लादिस्लाव से आखिरी बार बात हुई थी। वे कहती हैं कि बेटे की खोज के लिए उन्होंने सभी प्रयास कर लिए लेकिन अभी तक कोई खबर नहीं मिली है। मारियुपूल की एना उसेंको 2022 में युद्ध शुरू होने से पहले बिजनेस टूर के लिए घर से निकली थीं। उनके भाई हर्मन सिकोरस्की का कहना है कि मार्च 2022 के बाद एना से कोई संपर्क नहीं हो पाया है।

एक नजर

हरियाणा: पूर्व कुश्ती कोच को हत्या के जुर्म में सुनाई मौत की सजा

चंडीगढ़। रोहतक की एक अदालत ने फरवरी 2021 में चार वर्षीय लड़के समेत छह लोगों की हत्या के जुर्म में कुश्ती के पूर्व कोच को मौत की सजा सुनाई। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश गगन गीत कौर ने सुखविंदर को विभिन्न धाराओं में दोषी करार देते हुए 1.26 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। पुलिस ने कहा- सोनीपत जिले के बड़ौदा गांव के निवासी सुखविंदर ने 12 फरवरी, 2021 को मनोज मलिक, उनकी पत्नी साक्षी मलिक और बेटे सरताज, कुश्ती कोच सतीश कुमार तथा प्रदीप मलिक और पहलवान पूजा की गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने तब कहा था सुखविंदर ने गुस्से में आकर यह अपराध किया था। कोर्ट ने दोषी करार देते हुए मौत की सजा सुनाई।

मुंबई में अवैध तरीके से रह रहा अफगान नागरिक गिरफ्तार

मुंबई। क्राइम ब्रांच ने वडाला इलाके में अवैध तरीके से रह रहे 38 वर्षीय अफगान नागरिक को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के दौरान उसने स्वीकार किया कि वह अफगान का नागरिक है और 2007 से ही मुंबई में रह रहा है। अफगान नागरिक की पहचान जहीर अली खान के तौर पर की गई है। पुलिस ने उसके पास से अफगान पासपोर्ट, पैनकार्ड और टीकाकरण प्रमाणपत्र जब्त कर लिया है। गिरफ्तार करने के बाद अफगान नागरिक को अदालत के समक्ष पेश किया गया। अदालत ने 26 फरवरी तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

कोलंबिया: रोबोट ढूढ़ेगा 18वीं सदी का अरबों का डूबा खजाना

बोगोटा। कोलंबिया ने रोबोट की मदद से 316 साल पुराने सैन जोस गैलियन (नौकायन जहाज) के कैरेबियन सागर में डूबने से खोए हुए हीरा-जवाहरात के खजाने को खोजने की घोषणा की है। कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने कहा-1708 में अंग्रेजों ने डूबा दिया था, उसे वर्ष 2026 से पहले सतह पर लाया जाए। 20 बिलियन डॉलर की कीमत की लूट का माल ले जा रहा स्पेन के गैलियन अगले तीन वर्षों के भीतर कैरेबियन सागर से बरामद किया जाएगा। अरबों रुपये का पन्ना, चांदी और सोने को ले जाने वाला स्पेन का गैलियन 1708 में ब्रिटिश नौसेना के हमले के कारण डूब गया था।

आईसीजे इजराइल को अंतर्राष्ट्रीय कानून में छूट न दें : पाकिस्तान

इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) से आग्रह किया है कि वह इजराइल को पूर्वी यरुशलेम सहित अधिकृत फिलिस्तीनी क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय कानून के उल्लंघन की अनुमति न दे। पाकिस्तान के कार्यवाहक कानून एवं न्याय मंत्री अहमद इरफान असलम ने कहा, इजराइल का फिलीस्तीनी क्षेत्र पर कब्जा अवैध है। उसे इस तरह की कार्रवाइयों से लाभ उठाने की इजाजत देने से न्याय को बनाए रखने में आईसीजे की भूमिका कमजोर हो जाएगी और आईसीजे अपने न्यायिक कार्यों का निर्वहन करने में विफल हो जाएगा।

वैश्विक व्यवस्था में बदलाव से प्रेरित 'क्वाड' में कोई वीटो नहीं कर सकता : जयशंकर

उन्होंने कहा-बहुध्रुवीय व्यवस्था के विकास की सोच को दर्शाता है क्वाड का गठन

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने शनिवार को नई दिल्ली में आयोजित रायसीना डायलॉग कार्यक्रम के दौरान बताया कि आज के समय में क्वाड का गठन बहुध्रुवीय व्यवस्था के विकास और शीत युद्ध के बाद की सोच को दर्शाता है। विदेश मंत्री ने कहा कि 'क्वाड क्यों अहम है? इसका सीधा सा जवाब है कि ये पूरी दुनिया के हित में है। क्वाड का गठन वैश्विक व्यवस्था में बदलाव से प्रेरित है, जो समान विचारधारा वाले देशों के बीच ज्यादा से ज्यादा समन्वय को प्रेरित करता है।

चीन की बढ़ती आक्रामकता पर वैश्विक चिंताओं के बीच जयशंकर ने कहा- क्वाड इस बात की अभिव्यक्ति है कि समान विचारधारा वाले देशों की पसंद पर कोई अन्य वीटो का इस्तेमाल नहीं कर सकता और यह संगठन टिके रहने, विकास करने और वैश्विक समृद्धि में योगदान देने के लिए किया गया है। विदेश मंत्री ने बताया कि 'क्वाड के प्रमुख तौर पर पांच संदेश हैं। जिनमें पहला बहुध्रुवीय व्यवस्था के विकास को दर्शाता है। दूसरा यह शीत युद्ध के बाद की सोच, तीसरा किसी देश पर दबाव बनाने की प्रवृत्ति के खिलाफ, चौथा लोकतंत्रीकरण और सहयोग के दृष्टिकोण को दर्शाने वाला और पांचवां आज कोई भी हमारी पसंद पर मनमर्जी से वीटो नहीं कर सकता। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में चीन ने कई बार भारत के प्रस्ताव पर वीटो किया है। ऐसे में विदेश मंत्री के बयान को चीन से जोड़कर देखा जा रहा है। विदेश मंत्री ने कहा कि क्वाड हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र की चुनौतियों और इसके मुद्दों पर फोकस है।

भारत में महिला सशक्तिकरण से आया बदलाव: एंजेला रेनर

नई दिल्ली। ब्रिटेन की लेबर पार्टी की नेता और डिप्टी पीएम पद की दावेदार एंजेला रेनर भारत की तरक्की से काफी प्रभावित हैं। शनिवार को वे रायसीना डायलॉग सम्मेलन के सत्र में शामिल हुईं। सत्र से अलग मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि भारत ने बीते वर्षों में काफी तरक्की की है और भारत की तरक्की में महिला सशक्तिकरण की अहम भूमिका है। एंजेला रेनर ने कहा कि वह चाहती हैं कि ब्रिटेन और भारत के संबंध मजबूत होने चाहिए और दोनों देशों को व्यापार समझौते पर आगे बढ़ना चाहिए। एंजेला रेनर ने कहा कि 'मैं पहली बार भारत साल 2007 में आई थी और तब से अब तक भारत में काफी बदलाव आ गया है और भारत आज दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। ये दिखाता है कि भारत ने कमाल की प्रगति की है।' रेनर ने कहा कि भारत सरकार ने ऐसी नीतियां बनाई हैं, जिनसे महिलाओं की भूमिका को न सिर्फ समाज में बल्कि अर्थव्यवस्था में भी पहचान मिली है।

रेनर ने कहा कि अगर आपको आर्थिक रूप से मजबूत होना है तो महिलाओं को सशक्त करना होगा। लेबर पार्टी की नेता ने कहा कि ऐसे कानून बनाने की जरूरत हैं, जिससे महिलाओं को बढ़ावा मिल सके और कार्यस्थल, समाज और सत्ता के अन्य पदों पर उनकी सुरक्षा भी हो सके। एंजेला रेनर ने कहा कि हम ब्रिटेन में ऐसा ही कर रहे हैं। हमारे यहां ऐसे कानून हैं, जो महिलाओं को सुरक्षा देते हैं, उन्हें सशक्त करते हैं। हम ये सुनिश्चित भी करते हैं कि ये कानून ठीक से लागू भी हो।

मेटा वॉट्सएप पर डीपफेक हेल्पलाइन शुरू करेगा

नई दिल्ली। भारत में एआई जनरेटेड डीपफेक वीडियों का शिकार आम- खास सभी लोग हो रहे हैं। अब इसे काबू में करने के लिए वॉट्स एप फैक्ट चेक हेल्पलाइन शुरू करेगा। टेक दिग्गज कंपनी मेटा और मिसइन्फॉर्मेशन कॉम्बैट एलायंस (एमसीए) ने एआई से उत्पन्न डीपफेक के खतरे से निपटने के लिए साझेदारी कर इस की घोषणा की है।

मेटा ने कहा कि वॉट्स एप चैटबॉट पर डीपफेक कंटेंट को मार्क करने में मददगार होगा। यह अंग्रेजी के साथ तीन क्षेत्रीय भाषाओं हिंदी, तमिल और तेलुगु में उपलब्ध होगा। इसकी शुरुआत अगले महीने मार्च से की जाएगी। इसके लिए डीपफेक एनालिसिस यूनिट होगी। यूजर्स चैटबॉट के जरिए टेक्स्ट मैसेज, इमेज और वीडियो भेजकर रिपोर्ट कर सकेंगे। एमसीए के चेयरमैन भरत गुप्ता ने कहा कि गलत सूचना रोकने के लिए यह जरूरी है। वहीं, इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि सभी इंटरनेट प्लेटफॉर्म को यह सुनिश्चित करना है कि उनके मंच पर कोई गलत या डीपफेक पोस्ट न हो।

यमन में पोत पर ड्रोन से हमला भारतीय नौसेना ने की मदद

नई दिल्ली, एजेंसी

● व्यापारिक पोत के चालक दल का एक सदस्य घायल, बीते दिनों में भारत ने कई हमले किए विफल

व्यापारिक जहाजों पर अदन की खाड़ी में हमले कोई नई बात नहीं है। इजराइल-हमास के बीच जारी जंग से समुद्री लुटेरे अक्सर इन जहाजों को निशाना बना रहे हैं। समुद्र में बढ़ रहे जहाजों पर हमले दुनिया भर के देशों के लिए चिंता का विषय बन गया है। बीते कुछ दिन पहले भारतीय नौसेना ने कई अभियानों के तहत व्यापारिक जहाजों को लुटेरो से बचाया है।

एक बार फिर अदन की खाड़ी में एक संदिग्ध ड्रोन से व्यापारिक जहाज पर हमला किया गया, इस दौरान भारतीय युद्धपोत ने जहाज की मदद की। भारतीय नौसेना लगातार समुद्री लुटेरो के हमलों विफल कर रही है।

भारतीय सैन्य अधिकारियों ने शनिवार को मामले की जानकारी देते हुए कहा कि पलाऊ के झंडे वाले जहाज एमवी आइलैंडर पर गुरुवार को हमला किया गया। इस दौरान जहाज के चालक दल के एक सदस्य को चोटें आईं। उन्होंने कहा कि नौसेना की एक टीम जहाज पर चढ़ गई और वहां मौजूद चालक दल को बचाया। यह ताजा घटना हूती विद्रोहियों द्वारा लाल सागर में कई व्यापारिक जहाजों पर हमलों पर बढ़ती वैश्विक चिंताओं के बीच सामने आई है। उन्होंने बताया कि भारतीय नौसेना की एक चिकित्सा टीम ने एमवी आइलैंडर पर सवार होकर घायल चालक दल के सदस्य को चिकित्सा सहायता दी।

मामले की जानकारी देते हुए अधिकारी ने कहा कि जहाज से एक इमरजेंसी कॉल आया, जिस पर प्रतिक्रिया करते हुए भारतीय नौसेना के बलों ने मालवाहक जहाज को बहादुर से बचा लिया। भारतीय नौसेना के प्रवक्ता कमांडर विवेक मधवाल ने कहा कि भारतीय नौसेना के जहाजों के प्रयास, व्यापारी जहाजों और नाविकों की सुरक्षा के प्रति भारतीय नौसेना की दृढ़ प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं।

फिर बढ़ी ठंड...

शिमला : हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति में फिर बर्फबारी होने से प्रदेश में ठंड बढ़ी है। कुछ जगह पारा माइनस 7 तक नीचे गिर गया। वहीं, बर्फबारी के बाद मौसम खुलते ही मनाली में सैलानियों की खासी भीड़ उमड़ी है। पर्यटन व्यवसाय पूरी तरह से गति पकड़ चुका है। यहां बड़ी संख्या में सैलानी पहुंच रहे हैं। ● एजेंसी

इमरान की पार्टी के नए अध्यक्ष होंगे अली जफर, गौहर को हटाया

इस्लामाबाद। बैरिस्टर गौहर अली खान को खराब प्रदर्शन के कारण इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष पद से हटा दिया गया है। अगले अध्यक्ष पद के उम्मीदवार बैरिस्टर अली जफर हैं और पार्टी के आंतरिक चुनाव तीन मार्च को होंगे।

पीपीपी, पीएमएल-एन और अन्य सहयोगी दलों के नवनिर्वाचित सदस्यों ने शनिवार को विपक्षी दलों के बहिष्कार के बीच सिंध प्रांतीय विधानसभा में शपथ ग्रहण किया। नवनियुक्त विधानसभा अध्यक्ष आगा सिराज दुर्रानी ने समारोह का आयोजन किया था। इसमें इमरान खान की पार्टी और अन्य विपक्षी दलों द्वारा समर्थित विधायक अनुपस्थित थे।

सुनक के खिलाफ बागी तेवर, इस्तीफा देंगे सांसद

● उपचुनाव में हार के बाद पीएम की पार्टी में नेतृत्व बदलने की मांग

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन में भारतवंशी पीएम ऋषि सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। सरकारी नीतियों के विरोध और भ्रष्टाचार के मामलों के कारण कंजर्वेटिव पार्टी उपचुनावों में लगातार हार की परंपरा तोड़ नहीं पा रही है। हार के चलते कंजर्वेटिव पार्टी में नेतृत्व परिवर्तन की मांग शुरू हो गई है।

कंजर्वेटिव पार्टी के 100 सांसदों ने चुनाव से पहले इस्तीफा देने का फैसला किया है। रिपोर्ट के मुताबिक सांसदों को लगता है कि आगामी चुनावों में वे अपनी सीट खो देंगे। साथ ही, इनमें से कई सांसदों ने राजनीति से संन्यास लेने का फैसला लिया है। इसी माह हाउस ऑफ कॉमन्स की जस्टिस कमेटी के प्रमुख सर बॉब नेइल और पूर्व चांसलर क्वासी क्वार्तेंग और डिप्टी प्रमुख निक्की एइकेन ने घोषणा की है कि वे संसद छोड़ रहे हैं और इस साल होने वाले चुनाव नहीं लड़ेंगे। ब्रिटेन में 2019 के आम चुनावों में तत्कालीन पीएम जॉनसन ने पार्टी को पर्याप्त बहुमत दिलाया था, लेकिन उसके बाद एक ही कार्यकाल में 10 से ज्यादा उपचुनाव पार्टी हार चुकी है। हाल में, दो सीटों वेलिंगबर्ग और किंग्सवुड में हार से कंजर्वेटिव सांसद चिंता में पड़ गए हैं। कंजर्वेटिव सांसद पीटर बोन को हटाने के बाद चुनाव हुए थे। यहां लेबर पार्टी के सांसद जेन किचेन को 45.8% वोट मिले, जो पिछली बार से 28.5% ज्यादा थे।

ब्रिटेन के हर क्षेत्र में हावी हो रहे मुस्लिम परस्त अतिवादी

लंदन। ब्रिटेन की पूर्व गृहमंत्री सुएला ब्रेवरमैन ने दावा किया है कि देश के हर क्षेत्र में मुस्लिमपरस्त अतिवादी हावी हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन की पहचान ऐसे देश के रूप में रही है, जहां विभिन्न धर्मों और नस्लों के लोग मिलजुल कर रहते रहे हैं, लेकिन ब्रिटेन अब अपनी पहचान खो रहा है। ब्रेवरमैन ने शुक्रवार को 'द डेली टेलीग्राफ' में लिखे लेख में अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने अपने लेख में ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक पर भी इस्लामवादियों के तुष्टीकरण को लेकर हमला बोला। ब्रेवरमैन ने लिखा, "सच्चाई यह है कि इस्लामवादी, अतिवादी और यहूदी-विरोधी अब हावी हो रहे हैं। हम अपनी न्यायपालिका, अपने विश्वविद्यालयों में भी उनका प्रभाव देखते हैं।

सीएम शिंदे और बेटे को धमकी देने वाला युवक पुणे से गिरफ्तार

मुंबई। मुंबई पुलिस की अपराध शाखा (क्राइम ब्रांच) ने पुणे से शनिवार को एक शख्स को गिरफ्तार किया। उस पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और सांसद श्रीकांत शिंदे को धमकी देने का आरोप है। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने सोशल मीडिया के जरिए धमकी दी थी और उसके खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 506 (2) और 505 (1) (बी) के तहत मामला दर्ज किया गया है। आगे की जांच जारी है।

मणिपुर की डीएम यूनिवर्सिटी में विस्फोट, 1 की मौत, एक घायल

इंफाल, एजेंसी

● धमाके के बाद सुरक्षा बल इलाके में किए तैनात, अपराधियों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान जारी

इंफाल में डीएम विश्वविद्यालय परिसर के पास शुक्रवार देर रात हुए विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना की जानकारी पुलिस ने शनिवार को दी।

पुलिस ने कहा कि इंफाल पश्चिम जिले में डीएम यूनिवर्सिटी परिसर के पास एक शक्तिशाली बम, जिसके इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) होने का संदेह है, विस्फोट हो गया, जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उनमें से एक की बाद में चोटों के कारण मृत्यु हो गई। यह विस्फोट मणिपुर के प्रमुख छात्र संगठन ऑल मणिपुर स्टूडेंट्स यूनियन (एएमएसयू) के कार्यालय के पास हुआ। पुलिस ने अभी तक इस बात की पुष्टि नहीं की है कि विस्फोट के लिए कौन सा संगठन या कौन जिम्मेदार है, जिसका प्रभाव शहर के कुछ हिस्सों से सुना गया था।

विस्फोट के बाद सुरक्षा बल तुरंत इलाके में पहुंचे और अपराधियों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू किया। इस बीच एक नागरिक समाज संगठन के परिसर में भी आगजनी और गोलीबारी भी की है।

विज्ञान | ताजा रिपोर्ट के अनुसार, बेशुमार धूल कणों से भरे क्षेत्र से धुंधला नजर आता है सूर्य

हमारी कल्पना से बहुत बड़ा है कुइपर बेल्ट

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : अनगिनत पिंडों से भरे हमारे सौर मंडल का कुइपर बेल्ट हमारी सोच से कहीं बड़ा है। ताजा रिपोर्ट के अनुसार यह बेशुमार धूल कणों से भरा हुआ है। इस क्षेत्र से सूरज धुंधला नजर आता है। नासा का न्यू होराइजन्स मिशन इन दिनों सौर मंडल के इस हिस्से की खाक छान रहा है।

नासा के अनुसार न्यू होराइजन्स मिशन ने 2015 में प्लूटो के सामने से गुजरा था। अब कुइपर बेल्ट की गहराई से गुजर रहा है। यह अंतरिक्ष यान बेशुमार ब्रह्मांडीय धूल भरी आंधी का सामना कर रहा है। अंतरिक्ष धूल से भरा यह हिस्सा माइक्रोन के एक मीटर के लाखवें हिस्से से भी छोटे कणों से भरा हुआ है। यह सौर मंडल में अधिकांश धूल ग्रहों के निर्माण से बचा हुआ अवशेष है। अब इसमें क्षुद्रग्रहों और धूमकेतुओं की सतहों से सूक्ष्म उल्कापिंड के प्रभाव से निकली ताजा धूल भी शामिल हो गई है।

धूल से भरा कुइपर बेल्ट की तस्वीर।

कोलोराडो विश्वविद्यालय बोल्डर के खगोलशास्त्री एलेक्स डोनर ने अपने बयान में कहा है कि न्यू होराइजन्स नेप्च्यून और प्लूटो से परे अंतरग्रहीय धूल का पहला प्रत्यक्ष माप कर रहा है, इसलिए हर अवलोकन से एक खोज हो सकती है। जनवरी में कुइपर बेल्ट के बाहरी किनारे और सूर्य के बीच की दूरी 149.5 मिलियन किलोमीटर थी। वह निरंतर आगे बढ़ रहा है। जिसके चलते माना जा रहा है कि यह क्षेत्र बहुत बड़े हिस्से में फैला हो सकता है। न्यू होराइजन्स इन दिनों बाहरी सौर मंडल से होकर गुजर रहा है। डोनर के अनुसार हमने एक विस्तारित कुइपर बेल्ट का पता लगाया है। जिसमें छोटे पिंडों का बड़ा समूह टकराता रहता है। जिस कारण भारी मात्रा में धूल पैदा होती है। बड़ी बात यह है कि सौर मंडल के सबसे दूर के क्षेत्रों के रहस्यों को सुलझाने में यह खोज कई सुराग प्रदान करती है।

कुइपर बेल्ट का नाम खगोलविद जेरार्ड कुइपर और केनेथ एडगेवर्थ के नाम पर रखा गया है। उन्होंने स्वतंत्र रूप से इस क्षेत्र के अस्तित्व का प्रस्ताव इसकी खोज से भी पहले रखा था। यह हमसे बहुत दूर है और बर्फीला क्षेत्र है।

साल 2040 तक काम करेगा मिशन न्यू होराइजंस

न्यू होराइजन्स बहुत दूर अंतरिक्ष के खगोलीय पिंडों की खोज के लिए महत्वाकांक्षी योजना है। यह मिशन 2040 के दशक तक काम करेगा। इस अंतरिक्ष यान में अभी पर्याप्त ईंधन है। वैज्ञानिकों के अनुसार न्यू होराइजंस बाहरी सौर मंडल के मानचित्र को बनाने में मील का पत्थर साबित होगा।

समुद्र के नीचे देश की पहली ट्यूब रेल टनल का काम शुरू

मुंबई, एजेंसी

देश में पहली बार कोई ट्रेन समुद्र के नीचे सुरंग से होकर गुजरेगी। मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड कॉरिडोर पर बुलेट ट्रेन के लिए महाराष्ट्र में बांद्रा- कुर्ला कॉम्प्लेक्स और शिलफाटा के बीच सुरंग का निर्माण शुरू हो गया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने खुदाई का शुभारंभ किया। वैष्णव ने कहा, प्रोजेक्ट में तेजी लाने के लिए खुदाई एक साथ चार स्थानों से शुरू की गई है। टनल में तीन तल होंगे। निचले तल से ट्रेन चलेगी। उन्होंने कहा, कॉरिडोर के सूरत-बलिमोरा सेक्शन पर अगस्त 2026 तक बुलेट ट्रेन दौड़ने लगेगी।

ट्यूब में बिछेगी पटरी

समुद्र में 5 किमी की खुदाई न्यू ऑस्ट्रियन टनलिंग मेथड (एनएटीएम) तकनीक से होगी। अस्थाई दीवार से सुरंग बनने के बाद ट्यूब डाला जाएगा। फिर इसमें पटरी बिछेगी। ट्यूब को पानी के अंदर नीचे से जुड़े प्लेटफॉर्म पर फिक्स करेंगे। अस्थाई दीवार हटा ली जाएगी। फिर ट्यूब से ट्रेन गुजरेगी। 320 किमी/घंटा स्पीड टनल के अंदर ट्रेन की स्पीड 300 से 320 किमी प्रति घंटा होगी। 21 किलोमीटर की टनल में 7 किमी हिस्सा समुद्र के नीचे होगा।